सूर्योदय : 6:30
सूर्यास्त : 5:13
अधिकतम तापमान : 25.0
न्यूनतम : 13.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-151 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शुक्रवार, 22 नवम्बर 2024
19 जमादियुल-अव्वल 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक

# अवधनामा

www.avadhnama.com



# देश की जनता को प्रत्येक सच जानने का अधिकार : योगी

- यूपी में गोधरा कांड पर बनी फिल्म द साबरमती रिपोर्ट टैक्स फ्री
- सीएम योगी ने कैबिनेट के साथ देखा शो

अवधनामा संवाददाता







**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को लखनऊ के प्लासियो मॉल में गुजरात के गोधरा कांड पर आधारित फिल्म द साबरमती रिपोर्ट देखी। फिल्म देखने के बाद उन्होंने राज्य में फिल्म को टैक्स फ्री करने का ऐलान कर दिया है। शहीद पथ स्थित फिनिक्स पलासियो मॉल में फिल्म का सुबह 11.30 बजे विशेष शो रखा गया। सीएम के साथ मंत्रिमंडल के सदस्य और प्रशासनिक अधिकारी भी फिल्म देखने पहुंचे। यह फिल्म 15 नवंबर को रिलीज हुई थी। इस फिल्म की पीएम मोदी और गृहमंत्री अमित शाह फिल्म की तारीफ कर चुके हैं। फिल्म में विक्रांत मैसी मुख्य भूमिका में हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ने मीडिया प्रतिनिधियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि 'द साबरमती रिपोर्ट' फिल्म वर्ष 2002 में हुई गोधरा की घटना की वास्तविकता को देशवासियों के सामने लाने का एक प्रयास है। कहा कि अपनी कला के माध्यम से श्री विक्रान्त मैसी एवं उनकी पूरी टीम ने राष्ट्रीय कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए जो सराहनीय प्रयास किया है, इसके लिए वह उत्तर प्रदेशवासियों की तरफ से उनका अभिनंदन करते हैं। गोधरा की घटना में जान गंवाने वाले राम भक्तों को श्रद्धांजलि देते हुए उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा इस फिल्म को टैक्स फ्री किया जाएगा। जिससे प्रदेश में अधिक से अधिक लोग इस घटना के सत्य को देख और जान सकें। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हर भारतवासी को 'द साबरमती रिपोर्ट' फिल्म देखनी चाहिए। उस सत्य को नजदीक से जानने का प्रयास करना चाहिए। उन चेहरों को, जो राजनीतिक स्वार्थ के लिए देश के खिलाफ षडयंत्र कर रहे हैं। समाज में आपसी वैमनस्यता पैदा कर रहे हैं। उन चेहरों को पहचान कर उन्हें सबके सामने सार्वजनिक रूप से एक्सपोज किए जाने की आवश्यकता है। देश की जनता को प्रत्येक सच जानने का अधिकार है।

## कलकत्ता हाईकोर्ट ने पुलिस को मस्जिद नियंत्रण में लेने का दिया निर्देश

**कोलकाता।** कलकत्ता हाई कोर्ट ने बंगाल पुलिस को पूर्व मेदिनीपुर जिले के एगरा में एक मस्जिद को अपने नियंत्रण में लेने और प्रवेश को विनियमित करने का निर्देश दिया। मालूम हो कि 13 नवंबर को नमाज के समय को लेकर मस्जिद में दो समूहों के बीच हुई झड़प में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी, आठ लोग घायल हो गए थे। न्यायमूर्ति घोष ने चेतावनी दी कि अगर अदालत के आदेश के बाद धार्मिक मुद्दे पर कोई हताहत होता है तो वह वहां सभी धार्मिक गतिविधियां रोक देंगे। हाई कोर्ट ने उस याचिका पर सुनवाई करते हुए यह निर्देश दिया, जिसमें दावा किया गया है कि टकराव से बचने के लिए प्रतिद्वंद्वी समूहों के लिए मस्जिद में नमाज पढ़ने के लिए सात नवंबर को दिए गए आदेश का उल्लंघन किया गया है। पुलिस ने अदालत को बताया कि हिंसा के संबंध में तीन प्राथमिकी दर्ज की गई हैं।

# पाकिस्तान में पैसेंजर वैन पर आतंकी हमला, 50 की मौत

- पैसेंजर वैन पर आतंकियों ने अंधाधुंध फायरिंग की
- हमले में 29 लोग घायल





**नई दिल्ली।** पाकिस्तान में आतंकी हमला हुआ है। जिसमें करीब 50 लोगों की जान चली गई है। वहीं इस हमले में पुलिस अधिकारी समेत दर्जनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गये हैं। पाकिस्तान के लोअर कुर्रम स्थित ओचुट काली और मंदुरी के करीब जा रही एक पैसेंजर वैन पर पहले से घात लगाकर बैठे आतंकियों ने अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। जिसमें अभी तक 50 लोगों की जान जा चुकी है।

खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के मुख्य सचिव नदीम असलम ने बताया है कि पैसेंजर वैन पर हमला पाकिस्तान के उत्तर पश्चिम में स्थित कबाइली इलाके में हुआ है। कई बंदूकधारियों ने पैसेंजर वैन पर गोलीबारी की है। इस हमले में 50 से अधिक लोगों की मौत हुई है। वहीं करीब 29 लोग घायल हो गये हैं। उन्होंने आशंका जताई है कि मरने वालों की संख्या अभी बढ़ सकती है। बताया जा रहा है कि अफगानिस्तान की सीमा से लगे इलाके में आये दिन हमले होते रहते हैं। यह विवाद दो समुदायों सिया और सुन्नी के बीच होता रहता है।

दशकों से दोनों समुदाय के सशस्त्र लोग एक दुसरे पर हमला भी करते हैं,हालांकि यह अभी तक सामने नहीं आया है कि किसी समुदाय के सशस्त्र लोगों ने यह हमला किया है, वहीं इस हमले की किसी आतंकी समूह ने भी जिम्मेदारी नहीं ली है।

## अदाणी को फिर लगा एक और बड़ा झटका

# केन्या ने अदाणी समूह की हवाई अड्डा और एनर्जी डील रद्द कीं

**नई दिल्ली।** देश के दूसरे सबसे अमीर उद्योगपति और अदाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अदाणी बड़ी मुसीबत में घिरते नजर आ रहे हैं। केन्या के राष्ट्रपति विलियम रुटो ने गुरुवार को बताया कि उन्होंने अदाणी समूह के साथ हुए उस समझौते को रद्द करने का आदेश दिया है, जिसके तहत देश के मुख्य हवाई अड्डे का नियंत्रण भारतीय समूह सौंप दिया जाना था।

केन्या ने यह फैसला कंपनी के संस्थापक पर अमेरिका में अभियोग लगाए जाने के बाद किया गया। रुटो ने कहा कि उन्होंने ऊर्जा मंत्रालय की ओर से पिछले महीने अदाणी समूह



की एक इकाई के साथ विद्युत वितरण लाइनों के निर्माण के लिए 736 मिलियन डॉलर के सार्वजनिक-निजी भागीदारी समझौते जिसकी मियाद 30 वर्ष थी, को भी रद्द करने का निर्देश दिया है। रुटो ने अपने राष्ट्र के नाम संबोधन में कहा, मैंने परिवहन मंत्रालय और ऊर्जा व पेट्रोलियम मंत्रालय की एजेंसियों को तत्काल चल रही खरीद प्रक्रिया को रद्द करने का निर्देश दिया है।

### गौतम अडानी पर 2100 करोड़ रिश्वत देने का आरोप

**नई दिल्ली।** अमेरिका के न्यूयॉर्क की फेडरल कोर्ट ने अडानी समूह के मालिक गौतम अडानी समेत 8 लोगों पर अरबों डॉलर की धोखाधड़ी और रिश्वत के आरोप लगाए हैं। यूनाइटेड स्टेट्स अटॉर्नी ऑफिस का आरोप है कि भारत में सोलर एनर्जी से जुड़ा कॉन्ट्रैक्ट हासिल करने के लिए भारतीय अधिकारियों को करीब 2110 करोड़ रुपए (250 मिलियन डॉलर) की रिश्वत देने का वादा किया था. इस मामले में गौतम अडानी के अलावा उनके भतीजे सागर अडानी, विनीत एस जैन, रंजीत गुप्ता, साइरिल कैबेनिस, सौरभ अग्रवाल, दीपक मल्होत्रा और रूपेश अग्रवाल पर रिश्वत के आरोप लगाए गए हैं। यह खबर सामने आने के बाद आज प्री-ओपन सेशन में अडानी ग्रुप की सभी कंपनियों के शेयरों में लोअर सर्किट लग गया। अमेरिका में मामला इसलिए दर्ज हुआ, क्योंकि प्रोजेक्ट में अमेरिका के इन्वेस्टर्स का पैसा लगा था और अमेरिकी कानून के तहत उस पैसे को रिश्वत के रूप में देना अपराध है।

## न्यूज डायरी

### रूस का बड़ा हमला

**कीव।** रूस ने गुरुवार को यूक्रेन पर एक बड़ा हमला किया, जिसमें उसने अपने दक्षिण आस्त्रखान क्षेत्र से अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिलाइल दागी। यह पहली बार है, जब रूस ने इस तरह की शक्तिशाली और लंबी दूरी वाली मिसाइल का इस्तेमाल किया। यूक्रेनी वायुसेना ने यह जानकारी दी। रूस ने निप्रो शहर के मध्य-पूर्व क्षेत्र में मौजूद उद्यमों और महत्वपूर्ण ढांचों को निशाना बनाया। हालांकि बयान में यह स्पष्ट नहीं किया गया है अंतर महाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल से किसे निशाना बनाया गया था और इससे क्या नुकसान हुआ।

### सीएम पद पर छिड़ी जंग

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के परिणाम आने शेष हैं। लेकिन विपक्षी गठबंधन महाविकास आघाड़ी (मविआ) में सरकार के नेतृत्व को लेकर अभी से अभी से तकरार शुरु हो गई है। महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले की यह टिप्पणी कि राज्य में कांग्रेस के नेतृत्व वाली महा विकास अघाड़ी सरकार बनेगी, सहयोगी शिवसेना को पसंद नहीं आई है। शिवसेना नेता संजय राउत ने बृहस्पतिवार को कहा कि मुख्यमंत्री पद का चेहरा गठबंधन सहयोगी तय करेंगे। राज्य विधानसभा चुनाव के लिए मतदान के बाद पटोले ने कहा था महाराष्ट्र में कांग्रेस के नेतृत्व में महाविकास अघाड़ी सरकार बनेगी।

# आज ग्लोबल साउथ की आवाज बना भारत : मोदी

## संबोधन

- कभी विस्तारवाद की भावना से आगे नहीं बढ़े
- बहुत गहरा है भारत और गयाना का रिश्ता
- लोकतंत्र पहले, मानवता पहले का दिया मंत्र




**जॉर्जटाउन।** नाइजीरिया और ब्राजील की यात्रा के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गयाना पहुंच चुके हैं। यहां पर उन्होंने गुरुवार को गयाना की संसद के विशेष सत्र को संबोधित किया। इस दौरान अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि भारत और गयाना का रिश्ता बहुत गहरा है, ये मिट्टी का, पसीने का, परिश्रम का रिश्ता है। करीब 180 साल पहले एक भारतीय गयाना की धरती पर आया था और उसके बाद से सुख-दुख दोनों में भारत और गयाना का रिश्ता आत्मीयता से भरा रहा है।

पीएम ने गयाना की संसद में कहा, हम कभी भी विस्तारवाद की भावना से आगे नहीं बढ़े। हम संसाधन पर कब्जे की, संसाधन को हड़पने की भावना से हमेशा दूर रहे हैं। आज भारत हर तरह से वैश्विक विकास के पक्ष में खड़ा है, शांति के पक्ष में खड़ा है। इसी भावना के साथ आज भारत ग्लोबल साउथ की भी आवाज बना है। पीएम मोदी ने कहा, आज विश्व के सामने आगे बढ़ने का सबसे मजबूत मंत्र है- लोकतंत्र पहले, मानवता पहले। लोकतंत्र पहले की भावना हमें सिखाती है कि सबको साथ लेकर चलो, सबको साथ लेकर सबके विकास में सहभागी बनो। मानवता पहले की भावना हमारे निर्णयों की दिशा तय करती है। जब मानवता पहले को निर्णयों का आधार बनाते हैं तो नतीजे भी मानवता के हित करने वाले ही होते हैं। पीएम ने गयाना की ओर से दिए गए सर्वोच्च सम्मान पर आभार जताते हुए कहा, गयाना ने मुझे कल ही सर्वोच्च सम्मान दिया है। मैं इस सम्मान के लिए आप सभी का, गयाना के हर नागरिक का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं।

### यह संघर्ष दूर करने का समय : पीएम

प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया के लिए यह समय संघर्ष का नहीं है। बल्कि यह समय संघर्ष पैदा करने वाली स्थितियों को पहचानने और उनको दूर करने का है। आज आतंकवाद, ड्रग्स, साइबर क्राइम, ऐसी कितनी भी चुनौतियां हैं। आने वाली पीढ़ियों के लिए बेहतर भविष्य बनाने के लिए हमें इन मुद्दों का डटकर सामना करना होगा। यह तभी संभव है जब हम लोकतंत्र पहले, मानवता पहले को प्राथमिकता दें। पीएम ने कहा कि जी-20 समिट के दौरान भारत ने महिला नेतृत्व विकास को बड़ा एजेंडा बनाया था। भारत में हमने हर सेक्टर में और हर स्तर पर नेतृत्व की भूमिका देने का एक बड़ा अभियान चलाया है। भारत में हर सेक्टर में आज महिलाएं आगे आ रही हैं।

# धुंध की चादर में लिपटी दिल्ली

## केंद्र सरकार के कर्मचारियों के ऑफिस आने के समय में किया बदलाव

- लोगों को सांस लेने में परेशानी, आंखों में चुभन



**नई दिल्ली।** मौसमी दशाओं के बदलने से लोगों को कोहरा और स्मॉग की मार झेलनी पड़ रही है। प्रदूषण का स्तर लगातार बढ़ने के कारण राजधानी में धुंध की एक परत छाई हुई है। दिल्ली के कई हिस्सों में एक्यूआई 400 के पार पहुंच गया है। राजधानी गैस चैंबर बनी हुई है। इससे लोगों की सांस उखड़ रही है। आलम यह है कि सीने में जलन और ज्यादा देर तक खुले में रहने से आंखों में चुभन हो रही है।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के डेटा के अनुसार, आज सुबह आठ बजे आनंद विहार में एक्यूआई 405, मुंडका में 413, बवाना में 418, अशोक विहार 414, आईटीओ 355, जहांगीरपुरी 435, रोहिणी 407, नजफगढ़ 366, आरकेपुरम 387, पंजाबी बाग 407, सोनिया विहार 394, द्वारका सेक्टर 8 में 401 दर्ज किया गया है। वहीं केंद्र सरकार ने दिल्ली में बढ़े प्रदूषण के मद्देनजर अपने कर्मचारियों के लिए अलग-अलग कार्य समय की घोषणा की। केंद्रीय कार्मिक मंत्रालय द्वारा जारी आदेश में कर्मचारियों से यह भी कहा गया है कि वे पुलिंग वाहन का इस्तेमाल करें और वाहन प्रदूषण को कम करने के लिए सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करें। जारी आदेश में लिखा गया है कि दिल्ली में वायु प्रदूषण के गंभीर से भी अधिक स्तर को देखते हुए, केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों, विभागों और संगठनों को सलाह दी जाती है कि वे दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में स्थित कार्यालयों के संबंध में अलग-अलग समय अपनाएं।

आदेश में आगे लिखा है, कार्यालय सुबह 9 बजे से शाम 5.30 बजे तक और सुबह 10 बजे से शाम 6.30 बजे तक खुले रह सकते हैं। इससे पहले दिल्ली सरकार ने घोषणा बुधवार को घोषणा की है कि अब सरकारी दफ्तरों में 50 फीसदी कर्मचारी घर से काम करेंगे और 50 फीसदी कार्यालय आएंगे। राजधानी में जैसे जैसे प्रदूषण का स्तर बढ़ रहा है सरकार की ओर से चीजों को लेकर प्रतिबंध लगाए जा रहे हैं। ग्रेप-4 पहले ही लागू हो चुका है। स्कूल-कॉलेजों को बंद कर दिया है। अब कर्मचारियों के स्वास्थ्य को देखते हुए घर से काम करने के लिए कह दिया गया है।




# दर्शन सार्वभौमिक अभिव्यक्ति है जिसके मूल में लोक कल्याण की भावना निहित हैः प्रो. सुभाष चन्द्रा






*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर-खीरी।** युवराज दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विश्व दर्शन दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर दर्शनशास्त्र विभाग द्वारा ÷लोक कल्याण में दर्शनशास्त्र की उपादेयता एवं इसके अन्य विषयों के साथ अर्तसम्बन्ध÷ विषय सगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्राचार्य प्रो0 हेमन्त पाल, मुख्य अतिथि आरती श्रीवास्तव, जिला सचिव रेडक्रास एवं दर्शनशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो0 सुभाष चन्द्रा द्वारा माँ सरस्वती एवं राजा युवराज दत्त सिंह के चित्र पर माल्यापर्ण व द्वीप प्रज्जवलन कर किया गया। इसी क्रम में छात्राओं ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया। विश्व दर्शन दिवस पर आयोजित संगोष्ठी में विषय प्रवर्तन करते हुए दर्शनशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो0 सुभाष चन्द्रा ने बताया कि विश्व दर्शन दिवस ऐसे सभी दार्शनिक, वैज्ञानिक, चिन्तक और लोक नायकों के सम्मान में मनाया जाता है,जिन्होंने सम्पूर्ण विश्व के लोगों को स्वतंत्र विचारों के लिए प्रेरित किया। विश्व दर्शन दिवस का उद्देश्य स्वतंत्र एवं नवीन वैचारिकी के साथ-साथ मौलिक समस्याओं एवं समसामयिक चुनौतियों के समाधान तथा लोक कल्याण के लिए चिन्तन को बढ़ावा देना है। दर्शन सार्वभौमिक अभिव्यक्ति है, जिसके मूल में लोक कल्याण निहित है और दर्शन ने ही सत्यम्, शिवम् सुन्दरम् का समन्वय करते हुए न्याय, प्रेम व बंधुता की भावना को सम्भव बनाया है। मुख्य अतिथि रेडक्रस की जिला सचिव आरती श्रीवास्तव ने छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि दर्शन जीवन के अनुभवों को समझने एवं दिशा निर्धारित करने का प्रयत्न है। मैंने शिक्षण-प्रशिक्षण से जो ज्ञान अर्जित किया उसे समाज हित से जोड़कर देखा और आपदा में मानवता के उत्थान के लिए स्वयं को समर्पित कर कार्य कर रही हूँ। मेरी समझ से मानव एवं जीवमात्र की सेवा ही दर्शन है। बी0एड0 विभागाध्यक्ष प्रो0 विशाल द्विवेदी ने कहा कि दर्शन मानवीय मूल्यात्मक चेतना की सरल अभिव्यक्ति है, जिससे जीवन के नियामक पक्षों का निरूपण होता है। वास्तव में दर्शन मानवीय आचरण का विवेचन कर जीवन के उच्च आदर्शों तक पहुँचने के लिए पृष्ठभूमि तैयार करता है। योग साधना इसमें सहायक होती है। संगोष्ठी में प्रो0 नीलम त्रिवेदी ने दर्शन की उपादेयता को कविता के माध्यम से व्यक्त करते हुए कहा कि दर्शन सकारात्मक चितन है, जिससे अनुप्राणित होकर मनुष्य अपनी शक्ति को नवनिर्माण में लगाता है। दर्शन ज्ञान के प्रति प्रेम है।जो उच्च आदर्शों को स्थापित करता है। संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्च प्रो0 हेमन्त पाल ने कहा कि दर्शन मुक्त विचार की जीवन साधना है। जो सर्वविधि पक्षपात से पूर्णता मुक्त होकर जीवन और जगत की विराट बौद्धिक व्याख्या करते हुए लोक कल्याण का मार्ग प्रशस्त कराती है। दर्शन ने ही विश्वव्यापी एवं कल्याणकारी जीवन मूल्यों की आधारशिला निर्मित की है। दर्शन की प्रक्रिया सूक्ष्म, व्यवस्थित और होती है। दर्शन वास्तव में आत्मावगति है। विद्यार्थी दार्शनिक दृष्टिकोण अपनाकर अपनी बौद्धिक क्षमता को विकसित करते हुए सफल नागरिक बने और राष्ट्र निर्माण में आगे आये। कार्यक्रम का सफल संचालन दर्शनशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो0 सुभाष चन्द्रा ने किया।

# सीडीओ ने बच्चों से पढ़वाई किताब, परखी शिक्षा की गुणवत्ता



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** परिषदीय विद्यालयों के पठन-पाठन की गुणवत्ता, साफ-सफाई, छात्र-छात्राओं और शिक्षकों की उपस्थिति व अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लेने के उद्देश्य से गुरुवार को सीडीओ अभिषेक कुमार ने ब्लॉक नकहा के अंतर्गत संविलियन विद्यालय चहमलपुर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में मुख्य रूप से बीएसए प्रवीण कुमार तिवारी, खंड शिक्षा अधिकारी हृदय शंकर लाल श्रीवास्तव मौजूद रहे कक्षा एक की क्लास में पहुंचकर सीडीओ अभिषेक कुमार ने छात्र अंकित से 100 तक की गिनती सुनी। गिनती सुनाने पर उत्साह बढ़ाया और तालियां भी बजवाई। बच्चों से प्लास्टिक के फल दिखाकर उनकी पहचान कराई और उनके अंग्रेजी में नाम भी पूछे।उन्होंने बच्चों को चॉकलेट, टॉफियां भी बांटी सीडीओ ने विभिन्न पंजिकाओं का अवलोकन किया। शिक्षकों की उपस्थिति के सम्बंध में भी बच्चों से ही पूछताछ की। सीडीओ ने कक्षा में छात्रों से पढ़ाई के बारे में जानकारी ली। उन्होंने स्कूल में पढ़ रहे छात्र-छात्राओं को मन लगाकर पढ़ाई करने और अपने परिवार व जिले का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया सीडीओ ने शिक्षण स्टाफ को निर्देश दिया कि बच्चों को गुणवत्तापरक शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ सांस्कृतिक, खेल व उनके रूचि के अनुसार जागरूक भी करें। सीडीओ ने बच्चों से विभिन्न रंगों, आकृतियों के बारे में पूछते हुए बच्चों को दी जा रही शिक्षा की गुणवत्ता की परख की। साथ ही पठन पाठन,साफ सफाई, मध्याह्न भोजन आदि की जांच की। निरीक्षण के दौरान छात्र-छात्राओं से रूबरू होते हुए उन्हें मन लगा कर पढ़ने, गुरूजनों व माता-पिता का आदर करने, स्वच्छता अपनाने की नसीहत दी।

## दरगाह आला हजरत पर 193 छात्रों को डिग्रियां सौंप कर दस्तारबंदी की



*अवधनामा संवाददाता*

**बरेली** दरगाह आला हजरत पर हामिद मियां के कुल शरीफ के बाद मदरसा मंजरे इस्लाम पर दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया जिसमें 193 छात्रों को सुब्हानी मियां और सज्जादा नसीन अहसन मियां ने डिग्रियां शौक कर दस्तारबंदी की मुफ़्ती सलीम नूरी ने डिग्री पाने वाले छात्रों के नाम की घोषणा की मीडिया प्रभारी नासिर कुरैशी ने बताया की नेपाल के मौलाना अरशद रज़ा को अंग्रेजी मे बेहतरीन तक़रीर करने पर प्रथम पुरुस्कार ने नवाज़ा गया मदरसे के आठ छात्रों की लिखी कितावो का विमोचन दरगाह प्रमुख ने किया 24 मुफ़्ती, 74 कारी, 4 हाफ़िज़ और 74 आलिम को डिग्रीयाँ सौंपी गयीं ग्राम सिंघाई कला के मोहम्मद कैफ रजा को आलिम की डिग्री प्रदान की गयीं कैफ रज़ा के आलिम बनने पर घर पर और गाँव मे खुशी का मौहाल है

## खीरी का छत्तीसगढ़ के 'गुड गवर्नेंस' क्षेत्रीय सम्मेलन में बजा डंका

# राष्ट्रीय स्तर के इस मंच पर उप्र के खीरी जिले की डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल को हासिल हुआ गौरव

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** खीरी जिले के लिए खास रहा। छत्तीसगढ़ राज्य की राजधानी रायपुर में सुशासन पर दो दिवसीय क्षेत्रीय सम्मेलन में सत्र के दौरान %जिला प्रशासन में महिला नेतृत्व% विषय पर उत्तर प्रदेश के जनपद लखीमपुर खीरी की डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने जिले में नारीशक्ति के सशक्तिकरण के लिए परिवर्तनकारी नेतृत्व पहल के बारे में अपने सारगर्भित विचार व्यक्त किए। सुशासन विषय पर महत्वपूर्ण चर्चा के लिए सजे राष्ट्रीय स्तर के इस मंच पर उत्तर प्रदेश से लखीमपुर खीरी जिले के डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल को गौरव हासिल हुआ है। इससे जिले का गौरव भी बढ़ा है अपने उद्बोधन में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कृषि-व्यवसाय, नवाचार और




सतत व्यवसाय मॉडल, महिला-नेतृत्व वाली जंगल सफारी और इकोटूरिज्म, आदिवासी महिला-नेतृत्व वाला हस्तशिल्प विकास जैसे महत्वपूर्ण कदमों को रेखांकित किया। कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने उक्त सभी को %एक्सपोज़र और ब्रांडिंग% प्रदान की। तहसीलों में महिला सुरक्षा के लिए %मिशन शक्ति%, कन्या शक्ति वंदन- बालिकाओं के सर्वांगीण विकास के लिए एक विशेष कार्यशाला भी आयोजित की है डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का विजन ही लखीमपुर खीरी का मिशन है। सुशासन सम्मेलन के माध्यम से मा मुख्यमंत्री के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार के विजन को पूरे देश के समक्ष प्रस्तुत करने का अवसर प्राप्त हुआ। इसके लिए प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग भारत सरकार का आभार भी व्यक्त किया।बताते चले कि डीएम दुर्गाशक्ति नागपाल के निर्देशन में मिशन शक्ति के अंतर्गत जनपद की महिलाओं की सुरक्षा, स्वावलंबन और सम्मान की दिशा में अनके कार्य हो रहे हैं।

## वीरपाल यादव के निवास पर पहुंचे शिवपाल यादव, भाई के निधन पर व्यक्त की संवेदना



**बरेली।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और राष्ट्रीय महासचिव श्री शिवपाल सिंह यादव ने मंगलवार को पूर्व सांसद वीरपाल सिंह यादव के निवास पर पहुंचकर उनके छोटे भाई और पूर्व जिला पंचायत सदस्य स्वर्गीय रामधुन यादव के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने शोक संतप्त परिवार के सदस्यों से मुलाकात कर सांत्वना दी और इस दुख की घड़ी में धैर्य बनाए रखने की अपील की। शिवपाल यादव ने स्वर्गीय रामधुन यादव के पुत्र उमेश यादव से भी व्यक्तिगत रूप से मिलकर संवेदना प्रकट की। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और परिवार को हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। इस दौरान परिवार के अन्य सदस्य रामबाग सिंह यादव, रामकुमार यादव, आदेश यादव, डॉ. देवेंद्र यादव, विनोद यादव और भुवनेश प्रधान भी उपस्थित थे। शोक सभा में सपा जिलाध्यक्ष शिव चरण कश्यप, महानगर अध्यक्ष शमीम खां सुल्तानी, मलखान सिंह यादव, अशोक यादव और अन्य पार्टी पदाधिकारी भी शामिल हुए। श्री शिवपाल यादव ने कहा, ÷स्वर्गीय रामधुन यादव का निधन न केवल उनके परिवार के लिए, बल्कि समाजवादी पार्टी के लिए भी एक बड़ी क्षति है। वे एक समर्पित समाजसेवी और मजबूत राजनीतिक कार्यकर्ता थे। इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने भी परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। शोकसभा में समाजवादी पार्टी के नेता व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## बाघ ने हमला कर युवक को जान से मारा

**लखीमपुर-खीरी।** 3:00 बजे दोपहर सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम मन्नापुर थाना मोहम्मदी में 01 व्यक्ति को बाघ द्वारा हमलाकर मार दिये जाने की सूचना प्राप्त हुई सूचना पर तत्काल वनकर्मियों की टीम घटना स्थल पर रवाना हुई घटना स्थल पर पहुंच कर पाया कि श्री कन्धई लाल पुत्र श्री दुर्जन उम्र लगभग 50 वर्ष निवासी-ग्राम मन्नापुर को वन्यजीव द्वारा हमलाकर मार दिया गया था। तत्काल क्षेत्र की कॉम्बिंग करायी गयी, कॉम्बिंग में पाया गया कि देवीपुर बीट मोहम्मदी रेंज स्थित घटना स्थल आरक्षित वन क्षेत्र से 01 किमी0 हवाई दूरी स्थित है, उपरोक्त घटना बाघ द्वारा कारित की गयी है। वन्यजीव की उपस्थित के दृष्टिगत प्रभावित क्षेत्र में स्थानीय निवासियों को एलर्ट किया गया है, जनमानष से अपील की गयी है कि प्रभावित क्षेत्र में अकेले कदापि न जाने की, बच्चों को खेतखलिहान से दूर रखने के साथ सतर्क रहने की सलाह दी गयी। ग्रामीणवासियों के अनुसार उपरोक्त मृतक अपने खेत में सिचांई कार्य के लिए अकेले गया था, जिस पर वन्यजीव ने हमला कर दिया मानव वन्यजीव संघर्ष की रोकथाम हेतु प्रभावित क्षेत्र में व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। वनकमियों की टीम बनाकर प्रभावित क्षेत्र में वन्यजीव के मूवमेंट हेतु निगरानी हेतु लगा दी गयी है।

### वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी।** थाना फरधान पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 0320/2024 धारा 87/137(2)/70 (1)/351(3) बीएनएस0 व 5(द्ध) (2)/6 पाक्सो एक्ट से संबंधित वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

# महिला ने पति पर खाने में जहर मिलाकर खिलाने का लगाया आरोप

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर-खीरी।** शहर की एक महिला को उसके पति ने पीट दिया। महिला ने पति पर खाने में जहर मिलाकर खिलाने का भी आरोप लगाया है। अब महिला की हालत ठीक बताई जा रही है। पुलिस ने केस दर्ज किया है। इलाके के गांव बुढ़नापुर निवासी नेहा कश्यप ने बताया कि उसका विवाह 25 अप्रैल 2024 को शहर के मोहल्ला अर्जुनपुरवा निवासी अभिषेक उर्फ शुभम के साथ हुआ था। ससुराल वाले दिए गए दान दहेज से संतुष्ट नहीं थे। लोगों के समझाने बुझाने पर वह ससुराल के लिए विदा हो पाई थी, लेकिन ससुराल जाने पर पति अभिषेक व सास-ससुर ने प्रताड़ित करना और मारना पीटना शुरू कर दिया। आरोप है कि सास-ससुर अभिषेक की दूसरी शादी कराने की धमकी देने लगे थे। इसी बीच उसे जानकारी हुई कि पति अभिषेक की एक प्रेमिका है, जिससे वह शादी करना चाहता है। उसने अभिषेक को युवती से बात करते पकड़ लिया। इससे नाराज अभिषेक ने उसे मारापीटा। जान से मारने की नियत से खाने में जहर मिलाकर दे दिया। तबियत बिगड़ने पर अपने मायके सूचना दी। तभी अभिषेक के पिता ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। बाद में वह जिला अस्पताल से डिस्चार्ज हुई। तब से अपने मायके में है।

## स्कॉर्पियों ने सामने से बाइक में मारी टक्कर , बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल

**लखीमपुर-खीरी।** भीरा थाना क्षेत्र के कस्बा बिजुआ में एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियों ने सामने से बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद स्कार्पियो चालक कार छोड़कर फरार हो गया। हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची भीरा पुलिस ने घायल युवक को एम्बुलेंस के माध्यम से उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया सुबह भीरा से लखीमपुर की ओर एक तेज रफ्तार जा रही कार ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार गम्भीर घायल हो गया वही हादसे के बाद कार चालक मौके से भाग निकला।व्यापारियों ने हादसे की पुलिस को दी । मौके पर पहुंची भीरा पुलिस ने एम्बुलेंस के माध्यम से घायल किशनपाल को सीएचसी बिजुआ भेजा जहाँ डॉक्टरों ने युवक की गंभीर हालत को देखते हुए ओएल ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया ।

## ओवरहेड लाइन का निर्माण के चलते तीन दिन सुबह चार घंटे लगातार रहेगी बिजली कटौती

**लखीमपुर-खीरी।** बिजली महकमा शहर में सुबह चार घंटे लगातार तीन दिन कटौती रहेगी। बिजली महकमा नई बस्ती और कलेक्ट्रेट पावर हाउस में ओवरहेड लाइन का निर्माण कराने जा रहा है। इसके चलते बिजली कटौती रहेगी। ईई शैलेंद्र कुमार ने बताया कि शहर के नई बस्ती और कलेक्ट्रेट पावर हाउस में ओवरहेड लाइन का निर्माण कराने जा रहा है। इसके चलते सुबह पांच बजे से नौ बजे तक बिजली कटौती रहेगी।इसके चलते आफिर्सस कालोनी, जिला अस्पताल रोड, डीसी रोड सहित तमाम मोहल्लों की बिजली सप्लाई बंद रहेगी। महकमे ने इस दौरान लोगो से समय रहते जरूरी काम कर लेने की अपील की है। शहर में 22 नवंबर से 24 नवंबर तक बिजली कटौती रहेगी।

## नैनीताल हाईवे पर कोहरे में मचा कोहराम, सात वाहन टकराए, हादसा देख कांप गए लोग




*अवधनामा संवाददाता*

**बरेली** बरेली के भोजीपुरा थाना क्षेत्र में नैनीताल हाईवे पर गुरुवार सुबह सात बजे कोहरे की वजह से बड़ा हादसा हो गया। सात वाहन आपस में टकरा गए, जिससे चीख-पुकार मच गई। दरअसल, सबसे पहले बहेड़ी की ओर से आ रहे ई रिक्शा को पीछे से साइड लगी। इससे ई रिक्शा में बैठे लोगों को मामूली चोट आई। हादसे के बाद इनका ट्रक चालक से विवाद होने लगा। इसी दौरान पीछे से आई एंबुलेंस, कार, दो ट्रक, मेडिकल कॉलेज की बस, ट्रैक्टर समेत कुल सात वाहन एक-दूसरे से टकराते चले गए। कुल सात वाहन भिड़े थे। निजी मेडिकल कॉलेज की बस में बैठे पैरा मेडिकल व नर्सिंग के 26 छात्र-छात्राएं घायल हो गए। इस बस को पीछे से ट्रक ने तेज टक्कर मार दी थी। इसमें एक छात्रा मोनिका को बैठाने आए उसके भाई प्रशांत व बस का हेल्पर संजीव को ज्यादा चोट आई है। मेडिकल कॉलेज प्रशासन को हादसे का पता चला तो कई एंबुलेंस भेजकर सभी 26 छात्र-छात्राओं व बस स्टाफ को भर्ती कर लिया गया। प्राथमिक उपचार के बाद 13 छात्र-छात्राओं को छुट्टी दे दी गई। हादसे के बाद हाईवे पर जाम लग गया। पुलिस जाम को खुलवाने में जुट गई।

## मौलाना तौकीर रजा ने यति नरसिंहानंद को बताया वांटेड, बोले- यह मामला पुलिस को देखना चाहिए



*अवधनामा संवाददाता*

**बरेली।** बरेली के मौलाना तौकीर रजा खान ने 24 नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में कॉन्फ्रेंस करने का एलान किया है। जिसमें मुसलमान से जुटने का आह्वान किया है। उधर, डासना देवी मंदिर के महंत यति नरसिंहानंद की ओर से उसी दिन हनुमान चालीसा पाठ करने की घोषणा की गई है। गाजियाबाद के डासना देवी मंदिर के महंत यति नरसिंहानंद के हनुमान चालीसा पाठ करने की घोषणा पर आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खान ने सवाल खड़ा किया है। उन्होंने कहा है कि जो शख्स पहले से वांटेड है, वह कैसे इस तरह की घोषणाएं कर सकता है और कैसे किसी भी कार्यक्रम को कर सकता है। यह मामला पुलिस को देखना चाहिए यह उनकी जिम्मेदारी है। इत्तेहाद-ए-मिल्लत कौंसिल (आईएमसी) की ओर से मौलाना तौकीर रजा खां ने दिल्ली के रामलीला मैदान पर 24 नवंबर को कॉन्फ्रेंस करने का एलान कर रखा है। इसमें मुसलमान से जुटने का आह्वान किया गया है। उसी दिन यति नरसिंहानंद ने भी रामलीला मैदान पर हनुमान चालीसा करने की घोषणा की है। यति नरसिंहानंद की इस घोषणा पर मौलाना तौकीर ने प्रतिक्रिया में देते हुए उन्हें वांटेड बताया। मौलाना तौकीर रजा खान ने कहा कि रसूल-ए-आज़म की शान में गुस्ताखियां की जा रही हैं। गुस्ताखी करने वाले आजाद घूम रहे हैं। कानून का मजाक बना दिया गया। एक तरफ ऐसे आरोपियों के हौसले बढ़ रहे हैं तो दूसरी तरफ मुसलमानों के खिलाफ संविधान नहीं नफरत का कानून लागू किया जा रहा है। यह दोहरा रवैया ठीक नहीं। मौलाना ने कहा कि देश में ऐसा ईश निंदा कानून लागू होना चाहिए, जिससे कोई भी किसी धर्म के खिलाफ गलत बयानी न कर सके। तौकीर रजा ने कहा कि तहफ्फुज-ए-नामूस-ए-रिसालत में सिर्फ वही लोग शामिल हो जो ईमान वाले हो, आशिक-ए-रसूल हों, जिनके दिल में रसूल-ए-आजम से मुहब्बत हो। आई एम सी मीडिया प्रभारी मुनीर इदरीसी ने बताया कि कार्यक्रम के लिए बरेली से पदाधिकारियों के दिल्ली पहुंचने का सिलसिला जारी है।

## शोहदों की छेड़खानी से तंग आकर शिक्षिका ने पढ़ाना छोड़ा, मुकदमा दर्ज

**आगरा।** एक ओर जहां जनपद में कड़ी कानून व्यवस्था के दावे किए जाते हैं तो वही आए दिन अपराधिक मामलों में इजाफा होता नजर आ रहा है। फिर चाहे वह लूट पाट के मामले हो या छेड़छाड़ के। ताजा मामले में एक शिक्षिका शोहदों की हरकत से इस कदर परेशान हो गई कि उसने स्कूल में पढ़ाना ही छोड़ दिया। जानकारी अनुसार आगरा के फतेहाबाद क्षेत्र में शिक्षिका एक स्कूल में पढ़ाती है। शिक्षिका का आरोप है कि उसे शोहदे परेशान करते हैं। वह घर से स्कूल जाती है तो उसका वीडियो बना लेते हैं। आरोप है कि श्याम और उसका साथी आए दिन छेड़छाड़ करता है इससे वह तंग आ चुकी है। शिक्षिका का कहना है कि 17 नवंबर को वह घर में अकेली थी, उसी दौरान श्याम और उसका साथी घर में घुस आया, उसके साथ छेड़छाड़ की, मारपीट भी की, शोर मचाने पर वह घर से कूद कर भाग गया। शोहदों से परेशान होकर स्कूल में पढ़ाना छोड़ दिया है, शिक्षिका की परीक्षा भी होने वाली है लेकिन शोहदों के डर से परीक्षा देने की हिम्मत नहीं जुटा पा रही है। शिक्षिका की शिकायत पर थाना फतेहाबाद में श्यामसुंदर के खिलाफ छेड़छाड़ समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। एसीपी फतेहाबाद अमरदीप लाल ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

### पंच दिवसीय दिव्य देव विग्रह प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन

**सहारनपुर।** गीता मंदिर के तत्वाधान में आज प्राचीन देव मंदिर के जीर्णोद्धार व मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ बड़े ही धूमधाम से किया गया। इस दौरान महिलाओं ने मंगल जलकलश यात्रा भी निकाली। बेरीबाग क्षेत्र में स्थित श्री गीता मन्दिर में आयोजित देव प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव में प्राचीन देव मंदिर के जीर्णोद्धार के साथ प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ बड़ी धूमधाम से प्रारंभ किया गया, जिसमें महिलाओं ने कलश यात्रा भी निकाली। मंदिर में महादेव के साथ अन्य देवताओं में गणेश ,लक्ष्मी, राम दरबार ,कृष्ण दरबार, शिवजी ,हनुमान जी, दुर्गा माता, नंदी की मूर्तियां स्थापित की गई।

# आगरा में जनप्रतिनिधियों को दिखाई द साबरमती रिपोर्ट

*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** गुजरात में हुए दंगों की बात तो होती है, लेकिन ये दंगे क्यों हुए, इसे उजागर करती फिल्म द साबरमती रिपोर्ट चर्चाओं में है। इस फिल्म को आज लखनऊ में जहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देखा, वहीं आगरा में भाजपा के सभी सांसदों, विधायकों समेत अन्य जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने भी यह फिल्म देखी। सर्व मल्टीप्लेक्स में भाजपा नेताओं के लिए इस फिल्म के विशेष शो का आयोजन जिला प्रशासन की ओर से किया गया। सर्व मल्टीप्लेक्स में प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय, मेयर हेमलता दिवाकर कुशवाह, जिला पंचायत अध्यक्ष डा. मंजू भदौरिया, विधायक चौधरी बाबूलाल, पुरुषोत्तम खंडेलवाल, डा. धर्मपाल सिंह, छोटेलाल वर्मा, भगवान सिंह कुशवाह, एमएलसी विजय शिवहरे समेत अन्य जनप्रतिनिधि पहुंचे। वही द साबरमती रिपोर्ट फिल्म का यह विशेष शो देखने के लिए भाजपा के जिलाध्यक्ष गिर्राज सिंह कुशवाह, महानगर अध्यक्ष भानु महाजन, अधिकांश भाजपा पार्षद, जिले के ज्यादातर ब्लाक प्रमुख, भाजपा के जिला और शहर के वरिष्ठ नेता भी सर्व मल्टीप्लेक्स में फिल्म देखने पहुंचे। कल ही यह खबर सामने आई थी कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ फिल्म द साबरमती रिपोर्ट को देखेंगे। प्रदेश की योगी सरकार के आदेश पर जिला प्रशासन ने इस फिल्म के विशेष शो का आयोजन भाजपा सांसदों, विधायकों और वरिष्ठ नेताओं के लिए किया। बताया गया है कि न केवल आगरा, बल्कि पूरे प्रदेश के हर जिले में भाजपा के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ नेताओं को यह फिल्म दिखाने का इंतजाम संबंधित जिलों के प्रशासन की ओर से किया गया है। ये फिल्म अविनाश सिंह तोमर और अर्जुन भांडेगांवकर द्वारा लिखी गई है

### बेदखली सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैने दिनांक 01.09.2024 से अपने पुत्र अंकित कुमार तथा उसकी पत्नी मधु को उसके गलत चाल चलन के चलते अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब अंकित कुमार तथा उसकी पत्नी मधु का किसी भी कृत्य व लेन देन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता सरोकार नही है। अपने समस्त कृत्यों का अंकित कुमार तथा उसकी पत्नी मधु स्वयं जिम्मेदार होंगे।

रमेश चन्द्र पुत्र राम दुलारे
नि0 मो0 बाबूराम सर्राफ नगर
थाना कोतवाली सदर
जिला लखीमपुर खीरी।

# अलीगढ़ में यमुना एक्सप्रेसवे पर ट्रक और डबल डेकर बस की टक्कर, पांच की मौत

अवधनामा संवाददाता



**अलीगढ़।** अलीगढ़ में गुरुवार को यमुना एक्सप्रेसवे पर टप्पल पुलिस स्टेशन के अंतर्गत एक ट्रक और डबल डेकर बस के बीच जबरदस्त टक्कर हो गई। पुलिस के अनुसार, बस में सवार पांच लोगों की मौत हो गई और 15 अन्य घायल हो गए। यह हादसा गुरूवार रात को 12:30 से 1 बजे के आसपास हुआ। यह तब हुआ जब बस दिल्ली से आज़मगढ़ की ओर जा रही थी. हादसा ट्रक के ओवरटेक करने के कारण हुआ. कोहरा अधिक होने के कारण बस से आमने-सामने की टक्कर हो गई।

यह डबल डेकर बस दिल्ली से आजमगढ़ की ओर जा रही थी. बताया जा रहा है कि यह हादसा कोहरे के कारण हुआ. कोहरे की वजह से ट्रक और डबल डेकर के बीच जबरदस्त टक्कर हुई. ट्रक बस को ओवरटेक करने का प्रयास कर रहा था, तभी यह हादसा हुआ. हादसा यमुना एक्सप्रेसवे पर टप्पल पुलिस स्टेशन क्षेत्र के पास हुआ है। 15 घायल को इलाज जारी है. इन्हें करीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया है. इन्हें जेवर के कैलाश अस्पताल में एडमिट कराया गया है. मृतक का पोस्टमार्टम कराया गया है.

- **सीएम योगी ने दुर्घटना का संज्ञान लिया**
- **मृतकों के शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट की**

पुलिस अधिकारियों ने इस बात की पुष्टि की कि ट्रक को मौके से जब्त किया गया है। इस दौरान एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, सीएम योगी आदित्यनाथ ने दुर्घटना का संज्ञान लिया है। उन्होंने मृतकों के शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट की है. घायलों को सही इलाज मुहैया कराने के लिए जिला प्रशासन के अधिकारियों को निर्देश भेजे गए हैं. सीएम ने घायलों के जल्द ठीक होने की कामना की है. दुर्घटना को लेकर आगे की जांच चल रही है।

# चश्मे या लेंस से दूर हो सकते हैं अपवर्तक नेत्र विकार : डॉ. पांडेय

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित महंत अवेद्यनाथ पैरामेडिकल कॉलेज के ऑप्टोमेट्री विभाग में रिफ्रैक्टिव ऑप्थोमोलॉजी इन पीडियाट्रिक्स' विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन हुआ। मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित सीनियर ऑप्टोमेट्रिस्ट एवं आर्थोपटिस्ट डॉ. देव बी. पांडेय ने बच्चों में होने वाले रिफ्रैक्टिव नेत्र विकार और उसके निदान के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

डॉ. पांडेय ने कहा कि नेत्र बेहद संवेदनशील और महत्वपूर्ण अंग है। इससे जुड़े विकारों को गंभीरता से लेकर त्वरित उपचार पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि कुछ बच्चों में रिफ्रैक्टिव या वर्तन दोष होते हैं। इसमें आंखों पर किरणें रेटिना पर सही से जमा न होकर उसके सामने या पीछे जमा होने लगती हैं। वर्तन दोष को चश्मा लगाकर या फिर कॉटैक्ट लेंस लगाकर दूर किया जा सकता है। विकार के गंभीर अवस्था मे होने पर अपवर्तक सर्जरी की आवश्यकता पड़ती है। अपवर्तक सर्जरी का लक्ष्य चश्मों या कॉटैक्ट लेंसों पर निर्भरता कम करना है। अतिथि वक्ता का स्वागत करते हुए पैरामेडिकल कॉलेज के हेड रोहित कुमार श्रीवास्तव कहा कि अगर ईश्वर द्वारा हमें आंखें नहीं दी जाती तो हम अपने आसपास मौजूद खूबसूरत वस्तुओं को देखने से वंचित रह जाते। अतः इसकी देखभाल हमें अपने जीवनशैली से जोड़नी चाहिए। धन्यवाद ज्ञापन ऑप्टोमेट्री विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर कुंवर अभिनव सिंह राठौर द्वारा ने किया। कार्यक्रम में ऑप्टोमेट्री विभाग के प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के विद्यार्थी मौजूद रहे।

# घर से हो बाल यौन शोषण से बचाने की शुरुआत : शीलम वाजपेयी

## बाल अधिकार दिवस के उपलक्ष्य में समाधान अभियान की कार्यशाला



अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** बाल अधिकार दिवस पर समाधान अभियान और इंडिया पेस्टिसाइड्स लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में 'चुप्पी तोड़ हल्ला बोल' परियोजना के अंतर्गत गोरखनाथ थाना स्थित बालमित्र केंद्र में जागरुकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाधान अभियान की निदेशक शीलम वाजपेयी ने शिक्षकों, माता-पिता एवं पुलिस कर्मियों को बच्चों के अधिकारों एवं बाल यौन शोषण से बचाव संबंधित जानकारी दी। शीलम वाजपेयी ने कहा कि बच्चों को बाल यौन शोषण से बचाने की शुरुआत घर से ही करनी पड़ेगी। जरूरी है कि घर पर अभिभावक और स्कूलों में शिक्षक बच्चों को बैड टच और गुड टच के बारे में बताए। उन्हें किसी भी प्रकार की हिंसा के खिलाफ बोलने के लिए प्रेरित करें। छोटी छोटी जानकारियों को साझा करने से बच्चों को बड़े पैमाने पर जागरूक किया जा सकता है। इस अवसर पर गोरखनाथ थाना प्रभारी शशि भूषण राय ने शिक्षकों और अभिभावकों को बच्चों को बाल यौन शोषण से बचाने के लिए बनाए गए कानूनों की विस्तार से जानकारी दी। कार्यशाला में ट्रांसजेंडर आकांक्षा पांडेय, सामाजिक कार्यकर्ता सौरभ शुक्ला एवं मदरसा जैनुल उलून के प्रधानाध्यापक मोहम्मद नूर जामा मिस्बाही, अध्यापक जमील अख्तर मिस्बाही, बाल मित्र केंद्र के कोऑर्डिनेटर सिद्धार्थ श्रीवास्तव ने भी विचार साझा किए। कार्यशाला के दौरान सबको जागरूकता पुस्तिका भी दी गई।

# जिला कारागार फतेहगढ़ में मानसिक रूप से परेशान बंदियो को चिकित्सा उपलब्ध कराई गई




**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** जिला मुख्यालय स्थित, जिला कारागार फतेहगढ़ में वीके सिंह , जिलाधिकारी एवं डॉ. अवनींद्र कुमार मुख्य चिकित्सा अधिकारी आदेश एवं दिशा निर्देशन में जेल में मानसिक रूप से परेशान बंदियों की काउंसिलिंग एवं चिकित्सा उपलब्ध कराई गई । विशेष उल्लेखनीय है कि जिला अस्पताल फर्रुखाबाद में कोई मनोचिकित्सक तैनात नहीं है। इसलिए प्राइवेट मनोचिकित्सक डॉ मंजीत गंगवार को बोर्ड में सम्मिलित किया गया । मानसिक रूप से परेशान और मानसिक रूप से अस्वस्थ पुरुष बंदियों की काउंसलिंग करवाई गई। चिकित्सक की राय अनुसार इलाज उपलब्ध कराया गया। सीएमओ द्वारा गठित बोर्ड में डा. आर सी माथुर, डिप्टी सीएमओ , डॉ मंजीत गंगवार, प्राइवेट मनोचिकित्सक, जिला मानसिक दीप्ति यादव, मनोचिकित्सा सामाजिक कार्यकर्ता, जिला मनोचिकित्सा कार्यक्रक सम्मिलित रहे। कारागार की ओर से जेल अधीक्षक भीमसैन मुकुंद,जेलर गिरीश चंद्र व डा विजय अनुरागी जेल चिकित्सक, फार्मासिस्ट यादवेंद्र मोहन, अमित गंगवार, रोहिणी महिला जेल वार्डर काउंसलिंग में उपस्थित रहे। बंदियों को तनाव से दूर रहने के लिए प्रोत्साहित किया। दीप्ति यादव ने तनाव से दूर रहने के लिए योगक्रिया, योगासन, अनुलोम विलोम, प्राणायाम आदि के बारे में बंदियों को बताया।

# जीएनएम छात्राओं ने किया वृद्धाश्रम का शैक्षिक भ्रमण

**गोरखपुर।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के गुरु श्री गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना की गार्गी इकाई की जीएनएम प्रथम वर्ष में अध्ययनरत छात्राओं ने कार्यक्रम अधिकारी कविता साहनी की देखरेख में शिवपुर साहबजगंज में स्थित वृद्धाश्रम का शैक्षिक भ्रमण किया। इस अवसर पर वृद्धाश्रम की प्रभारी बेनेट एल.एम.सी. ने महत्वपूर्ण जानकारियां देते हुए छात्राओं को वृद्धाश्रम के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कराया। उन्होंने बताया कि यह एक धर्मार्थ कार्य का ट्रस्ट है जिसकी शाखाएं दुनियाभर में स्थापित हैं। इसका संचालन स्थानीय लोगों द्वारा उपलब्ध कराए गए धन से होता है। जिसका उद्देश्य निराश्रित लोगों को देखभाल एवं बेहतर जीवन प्रदान करना है ताकि वे बेहतर जीवन जी सकें और शांतिपूर्वक तरीके से जीवनयापन कर सकें। उन्होंने बताया कि वृद्ध लोगों को तीन के समूह में बांटा जाता है, जहां उनकी सभी जरूरतों को पूरा किया जाता है।

# संस्कृत भाषा कठिन नहीं : दिनेश मिश्र

अवधनामा संवाददाता




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान लखनऊ द्वारा संचालित गृहे गृहे संस्कृतम् योजना के अंतर्गत नवम्बर मासीय बारह दिवसीय संस्कृत शिक्षण शिविर केंद्रों का समापन आभाषिक पटल पर सम्पन्न हुआ। यह प्रशिक्षण दिनांक 05 नवम्बर से 20 नवम्बर 2024 तक संचालित हुआ। जिसमें प्रदेश के विभिन्न जनपदों में 45 प्रशिक्षकों ने सरल संस्कृत भाषा शिक्षण कक्षा का संचालन सम्यक् रूप से किया। निदेशक विनय श्रीवास्तव ने कहा कि गृहे-गृहे संस्कृतम् योजना के द्वारा समाज के अन्तिम व्यक्ति तक संस्कृत भाषा को पहुचाने का कार्य सफलता पूर्वक हो रहा है। प्राथमिक पाठशाला से लेकर इन्टर कॉलेज तक छात्र एवं छात्राएं उत्साह पूर्वक संस्कृत भाषा का अध्ययन कर रहे हैं। उन्होंनें बताया कि यह योजना छात्रों को संस्कृत पढ़ने के लिए प्रेरणादायी तथा संस्कृत भाषा में व्यवहारिकता प्रदान करने में कारगर सिद्ध हो रही है। संस्थान के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी दिनेश मिश्र ने कहा कि गृहे गृहे संस्कृतम् योजना के शिक्षकों के अथक प्रयास से यह योजना पुष्पित हो रही है। समाज में व्याप्त भ्रान्ति है कि संस्कृत भाषा कठिन है। यह भ्रान्ति गृहे गृहे संस्कृतम् योजना के द्वारा समाप्त हो रही है। किसी को भी यदि ऐसा प्रतीत हो रहा हो कि संस्कृत भाषा कठिन है तो वह ऑफलाइन संस्कृत सम्भाषण योजना तथा गृहे गृहे संस्कृतम् योजना में जुड़कर संस्कृत भाषा को सरल रीति सीख सकता है। संस्थान के प्रशासनिक अधिकारी जगदानंद झा ने अपने उद्बोधन में कहा कि उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान की गृहे गृहे संस्कृतम् योजना एक विशिष्ट योजना है, जिसके द्वारा जनपद ही नही ग्रामीण स्तर पर संचालित होकर पूरे प्रदेश में संस्कृत का प्रचार प्रसार हो रहा है। सरल सस्कृत भाषा का प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरान्त सतत् अभ्यास अपेक्षित है, जिससे व्यवहारिक रूप से संस्कृत भाषा का परिमार्जन होता रहे। ऑनलाइन समन्वयक धीरज मौठाणी जी ने योजना का विषयोपस्थापन किया। उन्होने कहा कि इस योजना से संस्कृत को सीखें ही नहीं अपितु इसे आचरण में लाने की महती आवश्यकता है। भारत की संस्कृति की सार्थकता संस्कृत भाषा में ही नीहित है। आनलाइन प्रशिक्षक शिवप्रताप मिश्र जी ने समागत अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि संस्कृत भाषा के प्रचार प्रसार हेतु यह एक महनीय कार्य है।

# अक्सा खान का यूपी वूमेंस अंडर 15 में हुआ चयन, क्षेत्र में हर्ष

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** कांग्रेस पार्टी के अल्पसंख्यक प्रदेश महासचिव अनीश अहमद के पुत्री अक्सा खान का चयन उत्तर प्रदेश वूमेंस अंडर 15 में टीम में चयन होने पर घर सहित क्षेत्र में खुशी का माहौल है। उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से वुमेंस अंडर-15 ट्राफी के लिए उप्र की घोषित टीम में अक्सा खान का चयन मीडियम पेसर के तौर पर हुआ है। अक्सा खान पूना में चल रहे अंडर 15 में उत्तर प्रदेश की तरफ से खेलेंगी।

उत्तर प्रदेश का पहला मुकाबला मुम्बई से होगा इनके चयन पर चाचा रईस अहमद ने कहा हम अपनी बेटी को उत्तर प्रदेश की तरफ से खेलते हुए देखना चाहते थे। बेटी ने सपना पूरा किया, अब हमें उस पल का इंतजार जब बेटी इंडिया के लिए खेलेगी। इनके चयन पर चाचा रईस अहमद, आसिफ अहमद, एजाज अहमद, सना कहां वसीम मलिक, समसुल हसन, असफाक अली, जावेद अंसारी मुन्ना इराकी, जुनेद आदि सैकड़ो की संख्या में मौजूद लोगों ने मिठाई बांट कर खुशी जाहिर की है। इनके चयन पर चाचा रईस अहमद, आसिफ अहमद, असफाक अली, जावेद अंसारी मुन्ना इराकी, जुनेद आदि सैकड़ो की संख्या में मौजूद लोगों ने मिठाई बांट कर खुशी जाहिर की है।

# सहकारिता ग्रामीण विकास की रीढ़ : डॉ. प्रवीण सिंह

अवधनामा संवाददाता




**उरई (जालौन)।** पूरे देश में मनाए जारहे सहकारी सप्ताह के समापन के अवसर पर क्रय-विक्रय सहकारी समिति कालपी द्वारा सतत विकास लक्षयों को प्राप्त करने में सहकारी संस्थाओं की भूमिका विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सहकारिता के महत्व और इसके माध्यम से ग्रामीण विकास को प्रोत्साहन देने पर चर्चा की गई। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ के निदेशक डॉ. प्रवीण सिंह जादौन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

डॉ. प्रवीण ने सहकारिता के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा, सहकारिता केवल एक आर्थिक व्यवस्था नहीं, बल्कि यह समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलने का एक मजबूत साधन है। सहकारी समितियां ग्रामीण क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता और सामाजिक समरसता का आधार बन सकती हैं। हमें सहकारिता के माध्यम से न केवल आर्थिक सशक्तिकरण करना है, बल्कि सामाजिक एकता को भी मजबूती प्रदान करनी है उन्होंने कहा कि सहकारिता ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। संगोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे जिला सहकारी विकास फेडरेशन लि जालौन के अध्यक्ष कौशल किशोर द्विवेदी ने कहा, अगर सहकारी समितियों को सही दिशा में चलाया जाए, तो यह ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ाने के साथ-साथ गरीबी उन्मूलन और शिक्षा के प्रचार-प्रसार में भी सहायक हो सकती हैं। सहकारिता, आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में एक प्रमुख भूमिका निभा सकती है। क्रय-विक्रय सहकारी समिति लि कालपी के अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने बताया कि सहकारिता के जरिए छोटे किसानों, महिला उद्यमियों और कारीगरों को सशक्त बनाने की अपार संभावनाएं हैं। सहकारी समितियां न केवल उत्पादों के उचित मूल्य सुनिश्चित करती हैं, बल्कि उत्पादकों और उपभोक्ताओं के बीच सीधा संपर्क स्थापित करके बिचौलियों की भूमिका को समाप्त करती हैं। कार्यक्रम में क्रय-विक्रय सहकारी समिति कालपी के पूर्व अध्यक्ष देवेन्द्र चतुर्वेदी महेवा क्षेत्रीय सहकारी समिति के अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह पूर्व अध्यक्ष राम बिहारी बृजेंद्र सिंह सुभाष सिंह परमार ने संगोष्ठी में अपने विचार रखे। उन्होंने सहकारिता से जुड़ी चुनौतियों और इनके समाधान पर चर्चा की। प्रद्युम्न सिंह नितिन सैनी समर सिंह चौहान अर्पित विश्वकर्मा ने सहकारी आंदोलन को और मजबूत बनाने के लिए सरकार से वित्तीय और तकनीकी सहायता की मांग की। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने सहकारिता के मूल्यों को आत्मसात करने और ग्रामीण विकास में सहकारी आंदोलन को गति देने का संकल्प लिया। यह आयोजन सहकारिता की शक्ति और इसके द्वारा समाज में किए जा रहे योगदान को रेखांकित करने का एक सफल प्रयास था। सहकारी संवाद ने सभी प्रतिभागियों को प्रेरित किया और सहकारिता आंदोलन के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# आंख बचाकर आना जाना......

अवधनामा संवाददाता

**गाजीपुर।** साहित्य चेतना समाज के तत्वावधान में चेतना-प्रवाह कार्यक्रम के अन्तर्गत गाजीपुर नगर के चन्दन नगर कॉलोनी-स्थित,वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. रामबदन राय (सेवानिवृत्त प्रोफेसर, खरडीहा डिग्री कॉलेज, गाजीपुर) के आवास पर सरस काव्य-गोष्ठी का आयोजन किया गया।अध्यक्षता बापू इण्टर कॉलेज सादात के सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य डॉ.रामबदन सिंह ने की एवं संचालन सुपरिचित नवगीतकार डॉ.अक्षय पाण्डेय ने किया। गोष्ठी का शुभारंभ डॉ.अक्षय पाण्डेय की वाणी-वंदना से हुआ।

काव्यपाठ के क्रम में कवि हरिशंकर पाण्डेय ने अपना भोजपुरी गीत अवते पतोहिया चली गइली विदेशवा/बूढ़ा-बूढ़ी झनखत बाड़ें बइठि के दुअरिया राम/एगो सम इया रहे घरवा भरल रहे/हर घर खाली अब त नाहीं तकवइया राम प्रस्तुत कर अतीव प्रशंसित रहे। वरिष्ठ हास्य-व्यंग्यकार विजय कुमार मधुरेश ने नागिनों ने सपेरों से दोस्ती कर ली/रहजनों ने रहबरों से दोस्ती कर ली/कैसे काम जनता का होगा दफ़्तरों में/अब दलालों ने अफसरों से दोस्ती कर ली सुनाकर खूब वाहवाही लूटी। ओज के कवि दिनेशचन्द्र शर्मा ने अपनी कविता धर्म को चुनौती देना आसान नहीं/धर्म-कर्म के नाम पर लड़ाना खिलवाड़ नहीं/सियासत में भागीदारी करने वालों/भारत के धर्मग्रंथों को चुनौती देकर/सबको मूर्ख बनाना आसान नहीं सुनाकर खूब तालियॉ अर्जित की। युवा नवगीतकार डॉ.अक्षय पाण्डेय ने परिवार में वृद्धों की स्थिति को दर्शाता अपना अप्रासंगिक होने लगे पिता शीर्षक नवगीत ऑख बचाकर आना-जाना/रिश्तों का कतराना/बूढ़ी ऑखें देख रहीं हैं /बदला हुआ ज़माना/घर में होकर भी घर में ही खोने लगे पिता/धीरे-धीरे अप्रासंगिक होने लगे पिता सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करते हुए ताली बजाने के लिए विवश कर दिया। नगर के ख्यात ग़ज़लगो कुमार नागेश ने अपनी ग़ज़ल है कहॉ मंज़िल हमारी/दिल परीशॉ आज़ है/रास्ते भी गुम हुए हैं/दिल परीशॉ आज़ है सुनाकर श्रोताओं की खूब तालियॉ अर्जित की।

# ज्ञापन देकर ग्राम प्रधान ने की बिजली आपूर्ति की सुबह 7 बजे तक की मांग



**मंडावर अवधनामा संवाददाता।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत के प्रधान लाल सिंह ने अधिशासी अभियंता - 2 विद्युत वितरण खंड बिजनौर को ज्ञापन दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार दिन गुरुवार को दयालवाला ग्राम पंचायत से प्रधान लाल सिंह ने ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों की समस्या को देखते हुए एक ज्ञापन अधिशासी अभियंता - 2 विद्युत वितरण खंड बिजनौर को ज्ञापन देते हुए अवगत कराया की रोज सुबह सवेरे 4 बजे बिजली आपूर्ती बंद कर दी जाती है और यह समय ग्रामीण छात्रों का पढ़ाई का समय होता है जैसा की सभी जानते है कि बोर्ड परीक्षा सर पर है तो बच्चों को सुबह सवेरे पढ़ाई करनी पड़ रही है लेकिन 4 बजे बिजली जाने से परीक्षा देने के लिए पढ़ाई करने मे बाधा उत्पन्न होती है क्योंकि क्षेत्र मे ग्रामीण अत्यधिक गरीब परिवार जीवन यापन करते है। इनके पास बिजली से अलग और कोई साधन नहीं होता है। इन सभी समस्याओ को देखते हुए ज्ञापन के माध्यम से बिजली की आपूर्ती सुबह 7 बजे तक कर दी जाये। जिससे बच्चों को पढ़ाई करने में कोई समस्या ना हो।

# ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** तीतरा खलीलपुर स्थित एमएसडी महाविद्यालय परिसर में नदीगांव ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं में बच्चों ने शानदार प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित की। अतिथि के रूप में एसडीएम ज्योति सिंह, सीओ अर्चना सिंह और कोतवाल अरुण कुमार राय ने फीता काटकर प्रतियोगिताओं का शुभारंभ कराया। प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष ओमप्रकाश निरंजन, मंत्री अखिलेश व्यास आदि ने अतिथियों का स्वागत किया। आयोजित खेलकूद प्रतियोगिताओं में खो-खो, कबड्डी, दौड़ आदि में बच्चों ने प्रतिभाग किया। सिकंदरपुर विद्यालय एवं कंपोजिट विद्यालय नदीगांव के बच्चों ने प्रतियोगिताओं में जीत हासिल की जबकि धंजा विद्यालय की टीम उप विजेता रही। अतिथियों द्वारा विजेता और उपविजेता टीम में शामिल बच्चों को पुरस्कृत किया गया। एसडीएम एवं सीओ ने अपने संबोधन में कहा कि शारीरिक और मानसिक विकास के लिए पाठ्यक्रम की शिक्षा से इतर इस प्रकार की गतिविधियां आवश्यक हैं।

# कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह शोक संतृप्त परिवार से मिले



**काकोरी लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** काकोरी से मिनी बस से मुंडन संस्कार कराने गये परिवार के 6 लोगो की वापसी के समय आगरा एक्सप्रेस वे पर सड़क हादसे में मौत हो गई थी। गुरुवार को कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह ने गांव पहुंच कर शोक संतृप्त परिवार से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की। साथ ही आर्थिक सहायता के लिए पत्र लिखा। बीती 6 नवम्बर को काकोरी के मोहदीन पुर गांव से प्रॉपर्टी डीलर संदीप लोधी बेटे का मुंडन संस्कार करने के लिए मिनी बस से सपरिवार व रिश्तेदार के साथ गए थे। बीती 8 नवम्बर को वहां से वापसी आते समय नसीराबाद के पास सड़क हादसा हो गया था। हादसे में 6 लोगो की मौत हो गई थी। जिसकी सूचना पर उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह गुरुवार को मोहद्दीनपुर गांव पहुँच कर मृतक परिवार के लोगो से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की। मंत्री ने मृतक परिवार को आर्थिक सहायता के लिए मुख्यमंत्री को पत्र भी लिखा। मंत्री ने कहा मुख्यमंत्री से मिलकर यह पत्र देकर आर्थिक सहायता के लिए कहेंगे। वही मंत्री धर्मपाल सिंह दुर्गागंज स्थित भाजपा मंडल कार्यालय भी पहुंचे। जहां भाजपा मंडल अध्यक्ष रवि राज लोधी, राम शंकर राजपूत, दिलीप लोधी, गोपी लोधी, कमलेश लोधी, दयाराम, कौशिक राजपूत समेत तमाम कार्यकर्ताओ ने उनका स्वागत किया।

# 200 वर्ष पूर्ण होने पर बिजनौर महोत्सव आयोजन सफलता पूर्ण होने पर शहीद परिवार एवं वीर नारियों को डीएम ने किया सम्मानित



अवधनामा संवाददाता

**बिजनौर।** जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागर में जनपद बिजनौर की स्थापना के गौरवशाली 200 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर तथा बिजनौर महोत्सव,2024 के सफलतापूर्वक आयोजित होने पर जिले के शहीद परिवारों और वीर नारियों को सम्मान प्रतीक एवं शाल ऊढा कर सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि जिले के सैनिकों का देश प्रेम तथा देश सेवा प्रति समर्पण और त्यागों को ध्यान में रखते हुए समस्त शहीद परिवारो एंव पूर्व सैनिकों का मान सम्मान बनाये रखना तथा उनकी समस्याओं का समाधान जिला प्रशासन की सदैव प्रार्थमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि महोत्सव में बिजनौर की महान विभूतियों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए भावी पीढ़ी के मानस पटल पर उनकी स्मृतियों को संजोए रखते हुए उनसे प्रेरणा प्राप्त करने का संकल्प भी लिया गया। आपकी उत्कृष्ट उपलब्धियों एवं कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए राष्ट्र की रक्षा करते हुए दिए गए बलिदान के लिए जिला प्रशासन आपको नमन करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित करता है तथा आपको सम्मानित करते हुए हम सभी को गर्व की अनुभूति हो रही है। इस दौरान शहीद गजेन्द्र की पत्नि पुष्पा देवी, शहीद गजेंद्र सिंह के पिता सतीराम एवं उनकी पत्नी सुनीता देवी, शहीद समरपाल सिंह की पत्नि सुरेश देवी, शहीद नितीन कुमार की पत्नि माला देवी, शहीद भूदेव के पिता यशपाल सिंह, शहीद भूपेन्द्र कुमार के भाई अजेन्द्र सिरोहि को सम्मानित किया गया तथा शेष शहीद परिवार जो आज किसी कारण उपस्थित नही हो सके उनका सम्मान प्रतीक उनके घर पहुँचा दिया जायेगा। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पुर्ण बोरा, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कैप्टन अनिल कुमार गुप्ता एव जिला परियोजना निदेशक ज्ञानेश्वर तिवारी सहित अन्य अधिकारी एवं जिले अन्य पूर्व सैनिक, वीर शहीदों के परिवार जन उपस्थित रहे।

# बाइकों की जोरदार टक्कर से दो की मौत

**किरतपुर।** नगर से अपने गांव जा रहे दो युवको की बाइक आमने-सामने से टकरा गई जिससे एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरे युवक ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने शवो को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और अग्रिम करवाई शुरू कर दी। देर रात किरतपुर से अपने घर लौट रहे थाना क्षेत्र के गांव छितावर निवासी बाइक सवार युवक राजीव शर्मा 44 वर्ष पुत्र स्वर्गीय मुनेश चंद्र शर्मा को गांव के पास स्थित नहर के पास पहुंचने पर सामने से आ रहे बाइक सवार मोहित निवासी ग्राम दर्गोपुर नंगली थाना कोतवाली शहर की बाइक आमने-सामने से टक्कर गई। इस दुर्घटना में बाइक सवार राजीव शर्मा की मौके पर ही मौत हो गई सूचना पर पहुंचे एस एच ओ जय भगवान सिंह ने घायल मोहित को उपचार के लिए बिजनौर भेज दिया। एस एच ओ जय भगवान सिंह ने बताया कि मोहित की जिला मेडिकल अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# डीईओ ने स्ट्रांग रूम में रखी ईवीवीएम-वीपीपैट मशीन

**अलीगढ़ अवधनामा संवाददाता।** जिला निर्वाचन अधिकारी विशाख जी द्वारा 71-खैर विधानसभा उपनिर्वाचन के तहत 20 नवंबर को सकुशल मतदान के उपरांत कृषि उत्पादन मंडी समिति, धनीपुर में बनाए गए स्ट्रांग रूम में रखी गई सील्ड ईवीएम-वीवीपैट की चक्रवार सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए मतगणना समाप्ति तक तीन पालियों में अधिकारियों की एवं प्रतिदिन प्रातः एवं सायंकालीन निरीक्षण के लिए मजिस्ट्रेट्स की तैनाती कर दी गई है। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा 23 नवम्बर मतदान समाप्ति तक प्रथम पाली में प्रातः 06 बजे से अपरान्ह 02 बजे तक सीडीपीओ गोंडा राहुल वर्मा, अपरान्ह 02 बजे से रात्रि 10 बजे तक सीडीपीओ खैर अनिल दत्तात्रेय एवं रात्रि 10 बजे से प्रातः 06 बजे तक सीडीपीओ इगलास विष्णु कुमार को ईवीएम की सुरक्षा व्यवस्था के लिए धनीपुर मंडी में तैनात किया गया है।

# दीपोत्सव के बाद एक बार फिर अयोध्या में शुरू हुआ वाटर मेट्रो का संचालन



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में अयोध्या में पर्यटन की दृष्टि से जबरदस्त विकास हो रहा है। अयोध्या को पर्यटन की वैश्विक नगरी बनाने के लिए तमाम परियोजनाएं यहां उतारी गई हैं। इसी में से एक रही सरयू में वाटर मेट्रो बोट चलाने की योजना। सरयू में पानी आने के बाद दीपोत्सव से इसका संचालन फिर शुरू कर दिया गया है। 50 सीटर वाली मेट्रो नया घाट से तुलसी घाट के बीच चलने लगी है।

**सैलानियों को आकर्षित कर रहा वॉटर मेट्रो**

अयोध्या के भव्य मंदिर में रामलला के विराजमान होने के बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। उन्हें पर्यटन की दृष्टि से अधिक से अधिक अयोध्या में रोके रखने के लिए लगातार नई-नई योजनाएं उतारी जा रही हैं। इसी में से एक वाटर मेट्रो का संचालन शामिल है। अभी तक ऐसी वाटर मेट्रो का संचालन काशी के में ही किया जा रहा था। अब इसका संचालन यहां फिर शुरू हो गया है। श्रद्धालुओं को यह काफी आकर्षित कर रहा है।

**जानिए क्या है खासियत**

इस क्रूज में लगभग 50 लोगों के बैठने की व्यवस्था है। अभी प्रतिदिन तीन से चार बार तुलसीदास घाट से नया घाट क्षेत्र में 30 मिनट के सफर को पूरा करती है। यह पूरी तरह से वातानुकूलित है। सुरक्षा की दृष्टि से सीसी कैमरे लगाए गए हैं। इसमें एलसीडी और साउंड लगे हुए हैं, जिसमें अक्सर भजन चला करते हैं।

**अभी 150 रुपये है किराया**

पर्यटन विभाग के बोर्ड क्लब के मेंबर और क्रूज के कैप्टन अनवर सिंह के मुताबिक अभी इसका संचालन नया घाट से तुलसीदास घाट क्षेत्र के बीच ही हो रहा है। वयस्कों के लिए 150 व बच्चों के लिए 100 रुपये का किराया निर्धारित किया गया है। आगे संत तुलसीदास घाट से गुप्तार घाट तक इसका संचालन किया जाएगा।

## अयोध्या में मंडलीय खादी एवं ग्रामोद्योग प्रदर्शनी का आयोजन

**अयोध्या।** महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने अयोध्या के राजकीय बालिका इण्टर कालेज ग्राउंड में आयोजित मंडलीय खादी एवं ग्रामोद्योग प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस अवसर पर विधायक रूदौली रामचन्द्र यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, मां कामाख्या देवी चेयरमैन शीतला पांडेय, और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुई। प्रदर्शनी में उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों के अलावा, राजस्थान, पंजाब, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर सहित अन्य राज्यों के कारीगरों द्वारा निर्मित खादी, ऊनी कम्बल, रेशमी उत्पाद, औषधियां और हस्तनिर्मित सामान प्रदर्शित किए गए थे। महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने इस प्रदर्शनी के महत्व को बताते हुए कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में काम करने वाले कारीगरों को एक मंच पर लाकर उनके उत्पादों की बिक्री का अवसर प्रदान करना है।

## बिहार के पूर्व डीजीपी व रुदौली विधायक ने होटल आस्था व लॉन का किया उद्घाटन

**अयोध्या।** मिल्कीपुर के इनायत नगर में स्थित आस्था होटल और लॉन के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन बिहार प्रदेश के पूर्व डीजीपी गुप्तेश्वर पांडेय और रुदौली के बीजेपी विधायक रामचंद्र यादव ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच किया। इस उद्घाटन समारोह में विधायक रामचंद्र यादव ने कहा कि आस्था रेस्टोरेंट का उद्देश्य अयोध्या आने वाले दर्शनार्थियों को उच्च गुणवत्ता और स्वादिष्ट भोजन उपलब्ध कराना है, जिसमें ताजे और स्वस्थ्य सामग्रियों का उपयोग किया जाएगा।उन्होंने यह भी कहा कि रेस्टोरेंट के खुलने से स्थानीय ग्रामीण क्षेत्र में लोगों को तमाम सुविधाएं मिलेंगी और साथ ही इस क्षेत्र की एक नई पहचान बनेगी। वहीं, बिहार के पूर्व डीजीपी गुप्तेश्वर पांडेय ने कहा कि आस्था रेस्टोरेंट और लॉन के खुलने से यहां विवाह, समारोह और अन्य सामाजिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए अब दूर जाने की आवश्यकता नहीं होगी, जिससे न केवल क्षेत्र में विकास होगा।

## पट्टीदार दुकानदारो के सर्मथन में रितेश के साथ अधिवक्ता डीएम से मिले

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** शहर के मुख मार्ग पर शुक्रवार को लगने वाली पट्टीदार दुकानदारो के समर्थन में आंदोलनकारी अधिवक्ता/पूर्व



महामंत्री रितेश कुमार मिश्र सहित पट्टीदार दुकानदारों ने साप्ताहिक सट्टी बाजार को पूर्व की भांति संपूर्ण रूप से लगवाए जाने के अधिवक्ताओं का लिया समर्थन और जिलाधिकारी सतेन्द्र कुमार से मिलकर पीड़ित पट्टीदार दुकानदारों के संबंध में ज्ञापन सौपा। जिलाधिकारी ने सट्टी बाजार दुकानदारों का जबतक कही स्थानांतरण नहीं होता तबतक किसी भी पट्टीदार दुकानदारों के अपने स्थान से हटाया नहीं जाए गा का दिया आश्वासन। रितेश कुमार मिश्र ने बताया कि सदियों से गरीबों के हितों में शहर में लगायी जाने वाली साप्ताहिक सट्टी बाजार को पुलिस प्रशासन व नगरपालिका प्रशासन द्वारा लगाने से कई सप्ताहों से रोक रहे हैं जिसपर उन्होंने ने अधिवक्ताओं का लिया समर्थन और अधिवक्ताओं के समूह के साथ जिलाधिकारी सतेन्द्र कुमार से मिलकर पीड़ित पट्टीदार दुकानदारों के संबंध में वार्ता कर बताया कि सभी वर्ग व धर्म के लोग अमीर-गरीब लोग वस्त्र, फुटवियर, घरेलू सामान खरीदते है जो सस्ते दामो पर मिलते है। श्री मिश्र ने आगे बताया कि शहर के कुछ शोरेपुस्त लोग सट्टी बाजार को हटाने का प्रयास कर रहे है तथा इससे पूर्व सन् 2017 में भी सट्टी बाजार को हटाने का भी प्रयास किया गया था जिस पर उच्च अधिकारियों के आदेशानुसार पुनः पूर्व की भाँति लगवाये जाने का आदेश दिए गए थे।

उच्च अधिकारियों यह भी आश्वासन दिया था की सट्टी बाजार में लगा रहे पट्टीदार दुकानदारों के साथ कोई इंसाफी नही की जायेगी। जिलाधिकारी ने बताया की सट्टी बाजार दुकानदारों का जबतक कही स्थानांतरण नहीं होता तबतक किसी भी पट्टीदार दुकानदारों के अपने स्थान से हटाया नहीं जाए गा इस मौके पर रजनीश शुक्ला एड,संजय गांधी एड,रितेश कुमार एड,मो0आसिफ एड,शुभम शर्मा, जाकिर एड, खुर्शीद, लवकुश, अंशु सोनी, नितिन कुमार श्रीवास्तव, ऋतिक, सुरेश गौतम,मोहम्मद अफजाल, दिवाकर सिंह, हिमांशु दीक्षित, अनुराग शुक्ला, हरिप्रसाद, रानी, सुमन अधिवक्तागण मौजूद रहे।

# बजाज चीनी मिल कुन्दुरखी के पेराई सत्र 2024-25 का शुभारम्भ

*अवधनामा संवाददाता*

**गोंडा।** बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड कुन्दुरखी के पेराई सत्र



2024-25 का शुभारम्भ मंगलवार को विधायक तरबगंज प्रतिनिधि व ब्लाक प्रमुख मनोज पाण्डेय, विक्रमजोत केन सोसायिटी के चेयरमैन अरविन्द सिंह, करनैलगंज केन सोसायिटी के चेयरमैन चन्द्रेष प्रताप सिंह, गोंडा केन सोसायिटी के चेयरमैन भारत सिंह, नवाबगंज केन सोसायिटी के चेयरमैन सुरेन्द्र सिंह, बहराइच के पूर्व केन सोसायिटी चेयरमैन राघवेन्द्र प्रताप सिंह, यूनिट हेड पी.एन. सिंह एवं जोनल एच.आर. हेड एन.के. शुक्ला ने विधि-विधान व वैदिक मंत्रोचार से पूजा अर्चना कर डोंगे में गन्ना डालकर किया। इसके पूर्व चीनी मिल परिसर में 20 नवम्बर को अखंड श्रीराम चरित मानस पाठ का आयोजन हुआ। किया गया। जिसका अयोध्या से पधारे आचार्य डा. अखिलेषश्वेदान्ती व चीनी मिल के पुजारी आचार्य अनिल कुमार ने विधि-विधानपूर्वक 21 नवम्बर को समापन कराया। महाप्रबन्धक गन्ना डा. ए.के. तिवारी एवं महाप्रबन्धक इंजीनियरिंग जगजीत सिंह ने चीनी मिल के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ नारियल फोड़कर, कॉटें पर गन्ना लदी ट्रैक्टर ट्रॉली एवं ट्रक की पूजा किया।

समारोह के दौरान यूनिट हेड पी.एन. सिंह ने कहा कि बजाज चीनी मिल किसान हितों के लिए सदैव प्रतिबद्ध है।

ह्यकिसान हितों को ध्यान में रखते हुए विगत पेराई सत्र के बकाया धनराषि का सम्पूर्ण भुगतान शीघ्र ही करा दिया जायेगा। जोनल एच.आर. हेड एन.के. शुक्ला ने अतिथियों व किसानों का आभार प्रकट करते हुए अपील किया कि सभी लोग मिल संचालन में चीनी मिल प्रबन्धन का सहयोग करें। उन्होंने आश्वस्त किया कि पेराई के दौरान कृषकों को अपना गन्ना बेचने में किसी भी प्रकार की समस्या आने नहीं दी जायेगी। इस मौके पर सपा नेता सूरज सिंह, चारों गन्ना समितियों के सचिवगण, चीनी मिल के उत्पादन प्रमुख आमोद विष्नोई, वरिष्ठ उप महाप्रबन्धक (आई.टी.), प्रदीप कुमार, उप महाप्रबन्धक (वित्त व लेखा) एस.एन. शुक्ला, प्रबन्धक (वित्त व लेखा) राजीव पाण्डेय, वरिष्ठ प्रबन्धक (क्यू.सी.) मनोज सिंह सहित चीनी मिल परिक्षेत्र के सैकड़ों गणमान्य कृषकगण मौजूद रहे।

## सड़क हादसे में दो कार सवार घायल

**रामनगर बाराबंकी।** थाना क्षेत्र के हरि नारायणपुर गांव स्थित एक ढाबा के पास गुरुवार सुबह सड़क हादसा हो गया जिससे दो लोग गंभीर घायल हो गए। अज्ञात वाहन ने कार मे टक्कर मार दी जिससे कार खाई में जा गिरी ।उसमे सवार दो लोगो को किसी तरह निकाल अस्पताल भिजवाया गया। गोंडा-बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित एक ढाबा के पास गुरुवार सुबह करीब आठ बजे कार चालक नाश्ते के लिए ढाबे पर रुक रहा था तभी पीछे से तेज गति से आ रहे किसी अज्ञात वाहन ने कार को टक्कर मार दी। कार नीचे गहरी खाई में जा गिरी।अगल बगल के लोगो ने पंहुच कर घायल लवकुश 30 निवासी दौलतगंज, थाना ठाकुरगंज लखनऊ, पेशकार 45 निवासी ग्राम गुड्सरी, थाना करनैलगंज गोंडा को बाहर निकाल एम्बुलेंस से अस्पताल भिजवाया।

## चाइल्ड फ्रेन्डली स्कूल के बच्चों ने ताज होटल में मचाया धमाल

**बाराबंकी।** अंतर्राष्ट्रीय बाल अधिकार दिवस पर देश की ख्याति प्राप्त संस्था सेफ सोसाइटी द्वारा लखनऊ के ताज होटल में आयोजित समागम कार्यक्रम में बेसिक उत्थान एवं ग्रामीण सेवा संस्थान द्वारा निःशुल्क संचालित चाइल्ड फ्रेन्डली स्कूल ग्राम छन्दवल के छात्र छात्राओं ने बालश्रम, बाल विवाह की एकांकी मंचन कर सभी के समक्ष बच्चों की समस्याओं का जीवंत चित्रण किया जिसे प्रदेश की ग्रामीण विकास राज्यमंत्री विजयलक्ष्मी गौतम, पूर्व केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर, आसाम के गवर्नर, हिमाचल प्रदेश के गवर्नर, लखनऊ के पूर्व विधायक सुरेश तिवारी सहित देश प्रदेश के तमाम चाइल्ड राइट एक्टिविस्ट व समाजसेवियों ने बच्चों का हौसला बढ़ाया। सेफ सोसाइटी के निदेशक विश्व वैभव शर्मा, प्रोग्राम समन्वयक अभिषेक पाठक, पूर्व डीजीपी सुतापा सान्याल, सहित सैकड़ों की संख्या में गणमान्य लोगों ने बच्चों से बातें किया और बच्चों के संरक्षण, भागीदारी और उनके अधिकारों को लेकर सुझाव लिए गए। बच्चों ने पांच सितारा होटल के साथ ही डॉ अंबेडकर पार्क का भ्रमण किया। चाइल्ड फ्रेन्डली स्कूल के प्रबंधक, समाजसेवी रत्नेश कुमार ने बच्चों का एक्सपोजर कराया, स्कूल के प्रधानाचार्य विनोद कुमार, शिक्षिका पूनम रत्नाकर, शारदा रावत, वन्दना वर्मा ने बच्चों को गाइड किया।

## महिला खिलाड़ी ने क्रीड़ा अधिकारी व कोच के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया

**बाराबंकी।** खुलकर बोलने की जो सलाह पुलिस टीम और समाजसेवियों द्वारा स्कूल कालेज में दी जा रही है उसके परिणाम सामने आने लगे हैं। बेटियों ने अब अपने अधिकार और स्वाभिमान की आवाज़ उठानी शुरू कर दी है। इसका जीता जागता उदाहरण देश की महिला पहलवान हैं जिन्होंने लगभग दो साल उत्पीड़न पर प्रदर्शन किया। ताजा मामला जनपद बाराबंकी के खेल मैदान से जुड़ा हुआ है।

# एडिशनल एसपी ने नौतनवा थाने का किया निरीक्षण



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** अपर पुलिस अधीक्षक आतिश कुमार सिंह गुरुवार को थाना नौतनवा का किया। जिसमें उन्होंने परिसर का भ्रमण करते हुए सीसीटीएनएस कक्ष, शस्त्रागार के शस्त्रों, हवालात, मेस,आरक्षी बैरक, तथा समस्त रजिस्टरों का अवलोकन करते हुये उनके रखरखाव की स्थिति का जायजा लिया गया ।

उन्होंने कार्यालय का निरीक्षण करते हुए साफ-सफाई रखने तथा राजकीय कार्यों को समय से पूरा करने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान अन्य विभिन्न रजिस्टरों का अवलोकन कर उनको अद्यावधिक करने के लिये संबंधित को आवश्यक निर्देश दिए गये । महोदय द्वारा थाना परिसर मे अन्य स्थानो का भी निरीक्षण किया गया। उच्च गुणवत्तापूर्ण भोजन के साथ साथ स्वच्छ पर्यावरण व शुद्ध पेय जल उपलब्ध कराने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया।

# कार्यालय नगर निगम, अयोध्या

पत्रांक : 495/न.नि.अयो./कर.अनु.नामान्तरण/2024 दिनांक 20 नवम्बर, 2024

नगर निगम, अयोध्या के कर अनुभाग में नामान्तरण के लिए निम्नलिखित भवनों के सम्बन्ध में आवेदन पत्र प्राप्त हुए है इन भवनों पर पूर्व से दर्ज भवन स्वामी/हितबद्ध को सूचित किया जाता है कि इस नामान्तरण पर यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो अपने प्रमाणित साक्ष्य के साथ प्रकाशित तिथि से 15 दिवस के अन्दर आपत्ति पत्र प्रस्तुत करें। अन्यथा की स्थिति में नामान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व आपका होगा। जिसका विवरण निम्नवत हैः-

| क्र. सं | भवन संख्या | पूर्व में दर्ज भवन स्वामी/ खारिज होने वाले नाम | दर्ज होने वाले नाम | नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|
| | | सिविल लाइन | | |
| 1 | 21/265,1/12/25 | श्रीमती विद्या देवी डा0 दया शंकर सिंह | श्री विनय कुमार सिंह पुत्रगण स्व0 दया शंकर सिंह आदि | वरासत |
| 2 | 1/13/97 | श्रीमती सीता देवी त्रिभुवन यादव | श्री त्रिभुवन यादव पुत्र स्व0 रघुनाथ यादव | वरासत |
| 3 | 60/265,1/17/229A | श्री जय कुमार स्व0 बितन्दमल | श्रीमती लक्ष्मी उतरानी पत्नी श्री जय कुमार उतरानी | रजि0 दान पत्र |
| 4 | 7/754,1/6/58 | श्रीमती अनारा देवी स्व0 श्री राम लाल | श्रीमती कुसुम पत्नी श्री रामतीरथ, वीना देवी पत्नी श्री भीमसेन | वरासत |
| | | कन्धारी बजार | | |
| 5 | 52/62,2/1/57 | श्री राजेश कपूर पुत्र स्व0 विश्वनाथ कपूर | श्रीमती नीलम कपूर पत्नी श्री राजेश कपूर | रजि0 दान पत्र |
| 6 | 17/264,2/10/299 | श्रीमती चन्दा देवी पत्नी श्री दिलीप कुमार सोनकर | श्री अवधेश कुमार सोनकर पुत्र श्री दिलीप कुमार सोनकर | रजि0 दान पत्र |
| 7 | 26/106,2/15/137 | श्री राज नारायण पुत्र श्री रघुवीर प्रसाद | श्री राजेंद्र यादव पुत्र स्व0 राम नरायन यादव | वरासत |
| 8 | 52/224,2/3/82 | श्रीमती राम दुलारी पत्नी जमुना प्रसाद | श्री राजीव पाण्डेय पुत्रगण स्व0 राज कुमार पाण्डेय आदि | वरासत |
| 9 | 52/239,2/3/96 | श्रीमती रामदुलारी पत्नी यमुना प्रसाद | श्री संजय पाण्डेय, श्री अनूप कुमार पाण्डेय पुत्रगण स्व0 रविन्द्र कुमार पाण्डेय, श्री अलोक कुमार | वरासत |
| 10 | 51/232,2/8/125 | श्री कालीदास उर्फ छेद्दन पुत्र स्व0 रामदास | श्री घनश्याम पुत्र स्व0 सफीलाल | रजि. वसीयतनामा |
| 11 | 33/144,2/9/222 | अकीला बानो पुत्री श्री मुसर्रफ हुसैन, मोहम्मद औन पुत्र स्व0 अलेहसन | श्रीमती अकीला बानो पत्नी श्री गौहर अब्बास | रजि0 दान पत्र |
| | | दिल्ली दरवाजा | | |
| 12 | 58/717,3/1/115 | मो0 अरशद पुत्र मो0 जाबिर | श्री मो. शादाब पुत्र श्री मो. अमीन | रजि0 बैनामा |
| 13 | 3/12/54 | गौरव भल्ला, सौरभ भल्ला पुत्र श्याम सिंह भल्ला | श्री अर्पण अग्रवाल पुत्र श्री नरेश कुमार अग्रवाल | रजि0 बैनामा |
| 14 | 38/466,3/14/135A-1 | श्रीमती मिथिलेश श्रीमाली पत्नी स्व0 श्री प्रेम कृष्ण दास श्रीमाली | श्री संदीप श्रीमाली पुत्र स्व0 प्रेम कृष्ण दास श्रीमाली | रजि. वसीयतनामा |
| 15 | 3/19/212D | चंचल दास स्व0 हरगुन दास | परमानन्द शैवानी पुत्र स्व0 चंचल दास | मा0 न्यायालय आदेश |
| 16 | 28/26,3/20/45 | श्री अंजनी कुमार श्रीवास्तव | श्रीमती स्नेहलता श्रीवास्तव पत्नी स्व0 अंजनी कुमार श्रीवास्तव आदि | वरासत |
| 17 | 39/533,3/5/10 | श्रीमती मुन्नी देवी पत्नी स्व0 छोटेलाल | श्री सुरेश चन्द्र सिंह राठौर पुत्र स्व0 छोटे लाल | वरासत |
| | | राठहवेली | | |
| 18 | 19/223,4/12/23 | श्री राम मिलन जगदीश | आराधना गौतम पुत्री स्व0 जगदीश प्रसाद गौतम | वरासत |
| 19 | 40/51,4/16/48 | श्रीमती शकुन्तला पान्डेय पत्नी ओम प्रकाश पान्डेय | श्रीमती माना मिश्रा पत्नी श्री सूरज प्रसाद मिश्र | रजि0 बैनामा |
| 20 | 19/16,4/17/13 | सुनील कुमार श्रीवास्तव लालता प्रसाद श्रीवास्तव | श्री निशांक श्रीवास्तव पुत्र श्री सुनीश कुमार श्रीवास्तव | रजि0 दान पत्र |
| 21 | 19/32,4/17/26 | श्रीमती शान्ती देवी जायसवाल पत्नी श्रीं सुखराज जायसवाल | श्रीमती नीता चौबे पत्नी श्री शक्ति स्वरूप चौबे | रजि0 बैनामा |
| 22 | 10/7/49,4/7/46 | श्रीमती लीलावती देवी पत्नी पकल्प चरन श्रीवास्तव | पुत्रगण स्व0 पकल्प चरन श्रीवास्तव | वरासत |
| 23 | 19/180,4/9/164 | श्री लक्ष्मी नरायन श्रीमती विद्यावती मिश्र पत्नी राजेन्द्र प्रसाद श्री उमेश कुमार मौर्या पुत्र स्व संतराम | श्री पवन कुमार मिश्रा पुत्र श्री राजेंद्र प्रसाद मिश्रा | वरासत |
| | | साहबगंज | | |
| 24 | 5/1/139 | श्रीमती पद्मजा द्विवेदी पत्नी श्री बृजेश कुमार द्विवेदी | श्री विजयसिंह पुत्र श्री भारत सिंह, श्रीमती भावना सिंह पत्नी श्री संतोष सिंह | रजि0 बैनामा |
| 25 | 5/1/29 | श्रीमती जनक दुलारी श्री मगरू राम यादव | श्री उपेन्द्र कुमार यादव पुत्र श्री एमआर यादव | वरासत |
| 26 | 53/174,5/13/93 | श्री याकूब अली मो0 हतीफ | श्री हामिद अली पुगण स्व0 याकूब अली, श्री वाजिद अली, श्री अरशद अली | वरासत |
| 27 | 4/247,5/18/39 | श्री सूरज मिश्रा श्री विवेक मिश्रा पुत्रगण स्व0 राम आसरे मिश्रा आदि | श्रीमती सरोज मिश्र पत्नी श्री उमा पति मिश्रा | रजि0 बैनामा |
| 28 | 27/435,5/18/58 | श्री सालिग राम श्री निरहू दास मौर्य | श्री आशीष कुमार मौर्या पुत्रगण स्व0 सालिक राम मौर्या, श्री सतीश मौर्य | वरासत |
| | | हैदरगंज | | |
| 29 | 45/293,6/10/17 | श्रीमती जरीना बेगम श्री अनसार अहमद आदि | शरूमा बानों पुत्री स्व0 अन्सार अहमद | रजि0 दान पत्र |
| 30 | 56/392,6/10/93 | विजय कुमार, केशव राम पुत्र भगवती प्रसाद आदि | श्रीमती रेखा गुप्ता पत्नी स्व0 रमेश कुमार गुप्ता | वरासत |
| 31 | 56/392,6/10/93 | विजय कुमार, केशव राम पुत्र भगवती प्रसाद आदि | श्रीमती रेखा गुप्ता पत्नी स्व0 रमेश कुमार | रजि0 दान पत्र |
| 32 | 50/451,6/11/281A | श्री दिनेश कुमार राम सिंह | श्रीमती संगीता गुप्ता पत्नी श्री सूरज गुप्ता आदि | रजि0 बैनामा |
| 33 | 50/153,6/11/30 | श्री राज कुमार गुप्ता पुत्र स्व0 राम कुमार गुप्ता | गौरव (नाबालिक) संरक्षिका माता श्रीमती रूबी पनी श्री गोपाल पुत्र श्री गोपाल | रजि0 बैनामा |
| 34 | 6/11/361 | श्री गोविन्द प्रसाद | श्री अशोक कुमार गुप्ता पुत्र स्व0 बिन्दा प्रसाद | वरासत |
| 35 | 50/204,6/11/80 | श्रीमती ज्ञान धारी स्व0 महादेव प्रसाद गुप्ता | श्री जय शंकर कौशल पुत्र स्व0 महादेव प्रसाद कौशल | रजि. वसीयतनामा |
| 36 | 53/312,6/2/228 | श्रीमती गीता देवी कृणा उर्फ प्रेम चन्द्र | प्रियंका राठौर पत्नी पृथ्वी सिंह | रजि. वसीयतनामा |
| 37 | 50/65,6/2/298 | श्रीमती सुजान कौर स्व0 महेन्द्र सिंह | श्री मनमीत कौर पत्नी श्री गुरू बक्श सिंह | रजि. वसीयतनामा |
| | | लालबाग | | |
| 38 | 7/1/37E | मोहम्मद अलीम पुत्र मो0 शमीम | श्री मो. कलीम पुत्र श्री मो. शमीम | रजि0 दान पत्र |
| 39 | 7/1/405 | श्री राम नाथ भोला | श्री श्याम कुमार पुत्रगण स्व0 रामनाथ सोनकर, श्री विजय कुमार | रजि. वसीयतनामा |
| 40 | 20/327,7/1/563 | श्री रमाशंकर चैबे राम खेतावन | श्री अजय कुमार चतुर्वेदी पुत्रगण स्व0 रमा शंकर चतुर्वेदी आदि | वरासत |
| 41 | 34/347,7/16/44 | श्री मोहम्मद अहमद श्री जहीर | श्री अब्दुल कदीर पुत्र श्री मोहम्मद हबीब | रजि0 बैनामा |
| 42 | 7/18/18A | श्री राम जतन मौर्या पत्नी श्री राम भरोसे | श्री सियाराम पुत्र स्व0 रामजतन मौर्य | रजि. वसीयतनामा |
| 43 | 46/555,7/2/40 | श्री राम जतन मौर्य स्व0 राम भरोसे | श्री सियाराम पुत्र स्व0 रामजतन मौर्य | रजि. वसीयतनामा |
| | | दालमण्डी | | |
| 44 | 60/548,8/10/151 | श्री राम पुत्र श्री मकदूम, श्रीमती माया देवी पत्नी स्व0 जवाहर लाल आदि | श्रीमती गुड़िया गुप्ता पत्नी श्री रमेश कुमार गुप्ता | रजि0 बैनामा |
| 45 | 8/2/3 | श्री राम मोहन श्री श्याम मोहन पुत्र श्री सुरेन्द्र नाथ | श्रीमती अनीता देवी पत्नी स्व0 श्याम मोहन आदि | वरासत |
| 46 | 36/342,8/4/184D | श्री धर्मपाल दुबे श्री राम लगन दुबे | पम्मी दूबे पत्नी श्री विवेक दूबे पुत्र श्री धर्मपाल दूबे | रजि0 दान पत्र |
| 47 | 8/9/296A | श्रीमती बुशरा खातून पुत्री स्व0 अब्दुल सलाम पत्नी एजाज अहमद आदि | श्री मो. तारिक पुत्र श्री एजाज अहमद खान आदि | वरासत |
| 48 | 29/359,9/10/18 | श्री शिवनाथ प्रसाद अग्रवाल पुत्र किशोरी लाल | श्री राजेश कुमार अग्रवाल पुत्र स्व0 शिव नाथ प्रसाद अग्रवाल | वरासत |
| 49 | 29/405,9/11/36 | श्री मो0 सिद्दीकी पुत्र श्री खैराती आदि | श्री मोहम्मद सलीम पुत्रगण स्व0 मोहम्मद सिद्दीकी आदि | वरासत |
| 50 | 29/428,9/11/58 | श्री मो0 सिद्दीक पुत्र श्री खैराती | श्री मो. मुस्लिम पुत्रगण स्व0 मो. सिद्दीकी, श्री मो. शरीफ | वरासत |
| 51 | 9/12/17 | श्री किरन श्रीवास्तव पत्नी स्व0 हरीश कुमार श्रीवास्तव | श्री दिनेश कुमार पुत्र श्री राजाराम | रजि0 बैनामा |
| 52 | 29/89,9/2/109 | श्री लाल जी यादव | श्री जितेन्द्र यादव पुत्र स्व0 लाल जी यादव | वरासत |
| 53 | 9/2/216 | कुमारी चन्दा पुत्री स्व0 छेदी लाल | श्रीमती मंजू सोनी पत्नी श्री राज कुमार सोनी | रजि0 बैनामा |
| 54 | 9/9/4 | श्री अशोक कुमार पुत्र गोपीनाथ | श्रीमती मीनू सहगल पत्नी स्व0 अशोक कुमार सहगल आदि | वरासत |

**(हरगोविन्द सिंह यादव)**
**कर निर्धारण अधिकारी**
**नगर निगम, अयोध्या**

**(गजेन्द्र कुमार)**
**मुख्य कर निर्धारण अधिकारी**
**नगर निगम, अयोध्या**

**(वागीश कुमार शुक्ला)**
**अपर नगर आयुक्त**
**नगर निगम अयोध्या**

# विद्युत विभाग की उदासीनता के चलते विगत 6 वर्षो से विद्युत सप्लाई के लिए जूझ रहे तीन दर्जन से अधिक उपभोक्ता



- उपभोक्ताओं का आरोप, विद्युत विभाग द्वारा पोल खड़ा करके केबल लगाकर छोड़ दिया गया किंतु करीब छः वर्ष बीतने के बाद भी लाइट नहीं हुई मयस्सर
- पीएचसी के निजी ट्रांसफार्मर से तीन दर्जन से अधिक आवासीय घरों में हो रहा उजाला

अवधनामा संवाददाता

**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** बढ़नी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को जाने वाली मार्ग पर लगभग तीन दर्जन से अधिक विद्युत उपभोक्ताओं को विभाग की उदासीनता के चलते आवासीय मकानों को विद्युत सप्लाई सुचारू रूप से नहीं मिल पा रही है जबकि विभाग द्वारा करीब 6 वर्ष पूर्व ही पोल लगा के केबल दौड़ाकर उसे यूं ही छोड़ दिया गया है जिसका खामियाजा उपभोक्ता भुगत रहें है। बढ़नी ब्लॉक मार्ग के निकट स्थाई रूप से निवास कर रहे कृष्ण मोहन त्रिपाठी, राम लखन, मो सलीम, रिजवान अली, अमरूल्लाह, पिंटू आदि लगभग तीन दर्जन से अधिक विद्युत उपभोक्ताओं ने बताया कि हमारे घरों में पीएचसी के निजी ट्रांसफार्मर से विद्युत सप्लाई की जा रही है जिसे लेकर आए दिन स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों द्वारा तरह तरह के आरोप लगाकर आवासीय मकानों की सप्लाई कटवा दी जाती है जिससे हम सभी आहत और त्रसित हैं। लोगों का कहना है कि विद्युत विभाग द्वारा विगत 6 वर्षों से पोल लगाकर केबल दौड़ाकर छोड़ दिया गया है किंतु आज तक उक्त आवासीय घरों को विद्युत सप्लाई किसी निश्चित ट्रांसफार्मर से नहीं की जा रही है जिससे सुचारू रूप से विद्युत सप्लाई मिल सके। लोगों का आरोप है कि महीने में तीन से चार बार विद्युत सप्लाई बाधित होती है हम सभी मिलकर निजी जेब खर्च से तारों को जुड़वाते है लेकिन विभाग के जिम्मेदार तनिक भी सुधि नहीं लेते हैं ऊपर से हर महीने विद्युत बिल का भुगतान करना नागवार लगता है। लोगों ने जिलाधिकारी का इस ओर ध्यान आकृष्ट कराते हुए समस्या से निजात दिलाए जाने की मांग की है।

## दो साप्ताहिक उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**बस्ती।** वित्तीय वर्ष 2024-25 में विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के क्रम में दो साप्ताहिक उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। उक्त जानकारी देते हुए उपायुक्त उद्योग हरेन्द्र प्रताप ने बताया कि कार्यक्रम में प्रशिक्षार्थियों को उद्योग निदेशालय द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान की जायेगी, जिससे शिक्षित बेरोजगारों को अपना स्वरोजगार स्थापित करने में उचित मार्गदर्शन मिल सके। उन्होने बताया कि उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रशिक्षण में भाग लेने हेतु जनपद के इच्छुक (पुरूष एवं महिला) 27 नवम्बर 2024 तक आवेदन पत्र आमंत्रित है। आवेदको की शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल के ऊपर एवं आयु सीमा 18 से 40 वर्ष के मध्य होनी आवश्यक है। प्रशिक्षार्थियों का चयन साक्षात्कार के आधार पर किया जायेगा। उन्होने बताया कि चयन हेतु साक्षात्कार आगामी 28 नवम्बर 2024 को जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र, बस्ती में पूर्वान्ह 11:00 बजे से आयोजित किया जायेगा।

# विधायक विनय वर्मा पत्नी संग शोहरतगढ़ नपं कर्मियों को वितरण किया अंगवस्त्र व मिष्ठान



अवधनामा संवाददाता

**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** शोहरतगढ़ विधानसभा के क्षेत्रीय विधायक विनय कुमार वर्मा ने गुरुवार को शोहरतगढ नगर पंचायत के समस्त कर्मियों को अंग वस्त्र साड़ी व कपड़ा तथा मिठाई उपहार स्वरूप अपनी पत्नी श्रीमती बबीता वर्मा के साथ वितरित किया। इस दौरान क्षेत्र व नगर को स्वच्छ रखने में दिन-रात मेहनत करने वाले सम्मानित सफ़ाईकर्मियों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे सामाजिक योद्धाओं का आभार व्यक्त करता हूँ। जो महत्वपूर्ण रुप से हमारे सामाजिक सौहार्द व स्वच्छता के लिए हमेशा तत्पर और समर्पित रहते हैं। माननीय प्रधानमंत्री जी के स्वच्छ भारत-स्वस्थ भारत के सपनों को ये सामाजिक योद्धा साकार कर रहे हैं। इस दौरान अधिशाषी अधिकारी अजय कुमार, चेयरमैन प्रतिनिधि रवि अग्रवाल, हरीश कुमार वर्मा, विजय कुमार गुप्ता आदि लोग उपस्थित रहे।

## उपजिलाधिकारी ने विभिन्न धान क्रय केंद्रों का किया निरीक्षण



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी के दिशा निर्देश पर वृहस्पतिवार को उप जिलाधिकारी डुमरियागंज डॉ संजीव दीक्षित द्वारा तहसील क्षेत्र के सहियापुर मण्डी परिसर ए, बी, भनवापुर मण्डी परिसर ए, बी, डुमरियागंज मण्डी परिसर ए, बी, भा0खा0नि0 सहियापुर (एसडब्लूसी) धान ऋय केन्द्रों का निरीक्षण किया। उप जिलाधिकारी डॉ0 संजीव दीक्षित ने बताया कि अब तक कुल 45 किसानों का 5756.80 कुंतल धान ऋय किया गया है। भा0खा0नि0 सहियापुर (एसडब्लूसी) केंद्र पर सबसे कम मात्र 2 किसानो से 48 क्विंटल धान की खरीद की गई है। ऋय केन्द्रो पर धान खरीद में अपेक्षित प्रगति लाने हेतु निर्देश दिए गए। शासन की मंशा अनुरूप खरीद न होने की दशा में जिम्मेदारी तय कर रिपोर्ट कार्यवाही हेतु भेजी जाएगी।

## मौसम ने ली करवट ठंडी हवाओं ने सर्दी का कराया एहसास

**अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** पूर्वानुमान के अनुसार नवंबर माह में बारिश तो नहीं हुई, मगर मौसम ने करवट बदल लिया है। शीत लहरी का दौर शुरू हो गया है। सर्द हवाएं तेज हो गई है। तापमान में अनवरत कमी हो रही है। चार दिन में पारा तीन डिग्री सेल्सियस नीचे लुढ़क गया है। इससे सीजन में सबसे कम 11 डिग्री सेल्सियस तापमान बुधवार को रिकॉर्ड हुआ। मौसम के बदले मिजाज से बुधवार की सुबह कोहरे से हुई। कोहरे की दृश्यता (विजिबिलिटी) 60 मीटर रही। इसके आगे कुछ भी नहीं दिख रहा था। कोहरे से सुबह के समय सड़क और बाजार में चहल पहल कम रही। कोहरे के ठंड तेज हवा से काफी गलन हुई। कोहरे का असर सुबह नौ बजे तक रहा। इससे जिला अस्पताल और विभिन्न दफ्तरों में भीड़ कम रही। दोपहर में कोहरे का असर कम हुआ और धूप हुई। इससे लोगों को राहत मिली। बुधवार को जिले का औसत तापमान 26 डिग्री सेल्सियस तो अधिकतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं सीजन में पहली बार न्यूनतम तापमान 11 डिग्री रहा। कोहरे का प्रकोप गुरुवार को भी कायम रहेगा। हालांकि तेज चल रही सर्द हवाएं मंद पड़ जाएंगी। इससे तापमान में उछाल आ सकता है। मौसम विभाग के अनुसार कोहरे का प्रकोप अगले कुछ दिनों तक अनवरत बना रहेगा। पछुआ सर्द हवा की गति कम हो सकती है। तापमान में फेरबदल हो सकता है। इससे गलन में थोड़ी राहत मिल सकती है।

## संदिग्ध हालत मे पेड़ से लटकती मिली वृद्ध की लाश

**अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** टांडा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पुंथर के फुटहिया मस्जिद के निकट बुधवार की सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में आम के पेड़ से एक वृद्ध की लटकती लाश पाए जाने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आजमगढ़ जनपद के लक्षिरामपुर गांव के मूल निवासी रमेश चन्द्र उपाध्याय (60) लगभग 25 वर्षों से अपने परिवार के साथ पुंथर गांव के फुटहिया मस्जिद के बगल स्थित मकान में रहते थे। बुधवार को भोर में रमेश चंद्र उपाध्याय का शव उनके घर के सामने सड़क के किनारे स्थित आम के पेड़ से संदिग्ध परिस्थितियों में गमछे से लटकती मिली। शव मिलते ही मौके पर आस पास के लोगों का ताता लग गया। परिवार के लोगों ने बताया कि वह गाड़ी चलाता था। लगभग पांच वर्षों से अपने घर नहीं आया था और बुधवार को उसका शव बरामद हुआ।

## श्रीमद् भागवत कथा के लिए निकली कलश यात्रा

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** पिपरौली क्षेत्र के अमटौरा गांव में श्रीमद् भागवत कथा के लिए आज कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा पूरे गांव में विचरण की। जिसमें गाजे-बाजे के साथ सैकड़ों की संख्या में बच्चे,बुढे, महिलाएं और जवान हर्षोल्लास के साथ विचरण करके वापस कार्यक्रम स्थल तक पहुंचे इसमें गाजे-बाजे के साथ संपूर्ण ग्रामवासी उपस्थित रहे। 21 नवंबर से श्रीमद् भागवत कथा का रसपान किया जाएगा तथा 29 नवंबर को भंडारे/प्रीति भोज के साथ श्रीमद् भागवत कथा का समापन किया जाएगा। प्रतिदिन श्रद्धेय मानस जी द्वारा श्रीमद भागवत कथा का रसपान कराया जाएगा।

# जनपद में डग्गामार वाहनों का सभी मार्गों पर हो रहा संचालन, प्रशासन मौन

अवधनामा संवाददाता

**अम्बेडकरनगर।** परिवहन विभाग की लापरवाही से अंबेडकरनगर से भी सैकड़ो बसे लखनऊ के लिए और लगभग दो दर्जन से अधिक बसें दिल्ली के लिए रवाना होती है। जो आजमगढ़ से चलकर दिल्ली के लिए जाती है वाया अंबेडकरनगर होकर लंबी मोटी रकम के डील के कारण परिवहन विभाग इन बसों पर नहीं करता कोई कार्यवाही मिठाई के डब्बे के मिठास में दबा हुआ है परिवहन विभाग एआरटीओ साहब भी उस मिठाई के मिठास में मदमस्त खौफ की दुनिया में सरकारी वेतन लेने के साथ अवैध धनलक्ष्मी की उगाही में मस्तमौला बने बैठे मौन धारण कर तामसबीन बने है।

वही अभी गत दिनों यूपी में ट्रक और वोल्वो की डग्गामार वाहनों का टक्कर हो गया और बस ट्रैक की चपेट में जा घुसी। जिसमें 5 यात्रियों की मौत हुई। बस दिल्ली से आजमगढ़ जा रही थी। यमुना एक्सप्रेस वे पर हादसा हुआ। कई लोगों के घायल होने की सूचना भी मिली थी। ज्ञातव्य हो कि टांडा से लखनऊ जाने वाली बसों का संचालन भोर में प्रातः 3 बजे से शुरू होता है दिन भर दर्जनों डग्गामार बसों से ऊपर हर आधी घंटों पर उक्त बसों में सीट से अधिक सवारियां बैठा कर लखनऊ तक बसे फर्राटा भर्ती है, जब की यही नहीं टांडा से आप को गोरखपुर, शाहगंज, सुल्तानपुर, आजमगढ़, दिल्ली आदि तमाम क्षेत्रों तक के लिए डग्गामार बसों की सेवा मिलेंगी उपरोक्त बसे अवैध रूप से टूरिस्ट परमिट ले कर रोडवेज बसों सरकार को मिलने वाले राजस्व का लाखों रुपए प्रतिदिन चूना लगा रहीं हैं। लेकिन अम्बेडकरनगर का परिवहन विभाग सिर्फ कागजों की खानापूर्ति में आएदिन व्यस्थ रहता है, इन्हें रोडवेज बसों के वाहनों पर सवारियों से मिलने वाले सरकार को लाखों रुपए राजस्व प्राप्त होने पर लग रहें चूने की न तो चिंता है, न ही कोई फर्क पड़ता है, कहने को तो परिवहन विभाग के अधिकारी अपनी ईमानदारी की मिशाल पेश करने के उद्देश्यों से सिर्फ कभी कभार चेकिंग अभियान चला कर इक्का दुक्का डग्गामार वाहनों का चालन आदि कर के कार्यवाही से इतश्री ले लेते हैं। इनको न तो ये डग्गामार वाहनों के संचालन दिखाई पड़ते हैं, न तो इनके द्वारा सीट से अधिक सवारियां बैठा कर फर्राटा भरते वाहनों का संचालन दिखाई पड़ रहा हैं। अगर जनपद का परिवहन विभाग अपनी अवैध धनलक्ष्मी की चिंता छोड़ कर कार्यवाही पर उतारू हो जाएं तो उक्त बसों का संचालन करवा रहे मालिकों की रीढ़ की हड्डी टूट जाएगी और रोडवेज बसों से सरकार को मिलने वाले राजस्व में लाखों रुपए रोज वृद्धि होते दिखाई पड़ने लगेंगी। उल्लेखनीय हैं कि अम्बेडकरनगर में भी डग्गामार वाहनों से अनेकों बार गंभीर एक्सीडेंट होने के मामले में ऐसी घटना घटित हो चुकी है।

## भारत स्काउट गाइड के तत्वाधान में कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**गोरखपुर।** भारत स्काउट गाइड उत्तर प्रदेश गोरखपुर के तत्वाधान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। सहजनवा तहसील के अंतर्गत श्रीमती रेशमा रावत कृषक इंटरमीडिएट कॉलेज भीटी रावत गोरखपुर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भानु प्रताप सिंह नायब तहसीलदार सहजनवा के द्वारा उद्घाटन सत्र प्रारंभ हुआ।

इस कार्यक्रम में मुरारी इंटरमीडिएट कॉलेज सहजनवा गोरखपुर के प्रधानाचार्य मेजर साकेत जी, भोलाराम मस्करा इंटरमीडिएट कॉलेज के प्रधानाचार्य मनोज सिंह बाबा अमृत दास इंटर कॉलेज जोगिया पाली सहजनवा गोरखपुर के प्रधानाचार्य विनय सिंह तथा स्काउट ट्रेनर लीडर ओम प्रकाश उपाध्याय एवं रैली संचालक किरन देवी के साथ विभिन्न विद्यालयों के स्काउट गाइड प्रभारी मोहम्मद नूर आलम, सुधीर कुमार, गणेश्वर त्रिपाठी, राजकुमार सिंह, देवेन्द्र गौंड, तथा रेशमा रावत कृषक इंटरमीडिएट कॉलेज के समस्त अध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम के संयोजक विद्यालय के प्रधानाचार्य अश्वनी प्रताप सिंह ने आए हुए अतिथियों का आभार ज्ञापित किया।

# यूपी बोर्ड परीक्षा को निष्पक्ष एवं नकलविहीन कराने के लिए शासन-प्रशासन की हर बिंदु पर पैनी नजर

अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** माध्यमिक शिक्षा परिषदकी ओर से संचालित हाईस्कूल, इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा 2024 को सकुशल, निष्पक्ष एवं नकल विहीन कराने के लिए शासन से लगायत प्रशासन तक हर बिंदु पर पैनी नजर रखे हुए है। बोर्ड परीक्षा में केंद्र बनाने के लिए प्रस्तावित कॉलेजों में भी कइयों के बाउंड्रीवाल क्षतिग्रस्त होने का मामला सामने आया है। इस प्रकरण को शासन ने गंभीरता से लिया है। डीआईओएस सोमारू प्रधान ने क्षतिग्रस्त बाउंड्रीवाल ठीक कराने के लिए सभी प्रबंधकों, प्रधानाचार्यों को कड़ा पत्र लिखा है, साथ ही इस कारण केंद्र बनने से वंचित होने पर संबंधित कॉलेज के प्रबंधकों, प्रधानाचार्यों को उत्तरदायी माना जाएगा।

जिला विद्यालय निरीक्षक सोमारू प्रधान ने बताया कि बोर्ड परीक्षा 2024 में 92 कॉलेजों के नाम का प्रस्ताव किया गया है। हाल के दिनों में निरीक्षण कि समय ऐसे भी कॉलेजों, स्कूलों की ओर से सुविधाओं का फोटोग्राफ समेत जिक्र किया गया था। इसके बाद भी बाउंड्रीवाल क्षतिग्रस्त पाया गया है। ठेठरी और उस्का बाजार स्थित कॉलेज में बाउंड्रीवाल क्षतिग्रस्त मिला है। जिलाधिकारी के निर्देश पर उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित तहसील स्तरीय जांच समिति के सदस्यों ने स्थलीय सत्यापन कर रिपोर्ट में क्षतिग्रस्त का मामला आया तो संबंधित विद्यालय अथवा कॉलेज बोर्ड परीक्षा में केंद्र बनने से वंचित हो जाएंगे। इसके लिए संबंधित प्रबंधक, प्रधानाचार्य स्वयं जिम्मेदार होंगे। बताया कि माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से तय मानक पर शत-प्रतिशत खरा उतरने वाले स्कूलों को ही केंद्र बनने की स्वीकृति प्रदान की जाएगी। जिविनि ने बताया कि बीते दो माह से समय-समय पर निरीक्षण के दौरान भी सभी को मानक के बिंदुओं से अवगत कराया जा रहा है, ऐसे में किसी भी स्तर पर गड़बड़ी और शिथिलता पाए जाना दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति होगी। उन्होंने बताया कि समय से संबंधित स्कूलों के प्रबंधकों, प्रधानाचार्यों को समय रहते क्षतिग्रस्त बाउंड्रीवाल मरम्मत कराने के लिए पत्र लिखा गया है।

# दिव्यांग बच्चों को मिला सहायक उपकरण



अवधनामा संवाददाता

**कुदरहा, बस्ती।** सर्व शिक्षा अभियान के तहत दिव्यांग बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा में जोड़ने के लिए गुरुवार को ब्लाक संसाधन केंद्र कुदरहा पर ट्राई साइकिल, व्हीलचेयर व अन्य उपकरणों के वितरण हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे परिषदीय विद्यालयों में अध्यनरत 6-14 वर्ष के 80 बच्चो को उपकरण सौपा गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख अनिल दुबे, विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत प्रतिनिधि गायघाट बालकृष्ण त्रिपाठी पिंटू व खंड विकास अधिकारी आलोक कुमार पंकज ने मां सरस्वती के चित्र पर मलयार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया।

लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार की यह पहल बहुत ही सराहनीय है। ग्रामीण क्षेत्र के दिव्यांग बच्चों को भी उपकरण मुहैया करा रही रहै। प्रत्येक दिव्यांग बच्चों के अंदर कोई न कोई गुण होता है। उहें निखारना सबसे जरूरी है। विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि बालकृष्ण त्रिपाठी पिंटू ने कहा कि शिक्षा विभाग लगातार बच्चों की आवश्यकताओं को देखते हुए तरह-तरह की योजनाएं संचालित कर रही है। जिसमें यह सबसे महत्वपूर्ण है। किट व सहायक सामग्री मिलने से बच्चे खुशी की अनुभूति कर रहे है। खंड विकास अधिकारी आलोक कुमार पंकज ने दिव्यांग बच्चों का स्वागत कर उत्साहवर्धन किया। जिला समन्वयक समेकित शिक्षा सुनील कुमार त्रिपाठी ने विभाग की उपलब्धियां व बच्चो को मिलने वाली सुविधाओ के बारे में विस्तार से बताया। उपकरणों में ट्राई साइकिल 4, व्हील चेयर 17, क्रच 4, कैलीपर 30, रोलेट 5, वाकिंग स्टिक 1, सीपी चेयर 7, स्मार्ट केन 6, ब्रेल किट 7, एमआर किट 19, हिसरिंग 10 सहित कुल 110 बच्चों को उपकरण सौपा गया। कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों का खंड शिक्षाधिकारी सीपी गौड ने स्वागत कर धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन आनंद दुबे ने किया। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील कुमार, डा सुनील यादव, सत्येंद्र मिश्रा, अखिलेश त्रिपाठी, रंजना राज, वत्सला श्रीवास्तव, साधना, ममता ओम प्रकाश पांडे, ओमकार चौधरी, रवि पांडे, गंगाराम दुबे, सचिन चौधरी सहित तमाम शिक्षक व अभिभावक मौजूद रहे।

# हरिजन आबादी की जमीन पर अवैध कब्जा रोकने के लिए एसडीएम को ज्ञापन



अवधनामा संवाददाता

**बांसी सिद्धार्थनगर।** तहसील क्षेत्र के कपिया शुक्ल की महिलाओं ने गांव स्थित हरिजन आबादी की जमीन पर गाँव के ही एक व्यक्ति द्वारा अवैध कब्जा करने के प्रयास को रोकने के लिए उपजिलाधिकारी को ज्ञापन देकर उचित कार्यवाही की मांग किया है।

कोतवाली बांसी क्षेत्र के कपिया शुक्ल गाँव की दर्जनों से अधिक महिलाओं ने बृहस्पतिवार को तहसील पहुंचकर उपजिलाधिकारी प्रदीप यादव को मामले से संबंधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से महिलाओं ने गाँव के उजेर पुत्र अली पर चकबंदी विभाग द्वारा चिन्हित हरिजन आबादी की जमीन पर अवैध तरीके से जबरदस्ती कब्जा करने के प्रयास का आरोप लगाया है।

माला, सुमन, जानकी, प्रमिला, अनीता, ऊषा, रीता देवी, मनभावती तथा सुभावती देवी आदि लगभग एक दर्जन महिलाओं द्वारा हस्ताक्षरित ज्ञापन में कहा गया है कि चकबंदी विभाग द्वारा चिन्हित किए गए भूमि में नस्ब पत्थर को नीयत अवैध कब्जा उपरोक्त उजेर पुत्र अली द्वारा बेखौफ उखाड़ कर फेंक दिया गया। अपने धन, रसूख व दबंगई के बल पर वह हरिजन आबादी की भूमि पर फसल बुआई के फिराक में लगा है, जिसे रोका जाना आवश्यक ही नहीं न्यायसंगत भी है। महिलाओं का कहना है कि यदि समय रहते उचित कार्यवाही नहीं हुई तो वह अपने मंशा नाजायज में कामयाब होगा। इस बावत एसडीएम प्रदीप कुमार यादव ने कहा है कि नायब तहसीलदार की अगुवाई में राजस्व विभाग की टीम मौके पर भेजकर कल ही मामले का निस्तारण करा दिया जाएगा।

# ब्लॉक स्तरीय नोडल शिक्षको का तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन शुरू



अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** ब्लॉक संसाधन केंद्र डुमरियागंज के प्रशिक्षण हाल में समग्र शिक्षा (सामुदायिक सहभागिता कार्यक्रम) अंतर्गत आउट ऑफ स्कूल बच्चों के लिए विशेष प्रशिक्षण देने के उद्देश्य से तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन गुरुवार से किया गया।

प्रशिक्षण का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी डुमरियागंज संजय कुमार ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि आउट ऑफ स्कूल बच्चों का चिन्हीकरण एवं ट्रैकिंग होना आवश्यक है। 6 से 14 वर्ष आयु के ऐसे बच्चों पर विशेष ध्यान दिया जाए। प्रशिक्षण को संबोधित करते हुए ट्रेनर अनूप पांडे ने कहा कि ऐसे बच्चे जिन्हें किसी कारणवश विद्यालय में नामांकित नहीं किया गया है अथवा नामांकन के उपरांत वह प्रारंभिक शिक्षा पूर्ण नहीं कर सके हैं। उनका चिन्हीकरण करते हुए नामांकन आयु संगत कक्षा में किया जाए। प्रशिक्षण में जानकारी देते हुए ट्रेनर तिलकराम एवं रमेश प्रभाकर ने बताया कि 6 वर्ष से लेकर 14 वर्ष तक के बच्चों का चिन्हीकरण, पंजीकरण एवं नामांकन विद्यालय में कराया जाना है। इस कार्य में सभी शिक्षक विशेष रूप से ध्यान दें। प्रशिक्षण में जानकारी देते हुए ट्रेनर मुस्ताक अहमद ने बताया कि निशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के अंतर्गत समस्त बालक बालिकाओं को निशुल्क प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त करने का अधिकार है। ऐसे में नामांकन से वंचित बच्चों का नामांकन किया जाए। प्रशिक्षण में प्रशिक्षक ऐश्वर्या लता, शिक्षक तारिक मुस्तफा, अभिषेक सिंह, आरिफ उस्मानी, विजय श्रीवास्तव, तौकीर हसन, नंदलाल, बशीर हसन रिजवी, राम सिंह पाल, अभिषेक श्रीवास्तव, अशोक कुमार श्रीवास्तव, कृष्ण बिहारी, दिवाकर प्रसाद गुप्ता, दीपा कौशल आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## बीस दिन मे बिक गया पचपन सौ क्विंटल गेहूँ का बीज

अवधनामा संवाददाता

**अंबेडकरनगर।** गेहूं की बुआई की शुरुआत हो चुकी है और अभी तक कृषि विभाग को छोड़कर अन्य किसी सरकारी विभाग पर गेहूं का बीज नहीं आया है। सरकारी बीज की उपलब्धता कम होने पर किसानों ने कृषि विभाग के गोदामों से गेहूं का बीज खरीदकर रखना शुरू कर दिया है। 20 दिन में ही कृषि विभाग के गोदाम से 5500 क्विंटल गेहूं का बीज बिक गया है जबकि बोआई पूरे दिसंबर तक होनी है। जिले के किसान एक लाख 19 हजार हेक्टेयर भूमि में गेहूं की खेती करते हैं। किसान अपने घर में मौजूद बीज के अलावा सरकारी गोदामों व निजी दुकानों से भी गेहूं का बीज खरीदते हैं। सरकारी बीज किसानों को कृषि विभाग के अलावा सहकारी समितियों, नेशनल सीड कारपोरेशन (एनएसई) व बीज विकास निगम द्वारा भी उपलब्ध कराया जाता है। कृषि विभाग को गेहूं का बीज अक्तूबर में मिल गया था। नवंबर की शुरुआत में ही इसको किसानों को बेचना शुरू कर दिया गया।

# सऊदी अरब द्वारा दूसरा ऑल नेपाल हिफ्ज़-ए-क़ुरआन प्रतियोगिता का आयोजन एक सराहनीय कदम : डॉ. अब्दुल ग़नी अलकूफ़ी

अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** सउदी अरब के इस्लामी मामलों, दावत और मार्गदर्शन मंत्रालय द्वारा आयोजित दूसरा ऑल नेपाल हिफ्ज़-ए-क़ुरआन प्रतियोगिता 21 से 23 दिसंबर तक काठमांडू में होने जा रही है। यह एक अद्वितीय अवसर है, जो न केवल पवित्र क़ुरआन की शिक्षाओं को फैलाने बल्कि इसकी महानता को उजागर करने में अहम भूमिका निभाएगा।

यह प्रतियोगिता निश्चित रूप से नेपाल के छात्रों के लिए एक बहुमूल्य अवसर है कि वे पवित्र क़ुरआन के साथ अपने संबंध को और मजबूत करें और अपनी क्षमताओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तुत करें। क़ुरआन पाक अल्लाह तआला का वह महान संदेश है, जो हर दौर के लिए मार्गदर्शन और हिदायत का स्रोत है। इसे याद करने वालों को दुनिया और आखिरत में ऊंचे दर्जे से नवाजा गया है।



**प्रतियोगिता का महत्व-** इस प्रकार की प्रतियोगिताएं मुसलमानों में क़ुरआन के प्रति प्रेम को बढ़ावा देती हैं और नई पीढ़ी को क़ुरआन के करीब लाती हैं। इसके अलावा, हिफ्ज़-ए-क़ुरआन के माध्यम से न केवल बच्चों की शैक्षिक और मानसिक क्षमताओं में निखार आता है, बल्कि उनकी नैतिक शिक्षा भी होती है। यह प्रतियोगिता उन बच्चों के लिए एक मंच प्रदान करती है, जो तजवीद और इत्तेकान के साथ क़ुरआन हिफ्ज़ करने में निपुण हैं, ताकि वे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें और पुरस्कारों के साथ-साथ धार्मिक सम्मान और दुनिया और आखिरत में उच्च स्थान प्राप्त कर सकें।

**छात्रों और अभिभावकों से अपील-** सभी छात्रों और अभिभावकों से निवेदन है कि इस अवसर का पूरा लाभ उठाएं। जो बच्चे क़ुरआन के हाफ़िज़ हैं, उन्हें इस प्रतियोगिता में खुलकर भाग लेने के लिए प्रेरित करें। यह अवसर केवल पुरस्कार प्राप्त करने का नहीं, बल्कि क़ुरआन के साथ एक मजबूत संबंध स्थापित करने का भी है। अभिभावकों को चाहिए कि वे अपने बच्चों का उत्साह बढ़ाएं, उनकी तैयारी में मदद करें और उन्हें विश्वास दिलाएं कि यह एक महान सौभाग्य है। यह प्रतियोगिता छह श्रेणियों में आयोजित की जाएगी पूरे क़ुरआन, पंद्रह पारे, पाँच पारे और दो पारे। अंतिम दो श्रेणियां लड़कों के साथ-साथ लड़कियों के लिए भी हैं।

**शुभकामनाएं और प्रार्थनाएं-** हम सऊदी अरब के इस्लामी मामलों, दावत और मार्गदर्शन मंत्रालय का शुक्रिया अदा करते हैं, जो इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन कर मुसलमानों को क़ुरआन के करीब लाने की कोशिश कर रहा है। यह न केवल नेपाल बल्कि पूरी मुस्लिम उम्मत के लिए अनुकरणीय पहल है। अल्लाह से दुआ है कि यह प्रतियोगिता सफल हो और अधिक से अधिक छात्र इसमें भाग लेकर क़ुरआन की बरकतें प्राप्त करें। सभी छात्रों, अभिभावकों और मदरसों के जिम्मेदारों से निवेदन है कि वे इस सुनहरे अवसर का पूरा लाभ उठाएं और इसे यादगार बनाएं। अल्लाह हम सभी को क़ुरआन को समझने, उस पर अमल करने और इसे फैलाने की तौफ़ीक़ दे।

## प्रदूषण 'राष्ट्रीय शर्म' है

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के जानलेवा प्रदूषण और सरकारों के कामकाज को अब 'राष्ट्रीय शर्म' घोषित कर देना चाहिए। इसके अलावा विकल्प भी क्या है? जिस समय सर्वोच्च अदालत के 'कोर्ट रूम' में प्रदूषण पर सुनवाई चल रही थी, उस समय वहां का वायु गुणवत्ता सूचकांक 994 था। वह 'बेहद गंभीर' श्रेणी का प्रदूषण था। दिल्ली के कई इलाकों में वायु गुणवत्ता 978 भी दर्ज की गई। ऐसे प्रदूषण में जीना भी 'राष्ट्रीय शर्मिन्दगी' है। सर्वोच्च अदालत का वह विशेष और संवेदनशील कक्ष होता है, जहां की हवा 'गैस चैंबर' के हालात को भी लांघ गई थी। यह शर्मनाक स्थिति नहीं है, तो और क्या है? राजधानी दिल्ली की 'प्रदूषित हवा' का औसत सूचकांक 500 को पार कर चुका है। अब एक दिन ऐसा आएगा, जब सडक़ों पर 'मास्कधारी आबादी' ही दिखाई देगी, लिहाजा अब सर्वोच्च अदालत की फटकार ही पर्याप्त नहीं है। अब सर्वोच्च अदालत सरकारों से सवाल न करे, बल्कि राज्यों के मुख्यमंत्रियों और मुख्य सचिवों को 'प्रतीकात्मक जेल' की सजा सुनाए। प्रदूषण सिर्फ दिल्ली-एनसीआर तक ही सीमित नहीं है। यहां तो 'गैस चैंबर' से भी बदतर हालात हैं। अस्पतालों में मरीजों की संख्या 30-35 फीसदी बढ़ गई है। सांसें टूट रही हैं। दिल का दौरा पड़ा है। अस्थमा, दमा का अटैक पड़ा है। लोग बुरी तरह खांस रहे हैं। मस्तिष्क पर भी प्रभाव पड़ा है, लिहाजा ऐसे मरीज भी अस्पताल तक दौड़ रहे हैं। आम दृश्यता धुंध में कहीं खो गई है, लिहाजा 100 से अधिक विमान देरी से उड़े, 15 को अन्य राज्यों की ओर मोड़ा गया और कुछ उड़ानें रद्द करनी पड़ीं। यह कोई आपातकाल या संक्रमण काल नहीं है, रोजमर्रा की जिंदगी पर प्रदूषण का प्रभाव है। प्रदूषण से 22 लाख लोग सालाना मर जाते हैं। करीब 90 करोड़ भारतीय 'गंभीरतम प्रदूषण' में सांस लेने को विवश हैं। वे भी हरेक सांस के साथ अकाल मृत्यु की तरफ बढ़ रहे हैं। पर्यावरण में इतना धुआं औसत आदमी एक दिन में 49.2 सिगरेट पीने के समान निगलने को विवश है। हरियाणा में यह औसत 33.25 सिगरेट के धुएं के बराबर है। उप्र और बिहार में प्रतिदिन लोग औसतन 10 सिगरेट पीने को मजबूर हैं। आदमी के दिल, फेफड़े और गुर्दे कब तक साथ देंगे? आम आदमी की उम्र औसतन 8 साल घट रही है। हम लोग छोटे, बौने, निहित स्वार्थ के मुद्दों पर साल भर में औसतन एक लाख से अधिक आंदोलन करने के आदी हैं। जाति, धर्म, आरक्षण, आर्थिक मुद्दों पर भी राष्ट्रव्यापी आंदोलन छेड़े गए हैं, लेकिन प्रदूषण जैसे जानलेवा हालात पर कोई आंदोलन नहीं! हालिया चुनावों में भी प्रदूषण पर कोई चर्चा, बहस सामने नहीं आई है। हमारे सामने चीन का उदाहरण है।

वह एक तानाशाही किस्म का देश है, लेकिन वहां लोगों ने 'गैस चैंबर' सरीखे प्रदूषण पर ऐसा आंदोलन छेड़ा कि सरकार हिल गई। आज वहां प्रदूषण लगभग नियंत्रण में है। भारत में वैसा क्यों नहीं किया जा सकता? सर्वोच्च अदालत भी फटकारना बंद करे और संवैधानिक दायित्व तय करे, क्योंकि स्वच्छ हवा में सांस लेना भी हमारा संवैधानिक अधिकार है। पराली जलाना, घरेलू धुआं, औद्योगिक प्रदूषण, वाहनों से निकलने वाले जहरीले कण, पाबंदी के बावजूद आतिशबाजी आदि के मद्देनजर ग्रैप-4 की पाबंदियां भी स्थायी और पर्याप्त असरकारक नहीं हैं। बड़े वाहन बंद, निर्माण-कार्य बंद, फैक्ट्रियों में उत्पादन बंद, दफ्तर बंद, स्कूल बंदज्आखिर निठल्ले बैठकर प्रदूषण से कैसे लड़ा जा सकता है? प्रदूषण पर असर डालने वाले कारकों पर सोचना होगा, लिहाजा सरकारें विशेषज्ञों की सलाह लें। जिम्मेदारी भारत सरकार की भी है, बल्कि ज्यादा है। दिल्ली में ही राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और पूरी कैबिनेट, संसद स्थित हैं। सर्वोच्च अदालत और प्रधान न्यायाधीश भी दिल्ली में ही मौजूद हैं। सभी देशों के दूतावास भी दिल्ली में हैं। राजधानी होने के कारण दिल्ली की अपनी प्रतिष्ठा और गरिमा है। यदि प्रदूषण वाकई 'राष्ट्रीय शर्म' मान लिया गया, तो भारत की छवि कलंकित होगी। प्रदूषण से जानलेवा खतरा हिंदू, मुसलमान, सिख, ईसाई, दलित, पिछड़ों सभी को है, लिहाजा इस मुद्दे पर क्षुद्र राजनीति भी नहीं करनी चाहिए। यदि सरकारें प्रदूषण काबू करने में ही नाकाम, असहाय हैं, तो उन्हें बर्खास्त कर देना चाहिए। प्रदूषण के मोर्चे पर अब लीक से हट कर कुछ सार्थक करने की जरूरत है। सरकारों के पास संसाधन और अधिकार दोनों हैं। वे किसी की भी व्यावहारिक सलाह लेकर उसे लागू कर सकते हैं। सरकारें यह प्रचारित करने से बचें कि हवा और पानी तो ऐसे हैं, जिन्हें रोका या बांधा नहीं जा सकता।

## वीरगति दिवस : वीरांगना ऊदा देवी पासी

हरीराम यादव

आजादी की आग जब मन में लगती है तो तन और मन दोनों उद्वेलित हो उठता है, स्वहित गौड़ हो जाता है और पर हित प्रमुखता से सिर उठा लेता है। पूरा देश स्वजन लगने लगता है, हर एक जीव की पीड़ा अपनी लगने लगती है। तब पराधीनता से त्रस्त व्यक्ति या व्यक्तियों का समूह उठ खड़ा होता है और ऐसे व्यक्ति या व्यक्तियों के समूह को उसके उद्देश्यों को पूरा करने से रोक पाना किसी भी शासन/सत्ता के लिए नामुमकिन होता है। देश की आजादी की लड़ाई एक लंबे संघर्ष की गाथा है, जिसमें तमाम ऐसे वीरों ने अपना अमूल्य योगदान दिया, स्थानीय कथानकों में तो वह अमर हो गए लेकिन इतिहास के पन्नों से उन्हें जानबूझकर गायब कर दिया गया, उनके योगदान को भुलाने और भरमाने की भरपूर कोशिश की गयी लेकिन भला सूरज के प्रकाश को कोई चादर तानकर रोक सकता है? 1857 के स्वतंत्रता संग्राम की एक ऐसी ही महान नायिका वीरांगना ऊदा देवी पासी थीं, जिन्होंने अपने अकेले दम पर 36 अंग्रेज सिपाहियो को मौत की नींद सुलाकर अपनी प्रतिशोध की ज्वाला को ठंडा कर आजादी की आहुति में अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया। देश में जब अंग्रेज़ों के ख़िलाफ़ स्वतंत्रता संग्राम का पहला बिगुल बजा तो लखनऊ के नवाब वाजिद अली शाह को अंग्रेजों ने निर्वासित कर कलकत्ता भेज दिया। उस समय स्वतंत्रता संग्राम के आंदोलन की बागडोर उनकी बेगम हज़रत महल ने संभाली। लखनऊ के चिनहट में (जो कि वर्तमान समय में अयोध्या लखनऊ मार्ग के समीप पड़ता है) नवाब की फौज़ और अंग्रेज़ों की सेना के बीच टक्कर हुई और इस टक्कर में वीरांगना ऊदा देवी पासी के पति, जो कि नबाब की फौज में सिपाही थे वह वीरगति को प्राप्त हो गए, उन वीर योद्धा का नाम था सिपाही मक्का पासी। जैसा कि आप जानते हैं कि लखनऊ वास्तव में बागों का शहर है और आज भी लखनऊ के दर्जनों इलाकों के नाम बाग शब्द के साथ लिखे जाते हैं। यहीं के सिकंदरबाग़ के क्षेत्र में एक बड़ा पीपल का पेड़ था। 16 नवंबर 1857 को इसी पीपल के पेड़ पर चढ़कर वीरांगना ऊदा देवी पासी ने 36 अंग्रेज़ों को मार गिराया। इस पीपल के पेड़ के नीचे जब अंग्रेजी सेना के कैप्टन वायलस और डाउसन पहुंचे तब वहां अंग्रेज सिपाहियों की लाश देखकर दंग रह गए। सभी लाशों पर गोलियों के निशान थे। उसी समय डाउसन को उस पीपल के पेड़ पर कुछ होने का संदेह हो गया। काफी देर तक यह पता नहीं चल पा रहा था कि गोलियां कहां से आयीं।

काफी देर तक समझने के बाद उन्हें पता चला कि गोलियां ऊपर से आयी हुई है। जब अंग्रेज अफसरों ने ऊपर पेड़ पर देखा तो पता चला कि पत्तों की आड़ में एक सैनिक बैठ कर ऊपर से सिपाहियो पर गोलियां चला रहा है। फिर नीचे से अंग्रेज अफसरों ने वीरांगना पर गोली चला दीं। गोलियां लगते ही मां भारती की वीर बेटी जमीन पर गिर पड़ीं, वह ख़ून से लथपथ थीं। जब उनका जैकेट हटाया गया तो अंग्रेजों ने देखा कि यह सैनिक पुरुष नहीं एक महिला हैं। बाद में इनकी पहचान वीरांगना ऊदा देवी पासी के रूप में हुई। वीरांगना ऊदा देवी पासी का जन्म 30 जून 1830 को उत्तर प्रदेश के जनपद लखनऊ के गाँव उजरिया (वर्तमान गोमती नगर) में एक पासी परिवार में हुआ था। उनके पति मक्का पासी अपने समय के एक नामी पहलवान थे और नबाब की सेना में सिपाही थे।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

**परिवहन नियमों का सख्ती से पालन जरूरी है, केवल चालान काटना समस्या का समाधान नहीं है। देश में 30 प्रतिशत ड्राइविंग लाइसेंस फर्जी हैं। परिवहन क्षेत्र में भारी भ्रष्टाचार है लिहाजा बसों का ढंग से मेनटेनेंस भी नहीं होता। इनमें बैठने वालों की जिंदगी दांव पर लगी होती है। देश भर में बसों के रख-रखाव, उनके परिचालन, ड्राइवरों की योग्यता और अन्य मामलों में एक-समान मानक लागू करने की जरूरत है, तभी देश के नागरिक एक राज्य से दूसरे राज्य में निश्चिंत होकर यात्रा कर सकेंगे। तेज रफ्तार से वाहन दौड़ाने वाले लोग सड़क के किनारे लगे बोर्ड पर लिखे वाक्य 'दुर्घटना से देर भली' पढ़ते जरूर हैं।**

# कातिल सड़कों पर तबाह होता जीवन एक गंभीर चुनौती

अलीगढ़ में सड़क हादसा, यमुना एक्सप्रेसवे पर बस-ट्रक भिड़ी, 5 की मौत, 15 से अधिक घायल। राजस्थान में पाली-जोधपुर हाइवे पर मरीज को एक एम्बुलेंस से दूसरे में शिफ्ट करते समय डम्पर ने मारी टक्कर, चार की मौत। दिल्ली के सिग्नेचर ब्रिज पर एक दर्दनाक सड़क हादसे में जामिया हमदर्द विश्वविद्यालय के दो मेडिकल छात्रों की मौत। लखनऊ में दो अलग-अलग सड़क हादसों में वृद्धा समेत दो की मौत। उत्तराखंड के देहरादून में 12 नवंबर को हुए सड़क हादसे में 6 छात्रों की मौत। ऐसे अनेक सड़क हादसे पिछले दो-तीन दिन में हुए है। वाकई भारत की सड़कों पर चलना अब जान हथेली में रखकर चलने जैसा ही होता जा रहा है। ये कातिल सड़क हादसे गंभीर एवं चुनौतीपूर्ण है। सबसे दुर्भाग्यपूर्ण बात यह है कि ऐसी दुर्घटनाओं में निर्दोष लोग ही मारे जाते हैं। देश की इन कातिल एवं खूनी सड़कों की हकीकत बताता केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय का एक डराने वाला आंकड़ा पिछले दिनों सामने आया। मंत्रालय के अनुसार पिछले दस सालों में हुए सड़क हादसों में 15 लाख लोग मारे गए। कमोबेश सारे देश में ऐसी घटनाएं सुनने में आती हैं जिनमें रोज सैकड़ों लोगों की जीवन लीला समाप्त हो जाती है। भारत का सड़क यातायात तमाम विकास की उपलब्धियों एवं प्रयत्नों के बावजूद असुरक्षित एवं जानलेवा बना हुआ है, सुविधा की खूनी एवं हादसे की सड़कें नित-नयी त्रासदियों की गवाह बन रही है। भारत में सड़क दुर्घटनाएं मौतों और चोटों के प्रमुख कारणों में से एक रही हैं। स्थिति की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि भारत की जीडीपी का करीब तीन से पांच फीसदी हिस्सा सड़क हादसों में लगा है। न केवल भारत बल्कि विश्व में सड़क यातायात में मौत या जख्मी होना कुछ बहुत बड़ी परेशानियों में से एक है।



ललित गर्ग



विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार हर वर्ष 13 लाख से अधिक लोग सड़क हादसों के शिकार व्यक्ति की मौत हो जाती है। ताजा आंकड़ों से पता चलता है कि देश में हर दस हजार किलोमीटर पर मरने वालों की दर 250 है जबकि अमेरिका, चीन और आस्ट्रेलिया में यह संख्या 57, 119 व 11 है। निश्चित रूप से भारत में सड़क दुर्घटनाओं में मरने वालों का यह आंकड़ा एक संवेदनशील व्यक्ति को हिलाकर रख देता है। सड़क हादसों में सबसे ज्यादा मौतें भारत में होती है। परिवहन नियमों का सख्ती से पालन जरूरी है, केवल चालान काटना समस्या का समाधान नहीं है। देश में 30 प्रतिशत ड्राइविंग लाइसेंस फर्जी हैं। परिवहन क्षेत्र में भारी भ्रष्टाचार है लिहाजा बसों का ढंग से मेनटेनेंस भी नहीं होता। इनमें बैठने वालों की जिंदगी दांव पर लगी होती है। देश भर में बसों के रख-रखाव, उनके परिचालन, ड्राइवरों की योग्यता और अन्य मामलों में एक-समान मानक लागू करने की जरूरत है, तभी देश के नागरिक एक राज्य से दूसरे राज्य में निश्चिंत होकर यात्रा कर सकेंगे। तेज रफ्तार से वाहन दौड़ाने वाले लोग सड़क के किनारे लगे बोर्ड पर लिखे वाक्य 'दुर्घटना से देर भली' पढ़ते जरूर हैं, किन्तु देर उन्हें मान्य नहीं है, दुर्घटना भले ही हो जाए। दुनिया की जानी-मानी पत्रिका 'द लांसेट' में इस मसले पर केंद्रित एक अध्ययन में बताया गया है कि भारत में सड़क सुरक्षा के उपायों में सुधार लाकर हर साल तीस हजार से ज्यादा लोगों की जिंदगी बचाई जा सकती है। अध्ययन के मुताबिक, खुनी सड़कों एवं त्रासद दुर्घटनाओं के मुख्य कारण हैं- वाहनों की बेलगाम या तेज रफ्तार, शराब पीकर गाड़ी चलाना, हेलमेट नहीं पहनना और सीट बेल्ट का इस्तेमाल नहीं करना शामिल हैं।

भले ही हर सड़क दुर्घटना को केन्द्र एवं राज्य सरकारें दुर्भाग्यपूर्ण बताती है, उस पर दुख व्यक्त करती है, मुआवजे का ऐलान भी करती है लेकिन बड़ा प्रश्न है कि दुर्घटनाएं रोकने के गंभीर एवं प्रभावी उपाय अब तक क्यों नहीं किए जा सके हैं? जो भी हो, सवाल यह भी है कि इस तरह की तेज रफ्तार सड़कों पर लोगों की जिंदगी कब तक इतनी सस्ती बनी रहेगी? सचाई यह भी है कि पूरे देश में सड़क परिवहन भारी अराजकता का शिकार है। सबसे भ्रष्ट विभागों में परिवहन विभाग शुमार है। भारत में साल 2022 में सड़क हादसों में 1,68,491 लोगों की मौत हुई थी. वहीं, साल 2023 में सड़क हादसों में करीब 1,73,000 लोगों की मौत हुई. यानी, साल 2023 में हर दिन औसतन 474 लोगों की मौत हुई। परिवहन मंत्रालय की ऐसी जानकारी चौंकाती भी है एवं शर्मसार भी करती है। इन त्रासद आंकड़ों ने एक बार फिर यह सोचने को मजबूर कर दिया कि आधुनिक और बेहतरीन सुविधा की सड़के केवल रफ्तार एवं सुविधा के लिहाज से जरूरी हैं या फिर उन पर सफर का सुरक्षित होना पहले सुनिश्चित किया जाना चाहिए। वर्ष 2012 में करीब 16 करोड़ गाड़ियां रजिस्टर्ड थी जो पिछले एक दशक में दुगुनी हो गई हैं। लेकिन उस अनुपात में सड़कें नहीं बढ़ीं। जहां वर्ष 2012 में देश में भारतीय सड़कों की लंबाई 48.6 लाख किलोमीटर थी, तो वर्ष 2019 में यह 63.3 लाख किलोमीटर तक जा पहुंची थी।

खूनी सड़कों में सबसे शीर्ष पर है यमुना एक्सप्रेस-वे। इस पर होने वाले जानलेवा सड़क हादसे कब थमेंगे? यह प्रश्न इसलिए, क्योंकि इस पर होने वाली दुर्घटनाओं और उनमें मरने एवं घायल होने वालों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। यही नहीं, देश की अन्य सड़के इसी तरह इंसानों को निगल रही है, मौत का ग्रास बना रही है। इनकी अनदेखी नहीं की जा सकती। सड़क दुर्घटनाओं में लोगों की मौत यही बताती है कि अपने देश की सड़कें कितनी अधिक जोखिम भरी हो गई हैं। बड़ा प्रश्न है कि फिर मार्ग दुर्घटनाओं को रोकने के उपाय क्यों नहीं किए जा रहे हैं? सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय लोगों के सहयोग से वर्ष 2025 तक सड़क हादसों में 50 प्रतिशत की कमी लाना चाहता है, लेकिन यह काम तभी संभव है जब मार्ग दुर्घटनाओं के मूल कारणों का निवारण करने के लिए ठोस कदम भी उठाए जाएंगे। कुशल ड्राइवरों की कमी को देखते हुए ग्रामीण एवं पिछड़े इलाकों में ड्राइवर ट्रेनिंग स्कूल खोलने की तैयारी सही दिशा में उठाया गया कदम है, लेकिन इसके अलावा भी बहुत कुछ करना होगा। हमारी ट्रेफिक पुलिस एवं उनकी जिम्मेदारियों से जुड़ी एक बड़ी विडम्बना है कि कोई भी ट्रेफिक पुलिस अधिकारी चालान काटने का काम तो बड़ा लगन एवं तन्मयता से करता है, उससे भी अधिक रिश्वत लेने का काम पूरी जिम्मेदारी से करता है, प्रधानमंत्रीजी के तमाम भ्रष्टाचार एवं रिश्वत विरोधी बयानों एवं संकल्पों के यह विभाग धडल्ले से रिश्वत वसूली करता है, लेकिन किसी भी अधिकारी ने यातायात के नियमों का उल्लघंन करने वालों को कोई प्रशिक्षण या सीख दी हो, नजर नहीं आता। यह स्थिति दुर्घटनाओं के बढ़ने का सबसे बड़ा कारण है। जरूरत है सड़कों के किनारे अतिक्रमण को दूर करने की, आवारा पशुओं के प्रवेश एवं बेधड़क घुमने को भी रोकने की।

# आयुष्मान योजना में भ्रष्टाचार का घुन

**कैग की रिपोर्ट में यह बताया गया है कि 43,197 घरों में परिवार का आकार 11 से 201 सदस्यों तक का था। एक घर में इतने सदस्यों का होना न केवल रजिस्ट्रेशन प्रोसेस के दौरान वेरिफिकेशन में फर्जीवाड़े को दिखाता है, बल्कि इस बात की भी संभावना है कि लाभार्थी इस योजना में परिवार की परिभाषा स्पष्ट न होने का फायदा भी उठा रहे हैं।**

बीते दिनों गुजरात के अहमदाबाद में आयुष्मान भारत के दो लाभार्थियों की मौत ने हड़कंप मचा दिया है। परिजनों का आरोप है कि ख्याति मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल ने योजना के रुपये लेने के लिए अंधेरे में रखकर एंजियोप्लास्टी करते हुए स्टेंट डाले। इसके बाद मौत हुई। केंद्र सरकार की सफल आयुष्मान भारत योजना से पैसा ऐंठने के आरोपों के बाद यह पूरा मामला सुर्खियों में आ गया है। पीड़ित परिवरों के साथ गांव के सरपंच ने जो आरोप लगाए हैं वे उन आरोपों को पुख्ता कर रहे हैं कि मेडिकल माफिया की सरकारी योजनाओं में घुसपैठ है। इसमें गरीब मरीजों के हक के पैसे से कमीशन एजेंट अपनी जेब में भर रहे हैं। दूसरी ओर गरीबों को सही इलाज भी नहीं मिल पा रहा है।



रोहित माहेश्वरी

ताजा मामले में अहमदाबाद के ख्याति अस्पताल ने 19 लोगों की एंजियोग्राफी की थी, इसके बाद सात लोगों की एंजियोप्लास्टी करते हुए उन्हें स्टैंड डाले गए थे। इसमें दो की मौत हो हुई है। परिजनों का आरोप है कि उन्हें हृदय रोग की बीमारी नहीं थी। अस्पताल प्रशासन ने एंजियोप्लास्टी करने के दौरान परिजनों को अंधेरे में रखा। गुजरात सरकार ने जांच के आदेश दिए हैं लेकिन सवाल खड़ा हो रहा है कि मेडिकल माफिया के काले गठजोड़ से कहीं आयुष्मान योजना जान से खेलने वाली स्कीम न बन जाएं। कांग्रेस ने भी इस मुद्दे पर सरकार को आड़े हाथों लिया है। असल में सेहत और इलाज के सौदागरों ने 'आयुष्मान भारत' योजना में भी भ्रष्टाचार खोज लिया है। निजी अस्पताल लाखों रुपए कमा रहे हैं। फर्जी इलाज किए जा रहे हैं और बीमे के क्लेम भी फर्जी हैं। निजी अस्पतालों की सिंडिकेट लॉबी ने डॉक्टरों को भी भ्रष्ट और अनैतिक होने पर विवश कर दिया है। यदि आप अस्वस्थ हैं और अस्पताल जाने की नौबत आ जाए, तो अस्पताल वाले सबसे पहला सवाल यही करेंगे- आयुष्मान कार्ड है? चूंकि इलाज का खर्च आपको नहीं करना। 'आयुष्मान कार्ड' के जरिए भारत सरकार 5 लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज सुनिश्चित करती है, लिहाजा अस्पताल उस कार्ड के जरिए सरकार से बीमे का क्लेम वसूल लेते हैं। सौदागरों ने आयुष्मान के माध्यम से अपनी अतिरिक्त आमदनी का रास्ता खोज लिया है और उसका भरपूर दोहन किया जा रहा है।

गुजरात की घटना पर मौजू सवाल यह है कि क्या ऑपरेशन करने वाले डॉक्टर वाकई 'कॉर्डियोलॉजिस्ट' थे? क्या ऑपरेशन करना जरूरी था? क्या स्टेंट बेहतर क्वालिटी के थे अथवा सस्ते, घटिया स्टेंट डाल कर मरीजों की जिंदगी से खिलवाड़ किया गया? डॉक्टर फरार बताए जाते हैं, लेकिन उनकी पेशेवर मान्यता का क्या होगा? क्या मान्यता रद्द की जाएगी और डॉक्टर के खिलाफ हत्या का केस चलाया जाएगा? इस संदर्भ में सबसे बड़ा और काला खलनायक तथा अपराधी तो अस्पताल प्रबंधन है। इस घटना ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। पहला सवाल यह है कि अस्पताल प्रशासन की कोई चूक नहीं थी तो डॉक्टरों के साथ तमाम जिम्मेदार क्यों




अस्पताल छोड़कर भाग गए। राज्य सरकार ने दो लोगों की मौत और पांच अन्य की तबीयत बिगड़ने की मामले की जांच के आदेश दिए हैं लेकिन पीड़ित परिवार न्याय मांग रहे हैं क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ड्रीम योजनाओं में शामिल आयुष्मान भारत योजना का कार्ड लेकर मेहसाणा के कड़ी तहसील में पड़ने वाले बोरिसाना गांव के लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी है। इसके बाद लोगों में नाराजगी और आक्रोश है। यह पूरा मामला गुजरात के पूर्व डिप्टी सीएम नितिन पटेल के कड़ी तहसील से जुड़ा है। पटेल ने भी पीड़ितों से मिलने के बाद अपनी चिंता व्यक्त की है।

वर्ष 2023 में मध्य प्रदेश में आयुष्मान योजना की खबरें प्रकाशित हुई थी। दरअसल प्रधान मंत्री आयुष्मान योजना की आड़ में पैसे कमाने के लिए राज्य में मरे लोगों का इलाज कागजों पर दिखाया गया और भ्रष्टाचार किया गया। मरे हुए लोगों को आयुष्मान योजना के तहत एडमिट कर पैसे निकाल लिए गए। एमपी में आयुष्मान योजना की दुर्दशा हो रही है। भ्रष्टाचारियों ने आयुष्मान भारत को भ्रष्टाचार का जरिया बना लिया है। भ्रष्टाचार के कई मामले विभिन्न राज्यों में भी प्रकाश में आये हैं, जिनकी जांच जारी है।

भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक (कैग) ने अपनी रिपोर्ट में खुलासा किया है कि आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में कई फर्जीवाड़े हुए हैं। जिनमें बेनिफिशियरी आईडेंटिफिकेशन सिस्टम के जरिए सबसे बड़ी गड़बड़ी यह सामने आई है कि योजना के लगभग 7.50 लाख लाभार्थियों का मोबाइल नंबर एक ही था। कैग ने अपनी रिपोर्ट 8 अगस्त 2023 को लोकसभा में पेश की, जिसमें सितंबर 2018 से मार्च 2021 तक के परफॉर्मेंस ऑडिट रिजल्ट शामिल किए गए हैं। कैग की रिपोर्ट में यह बताया गया है कि 43,197 घरों में परिवार का आकार 11 से 201 सदस्यों तक का था। एक घर में इतने सदस्यों का होना न केवल रजिस्ट्रेशन प्रोसेस के दौरान वेरिफिकेशन में फर्जीवाड़े को दिखाता है, बल्कि इस बात की भी संभावना है कि लाभार्थी इस योजना में परिवार की परिभाषा स्पष्ट न होने का फायदा भी उठा रहे हैं। आयुष्मान योजना का लाभ चंडीगढ़, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, महाराष्ट्र और तमिलनाडु में कई पेंशनभोगी उठा रहे हैं। तमिलनाडु सरकार के पेंशनभोगी डेटाबेस की इस योजना के डेटाबेस से तुलना करने पर पता चला कि 1,07,040 पेंशनभोगियों को लाभार्थियों के रूप में शामिल किया गया था। देश में हर साल बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव में कई लोगों की जान चली जाती है। आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण ये लोग किसी प्रकार की गंभीर बीमारी होने पर अपना ठीक ढंग से इलाज नहीं करा पाते हैं। इसी समस्या को देखते हुए भारत सरकार ने कुछ सालों पहले आयुष्मान भारत योजना की शुरुआत की थी। इस स्कीम को प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के नाम से भी जाना जाता है।

आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएमजेएवाई) के तहत जरूरतमंद लोगों को प्रतिवर्ष पांच लाख रुपये तक का मुफ्त स्वास्थ्य बीमा मुहैया कराया जाता है। इस योजना की शुरुआत 5 फरवरी 2018 में हुई थी। भारत सरकार ने आयुष्मान कार्ड का दायरा बढ़ाया है। अब 70 साल की उम्र वाला प्रत्येक नागरिक यह स्वास्थ्य बीमा पाने का पात्र है। करीब 5 लाख लोगों ने विस्तारित योजना के तहत अपना पंजीकरण भी करा लिया है। करीब 6 करोड़ बुजुर्ग भारतीय इस नई योजना से लाभान्वित होंगे। देखना होगा कि भ्रष्ट व्यवस्था और नैतिक पतन का शिकार यह योजना भी होगी अथवा नहीं। आयुष्मान की विस्तारित योजना के लिए अलग से किसी बजट का प्रावधान अभी नहीं किया गया है। यकीनन यह योजना बेहद मानवीय और अद्वितीय है, लेकिन राज्यों की ढिलाई, सरकारी अस्पतालों में साधनहीनता और भेड़-बकरी की तरह भीड़, लिहाजा आम आदमी की बढ़ती उदासीनता, निजी अस्पतालों के ऐसे भ्रष्ट और अनैतिक सौदागर, बूढ़े लोगों का अशिक्षित और शारीरिक तौर पर अक्षम होना ऐसे सवाल हैं, जो सोचने को बाध्य करते हैं। आयुष्मान योजना में ही भ्रष्टाचार के आरोप लगते रहे हैं। बहरहाल यह जो मामला बेनकाब हुआ है, उसमें ऐसी कठोर कार्रवाई की जाए कि सौदागरी करने वाले ही भूल जाएं।

# 'बटेंगे तो कटेंगे' योगी की शीर्ष नेतृत्व को चुनौती

**महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार ने कहा कि महाराष्ट्र में बाहर के लोग आकर ऐसे विचार बोल जाते हैं, दूसरे राज्यों के बीजेपी सीएम तय करें कि उन्हें क्या बोलना है। अजित पवार ने कहा कि हम महायुति में एक साथ काम कर रहे हैं, लेकिन हमारी पार्टियों की विचारधारा अलग-अलग है। हो सकता है कि दूसरे राज्यों में यह सब चलता हो, लेकिन महाराष्ट्र में ये काम नहीं करता। दूसरे राज्यों के बीजेपी मुख्यमंत्रियों को तय करना चाहिए कि क्या बोलना है। अजित पवार ने भले ही जुलाई 2023 में चाचा शरद पवार से बगावत कर ली, मगर वह जानते हैं कि सीनियर पवार के खिलाफ बोलना पार्टी को नुकसान पहुंचा सकता है।**

योगी आदित्यनाथ ने अपने ठेठ अंदाज़ में महाराष्ट्र चुनाव में 'बटेंगे तो कटेंगे' नारा दोहराया जबकि यही नारा योगी आदित्यनाथ ने बांग्लादेश में हिन्दुओ को मारे जाने के रोष में लगाया था। अब महाराष्ट्र चुनाव में यही नारा लगाते हुए चुनाव में सरगर्मी तेज़ करते हुए हिन्दुओ को एकजुट रहने का आव्हान किया। योगी के नारे को काउंटर करते हुए सारा विपक्ष आड़े हाथों ले रहा है। तो पीएम मोदी ने एक हैं तो सेफ हैं का नारा देकर महाराष्ट्र चुनाव को मराठी अस्मिता की पिच से अपनी पिच पर ले आए। दर-असल मोदी एवं भाजपा को हिन्दू - मुस्लिम के मुद्दे पर खासा फ़ायदा होता है। मोदी को पता है कि 1995 से महाराष्ट्र में पूर्ण बहुमत किसी को नहीं मिलता, महाराष्ट्र में सहयोगी दलों की निर्भरता बहुत मायने रखती है। अतः मोदी महाराष्ट्र में अपनी पार्टी की स्थिति मजबूत करना चाहते हैं। लेकिन ऐसे कट्टर नारे हिन्दी पट्टी में तो ख़ासे असरकारक हो सकते हैं, लेकिन महाराष्ट्र जैसे राज्यों में ये नारे इतने प्रभावी नहीं होते। मोदी को पता है कि अजीत पवार ग़र इस नारे से दूरी बनाए हुए हैं लेकिन शिंदे की शिवसेना का भरपूर सर्मथन मिलेगा। वहीं मोदी योगी से हटकर नारा गढ रहे हैं, जो उनकी अदावत को जाहिर कर रहा है।



दिलीप पाठक

महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के बीच डिप्टी सीएम और भाजपा-शिवसेना गठबंधन महायुति में शामिल अजित पवार ने कहा कि, बटेंगे तो कटेंगे का नारा उत्तर प्रदेश और झारखंड जैसे राज्यों में चलता होगा, ये महाराष्ट्र में नहीं चलेगा। मैं इसका समर्थन नहीं करता। हमारा नारा है- सबका साथ सबका विकास। हम सबको साथ लेकर चलने वाले हैं। दरअसल अजीत पवार भाजपा के साथ होकर भी अपनी अलग लीक पर चलते हुए राजनीति करना चाहते हैं। महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार ने कहा कि महाराष्ट्र में बाहर के लोग आकर ऐसे विचार बोल जाते हैं, दूसरे राज्यों के बीजेपी सीएम तय करें कि उन्हें क्या बोलना है। अजित पवार ने कहा कि हम महायुति में एक साथ काम कर रहे हैं, लेकिन हमारी पार्टियों की विचारधारा अलग-अलग है। हो सकता है कि दूसरे राज्यों में यह सब चलता हो, लेकिन महाराष्ट्र में ये काम नहीं करता। दूसरे राज्यों के बीजेपी मुख्यमंत्रियों को तय करना चाहिए कि क्या बोलना है। अजित पवार ने भले ही जुलाई 2023 में चाचा शरद पवार से बगावत कर ली, मगर वह जानते हैं कि सीनियर पवार के खिलाफ बोलना पार्टी को नुकसान पहुंचा सकता है। बीजेपी समेत महायुति के किसी नेता का बयान शरद पवार



के प्रति सहानुभूति की लहर पैदा कर सकता है। 2019 के चुनाव में शरद पवार ने सतारा की एक सभा में भीगते हुए भाषण दिया, इसके बाद एनसीपी को 54 सीटों पर जीत मिली। बीजेपी के हाथ से बाजी फिसल गई थी। अजित पवार इस घटना को भूले नहीं हैं। बगावत करने वाले 41 विधायक भी शरद पवार का सम्मान करते हैं। राज्यसभा सांसद प्रफुल्ल पटेल ने भी कहा था - हम शरद पवार का बहुत सम्मान करते हैं। निजी तौर पर मैं उनके साथ 35 साल से जुड़ा हुआ हूं। अजीत पवार बीजेपी की उग्र हिन्दुत्व की विचारधारा से असहज महसूस कर रहे हैं, चूंकि राष्ट्रवादी कांग्रेस यानि एनसीपी कभी भी हिन्दुत्व की राजनीति नहीं करती बल्कि उसकी विचारधारा सेकुलर है, लोकसभा चुनाव में अजीत पवार की पार्टी को भाजपा के साथ जाने के बाद खासा नुकसान पहुंचा था, माना जाता है कि एनसीपी के परंपरागत वोटर अजीत पवार की राजनीतिक विचारधारा तज देने से बिल्कुल नाराज चल रहे हैं। थोड़ा बदले हुए अजीत पवार भाजपा के साथ चुनाव लड़ते हुए भी दूरी बरत रहे हैं। यही कारण रहा है कि कांग्रेस छोड़कर आए बाबा सिद्दीकी को सबसे मुफीद अजीत पवार की पार्टी ही लगी थी। भाजपा के तमाम विरोध के बावजूद अजीत पवार ने नवाब मलिक को अपना उम्मीदवार बनाया है। जबकि इन्ही नवाब मलिक को भाजपा दाऊद इब्राहिम का एजेंट बता चुकी है। इतना सबकुछ होते हुए भी अजीत पवार दिखाना चाहते हैं कि उन्होंने अपनी पुरानी सेक्युलर विचारधारा को बचाए रखा है। कारण है कि अजीत पवार अपने परम्परागत मुस्लिम वोटरों को खोना नहीं चाहते।

बटेंगे तो कटेंगे एक राजनीतिक नारा है जो भारतीय राजनीति में अभूतपूर्व परिवर्तन लाने वाला है। योगी आदित्यनाथ ने इस नारे को लगाते हुए सोचा भी नहीं होगा कि वह नारा राजनीति में इतना चर्चित हो जाएगा। या फिर उन्होंने सोच समझकर ये नारा दिया है। योगी जानते हैं कि ये नारा भले ही महाराष्ट्र में भले ही वोट न दिलाए लेकिन यूपी उपचुनाव में उन्हें मददगार साबित हो सकता है। ये नारा राजनीतिक रूप से मोदी की विरासत को चुनौती देने वाला भी सिद्ध होने वाला है। यही कारण है कि पीएम मोदी ने योगी के नारे को नहीं दोहराया बल्कि खुद अपना नारा लेकर आए हैं। पिछले काफी वक़्त से पार्टी में योगी को मोदी की विरासत का उत्तराधिकारी बताए जाने के बाद अमित शाह की योगी से अदावत छिपी हुई नहीं है, यही कारण है कि मोदी ने खुद ही अपना नारा एक हैं तो सेफ हैं लॉन्च कर दिया है लेकिन यह नारा योगी के नारे की तुलना में चर्चित नहीं हुआ। ये नारा देश की मेन स्ट्रीम पोलिटिकल विमर्श के केंद्र में होने से योगी का कद बढ़ा है, वहीँ अखिलेश यादव भी इस नारे को काफ़ी सीरियस ले रहे हैं अतः समाजवादी अध्यक्ष इसके जवाब में अपने नारे लेकर आए हैं ना बंटेंगे ना कटेंगे, मठाधीश सत्ता से हटेंगे। का पोस्टर लगाया गया। इससे पहले भी 'पीडीए जोड़ेगी और जीतेगी' जैसे नारे लिखे पोस्टर लगवाए गए। इससे सिद्ध होता है कि ये नारा यूपी उपचुनाव के केंद्र में रहने वाला है। भाजपा विमर्श राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि पिछले तीन दशकों में सबसे सशक्त नारा योगी आदित्यनाथ ने लगाया है जो मंदिर वहीँ बनाएंगे की तर्ज पर देश में लोकप्रिय होगा। हालांकि इस उग्र नारे से देश की राजनीति में कोई ख़ास फर्क़ नहीं पड़ने वाला लेकिन योगी की बढ़ती लोकप्रियता अमित शाह या यूं कहें शीर्ष नेतृत्व के लिए एक चुनौती सिद्ध होने वाला है।

# शाम की चाय के साथ केला और रोटी की पकौड़े का उठाएं लुत्फ, बच्चे भी हो जाएंगे खुश

अक्सर हमारे घरों आलू, प्याज या बैंगन के पकौड़े बनाए जाते हैं। खासकर बारिश के मौसम में हम सभी पकोड़े खाना पसंद करते हैं। लेकिन रोजाना एक ही तरह के पकोड़े खाना बोरियत भरा हो सकता है। इसलिए बच्चे हमेशा कुछ अलग बनान के लिए कहते रहते हैं। ऐसे में अगर आप भी बच्चों की फरमाइश पर कुछ अलग बनाना चाहती हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है।

आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपके साथ आसान तरह के पकोड़े की रेसिपी बताने जा रहे हैं, जो रोटी और केले से तैयार किए जाएंगे। इन पकोड़ों को खाने के बाद हर कोई आपकी तारीफ करेगा।

***सामग्री***

केले- 2-3
हरा धनिया- 1 बड़ा चम्मच
नमक- स्वादानुसार
चिली फ्लेक्स- 1 चम्मच
लाल मिर्च पाउडर- आधा छोटा चम्मच
हरी मिर्च- 1 चम्मच बारीक कटी
बेसन- 2 बड़े चम्मच
अजवाइन- 1/4 छोटा चम्मच
जीरा- आधा छोटा चम्मच
हल्दी पाउडर- चुटकी भर
तेल- तलने के लिए
पानी- 1 कप

***रोटी पकोड़ा बनाने की विधि***

रोटी पकोड़ा बनाने के लिए सबसे पहले रात की बची रोटियां और थोड़े कच्चे केले ले लें। अब 2-3 केले को उबालकर उन्हें छील लें और फिर बाउल में मैश करके रख लें।

इसके बाद इसमें 1 बड़ा चम्मच बारीक कटा हरा धनिया डाल दें। अब इसमें स्वादानुसार नमक, लाल मिर्च पाउडर, बारीक कटी हरी मिर्च और चिली फ्लेक्स अच्छे से मिक्स करें।

अब बेसन का घोल तैयार करें और उसमें 2 बड़े चम्मच बेसन डालकर इसमें आधा छोटा जीरा, चिली फ्लेक्स, 1/4 छोटा चम्मच अजवाइन, नमक, बारीक कटी हुई हरी मिर्च और हल्दी पाउडर मिलाएं। इसके बाद पानी डालकर घोल बना लें।



अंत में चुटरी भर बेकिंग सोडा डालें और अच्छे से मिला लें। हालांकि इस बात का ध्यान रखें कि यह घोल ज्यादा गाढ़ा या पतला न हो।

इस घोल में मैश किए हुए केले अच्छे से मिला लें। फिर रोटी के 4 से 6 टुकड़े कर लें।

अब कड़ाही में तलने के लिए तेल गर्म कर लें और केले व रोटी के टुकड़ को बेसन के घोल में डुबोकर कड़ाही में तलने के लिए डाल लें। फिर इनको सुनहरा ब्राउन होने तक तलें और फिर प्लेट में गर्मागर्म निकालें। इसको हरी धनिया की चटनी के साथ सर्व करें।

# इन किचन हैक्स को एक बार करें ट्राई, मिनटों में बनेंगा अंडा पकाने से लेकर पैनकेक

अगर आप घर में खाना बनाते हैं तो इन टिप्स के बारे में जरुर पता होना चाहिए। वैसे तो हर किसी को घर के काम आने चाहिए, क्योंकि आगे चलकर ये आपके काम आ सकते है। जिन लोगों को खाना बनाना पसंद होता है वो लोग इन टिप्स को अपनाकर कुकिंग को आसान बना सकते है। यह हैक्स आगे भी आपके काफी काम आने वाले है। आइए जानते है इन किचन हैक्स के बारें में-

***माइक्रोवेव में जल्दी से अंडे पकाएं***

- तले हुए अंडे के लिए, माइक्रोवेव-सेफ बाउल में अंडे, थोड़ा दूध और मसाला डालकर फेंटें। फिर आप 30 सेकंड के अंदर अंतराल पर माइक्रोवेव करें, इसको साथ ही इसे हिलाते रहे, जब तक कि अंडे फूले हुए और पूरी तरह से पक न जाएं।

- इसमें 1 से 2 मिनट तक का समय लगेगा।

- पोच एग के लिए, एक कप पानी में अंडा फोड़े, कप को माइक्रोवेव-सेफ प्लेट से ढक दें और लगभग 1 मिनट के लिए हाई माइक्रोवेव करें। ऐसा करने से आपका अंडा पक जाएगा।

***सेकंड्स में पैनकेक बनाएं***

- इसे बनाने के लिए पैनकेक बैटर को एक साफ स्क्वीज बोतल ( जैसे कि खाली केचप बोतल) में डालें।



- बैटर को गर्म तवे पर स्क्वीज करें और आपको हर बार एकदम गोल पैनकेक मिलेंगे।

- अगर आपके घर में बच्चे हैं तो उनके लिए मजेदार आकृतियां बना सकते हैं।

***आड़ू का बीज 5 सेकंड में निकालें***

- आड़ू को आधा काटें और आधे हिस्सो को मोड़कर अलग करें।

- गुठली को बाहर निकालने के लिए आप चम्मच का प्रयोग करें, चम्मच को गुठली के नीचे खिसकाएं और बाहर निकालें।

- इस तरीके से करने आड़ू के गूदे को बरकरार रखता है।

- आप चाहे तो किचन सिजर का इस्तेमाल कर सकते हैं। एक आड़ू के बीच में कैंची को थोड़ा खोलकर घुसाएं। फिर बीज को कैंची से पकड़कर खींचकर बाहर निकाल दें।

***केक को स्टोर करके नमी बनाए रखें***

- अगर आपका केक ठंडा हो जाए, तो केक के ऊपर या अगर यह कटा हुआ है तो किनारों के आसपास ताजी ब्रेड का एक स्लाइस रखें और फिर इसे प्लास्टिक रैप से ढक दें।

- बता दे कि, ब्रेड हवा से नमी को सोख लेगी, जिससे केक लंबे समय तक नरम और ताजा रहेगा। जब सर्व करने से पहले ब्रेड को निकालना न भूलें।

***चाकू की मदद से लहसुन को छीलें***

- इसके लिए आप बड़ा वाला शेफ चाकू लें और इसके सपाट हिस्से के नीचे लहसुन की एक कली रखें।

- अपने हथेली से चाकू को दबाएं। आपको लहसुन क्रश होने की आवाज आएगी। इससे लहसुन का छिलका ढीला हो जाता है। जिससे इस निकालना बहुत आसान हो जाएगा।

# घर पर कड़ाही में बनाएं रेस्टोरेंट स्टाइल टेस्टी बन डोसा

हम में से बहुत से लोगों को साउथ इंडियन डिश पसंद होती है। साउथ इंडियन डिशेज हेल्दी होने के साथ ही पेट को भी अच्छा खासा भर देती है। बता दें कि वेट लॉस के लिए न्यूट्रिशनिस्ट आपकी डाइट में इडली शामिल करने की सलाह जरूर देंगी। वहीं उत्पम और रागी डोसा जैसी चीजें भी वेट मैनेज करने के लिए काफी अच्छी मानी जाती है। ऐसे में जब साउथ इंडियन की बात होती है, तो अक्सर डोसा का जिक्र जरूर होता है।

हालांकि अब तक आपने तवे पर डोसा बहुत बार बनते हुए देखा होगा। लेकिन बैंगलुरु में डोसा कड़ाही में बनाया जाता है। बैंगलुरु का फेमस स्ट्रीट फूड बन डोसा के एक अलग और अनूठा स्वाद होता है। अगर आप कभी बैंगलुरु गए होंगे, तो शायद ही आपने इसका स्वाद चखा हो। लेकिन जिस लोगों ने इसका स्वाद नहीं लिया है, वह यह रेसिपी सीख सकते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बन डोसा की रेसिपी बनाते जा रहे हैं।

***सामग्री***



डोसा के लिए 2 कप कच्चे चावल
मेथी- चम्मच
पोहा- 1 कप
नारियल- 1 कप कद्दूकस किया हुआ
नमक- 1 चम्मच
तेल- 3 चम्मच
सरसों- 1 चम्मच
उड़द दाल- 1 चम्मच
मिर्च- 3 बारीक कटी हुई
करी पत्ते
नमक- 1 चम्मच
चटनी के लिए- 1/4 कप कसा हुआ नारियल
हरी मिर्च- 1 चम्मच कटी हुई
अदरक- 1 चम्मच
भुने चने- 2 चम्मच
दही- 2 चम्मच
एक मुट्ठी धनिया पत्ती
स्वादानुसार नमक

ऐसे बनाएं डोसा

डोसा बनाने के लिए सबसे पहले मेथी और चावल भिगोकर पेस्ट बना लें।

फिर नारियल, पोहा और पानी को मिलाकर एकदम स्मूथ घोल बना लें और इसको चावल वाले कटोरे में डाल दें।

इसके बाद एक पैन में तेल गर्म करने के बाद उसमें मिर्च, करी पत्ता, सरसों और उरद दाल डालकर उसे चटकने दें और तड़के में बैटर एड करें।

अब इसमें नमक डालकर अच्छे से मिक्स करें और अप्पे पैन को गर्म करने के बाद बैटर डालकर इसे दोनों तरफ से पकाएं।

इस आसान तरीके से बन डोसा बनकर तैयार हो जाएगा और इसको आप नारियल की चटनी के साथ सर्व करें।

# घर पर बिना तेल में तले बनाएं स्वादिष्ट ब्रेड पकौड़ा, आसान है इसकी रेसिपी

अक्सर शाम की चाय के समय लोग कुछ चटपटा खाना पसंद करते हैं। हालांकि आप हर रोज बाहर का या तला-भुना नहीं खा सकते हैं। क्योंकि आपको अपने स्वास्थ्य का भी ध्यान रखना होता है। ऐसे में अगर आप कुछ चटपटा खाना चाहते हैं, तो आप घर पर भी कुछ स्वादिष्ट बनाकर खा सकते हैं। बता दें कि आप घर पर बिना तले ब्रेड पकौड़ा बनाकर खा सकते हैं।

भले ही आपको सुनकर यह अजीब लगे, लेकिन आप बिना तेल में तले भी स्वादिष्ट ब्रेड पकौड़ा बनाकर तैयार कर सकते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको ब्रेड पकौड़ा की रेसिपी के बारे में बताने जा रहे हैं।

***ब्रेड पकौड़ा की सामग्री***

ब्रेड स्लाइस
उबले हुए आलू
बेसन- 1 कप
बारीक कटी हरी मिर्च
बारीक कटा हरा धनिया
थोड़ा सा तेल
धनिया पाउडर- 1 छोटा चम्मच
जीरा पाउडर- 1/2 छोटा चम्मच



लाल मिर्च पाउडर- 1/2 छोटा चम्मच
हल्दी पाउडर- 1/4 छोटा चम्मच
नमक- स्वादानुसार
बेकिंग सोडा- 1/4 छोटा चम्मच

***ऐसे बनाएं***

सबसे पहले ब्रेड पकौड़ा की स्टफिंग तैयार करें। स्टफिंग बनाने के लिए उबले हुए आलू को छीलकर अच्छे से मैश कर लें। अब एक कढ़ाई में थोड़ा सा तेल डालकर उसमें बारीक हरी मिर्च, जीरा और हल्दी डालकर भून लें। जीरा सुनहरा होने पर इसमें आलू डालें। अब आलुओं में लाल मिर्च पाउडर, धनिया पाउडर और नमक मिलाएं। जब आलू सही से पक जाएं तो इसमें कटी हुई हरी धनिया डालें। अब इसको ठंजा होने के लिए रख दें और तब तक बेसन का घोल तैयार कर लें। एक बाउल में बेसन, हल्दी पाउडर, नमक और बेकिंग सोडा मिलाएं। फिर इसमें पानी डालकर गाढ़ा घोल बनाकर तैयार करें। ब्रेड स्लाइस को तिरछे काटकर दो हिस्सों में बांट लें।

इसके बाद हर ब्रेड के टुकड़े पर आलू का मिश्रण लगाएं और दूसरे ब्रेड का टुकड़ा ऊपर रख दें। अब इसको बेसन के घोल में डुबोकर फौरन निकाल लें। ध्यान रखें कि बेसन का तैयार किया गया बैटर ज्यादा गाढ़ा न हो।

अब एक गर्म तवे पर हल्का सा तेल डालकर उस पर बेसन में डूबा ब्रेड सैंडविच रखें। फिर इसको दोनों तरफ से सुनहरा होने तक भूनें। दोनों तरफ से कुरकुरा होने के बाद खट्टी-मीठी चटनी और चाय के साथ गर्मागर्म खाएं।

# फूड लिस्ट में

महाराष्ट्र न सिर्फ अपनी सांसकृतिक विविधता और ऐतिहासिक धरोहर के लिए फेमस है। बल्कि यह अपने स्वादिष्ट और अनूठे खानपान के लिए भी जाना जाता है। महाराष्ट्र की रसोई में आपको पारंपरिक मसालों और स्थानीय सामग्री का मिश्रण मिलेगा। जो हर डिश के स्वाद को खास बना देता है। वहीं महाराष्ट्र का खाना स्वाद, सादगी और पोषण तत्वों से भरा होता है। महाराष्ट्र का मसालेदार मिसल पाव हो या नरम-नरम पूरन पोली, यहां की हर डिश हर किसी के टेस्ट से तालमेल जरूर खाती है। हालांकि महाराष्ट्र की डिशेज का लुत्फ उठाने के लिए आपको महाराष्ट्र जाने की जरूरत नहीं है। बल्कि आप घर बैठे महाराष्ट्र के व्यंजन का लुत्फ उठा सकते हैं। बता दें कि आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपके साथ कुछ ऐसे वेजीटेरियन रेसिपीज शेयर करने जा रहे हैं, जिनको आप घर में बना सकती हैं। यह डिशेज सिर्फ महाराष्ट्र ही नहीं बल्कि हर किसी को पसंद आती है। आप महाराट्र के इन स्वादिष्ट ग्रीन करी रेसिपीज को अपनी फूड लिस्ट में शामिल कर सकती हैं।

हरे चने की करी की सामग्री
हरे चने- 1 कप (भीगे हुए)
पालक- 1 कप (कटा हुआ)
नारियल- 2 बड़े चम्मच (कद्दूकस किया हुआ)
जीरा- 1 छोटा चम्मच
हरी मिर्च- 1 (कटी हुई)
अदरक-लहसुन पेस्ट- 1 छोटा चम्मच
धनिया पाउडर- 1 छोटा चम्मच
हल्दी- आधा छोटा चम्मच
तेल- 1 बड़ा चम्मच
नमक- स्वादानुसार

***विधि***

सबसे पहले रातभर के लिए हरा चना भिगो दें और फिर इसे उबाल लें।

अब एक कड़ाही में तेल गर्म करें और फिर जीरा और हरी मिर्च डालकर तड़का लगाएं।

इसके बाद इसमें लहसुन और अदरक का पेस्ट डालकर हल्का सा भून लें।

फिर कड़ाही में उबले हुए हरे चने और



पालक डालें।

अब इसमें धनिया पाउडर, हल्दी और नमक डालकर 5-7 मिनट के लिए धीमा आंच पर पकाएं।

लास्ट में कद्दूकस किया हुआ नारियल डालकर गरमा-गरम सर्व करें।

पालक और मटर की हरी करी सामग्री
पालक- 2 कप (कटा हुआ)
मटर- 1 कप
घी- 1 बड़ा चम्मच
जीरा- 1 छोटा चम्मच
अदरक-लहसुन पेस्ट- 1 छोटा चम्मच
हरी मिर्च- 2
नारियल का दूध- आधा कप
नमक स्वादानुसार
गरम मसाला- आधा छोटा चम्मच

ऐसे बनाएं

सबसे पहले पैन में घी गर्म कर लें।

फिर इसमें जीरा, अदरक, लहसुन का पेस्ट और हरी मिर्च डालकर भूनें।

अब कड़ाही में मटर और पालक डालकर हल्का पकने दें।

इसके बाद नारियल दूध डालकर करीब 10 मिनट तक धीमी आंच पर पकाएं।

फिर ऊपर से गरम मसाला डालकर इसको रोटी के साथ सर्व करें।

***धनिया पत्ते की करी की सामग्री***

ताजे धनिया पत्ते- 2 कप
हरी मिर्च- 2
अदरक का टुकड़ा- 1 इंच
मूंगफली- 1 बड़ा चम्मच (भुनी हुई)
जीरा- 1 छोटा चम्मच
तेल- 1 बड़ा चम्मच
नारियल- आधा कप (कद्दूकस किया हुआ)
दही- आधा कप
नमक- स्वादानुसार

***ऐसे बनाएं***

धनिया पत्ते की करी बनाने के लिए सबसे पहले धनिया पत्ते, हरी मिर्च, अदरक, और मूंगफली को मिक्सर में पीसकर पेस्ट बना लें।

अब कड़ाही में तेल गर्म करके उसमें जीरा डालें और फिर धनिया का पेस्ट डालें।

फिर कड़ाही में कद्दूकस किया हुआ नारियल और दही डालकर अच्छे से मिक्स करें।

अब इसको 5 से 7 मिनट तक अच्छे से धीमी आंच पर पकने दें और इसमें नमक डाल दें।

इस तरह से धनिया पत्ते की करी बनकर तैयार हो जाएगी, इसको आप रोटी या भाकरी के साथ परोसें।

***कोकम और नारियल की हरी करी की सामग्री***

नारियल का दूध- 1 कप
कोकम- 1 बड़ा चम्मच
जीरा- 1 छोटा चम्मच
हरी मिर्च- 2 (कटी हुई)
अदरक का टुकड़ा- 1 इंच
घी- 1 बड़ा चम्मच
हल्दी- आधा छोटा चम्मच
नमक- स्वादानुसार

***ऐसे बनाएं***

कोकम और नारियल की हरी करी बनाने के लिए सबसे पहले सभी सामग्री को तैयार कर लें और कोकम को थोड़े पानी में भिगो दें।

अब कड़ाही में घी गर्म कर उसमें अदरक, हरी मिर्च और जीरा डालकर भूनें।

इसके बाद कड़ाही में नारियल का दूध और भीगा हुआ कोकम डालकर अच्छे से मिलाएं।

फिर नमक और हल्दी डालकर करी को 5-7 मिनट तक धीमी आंच पर पकाएं।

अब इसको आप रोटी या चावल के साथ खा सकते हैं।

# पुराने बर्तन से लेकर जले हुए बर्तनों को चमकाएं, फॉलो करे ये टिप्स



दिवाली रोशनी का त्योहार है और इसके साथ ही घर की गहरी सफाई का त्योहार भी बन जाता है। इस त्योहार पर देवी लक्ष्मी और भगवान गणेश के स्वागत के लिए अपने घरों को दिवाली से पहले ही साफ कर लेते हैं। इसके बाद घरों को सजाया जाता है। यदि आपके घर में पुरानी वस्तुओं या पुराने बर्तन पड़े है तो आप इन टिप्स के जरिए चमका सकते हैं। पुराने, दागदार, जले हुए और जिद्दी बर्तनों को संभालते समय एक बड़ी चुनौती सामने आती है। ये सख्त दाग घंटों मेहनत की मांग करते हैं, जिससे अक्सर व्यक्ति असंतुष्ट और चिड़चिड़ा हो जाता है। घंटों को काम को मिनटों में बदलने के लिए यहां कुछ आसान और प्रभावी सफाई के हैक बताने वाले हैं।

***बेकिंग सोडा का इस्तेमाल करें***

जब हम सभी खाना बनाते हैं तो अक्सर बर्तन काले पड़ जाते हैं या फिर जल जाते हैं या चिपचिपे हो जाते हैं, तो आप बेकिंग सोडा के जरिए चमक वापस ला सकते हैं। सबसे पहले बर्तन को गर्म पानी से धो लें। इसके बाद प्रभावित जगह पर बेकिंग सोडा छिड़कें। 5 से 6 मिनट तक बर्तनों रखें रहने दें। इसके बाद आप बर्तन को स्पंज की मदद से पोंछकर साफ कर सकते हैं।

***लिक्विड क्लोरीन का इस्तेमाल करें***

सिरेमिक, कांच और प्लास्टिक के बर्तनों को प्रभावी ढंग से साफ करने के लिए यह तरीक सबसे बढ़िया है। बर्तनों को 10 मिनट तक पानी में उबालें, चमकाने के लिए उन पर सावधानी से लिक्विड क्लोरीन डालें और कुछ मिनटों के बाद उन्हें पानी से धो लें।

***सिरके का प्रयोग***

घर में रखें हुए पीतल के बर्तन गंदे होने लगते हैं। पीतल के बर्तनों को चमकाने के लिए सबसे बेहतर होता सिरका। प्याज के रस में सिरका मिलाकर दाग लगे बर्तनों पर लगाएं। चमचमाती चमक के लिए आप सीधा सिरका भी लगा सकते हैं और ब्रश से रगड़ सकते हैं।

***कॉफी पाउडर का इस्तेमाल करना***

प्लास्टिक के कंटेनरों या अन्य बर्तनों पर जमी जिद्दी गंदगी के लिए कॉफी एक प्रभावी तरीका है। दाग वाली जगह पर नमक, कॉफी और बर्फ का मिश्रण लगाएं। कॉफी की कठोर बनावट जिद्दी गंदगी को हटाने में मदद करती है।

इन टिप्स के जरिए पीतल, स्टील और तांबे के बर्तनों को साफ करने, काले दाग, ग्रीस और अन्य गंदगी को तुरंत हटाने के लिए भी अत्यधिक प्रभावी हैं।

# दाल-चावल से कीड़े निकालने के लिए देसी हैक्स करें ट्राई, लंबे समय तक खराब नहीं होगा अनाज

अक्सर ऐसा होता है कि घर में रखे दाल-चावल या आदे आदि में कीड़े पड़ जाते हैं। कीड़े लगने पर इसे फेंक दिया जाता है। कई बार पैंट्री में रखे सामानों में भी कीड़े पड़ जाते हैं। जिसकी वजह से बिस्किट, चिप्स, सीरियल्स और मैदा आदि चीजें खराब हो जाती हैं। हालांकि इन चीजों को कीड़ों से बचाने के लिए लोग मार्केट में मिलने वाली दवाओं का इस्तेमाल करते हैं।

लेकिन बता दें कि यह तरीका सही नहीं है। क्योंकि यह दवाएं हमारे स्वास्थ्य के लिए अच्छी नहीं मानी जाती हैं। ऐसे में अगर आपकी इम्यूनिटी कमजोर है, तो यह दवाएं आपको बीमार भी कर सकती हैं। इसलिए आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको नेचुरल तरीके से इन कीड़ों को हटाने का नेचुरल तरीकों के बारे में बताने जा रहे हैं।

***शेल्फ की सफाई***

कीड़े होने की पहली वजह यह हो सकती है कि आपकी किचन शेल्फ के कोनों में गंदगी रह जाने की वजह से इसमें कीड़े लग गए हैं। अगर आप समय-समय पर शेल्फ को क्लीन करती रहती हैं, तो यह कीड़े एक जगह से दूसरी जगह नहीं जाएंगे। वहीं अगर किसी डिब्बे में कीड़े पड़ गए हैं, तो आप उसे भी अलग कर सकते हैं। आप शेल्फ की सफाई के लिए घर पर क्लीनर बना सकती हैं।

***ऐसे बनाएं डे क्लीनर***

सिरका- 1 कप सिरका



डिश वॉश लिक्विड- 2 बड़े चम्मच
पानी- 1 कप

इन तीनों चीजों को मिलाकर एक स्प्रे बोतल में डाल दें। फिर शेल्फ के डिब्बे निकालकर सभी को खाली करके झाड़ लें। अब शेल्फ के ऊपर ये लिक्विड डालें। शेल्फ से डिब्बे निकालना इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि हो सकता है कि उन डिब्बों के ऊपर कीड़े मौजूद हों। इसलिए अंदर से सफाई जरूरी है।

***फीजर में अनाज***

कीड़े मारने का सबसे अच्छा तरीका यह है कि आप अनाज को 3-4 दिन के लिए फीजर में रखें। इससे अनाज की क्वालिटी पर कोई असर नहीं पड़ेगा। हालांकि इसके कीड़े जरूर मर जाएंगे। इससे कीड़े के लार्वा और अंडे आदि भी खत्म हो जाएंगे। जब आपको इस्तेमाल करना हो, तो इसको निकालकर छान लें और फिर धोकर इस्तेमाल में लाएं।

***नीम की पत्तियां या तेज पत्ता***

काले घुन को निकालने के लिए आप अनाज स्टोर करने वाले कंटेनर में तेज पत्ता और नीम की पत्तियां डालकर रखें। अगर आप इसको डायरेक्ट नहीं डालना चाहते हैं, तो आप इनको कपूर के साथ किसी कपड़े में बांधकर अनाज में रख सकती हैं।

***लौंग का करें इस्तेमाल***

कई लोगों को तेज पत्ते की महक अच्छी नहीं लगती है। ऐसे में आप तेज पत्ते की जगह लौंग को कॉटन कपड़े में बांधकर रख सकती हैं। या फिर इसको अनाज में डाल सकती हैं। इससे अनाज में कीड़े नहीं पड़ेंगे।

***माचिस की डिब्बी***

माचिस की डिब्बी सफेद और काले कीड़ों पर असर करता है। क्योंकि माचिस में सल्फर होता है। यह कीड़ों के लिए टॉक्सिक होता है। ऐसे में अगर आप माचिस की खाली डिब्बी में काली मिर्च के कुछ दाने मिलाकर रख सकती हैं।

***चावल के सफेद कीड़ों को हटाने की रेमेडी***

जिस कंटेनर में आप चावल रखते हैं, उसको सफेद कीड़ों को बचाने के लिए आप हल्दी या सूखा लहसुन रख सकती हैं। इस उपाय को अपनाने से आपको धूप में अनाज रखने की समस्या खत्म हो जाती है।

# युवा उत्सव कार्यक्रम इंटर मीडिएट कालिज बहजोई में आयोजित

**अवधनामा संवाददाता**




**बहजोई (संभल)** युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग एवं नेहरू युवा केंद्र तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में जनपद स्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम इंटर मीडिएट कॉलेज बहजोई में आयोजित किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ संभल के मुख्य विकास अधिकारी श्री गोरखनाथ भट्ट के द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया कार्यक्रम के अंतर्गत लोकगीत एकल एवं समूह, लोक नृत्य एकल व समूह, भाषण प्रतियोगिता, फोटोग्राफी, कविता लेखन, चित्रकला प्रतियोगिता एवं विज्ञान मेले का आयोजन किया गया। लोक नृत्य एकल में अंकित कुमार ने प्रथम स्थान, लोक नृत्य समूह में अंकित राघव, एकल ग्रुप में प्रथम स्थान तथा द्वितीय स्थान कृष्ण मुरारी इंटर कॉलेज की छात्राओं ने प्राप्त किया। लोकगीत एकल में पुष्पेंद्र नाथ ने प्रथम स्थान तथा जितेंद्र सिंह ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया लोकगीत समूह में प्रथम स्थान हीरालाल इंटर कॉलेज की बालिकाओं ने प्राप्त किया तथा बहजोई महाविद्यालय की छात्राओं ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कविता लेखन में अक्षरा रानी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया चित्रकला में कीर्ति ने प्रथम स्थान प्राप्त किया भाषण प्रतियोगिता में कौशल ने प्रथम एवं खुशबू ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विजेता प्रतिभागियों को जिला विद्यालय निरीक्षक वेदराम के द्वारा पुरस्कार में प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। निर्णायक मंडल में डॉक्टर राजीव कुमार, ममता राजपूत, सौम्या वर्मा, नेहा मलय, बृजलाल, अंतराम, पंचम सिंह एवं अवनीश मिश्रा आदि मौजूद रहे कार्यक्रम में जिला युवा कल्याण अधिकारी हरि प्रेम जिला युवा अधिकारी अंकित क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी विनीत सिंह, चित्रवीर, जगजीत सिंह,अनुज कुमार एवं संजू रानी उपस्थित रहे विज्ञान मेला में निर्णायक मंडल में जिला सम्यक श्री राजू सिंह जिला एकेडमिक समन्वयक श्री पराग मिश्रा एवं प्रवक्ता अमरीश कुमार मौजूद रहे मंच का संचालन राजीव कुमार वार्ष्णेय द्वारा किया गया कनिष्क सहायक विभा उपस्थित रहे।

# संभल पुलिस की गौकशी के वांछित से हुई मुठभेड़

**अवधनामा संवाददाता**

**सम्भल।** थाना नखासा पुलिस की बीती रात्रि मुकदमे वांछित चल रहे पच्चीस हजार रुपए के इनामी अभियुक्त को गोवंशीय पशु व पशु वध के उपकरणों व अवैध शस्त्र के साथ गिरफ्तार किया गया। जबकि अभियुक्त के दो अन्य साथी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए हैं जिनकी गिरफ्तारी के लिए कांबिग जारी है। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार के निर्देशन में कानून व्यवस्था,अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियन्त्रण हेतु चलाये गये अभियान के तहत बुधवार की रात्रि में थाना नखासा पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत शरीफपुर सलखना रोड पर ग्राम भडवाडा के जंगल के पास चैकिंग के दौरान थाना नखासा मुकदमे में वांछित अभियुक्त गुफरान पुत्र रियासत निवासी रुकनुद्दीन सराय थाना नखासा जनपद सम्भल को पुलिस मुठभेड़ मे एक तमन्चा 315 बोर मय दो जिन्दा कारतूस व एक खोखा कारतूस, एक रास गोंवशीय पशु व पशु वध के उपकरणों के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त द्वारा पुलिस पार्टी पर फायरिंग की गयी जिसके फलस्वरूप पुलिस द्वारा आत्मरक्षार्थ की गयी फार्यारंग में अभियुक्त उपरोक्त घायल हो गया तथा पुलिस का आरक्षी अफसरुन घायल हो गया। घायलों को प्राथमिक उपचार हेतु सी.एच.सी. सम्भल भेजा गया है जहां घालय उपचाराधीन है। मुठभेड़ की सूचना पर अपर पुलिस अधीक्षक सम्भल (उत्तरी) व क्षेत्राधिकारी असमोली व आस-पास के थानों का पुलिस बल मौके पर पहुंचा। मौके से अभियुक्त के दो अन्य साथी फरार हो गये जिसकी गिरफ्तारी हेतु लगातार कांबिग की जा रही है।अभियुक्त गुफरान उपरोक्त काफी समय से वांछित/फरार चल रहा था जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा 25000/- रुपये का ईनाम की घोषणा की गयी थी।

## भाकियू बी आर एस एस द्वारा जन जागरण बैठक का आयोजन किया गया

**संभल।** भारतीय किसान यूनियन (बी आर एस एस) द्वारा ग्राम - सैंडा उर्फ सेहरा में जन जागरण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता डॉ धीरेंद्र त्यागी तथा संचालन सत्येंद्र चौधरी ने किया। युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलदीप शर्मा द्वारा सुभाष चाहल को जिला प्रभारी संभल नियुक्त किया गया।

बैठक में बोलते हुए जिला अध्यक्ष संभल कामेन्द्र चौधरी ने 25 तारीख को टोकरा पट्टी में होने वाली पंचायत में भारी संख्या में पहुंचकर किसान महापंचायत को सफल बनाने का आह्वान किया।

बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष संभल बृजपाल सिंह, युवा ब्लॉक अध्यक्ष डॉ. आजम, युवा ब्लॉक उपाध्यक्ष कन्हैया प्रजापति, पवांसा ब्लॉक अध्यक्ष प्रवेंद्र यादव, ब्लॉक उपाध्यक्ष नितिन कुमार, युवा तहसील उपाध्यक्ष अरमान अल्वी, दिनेश चौधरी, जोगेंद्र चौधरी, हरवेंद्र सिंह, मोंटी पधान, सेवक सैनी, धर्मेन्द्र यादव, साबिर अली, उदल सिंह आदि उपस्थित रहे।

# सहायक नदियों में जल की गुणवत्ता बरकरार रखना महत्वपूर्ण दायित्व



**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** कलेक्ट्रेट सभागार में सीडीओ के.के.पाण्डेय की अध्यक्षता में जिला गंगा समिति की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। डीएफओ ने बैठक को शुरू किया। बैठक में सीडीओ ने बताया की भारत सरकार के राजपत्र के अंतर्गत जिला गंगा समिति को सीवेज अवसंरचना के संवर्धन, आवाह क्षेत्र में सुधार, जन जागरूकता का प्रसार तथा गंगा एवं उसकी सहायक नदियों में जल की गुणवत्ता बरकरार रखने का दायित्व सौंपा गया है। जिला गंगा समिति वनीकरण, प्राकृतिक/जैविक कृषि प्रसार, घाट निर्माण, पर्यटन, मत्स्य पालन, वेटलैंड के विकास व अर्थ गंगा के अन्य क्षेत्रों में समन्वय का कार्य भी करेंगी।

एडीएम अंकुर श्रीवास्तव ने दैलवारा में स्थापित फेकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट (एफ.एस.टी.पी.) के बारे में जानकारी ली। उन्होंने सभी गतिरोधों को खत्म कर तय समयावधि में प्लांट को जल्द से जल्द क्रियान्वयन में लाने के निर्देश दिए। नगर क्षेत्र में प्रवाहित सभी 42 नालों की टैपिंग और स्क्रीन इंस्टालेशन की समीक्षा की गई। जिन नालों की टैपिंग नहीं हुई है, वहां बायो फायटोरेमेडीएशन का प्रयोग करने के निर्देश दिए गए। बायो रेमेडीएशन पद्धति में सूक्ष्म जीवों का उपयोग कर कार्बनिक प्रदूषकों को नष्ट किया जाता है। डीपीआरओ को नदियों में धार्मिक पेशकश की रोकथाम हेतु जागरूकता के लिए डिस्प्ले बोर्ड लगाने के साथ जागरूकता शिविर आयोजित कर ऐसी सामग्री को नदी में फेंकने से होने वाले प्रदुषण के संबंध में आम लोगों को जागरूक करने के लिए हर संभव कदम उठाने पर महत्व दिया गया। गंगा ग्रामों में नियमित रूप से गंगा आरती कराये जाने के साथ घाटों की साफ सफाई एवं हर 50 मीटर की दुरी पर कूड़ेदान स्थापित करने के निर्देश दिए गए। अंत में डीएफओ ने आगामी जिला गंगा समिति की बैठकों को अधिक प्रभावशाली बनाने पर जोर दिया। बैठक में परियोजना अधिकारी जिला गंगा समिति केतन दुबे, सिंचाई विभाग भूपेश सुहेरा, अवर अभियंता लघु सिंचाई गौरव सिंह, स्वास्थ विभाग से डा.राजेश भारती, सहायक अभियंता अजय कुमार सचान, कृषि विभाग से रिशु उपाध्याय, नगर पालिका से राजेश जैन एवं दीपक कुमार, पंचायती राज विभाग से लक्ष्मण चौरसिया आदि उपस्थित रहे।

# मतदेय स्थलों पर 23 व 24 नवंबर को विशेष कैंप

**अवधनामा संवाददाता**

**बलिया।** जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार ने बताया कि अर्हता तिथि एक जनवरी 2025 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत निर्वाचक नामावलियों के आलेख्य प्रकाशन अवधि 29 अक्टूबर से 28 नवंबर के मध्य मतदाताओं की सुविधा के लिए 23 एवं 24 नवंबर को समस्त पदाभिहित स्थलों व मतदेय स्थलों पर क्रमशः तृतीय व चतुर्थ विशेष कैंप का आयोजन किया जाएगा। इसमें आलेख्य निर्वाचक नामावली पर जन सामान्य से दावे और आपत्तियां यथा फार्म- 6, 7 व 8 प्राप्त किए जाएंगे। उक्त विशेष अभियान दिवस पर समस्त बीएलओ पदाभिहित अधिकारी अपने-अपने निर्धारित मतदेय स्थल पर आलेख्य निर्वाचक नामावली एवं नियत फार्मों के साथ उपस्थित रहेंगे।सेक्टर आफिसर/उच्चाधिकारियों द्वारा भ्रमण कर उनकी उपस्थिति सुनिश्चित की जाएगी। अन्यथा की स्थिति में उनके विरूद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी। जनपद के समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधिगण व समाज सेवी संगठनों से अपील है कि मजबूत लोकतंत्र में सबकी भागीदारी के लिए भारत निर्वाचन आयोग के अपेक्षानुसार सभी व्यक्तियों, नवयुवक, नवयुवतियों व महिलाओं का नाम जो एक जनवरी 2025 को 18 वर्ष या उससे अधिक आयु पूर्ण कर रहे हैं, लेकिन उनका नाम निर्वाचक नामावली में सम्मिलित नहीं है। निर्वाचक नामावली में शामिल कराने तथा अपात्र मतदाताओं का नाम अपमार्जित कराने में अपना सक्रिय सहयोग प्रदान करें।

# नगर पालिका ने गृह कर और जलकर में वृद्धि की

**अवधनामा संवाददाता**

**बुलंदशहर।** नगर पालिका क्षेत्र में रहने वाले लोगों की जेब पर कर का और अधिक बोझ डाल दिया गया है। नगर पालिका बोर्ड बैठक में बुधवार को 19 फीसदी गृहकर और जलकर बढ़ाने के प्रस्ताव को सहमति दे दी गई। इस दौरान कई प्रस्तावों पर सभासदों के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई। अंत में कुल 69 प्रस्तावों में से तीन प्रस्तावों को निरस्त कर दिया गया, दो प्रस्तावों को अगली बैठक में रखने पर सहमति बनी।

दोपहर करीब ढाई बजे शुरू हुई बोर्ड बैठक में सबसे पहले वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट में वार्षिक आय एक अरब पांच करोड़ 21 लाख 20 हजार और व्यय एक अरब दो करोड़ 76 लाख 55 हजार को स्वीकृति दी गई। इसके बाद लॉग बुक रजिस्टर खरीदने, बिल बुक खरीदने, फोटो स्टेट का बिल चुकाने समेत सात प्रस्तावों को सर्वसम्मति से पास कर दिया गया।

70 फीसदी कर बढ़ाने का प्रस्ताव रखने पर सभासद नीरज चौधरी, देवपाल, लक्ष्मण लोधी, शरद साई ने आपत्ति जताई और मात्र 10 फीसदी बढ़ाने की बात कही। वित्त एवं लेखाधिकारी की ओर से शासनादेश का हवाला देते हुए 20 फीसदी बढ़ाने की बात कही। काफी देर तक चर्चा के बाद नगर पालिका अध्यक्ष दीप्ति मित्तल ने 19 फीसदी कर बढ़ाने का प्रस्ताव दिया, जिसे सर्वसम्मति से पास कर दिया गया। नगर पालिका क्षेत्र में संचालित पिंक शौचालय, सामुदायिक व सार्वजनिक शौचालय का संचालन निजी संस्था से कराए जाने के प्रस्ताव पर सभासद लक्ष्मण लोधी ने आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि पहले संस्था की ओर से दिया गया पत्र सभी सभासदों को दिखाया जाए, ताकि संस्था विज्ञापन व अन्य माध्यम से इन्हें कमाई का जरिया न बनाए। इस पर अधिशासी अधिकारी डा. अश्विनी कुमार सिंह ने बताया कि संस्था की ओर से केवल यूजर चार्ज के माध्यम से शौचालय संचालन की बात कही। इसके बाद सभी सभासदों ने इसे सहमति दी। बैठक के दौरान स्वास्थ्य अनुभाग में 450 के बजाय 500 सफाई श्रमिक के टेंडर की स्वीकृति पर भी सभासदों ने आपत्ति जताई। इस दौरान सभासद सुनील शर्मा, सुखदेव, अजय कुमार ने आपत्ति जताई और कहा कि 50 श्रमिक अधिक क्यों रखे जा रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि कुछ सफाई कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए हैं, ऐसे में व्यवस्था न बिगड़े, इसके लिए अधिक का टेंडर किया जा रहा है। जिसके बाद सहमति बनी कि पहले सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों की संख्या और बढ़ाए गए श्रमिकों की संख्या का स्पष्ट आंकड़ा दिया जाए इसके बाद अगली बोर्ड बैठक में इसे दोबारा से रखा जाए। जलकल विभाग की ओर से पिछली बोर्ड बैठक में रखे गए हैंडपंप रिबोर कराने के प्रस्ताव पर भी काम पूरा न होने पर सभासद सुखदेव शर्मा, सुनील शर्मा ने आपत्ति लगाई। कहा कि गर्मी का सीजन बीतने के बाद भी अभी तक काम पूरा नहीं किया गया है। इस पर जल कल विभाग के एई ने ठेकेदार को नोटिस जारी करने की बात कही। वार्ड सात में मिनी ट्यूबवेल लगाने के प्रस्ताव पर सभासद त्रिभुवन और चिराग के बीच स्थान चिन्हीकरण को लेकर तीखी नोकझोंक हुई। नगर पालिका अध्यक्ष ने स्थान जल्द ही चिन्हित करने का आश्वासन देकर दोनों को शांत किया। बोर्ड ने करीब साढ़े छह करोड़ की लागत से 97 स्थानों पर सड़क, नाली और नाला निर्माण के साथ विभिन्न वार्डों में पेयजल लाइन बिछाने को सहमति दी है। इसके अलावा शहरी क्षेत्र में लगे डिवाइडर पर रेडियम प्लेट लगाने के लिए भी सहमति दी गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### जैनिथ पब्लिक स्कूल के छात्रों ने पिकनिक के दौरान जाना भारत का इतिहास

**खुर्जा।** क्षेत्र के तहसील रोड पर स्थित जैनिथ पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं के लिए विद्यालय के निदेशक राहुल राठी के द्वारा रोमांचक दौर द पिंक सिटी जयपुर का पिकनिक के दौरे का आयोजन किया गया जिसमें देश के इतिहास के विषय में छात्र-छात्राओं को बताया गया। स्कूल की प्रधानाचार्य गीता डेंग उप प्रधानाचार्य बबीता शर्मा व सभी शिक्षकों की मदद से सफल हुआ यात्रा के कार्यक्रम के दौरान उल्लेखनीय स्थान जैसे कि गुलाबगढ़, जलमहल,बिरला मंदिर, हवा महल,हनुमान मंदिर, आमेर कोर्ट,जंतर मंतर और स्थानीय बाजार आदि यात्राएं शामिल थी यह दौरा साहसी और रोमांचककरी रहा इस दौरान छात्रों ने भारत के इतिहास के विषय में जानकर बहुत प्रशंसा की और खुशी जाहिर की और छात्रों ने भोजन का आनंद लेते हुए भारत के महान वीरों के विषय में बहुत ध्यानपूर्वक सुना।

### बिल्डिंग मटेरियल खुले में रखने वालों के खिलाफ प्रशासन ने की सख्त कार्रवाई

**खुर्जा।** क्षेत्र में बढ़ते प्रदूषण के चलते ग्रेप 4 ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान लागू होने के बाद तहसील प्रशासन ने सक्रियता दिखाते हुए प्रदूषण फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है खुर्जा एसडीएम दुर्गेश सिंह ने क्षेत्र में खुले बिल्डिंग मटेरियल रखने पर कार्रवाई करते हुए सख्त हिदायत दी और 12 हजार का जुर्माना लगाया। इस कार्रवाई से बाजार में हड़कंप मच गया एसडीएम ने बताया कि जिला अधिकारी के निर्देश पर प्रदूषण नियंत्रित के ग्रेप 4 को जिले भर में लागू किया गया है खुले में बिल्डिंग मटेरियल रखने पर जुर्माना लगाया गया है आगे कहा कि जो भी दुकानदार खुले में बिल्डिंग मटेरियल रखता हुआ पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी प्रदूषण फैलाने वालों पर और कूड़ा जलाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### खतौनी में 5 लाख कर्ज देख धड़ाम से गिरा किसान

**मथुरा।** थाना मगोर्रा अंतर्गत सौंख की ग्राम पंचायत नैनू पट्टी के गांव अकखा के किसान जगदीश जैसे ही फसल का मुआवजा लेने के लिए खतौनी निकलवाने तहसील पहुंचा तो किसन को पता चला कि वह 5 लाख का कर्जदार है यह जानकर किसान धडाम से जमीन पर गिर पड़ा आरोप है कि बैंक में शिकायत करने पर उससे अभद्रता की गई और उसे भगा दिया गया अब पीड़ित किसान ने एसपी कार्यालय में प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई थाना मगोर्रा गांव नगला अकखा निवासी जगदीश पुत्र श्यामलाल ने वर्ष 2017 में 80 हजार रुपए का लोन लिया था यह खतौनी पर दर्ज है करीब तीन माह पूर्व क्षेत्र में बारिश के कारण किसान की फसल बर्बाद हो गई इस पर वह मुआवजे के लिए तहसील में खेत की खतौनी की नकल निकलवाने के लिए गया जब तहसील कर्मी ने जगदीश को खतौनी की नकल दी इसमें वर्ष 2023 नवंबर को नैनू पट्टी के एक बैंक की शाखा में 5 लाख रुपए लोन लेने की बात दर्ज मिली किसान के अनुसार उसने यह कर्जा लिया ही नहीं भाकियू के राष्ट्रीय महासचिव लक्ष्मण चौधरी और पीड़ित किसान जगदीश ने बैंक अधिकारियों को पूरे मामले से अवगत कराया किसन जगदीश का आरोप है कि बैंक कर्मियों ने मेरे खेत पर फर्जी तरीके से 5 लाख रुपए का लोन किसी अन्य व्यक्ति को दे दिया है मैं पिछला लोन ही अभी तक नहीं भर सका।

# सोनवानी सीएचसी पर लगा वृहद मानसिक स्वास्थ्य शिविर, 231 मरीजों का हुआ परीक्षण

**अवधनामा संवाददाता**



**बलिया।** सोनवानी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर वृहद मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अभिनव मिश्रा सहित अधीक्षक डाक्टर मुकर्रम अहमद ने किया। इसके बाद मानसिक रोग से ग्रसित बच्चों एवं अन्य व्यक्तियों में फल का वितरण भी किया। शिविर में आए मरीजों का उपचार किया गया। शिविर में कुल 231 मरीज का परीक्षण किया गया। अधीक्षक ने बताया कि वर्तमान परिवेश को देखते हुए मानसिक स्वास्थ्य के प्रति समाज में जागरूकता जरूरी है। ऐसे रोगियों के साथ अच्छा व्यवहार करना चाहिए। दवा के साथ नियमित खयाल रखने की जरूरत होती है। मानसिक रोग के प्रति जागरुकता के साथ ही उचित परामर्श व बेहतर उपचार के लिए यह शिविर आयोजित है। यदि हम थोड़ा सा संवेदनशील होकर मानसिक रोगी का सही समय से उपचार कराएं तो रोग पूरी तरह ठीक हो सकता है। कुछ मामलों में यह भावनाएं मानसिक बीमारी का कारण बन सकती हैं। यह 14 साल की उम्र से शुरू होता है लेकिन ज्यादातर मामलों का पता नहीं चल पाता और इलाज नहीं होता है। किशोरों व नौजवानों में मानसिक बीमारी का एक प्रमुख कारण अवसाद (डिप्रेशन) है। मानसिक बीमारी के लक्षण, पहचान और जानकारी न होने के कारण यह समस्या बढ़ जाती है। स्वास्थ कार्यकर्ता गौरव गिरि ने लोगों को मानसिक बीमारी के लक्षण व नशे से उत्पन्न होने वाली मानसिक बीमारी व उसके उपचार के बारे में जागरूक किया। क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट अंकित आनंद ने कहा कि मंदबुद्धि बच्चों का परीक्षण तथा उसके उपचार के साथ काउंसिलिंग करके इलाज़ हो सकता है। महताब आलम ने लोगों के कान का परीक्षण किया। कैम्प में बीपी, शुगर की जांच के साथ फार्मासिस्ट द्वारा दवा वितरण किया गया ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक राकेश कुमार सिंह ने बताया कि कैम्प में 231 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया, जिसमें 17 मानसिक रोगियों को उपचार किया गया। उच्च जोखिम के 8 मरीजों को जिला चिकित्सालय रेफर किया गया।

विश्व बीसीपीएम संजय कुमार यादव ने बताया कि मासिक रोगियों का लक्षण नींद आना, देर से आना, चिंता, घबराहट ,तनाव आदि रहना। काम में मन ना लगना व आत्महत्या का विचार आना अत्यधिक साफ सफाई /लड़ाई झगड़ा /गाली गलौज करना भूत प्रेत देवी देवता आदि की छाया का भ्रम होना ये सभी मानसिक रोगी का लक्षण है शिविर में डॉ मुकर्रम अहमद, डॉ प्रवीन कुमार, डॉ अजरा जब्बी , डॉ जगमोहन , डॉ कन्हैया ओझा, बीपीएम राकेश कुमार सिंह,बीसीपीएम संजय कुमार यादव, चीफ फार्मासिस्ट वीरेंद्र नाथ सिंह, दयाशंकर त्रिपाठी, रमेश मिश्रा,ि दग्विजय सिंह, रवि शर्मा, समस्त CHO, ANM संगिनी,आशा आदि रहे। जिला परामर्शदाता अनुष्का सिन्हा,अमर कुमार पाल द्वारा फ्लोरोसिस, उसके लक्षण व बचाव के बारे में विस्तारपूर्वक बताया।

# घर हो या बाहर महिलायें अपनी जिम्मेदारियां बखूबी निभा रही



**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** जिला जज/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आलोक कुमार पाराशर के निर्देशानुसार एडीजे /सचिव यशवन्त कुमार सरोज की अध्यक्षता में नगर पालिका बालिका इंटर कॉलेज में मिशन शक्ति फेज 5 के अंतर्गत निशुल्क विधिक सहायता पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान एडीजे/सचिव यशवन्त कुमार सरोज, प्रोबेशन अधिकारी नंदलाल सिंह, महिला थानाध्यक्ष स्वाति शुक्ला, पैनल अधिवक्ता पुष्पेंद्र सिंह चौहान, सीओ सदर अभय नारायण सिंह, वन स्टॉप सेंटर की पूनम, सरिता ने कहा कि आज के दौर में महिलाएं किसी भी मामले में पुरुषों से कम नहीं हैं। घर हो या कार्यस्थल महिलाएं आज पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाएं खड़ी हैं। ऐसा कोई क्षेत्र नहीं जहां महिलाएं अपना योगदान न दे रही हों। घर हो या बाहर महिलाएं अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभा रही हैं। महिलाओं के अधिकारों की धारणाओं के साथ सामान्यतः जुड़े मुद्दों में शारीरिक अखंडता और स्वायत्तता का अधिकार, यौन हिंसा से मुक्ति, वोट देने का अधिकार, सार्वजनिक पद धारण करने का अधिकार, कानूनी अनुबंध करने का अधिकार, पारिवारिक कानून में समान अधिकार, काम करने का अधिकार, उचित मजदूरी या समान वेतन, प्रजनन अधिकार, स्वामित्व का अधिकार आदि शामिल हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वार हमेशा महिलाओं को विधिक सेवा प्रदान करने के लिए खुले हुए हैं, महिलाएं विधिक जानकारी हेल्पलाइन नंबर 15100 पर कॉल करके विधिक जानकारी ले सकती हैं।

# केएम में हुआ किडनी के कैंसर का सफल ऑपरेशन, बचाई राजेन्द्र मरीज की जान

- राइट साइड किडनी की रेडिकल नेफ्रोक्टॉमी सर्जरी कर मरीज की बचाई जान

**अवधनामा संवाददाता**



**मथुरा।** मथुरा के दुर्जिया गांव में रहने वाले 65 वर्षीय राजेन्द्र की दायीं किडनी में गांठ के कारण उसकी जान आफत में पड़ गई। गांठ के कारण एक किडनी खराब हो गई। इतना ही नहीं गांठ में कैंसर भी फैलने लगा था। केएम सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के यूरोलॉजी विभाग में डा. आशीष खण्डेलवाल व उनकी चिकित्सकीय टीम ने सर्जरी कर उसकी जान बचा ली। सर्जरी में राजेन्द्र की किडनी निकालनी पड़ी।

राजेन्द्र लंबे समय से पेट दर्द और अन्य परेशानियों से परेशान चल रहा था, उसके यूरिन में खून आने से दिक्कत हो रही थी। खून में यूरिया की मात्रा लगातार बढ़ रही थी। राजेन्द्र ने पहले मथुरा सहित आगरा में इलाज कराया, वहां जांच में किडनी में गांठ की जानकारी हुई। पैसा अधिक होने के कारण वह कहीं इलाज नहीं करा सका। राजेन्द्र को किसी व्यक्ति द्वारा के.एम हॉस्पिटल का सुझाव दिया गया। के.एम हॉस्पिटल के यूरोलॉजिस्ट डा. आशीष खण्डेलवाल ने मरीज की जांच की तो पता चला कि किडनी के तीन चौथाई हिस्से में कैंसर फैला था। जिसके कारण किडनी पूरी तरह खराब हो चुकी थी। इसके बाद डॉक्टरों ने किडनी निकालने का फैसला किया। इसे रेडिकल नेफ्रोक्टॉमी कहते हैं। करीब तीन घंटे ऑपरेशन के बाद मरीज की किडनी निकाली गई। उसके कैंसर वाले हिस्से को भी निकाला गया। अब मरीज पूरी तरह स्वस्थ है। खास बात यह है कि दोबारा हुई जांच में कैंसर का कोई असर नहीं मिला है। यूरोलॉजिस्ट की डाक्टर टीम में सीनियर रेसीडेंट डा. रोहिताश सिंह, डा. नव संगीत, डा. सिद्धार्थ रेड्डी, डा. सौम्या शुमानी, डा. भूपेन्द्र सिंह, डा. पल्लवी, डा. आशुतोष, डा. प्रखती गुप्ता, डा. दुर्गेश यादव आदि का विशेष सहयोग रहा। इस सफलता के लिए केएमयू के कुलाधिपति किशन चौधरी, विवि के वाइस चांसलर डा. डीडी गुप्ता, प्रो. वाइस चांसलर डा. शरद अग्रवाल, मेडीकल प्रचार्य डा. पीएन भिसे, एडीशनल मेडीकल सुप्रीडेंट डा. आरपी गुप्ता ने विभाग की टीम को बधाई दी है।

# प्रधानमंत्री मोदी को डोमिनिका अवॉर्ड ऑनर मिलने पर एआइपीएमए ने की सराहना




**नई दिल्ली।** ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज ने गुयाना में कैरिबियाई देश डोमिनिका द्वारा भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को डोमिनिका अवॉर्ड ऑनर से सम्मानित किए जाने पर जूम मीटिंग द्वारा हार्दिक बधाई और सराहना व्यक्त की है। महाज ने इस सम्मान को भारत और डोमिनिका के बीच संबंधों को मजबूत करने वाला कदम बताते हुए इसे वैश्विक स्तर पर आपसी सहयोग और भाईचारे का प्रतीक माना है। संगठन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मोहम्मद यूनुस ने इस सम्मान को न केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बल्कि पूरे भारत का सम्मान बताते हुए इसे देश की वैश्विक छवि को सकारात्मक रूप से बढ़ाने वाला कदम कहा है। महाज का मानना है कि यह पुरस्कार दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक, आर्थिक, और सामाजिक संबंधों को नई दिशा देगा और आपसी विश्वास को और प्रगाढ़ करेगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष परवेज हनीफ ने कहा डोमिनिका अवॉर्ड ऑनर, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत द्वारा वैश्विक मुद्दों पर निभाई गई प्रभावी भूमिका और अंतरराष्ट्रीय संबंधों को प्रगाढ़ बनाने की उनकी दूरदर्शिता का प्रतीक है। यह भारत और डोमिनिका के बीच व्यापार, शिक्षा, और सांस्कृतिक आदान-प्रदान में तेजी लाने के लिए एक अहम कदम है। राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष शारिक अदीब ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने जलवायु परिवर्तन, वैश्विक व्यापार, और स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर अपनी प्रभावशाली उपस्थिति दर्ज कराई है। यह सम्मान भारत की सकारात्मक छवि और वैश्विक नेतृत्व की सराहना को दर्शाता है।

# पत्रकार उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं : रवीन्द्र

- मीडिया पत्रकार क्लब ने एडीएम को सौंपा ज्ञापन
- अन्तिम पारौल पर मुकदमा निरस्त करने की माँग की



**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** जनपद में आजकल पत्रकार मुसीबत में हैं। अक्सर विपक्षी साजिश कर पत्रकारों पर एससीएसटी एक्ट के तहत मुकदमे दर्ज करा दे रहे हैं। हाल ही में 13 नवंबर को थाना कोतवाली सदर में एक दबंग के बहकावे में आकर राजाराम अहिरवार नामक व्यक्ति ने पत्रकार अंतिम जैन पारौल के खिलाफ एक झूठा मुकदमा गाली गलौच कर धमकाने का एससीएसटी एक्ट के तहत दर्ज कराया है। इसके पहले भी पत्रकारों पर ऐसे ही झूठे मुकदमे दर्ज कराये जा चुके हैं। बुन्देलखंड मीडिया पत्रकार क्लब ने जिलाधिकारी को सम्बोधित एक ज्ञापन अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे राजेश श्रीवास्तव को सौंपकर इन मुकदमों पर अपना आक्रोश व्यक्त किया और बताया कि एससीएसटी एक्ट का दुरुपयोग रोका जाये। माँग की कि अन्तिम पारौल के मामले में तत्काल निष्पक्ष जाँच कर पत्रकार को राहत पहुँचाई जाये। पत्रकारों ने यह भी बताया कि पत्रकारों का काम निष्पक्ष खबर का प्रकाशन-प्रसारण होता है। इसमें उसके कई विरोधी पैदा हो जाते हैं। ऐसे में जब भी किसी पत्रकार के खिलाफ कोई शिकायत आती है तो उसकी सम्यक जाँच उपरान्त निष्पक्ष कार्यवाही होना चाहिये। झूठी रिपोर्ट लिखी जाकर पत्रकार का उत्पीडन् नहीं होना चाहिये। अपर जिलाधिकारी ने आश्वासन दिया कि प्रार्थनापत्र पर समुचित कार्यवाही होगी। इस दौरान बुन्देलखंड मीडिया पत्रकार क्लब के संरक्षक रवीन्द्र दिवाकर, जाकिर राज चौहान, राजाराम यादव, फहीम बख्श, अध्यक्ष अभिषेक बाजपेयी, महामंत्री परशुराम झा, उपाध्यक्ष मनमोहन चौबे, वेदप्रकाश लिटौरिया, शहनाज सिंह के अलावा सहयोगी अमित लखेरा, शैलेश गौतम, राममूर्ति तिवारी, केतन, महेश वर्मा, पंकज रैकवार, अमित रजक, अमित राठौर, सुनील कुमार जैन, अनूप नाँगल, महेश यादव, इंद्रजीत गौतम आदि मौजूद रहे।

# पर्थ टेस्ट से पहले टीम इंडिया में बड़ा बदलाव, देवदत्त पडिक्कल को मिला मौका



टीम इंडिया शुक्रवार यानी 22 नवंबर से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 5 मैचों की टेस्ट सीरीज खेलेगी। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने के लिहाज से भी भारत के लिए ये टेस्ट सीरीज काफी अहम है। दोनों टीमों के बीच टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला 22 नवंबर से पर्थ के ऑप्टस स्टेडियम में खेला जाना है। वहीं इससे पहले भारतीय टीम में धुरंधर बल्लेबाज की एंट्री हुई है।

इस मुकाबले में रोहित शर्मा भाग नहीं लेंगे। ऐसे में जसप्रीत बुमराह भारतीय टीम की कप्तानी करेंगे। इस मुकाबले से पहले भारतीय दल में बड़ा बदलाव देखने को मिला है। बीसीसीआई ने बाएं हाथ के बल्लेबाज देवदत्त पडिक्कल को पहले टेस्ट के लिए मुख्य टीम में शामिल किया है। बीसीसीआई ने ट्वीट करके इस बात की जानकारी दी है।

देवदत्त पडिक्कल हाल में भारत-ए की टीम का हिस्सा थे। जिसने ऑस्ट्रेलिया-ए के खिलाफ चार दिवसीय मुकाबले खेले थे। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ 36, 88, 26 और एक रन की पारी खेली थी। पडिक्कल ने इस साल इंग्लैंड के खिलाफ धर्मशाला में अपना टेस्ट डेब्यू किया था जिसमें उन्होंने बेहतरीन 65 रन बनाए थे।

वहीं शुबमन गिल के अंगूठे में फ्रैक्चर के कारण उनका पर्थ टेस्ट में खेलना सस्पेंस है। ऐसे में संभावना जताई जा रही है कि देवदत्त पडिक्कल पहले टेस्ट में तीसरे नंबर पर उतर सकते हैं।

# थोड़ा सा ज्ञान अपने भविष्य के लिए भी बचा लो... मोहम्मद शमी ने संजय मांजरेकर को पर किया कटाक्ष

आगामी आईपीएल 2025 मेगा नीलामी के लिए संजय मांजरेकर का मानना है कि महोम्मद शमी को अपने मूल्य टैग में गिरावट का सामना करना पड़ेगा। जिस पर खुद शमी ने कटाक्ष किया है। दरअसल, शमी घुटने की चोट के कारण एक साल के ब्रेक के बाद पिछले सप्ताह प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में लौटे और सात विकेट लेकर बंगाल को मध्य प्रदेश पर जीत दिलाई।

वहीं 24 और 25 नवंबर को जेद्दा में आईपीएल मेगा ऑक्शन होना है। लेकिन उससे पहले ही गुजरात टाइटंस ने मोहम्मद शमी को रिलीज कर दिया। जिसके बाद शमी के आईपीएल में बिकने की संभावनाओं का विश्लेषण करते हुए संजय मांजरेकर ने कहा कि चोट से ग्रस्त इस तेज गेंदबाज की कीमत में भारी गिरावट आने की संभावना है।

संजय मांजरेकर ने स्टार स्पोर्ट्स पर कहा था कि, टीमें निश्चित रूप से दिलचस्पी दिखआएंगी, लेकिन शमी की चोट के इतिहास को देखते हुए सीजन के दौरान संभावित ब्रेकडाउन कके बारे में हमेशा चिंता बनी रहती है, और हाल ही में हुई चोट को ठीक होने में काफी समय लगा। अगर कोई फ्रैंचाइजी भारी निवेस करती है तो फिर उसे बीच सीजन में खो देती है, तो उनके विकल्प सीमित हो जाते हैं। इस चिंता के कारण उसकी कीमत में गिरावट आ सकती है। आईपीएल 2022 में 6.25 करोड़ रुपये में शामिल किए गए मोहम्मद शमी ने गुजरात टाइटंस के लिए 33 मैच में 48 विकेट लिए। शमी 2023 सीजन में पर्पल कैप विजेता रहे थे। उस सीजन उन्होंने 17 पारियों में 18.64 के औसत और 8.03 की इकॉनमी से 28 विकेट लिए थे।

# बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में मोहम्मद शमी खेलेंगे या नहीं? जसप्रीत बुमराह ने दिया ये अपडेट



भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 की शुरुआत 22 नवंबर यानी शुक्रवार से होगी। पहला टेस्ट दोनों टीमों के बीच पर्थ में खेला जाएगा और इस मैच में भारतीय टीम की कप्तानी जसप्रीत बुमराह करेंगे क्योंकि पहले टेस्ट मैच के लिए रोहित शर्मा उपलब्ध नहीं होंगे। बुमराह पहली बार ऑस्ट्रेलिया धरती पर किसी टेस्ट मैच में टीम की कप्तानी करने जा रहे हैं और ये उनके लिए बतौर कप्तान खुद को साबित करने का बेहतरीन मौका भी होगा। पहले टेस्ट मैच में भारतीय टीम में रोहित शर्मा और शुभमन गिल जैसे दिग्गज खिलाड़ी नहीं होंगे ऐसे में बुमराह के लिए चुनौतियां और बढ़ जाती है। इस टेस्ट मैच से पहले बुमराह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान अपनी कप्तानी, टीम की तैयारियों पर बात की साथ ही मोहम्मद शमी इस टेस्ट सीरीज में खेलेंगे या नहीं इसके बारे में भी बताया। शमी ने कुछ दिन पहले ही प्रोफेशनल क्रिकेट में इंजरी के बाद वापसी की है और रणजी में उन्होंने बंगाल का प्रतिनिधित्व करते हुए पहले मैच में 7 विकेट भी लिए और दूसरी पारी में मध्यप्रदेश के खिलाफ अच्छी बल्लेबाजी भी की।

बुमराह ने शमी के बारे में बात करते हुए कहा कि शमी भाई ने क्रिकेट खेलना शुरू कर दिया है। जाहिर है वह इस टीम का अहम हिस्सा हैं। मुझे यकीन है कि प्रबंधन भी उन पर कड़ी नजर रख रहा है। उम्मीद है कि चीजें सही होंगी और उन्हें यहां भी देख पाएंगे। बता दें कि, पहले माना जा रहा था कि शमी जल्द से जल्द ऑस्ट्रेलिया भेजा जा सकता है जब उन्होंने रणजी में अपनी फिटनेस साबित कर दी थी, लेकिन बाद में ये रिपोर्ट सामने आई की भारतीय सेलेक्टर्स शमी को लेकर किसी भी तरह की जल्दबाजी में नहीं हैं और वे चाहते हैं कि शमी घरेलू स्तर पर कुछ और मैच खेलें और पूरी तरह से लय में आएं।

# मुझे विराट कोहली को कोई इनपुट देने की जरूरत नहीं... जसप्रीत बुमराह की प्रेस कॉन्फ्रेंस की बड़ी बातें




ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तहत चुनौतीपूर्व टेस्ट सीरीज से पहले भारत के कार्यवाहक कप्तान जसप्रीत बुमराह ने गुरुवार 21 नवंबर 2024 को कहा कि उनकी टीम घरेलू सीरीज में न्यूजीलैंड से 0-3 से मिली हार का बोझ लेकर यहां नहीं आई है। हालांकि, उन्होंने ये जरूर स्वीकर किया कि उनकी टीम ने न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज से सबक जरूर लिया है। पांच मैच की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी शुक्रवार 22 नवंबर 2024 से शुरू होगी।

पिता बनने के कारण पहले टेस्ट से बाहर रोहित शशर्मा की जगह कप्तानी कर रहे जसप्रीत बुमराह ने कहा कि, जब आप जीतते हैं तो शून्य से शुरुआत करते हैं, लेकिन जब हारते हैं, तब भी तो ऐसा ही होता है। हम भारत से कोई बोझ लेकर नहीं आए हैं। न्यूजीलैंड सीरीज से हमने सबक लिया है। लेकिन यहां के हालात अलग हैं और यहां हमारे नतीजे अलग रहे हैं। उन्होंने कहा कि टीम टॉस के समय ही अंतिम प्लेइंग इलेवन का खुलासा करेगी।

बुमराह ने आगे कहा कि, हमने आखिरी प्लेइंग इलेवन तय कर ली है और सुबह मैच से पहले आपको पता चल जाएगा। विराट कोहली से जुड़ा सवाल पूछने पर जसप्रीत बुमराह ने कहा कि, मुझे कोहली को कोई इनपुट देने की जरूरत नहीं है मैंने उनके नेतृत्व में ही डेब्यू किया है। एक सीरीज में उतार-चढ़ाव हो सकता है लेकिन वह आत्मविश्वास से भरे रहते हैं।

वहीं बुमराह ने पर्थ टेस्ट में कप्तानी को लेकर कहा कि, जब मैं यहां आया था तभी कोच और प्रबंधन ने मुझे स्पष्ट कर दिया था कि मैं टीम की अगुवाई करूंगा। जसप्रीत बुमराह को हमेशा से जिम्मेदारी और कठिन काम करना काफी पसंद रहा है। यही कारण है कि वह अपने कट्टर प्रतिद्वंद्वी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बहुप्रतीक्षित टेस्ट सीरीज के पहले मैच में भारत की अगुवाई करने का लुत्फ उठा रहे हैं।

# दो स्पिनर के साथ उतरेगा भारत या नीतीश करेंगे डेब्यू?



भारत ने 2018-19 और 2020-21 दौरों पर ऑस्ट्रेलिया को हराया था, लेकिन जिस तरह से हाल ही में न्यूजीलैंड ने भारत को उसकी धरती पर टेस्ट सीरीज में 3-0 से हराया, इससे भारतीय टीम का मनोबल जरूर गिरा होगा। भारत के लिए जरूरी है कि वह पुरानी कड़वी यादों को भुलाए और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अतीत में किए गए प्रदर्शन से प्रेरणा लेनी होगी। भारत को 2020-21 दौरे के शुरुआती मुकाबले में करारी हार का सामना करना पड़ा था और टीम एडिलेड में खेले गए उस मैच की दूसरी पारी में महज 36 रन पर ऑलआउट हो गई थी। भारतीय टीम ने खराब दौर से उबरकर वापसी की थी और मेलबर्न तथा ब्रिसबेन में अगले दोनों मैच जीतकर सीरीज अपने नाम करने में सफल रही थी।

कप्तान रोहित पहले ही इस मैच के लिए उपलब्ध नहीं थे, लेकिन इसके बाद शुभमन गिल भी चोटिल हो गए जिससे भारत की चिंता बढ़ गई। गिल कुछ दिन पहले इंट्रा स्क्वाड मैच के दौरान चोटिल हो गए थे और उनका इस मुकाबले में नहीं खेलना लगभग तय है। हालांकि, गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने बुधवार को कहा था कि गिल के बारे में कोई भी फैसला शुक्रवार की सुबह मैच शुरू होने से पहले लिया जाएगा। गिल तीसरे स्थान पर बल्लेबाजी के लिए उतरते हैं, ऐसे में भारतीय टीम प्रबंधन उनकी अनुपस्थिति में किस खिलाड़ी को लेगा यह देखना दिलचस्प होगा। माना जा रहा है कि गिल की जगह देवदत्त पडिक्कल तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतर सकते हैं।

रोहित की अनुपस्थिति में केएल राहुल यशस्वी जायसवाल के साथ पारी का आगाज करने उतर सकते हैं। राहुल ने हाल ही में ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ अनौपचारिक टेस्ट में ओपनिंग की थी। राहुल भारत ए के लिए भी प्रभावशाली प्रदर्शन नहीं कर सके थे और उन्होंने पहली पारी में चार रन और दूसरी पारी में 10 रन बनाए थे। राहुल हालांकि पिछले कुछ समय से खराब फॉर्म से गुजर रहे हैं जिस कारण उन्हें न्यूजीलैंड के खिलाफ पिछले दो टेस्ट मैच से बाहर रखा गया था। ऑस्ट्रेलिया में ओपनर के तौर पर राहुल का रिकॉर्ड बेहतर नहीं है। उन्होंने चार मैचों की सात पारियों में 26.14 के औसत और 45.29 के स्ट्राइक रेट से 183 रन बनाए हैं जिसमें एक शतक शामिल है। राहुल हालांकि, सीरीज शुरू होने से पहले अभ्यास सत्र के दौरान जमकर पसीना बहाते नजर आए थे। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट मुकाबले के लिए 21 वर्षीय ऑलराउंडर नीतीश रेड्डी को प्लेइंग-11 में शामिल होने मौका मिल सकता है। मोर्कल ने नीतीश को अवसर मिलने के संकेत दिए थे। अगर नीतीश प्लेइंग-11 में जगह बनाने में सफल रहे तो वह इस मैच से लाल गेंद के प्रारूप में डेब्यू करेंगे। नीतीश ने आईपीएल 2024 सीजन से प्रभाव छोड़ना शुरू किया था जिस कारण उन्हें टी20 अंतरराष्ट्रीय में डेब्यू करने का मौका मिला। नीतीश ने 23 प्रथम श्रेणी मैच ही खेले हैं, लेकिन मध्यम गति से गेंदबाजी करना और निचले क्रम में महत्वपूर्ण रन बनाने की उनकी क्षमता भारत के लिए विदेशी परिस्थिति में अहम साबित हो सकती है।

# जब नयनतारा ने बदला अपना धर्म, हिंदू रीति रिवाज से की शादी, विग्नेश शिवन के साथ जोड़ा जन्मों का साथ



नयनतारा अपनी डॉक्यूमेंट्री में नजर आ रही हैं। नयनताराः बियॉन्ड द फेयरीटेल स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर हिट नजर आ रही हैं। इसमें दिखाया गया है कि कैसे अभिनेत्री ने ईसाई धर्म से धर्मांतरण के बाद विग्नेश शिवन के साथ हिंदू रीति रिवाज से शादी करने का फैसला किया। नयनतारा ने ईसाई होने के बाद भी पति विग्नेश के साथ हिंदू रीति-रिवाजों के साथ शादी की। नयनतारा ने बताया कि वे जन्म से ही ईसाई हैं। उनकी मां हमेशा उन्हें शादी के गाउन में देखना चाहती थीं, हालांकि मैं फिर हिंदू बन गई और मुझे हिंदू रीति रिवाजों से ही शादी करनी थी। अभिनेत्री ने इसके अलावा भी हिंदू रीति रिवाजों से शादी करने का फैसला लिया। अभिनेत्री नयनतारा का असली नाम डायना कुरियन है। इंडस्ट्री में कदम रखने से पहले उन्होंने अपना नाम बदलकर नयनतारा कर लिया। साल 2011 में उन्होंने अपना धर्म बदल लिया था। वे पति विग्नेश शिवन के साथ तिरुपति मंदिर में शादी करना चाहती थीं। नयनतारा और विग्नेश शिवन की शादी 10 दिनों के अंदर ही प्लान की गई। दोनों ने शेरेटन ग्रैंड चेन्नई रिजॉर्ट एंड स्पा में महाबलीपुरम में शादी की थी। दोनों जुड़वा बच्चों के माता-पिता हैं। नयनतारा अक्सर अपनी तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा करती रहती हैं। नयनतारा की बायोग्राफी डॉक्यूमेंट्री हाल ही में ओटीटी पर रिलीज हुई है। इस बायोग्राफी को प्रशंसक बहुत पसंद कर रहे हैं। बायोग्राफी में दिखाया गया कि कैसे जन्म से ईसाई होने के बाद भी नयनतारा ने अपना धर्म बदल लिया। फिर अपना नाम भी बदल लिया। वे हिंदू त्योहारों को आज भी बहुत धूमधाम से मनाती हैं।

# बेटे-बहू के तलाक की अफवाहों के बीच पहली बार बिग बी ने तोड़ी चुप्पी



ऐश्वर्या राय और अभिषेक बच्चन की शादीशुदा जिंदगी को लेकर तमाम तरह की अटकलें लंबे समय से लगाई जाती रही हैं। बीते दिनों ऐसे दावे भी किए गए कि दोनों तलाक लेने जा रहे हैं। हालांकि, इन खबरों में कोई सच्चाई नहीं है और न ही किसी तरह की आधिकारिक पुष्टि हो सकी है। बच्चन फैमिली को लेकर समय-समय पर लगाई जाती रहीं अटकलों के बीच अमिताभ बच्चन ने आज अपने ब्लॉग पर एक नोट साझा किया है। उन्होंने इसमें अटकलों के संदर्भ में ही बात की है।

अमिताभ बच्चन सोशल मीडिया पर नियमित रूप से पोस्ट साझा करने के साथ-साथ ब्लॉग लेखन भी करते हैं। अपने हालिया ब्लॉग में उन्होंने कुछ ऐसा लिखा है, जो अब खबरों में छा गया है। दावा किया जा रहा है कि बिग बी ने ब्लॉग के जरिए अपने बेटे और बहू के रिश्ते को लेकर लगाई जा रही अटकलों पर पहली बार चुप्पी तोड़ी है। बिग बी ने ब्लॉग की शुरुआत इस तरह की है, अलग दिखने और जीवन में इसकी उपस्थिति पर यकीन करने के लिए बहुत साहस, दृढ़ विश्वास और ईमानदारी की दरकार होती है। मैं अपने परिवार को लेकर बहुत कम ही बोलता हूं, क्योंकि वह मेरा अधिकार क्षेत्र है। मैं इसकी निजता को बनाए रखता हूं।

# सैयामी खेर और साई ताम्हणकर का 'अग्नि' के ट्रेलर लॉन्च इवेंट में जलवा, फायर फाइटर्स ने भी की शिरकत




गुरुवार, 21 नवंबर को प्राइम वीडियो ने अपनी आगामी फिल्म 'अग्नि' का ट्रेलर लॉन्च इवेंट रखा। इसने एक्सेल एंटरटेनमेंट के साथ मिलकर दमदार ट्रेलर लॉन्च किया। इस इवेंट में फिल्म के कलाकारों समेत कई सितारों ने शिरकत की। 'अग्नि' का निर्देशन राहुल ढोलकिया ने किया है और उन्होंने ही इसे लिखा भी है। प्रतीक गांधी और दिव्येंदु शर्मा फिल्म में अहम भूमिका निभा रहे हैं। आइए जानते हैं ट्रेलर लॉन्च के दौरान रेड कार्पेट पर किन-किन सितारों ने जलवे बिखेरे हैं। 'अग्नि' के ट्रेलर लॉन्च इवेंट में इसके निर्माता फरहान अख्तर ने भी शिरकत की। उन्होंने इस फिल्म का निर्माण रितेश सिधवानी के साथ मिलकर किया है। इस दौरान उन्होंने फिल्म को लेकर अपने विचार साझा किए। फरहान ने ट्रेलर लॉन्च इवेंट के लिए खुद को ब्लैक ब्लेजर और ब्लू जींस में स्टाइल किया था। ट्रेलर लॉन्च इवेंट के दौरान फाइटर्स ने भी नजर आए। अधिकारियों ने मंच पर आकर अपने विचार रखे और अनुभव साझा किए। अंत में सभी ने एक ग्रुप फोटो भी खिंचवाई। इवेंट में अभिनेता दिव्येंदु शर्मा और सैयामी खेर ने भी शिरकत की। स्काई ब्लू ब्लेजर और व्हाइट पैंट में दिव्येंदु ने खुद को सिंपल और अट्रैक्टिव लुक में रखा। साथ ही अभिनेत्री सैयामी खेर ने खुद को ऑरेंज कलर के गाउन में स्टाइल किया, जिसमें वह बेहद खूबसूरत लग रही थीं। रेड कार्पेट पर अभिनेत्री साई ताम्हणकर जो कि फिल्म में प्रतीक गांधी की पत्नी का किरदार निभा रही हैं भी नजर आई। उन्होंने खुद को गुलाबी साड़ी में नजर आईं। उन्होंने अपने स्टाइल को ऑफ शोल्डर ब्लाउज के साथ पूरा किया।

# थिएटर पर सूर्या की कंगुवा से हुई दर्शकों को निराशा? अब ओटीटी पर देखें मलयालम की यह एडवेंचर-ड्रामा फिल्म



साउथ सुपरस्टार सूर्या की फिल्म कंगुवा को रिलीज हुए 6 दिन हो चुके हैं। किसी भी फिल्म की कमाई के लिए ये शुरुआती दिन काफी अहम होते हैं। लेकिन कंगुवा इस मौके का फायदा नहीं उठा पाई है। फिल्म की कमाई के ताजा आंकड़े उम्मीद के मुताबिक नहीं हैं। कंगुवा के लिए आगे का सफर लंबा नहीं लगता। दरअसल, इस समय हाल ही में रिलीज हुई फिल्में भूल भुलैया 3 और सिंघम अगेन अभी भी अच्छा खासा दर्शक वर्ग बटोर रही हैं। वहीं, प्रदूषण ने भी फिल्मों की कमाई को प्रभावित किया है। लोगों को सलाह दी गई है कि जब तक बहुत जरूरी न हो, घर से बाहर न निकलें। ऐसे में अगर आप भी कंगुवा देखने नहीं जाना चाहते हैं, तो घर बैठे ही ऐसी ही पृष्ठभूमि पर बनी फिल्में देख सकते हैं। दरअसल, हमारे पास आपके लिए एकदम सही फिल्म है!

किस मलयालम फिल्म की कहानी की तारीफ हो रही है? मलयालम भाषा की एक एडवेंचर-ड्रामा फिल्म साल 2024 में रिलीज हुई थी। इस एक्शन-ड्रामा फिल्म को अब डिज्नी+हॉटस्टार पर स्ट्रीम किया गया है। फिल्म की कहानी एक गांव में रहने वाले परिवार की तीन पीढ़ियों की कहानी है। एक बार एक तारा टूटकर गांव में गिर जाता है। टूटे हुए तारे से कई अनमोल खजाने निकलते हैं। इन खजानों और अन्य रहस्यमयी धातुओं को मिलाकर एक देवी की मूर्ति बनाई गई थी। इस अमूल्य मूर्ति पर सभी की नज़र थी। उस मूर्ति के लिए कई अलग-अलग समूहों के बीच लड़ाई होती है। फिर यह मूर्ति अपने असली स्थान पर कैसे जाती है, यह फिल्म उसी पर आधारित है। जी हां! हम बात कर रहे हैं टोविनो थॉमस की रू की।

कंगुवा की कहानी की बात करें तो ऐतिहासिक एक्शन ड्रामा फिल्म राजा वेल परी के जीवन पर आधारित थी। वह तमिलकम में परम्बुनाडु के राजा थे। वह एक उदार राजा थे। लेकिन जब चोल, पांड्या और चेरा के बीच अपने-अपने स्थानों के विस्तार के लिए युद्ध छिड़ गया, तो तमिलकम में स्थिति खराब होती चली गई। वेल परी किंग भी बहुत साहसी थे और उन्होंने भी पीछे नहीं हटे। यह फिल्म उनके जीवन से प्रेरित और उनकी बहादुरी से प्रभावित थी।

अच्छी पब्लिसिटी, महंगे बजट और दमदार स्टार कास्ट के बावजूद यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कोई खास कमाल नहीं दिखा पा रही है। फिल्म अब तक हिंदी दर्शकों को भी प्रभावित करने में नाकाम रही है। रिपोर्ट्स की मानें तो यह फिल्म 350 करोड़ रुपये के बजट पर बनी है। लेकिन फिल्म एक हफ्ते में बजट का आधा तो छोड़िए, 100 करोड़ रुपये भी नहीं जुटा पाई है। 6 दिनों में फिल्म का कलेक्शन 60 करोड़ रुपये रहा है, जिसे बहुत खास नहीं कहा जा सकता। आने वाले समय में इस फिल्म का कलेक्शन कैसा रहेगा, यह देखना दिलचस्प होगा।

# ए.आर.रहमान और सायरा बानो के तलाक का क्या है मोहिनी डे से कनेक्शन? अब वकील ने खोल दी सारी सच्चाई



ए.आर. रहमान और उनकी पत्नी सायरा बानो ने मंगलवार शाम को 29 साल की शादी के बाद अलग होने की घोषणा की। संयोग से, उसी दिन, मोहिनी डे, जो सालों से रहमान के साथ परफॉर्म करती रही हैं, ने भी अपनी शादी खत्म होने की घोषणा की। दोनों घटनाओं की रिपोर्ट आने के बाद, रहमान और सायरा के कानूनी प्रतिनिधि ने उनके बीच किसी भी तरह के संबंध को खारिज कर दिया। रिपब्लिक टीवी से बातचीत में, वकील वंदना शाह ने कहा, कोई संबंध नहीं है। सायरा और मिस्टर रहमान ने यह फैसला खुद लिया है। रहमान और सायरा बानो ने मंगलवार शाम को अलग होने की घोषणा की, उन्होंने इसे अपने रिश्ते में महत्वपूर्ण भावनात्मक तनाव बताया।

29 वर्षीय मोहिनी कोलकाता की बास प्लेयर हैं, जो गान बांग्ला के विंड ऑफ चेंज का हिस्सा हैं। उन्होंने रहमान के साथ दुनिया भर में 40 से अधिक शो में परफॉर्म किया है। उन्होंने मंगलवार को इंस्टाग्राम पर भी अपने पति संगीतकार मार्क हार्टसच से अलग होने की घोषणा की। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक संयुक्त पोस्ट में कहा, ÷हम जो सबसे बड़ी कामना करना चाहते हैं, वह है दुनिया में हर किसी के लिए प्यार। हम आपके द्वारा हमें दिए गए हर तरह के समर्थन की सराहना करते हैं। कृपया इस समय हमारे प्रति सकारात्मक रहकर और हमारी निजता का सम्मान करके हमारे द्वारा लिए गए निर्णय का सम्मान करें। हम किसी भी तरह के निर्णय की सराहना नहीं करेंगे। जबकि कई लोगों ने दोनों घोषणाओं को एक-दूसरे से जोड़ा था, क्योंकि वे एक-दूसरे के बहुत करीब थे, रहमान और सायरा के वकील ने अब स्पष्ट रूप से इसका खंडन किया है। रिपब्लिक के साथ अपनी बातचीत में, वंदना शाह ने यह भी कहा कि रहमान और सायरा बानो के अलगाव में वित्तीय मामलों पर कोई चर्चा नहीं हुई है। उन्होंने कहा अभी तक नहीं। यह अभी इस चरण तक नहीं पहुंचा है। यह एक सौहार्दपूर्ण तलाक होगा। वे दोनों बेहद सच्चे हैं, और यह निर्णय हल्के में नहीं लिया गया है। इसे आप दिखावा विवाह नहीं कहेंगे। रहमान और सायरा बानो ने 1995 में शादी की और उनके तीन बच्चे हैं। मंगलवार को आधी रात के बाद ट्विटर पर रहमान ने लिखा, ÷हमें उम्मीद थी कि हम तीस साल पूरे कर लेंगे, लेकिन ऐसा लगता है कि सभी चीजों का एक अदृश्य अंत होता है। टूटे हुए दिलों के वजन से भगवान का सिंहासन भी कांप सकता है। फिर भी, इस बिखराव में, हम अर्थ तलाशते हैं, भले ही टुकड़ों को फिर से अपनी जगह न मिले। हमारे दोस्तों, आपकी दयालुता और इस नाजुक अध्याय से गुजरते समय हमारी निजता का सम्मान करने के लिए धन्यवाद।÷

## घर में बुजुर्ग दंपती को बंधक बनाकर उड़ाए लाखों के नगदी और जेवरात, मारपीट कर फरार हुए बदमाश



**नई दिल्ली।** राजस्थान के अलवर से लूट की एक बड़ी घटना की खबर सामने आई है। यहां पर 5 नकाबपोश बदमाशों ने बुजुर्ग दंपती को उनके ही घर में बंधक बनाकर लूट की घटना को अंजाम दिया। इस वारदात को उस वक्त अंजाम दिया गया, जब बुजुर्ग दंपती के पुत्र अपनी पत्नी के साथ एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए उत्तर प्रदेश गए थे। दरअसल, अलवर शहर के आर्य नगर निवासी नीरज गर्ग अपनी पत्नी और बच्चों के साथ एक शादी समारोह में शामिल होने उत्तर प्रदेश के बरेली गए थे। नीरज ने घर पर अपने बुजुर्ग माता पिता को छोड़ा था। इस दौरान मौका देख देर रात बदमाश घर में दाखिल हुए। नगदी और जेवरात लेकर फरार हुए बदमाश देर रात घर में दाखिल बदमाशों ने बुजुर्ग दंपती के साथ मारपीट भी की। घर पर रखे लाखों रुपये नगद एवं अन्य सोने-चांदी के जेवरात लेकर बदमाश फरार हो गए। ये पूरी घटना घर के बाहर लगे सीसीटीवी में रिकॉर्ड हो गई है। इन सीसीटीवी फुटेज की मदद से पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। इस पूरे मामले को लेकर डीएसपी आनंद शर्मा ने बताया कि सुबह करीब 5 बजे सूचना मिली की अलवर शहर के आर्य नगर में 5 नकाबपोश घर के अंदर दाखिल हुए थे। इन बदमाशों ने घर में सो रहे बुजुर्ग दंपती को करीब 1 घंटे तक बंधक बनाया और घर में रखे नगदी और अन्य सामान लेकर फरार हो गए। ममाले की जांच की जा रही है।

# पाकिस्तान से मछुआरों को बचा लीजिए..., स्टालिन ने जयशंकर को पत्र लिख रिहाई का किया आग्रह

**तत्काल**

**इससे पहले हाल ही में स्टालिन ने जयशंकर से श्रीलंकाई अधिकारियों द्वारा भारतीय मछुआरों की बढ़ती गिरफ्तारी के मामलों पर तत्काल कूटनीतिक उपाय करने का आह्वान किया था।**



**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने केंद्रीय विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर को पत्र लिख केंद्र की सहायता मांगी है। स्टालिन ने कहा कि इस साल की शुरुआत में पाकिस्तानी नौसेना ने 14 भारतीय मछुआरों को हिरासत में ले लिया था और अब उनकी रिहाई सुनिश्चित करने के प्रयासों में तेजी लानी चाहिए। दरअसल, हिरासत में लिए गए मछुआरों में सात तमिलनाडु के हैं। मछुआरों को 3 जनवरी 2024 को गुजरात के पोरबंदर से मछली पकड़ने के दौरान गिरफ्तार कर लिया गया था। उनकी मशीनीकृत मछली पकड़ने वाली नौकाओं को भी पाकिस्तानी नौसेना ने जब्त कर लिया। अपने पत्र में स्टालिन ने लगभग 10 महीने की हिरासत पर चिंता व्यक्त की और गिरफ्तार मछुआरों के परिवारों पर पड़ने वाले भावनात्मक और वित्तीय तनाव के बारे में बात की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कमाने वाले सदस्यों की अनुपस्थिति ने उनके परिवारों को गंभीर संकट में डाल दिया है।

स्टालिन ने लिखा, ÷लंबे समय तक हिरासत में रखे जाने और इसमें शामिल मानवीय चिंताओं को देखते हुए, मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि सभी मछुआरों की तत्काल रिहाई सुनिश्चित करने के लिए राजनयिक चैनलों के माध्यम से इस मामले को ठोस और सार्थक तरीके से उठाया जाए। मुख्यमंत्री ने केंद्र से जब्त मछली पकड़ने वाली नौकाओं की रिहाई सुनिश्चित करने का भी आग्रह किया, जो मछुआरों और उनके परिवारों की आजीविका के लिए महत्वपूर्ण हैं। इससे पहले हाल ही में स्टालिन ने जयशंकर से श्रीलंकाई अधिकारियों द्वारा भारतीय मछुआरों की बढ़ती गिरफ्तारी के मामलों पर तत्काल कूटनीतिक उपाय करने का आह्वान किया था। मुख्यमंत्री ने ऐसी घटनाओं की बढ़ती आवृत्ति पर चिंता व्यक्त की और कहा कि वर्ष 2024 में सात वर्षों में श्रीलंकाई नौसेना द्वारा तमिलनाडु के मछुआरों की सबसे अधिक गिरफ्तारी हुई है। तमिलनाडु सरकार ने लगातार इस मुद्दे को उठाया है, राज्य के मछुआरा समुदाय की सुरक्षा की वकालत की है, जिनके सदस्य अक्सर आजीविका की तलाश में विवादित जल में जाते हैं।

## यासिन मलिक अगर कश्मीर गया तो..., सुप्रीम कोर्ट में क्यों उठा आतंकी कसाब की सुनवाई का मुद्दा?



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कश्मीरी अलगाववादी नेता यासीन मलिक से जुड़ी एक याचिका पर सुनवाई हुई। कार्यवाही के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने अजमल कसाब के मामले का हवाला देते हुए निष्पक्ष सुनवाई के महत्व को दोहराया है। साल 1989 में भारतीय वायु सेना (आईएएफ) के चार कर्मियों की हत्या के मामले में मलिक को जम्मू की अदालत में शारीरिक रूप से पेश होने को कहा गया है। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) इस आदेश के खिलाफ कोर्ट में अपील की है। हालांकि, मलिक ने यह कहा है कि वह व्यक्तिगत रूप से पेश होना चाहते हैं। सीबीआई ने जम्मू की अदालत के आदेश को चुनौती देते हुए कहा है कि मलिक की शारीरिक उपस्थिति से जम्मू कश्मीर में माहौल बिगाड़ सकता है और उनके खिलाफ गवाहों को खतरा हो सकता है। केंद्रीय एजेंसी की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने न्यायमूर्ति ए एस ओका और न्यायमूर्ति ए जी मसीह की पीठ से कहा, हम उसे जम्मू-कश्मीर नहीं ले जाना चाहते। न्यायमूर्ति ए एस ओका ने पूछा, लेकिन वीसी (वीडियो कॉन्फ्रेंस) में जिरह कैसे की जा सकती है।पीठ ने जम्मू में खराब इंटरनेट कनेक्टिविटी का भी उल्लेख किया। तुषार मेहता ने कहा कि अगर मलिक व्यक्तिगत रूप से पेश होने पर अड़े रहते हैं, तो मामले को दिल्ली स्थानांतरित किया जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि अलगाववादी नेता व्यक्तिगत रूप से पेश होने पर जोर देकर ÷चालें चल रहे हैं। सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि मलिक ÷सिर्फ एक और आतंकवादी नहीं है। तुषार मेहता की दलीलें सुनने के बाद जस्टिस ओका ने कहा, सुनिए कि मुकदमे में कितने गवाह हैं, हमारे देश में अजमल कसाब को भी निष्पक्ष सुनवाई मिली थी। कोर्ट ने इस बात पर सहमति जताई कि सुनवाई के लिए जेल में ही कोर्ट बनाया जा सकता है। इसके बाद पीठ ने केंद्र से पूछा कि कितने गवाह पेश होंगे और उनकी सुरक्षा व्यवस्था क्या होगी। मामले की अगली सुनवाई अगले गुरुवार को होगी।

## अब हमें चेतना होगा... बदल जाएगा युद्ध लड़ने का तरीका, सीडीएस अनिल चौहान ने बताए तीन नए War ट्रेंड



**नई दिल्ली।** चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने इंटरनेशनल सेंटर में भविष्य के युद्ध के बारे में बात की है। उन्होंने ये भी कहा कि जैसे जैसे तकनीक बढ़ रही है, आधुनिक युद्ध में परिवर्तनकारी बदलाव देखे जाएंगे। सी.डी. देशमुख ऑडिटोरियम में बोलते हुए सीडीएस ने युद्ध की विकसित प्रकृति और भविष्य के संघर्षों के लिए भारत की तैयारियों के बारे में भी विस्तार से बताया। सीडीएस चौहान ने भविष्य के युद्ध को नया आकार देने वाले तीन प्रमुख तकनीकी रुझानों की बात की और कहा कि इसमें रोबोटिक्स और स्वचालन, गति और वेग और युद्ध का बुद्धिमत्तापूर्ण होना शामिल होगा।अनिल चौहान ने कहा कि युद्ध हमेशा से ही मनुष्यों के बीच एक प्रतियोगिता रही है। कोई बेहतर हथियारों से लैस हो सकता है, बेहतर बॉडी आर्मर, तलवार, भाला या आधुनिक राइफल से लैस हो सकता है या उसके पास बेहतर गतिशीलता हो सकती है। फिर भी इसके केंद्र में युद्ध हमेशा मनुष्यों के बीच ही रहा है। सीडीएस ने आगे चेताते हुए कहा कि अब युद्ध का तरीका बदला जाएगा। अब हम एक नए युग की शुरुआत कर रहे हैं, अब तक जो युद्ध मनुष्यों के बीच हो रहे थे, कल इसमें मशीनें जगह ले लेंगी। दूसरा ट्रेंड त्वरित गति के बारे में बात करते हुए अनिल चौहान ने हाइपरसोनिक्स, ड्रोन और ओर्बिटल डिफेंस सिस्टम में हुई प्रगति का उल्लेख किया। सीडीएस ने कहा कि हाइपरसोनिक्स, ग्लाइड और क्रूज आंशिक कक्षीय प्रणाली जो दुनिया का चक्कर लगा सकती है और स्टील्थ तकनीक जैसी तकनीकों द्वारा संचालित हो रही है। उन्होंने कहा कि छोटे क्रॉस-सेक्शन वाले ड्रोन, दिखते नहीं है और उन्हें निशाना नहीं बनाया जा सकता।

# महिलाओं के नाम पर होगी गांवों में पीएम आवास योजना के घरों की रजिस्ट्री, पुरुषों के नाम नहीं होगा पंजीकरण

**योजना**

**यह बड़ी उपलब्धि है। दूसरे चरण में यह आंकड़ा सौ प्रतिशत तक पहुंचाने का लक्ष्य है। पीएम आवास योजना (ग्रामीण) ने**




**नई दिल्ली।** महिला सशक्तीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के दूसरे चरण में महिलाओं को ही घर के स्वामित्व का अधिकार देने का फैसला किया है। ग्रामीण विकास मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार आवास योजना के इस प्रावधान का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा कि घरों का पंजीकरण लाभार्थी परिवार की महिला सदस्य के नाम पर ही हो। योजना में घरों के पंजीकरण के लिए दो विकल्प होंगे-संयुक्त या फिर केवल घर की महिला के नाम पर। केवल पुरुषों के नाम अब पंजीकरण न करने का फैसला किया गया है। पीएम आवास योजना को लेकर सरकार का बड़ा कदम अधिकारी के अनुसार यह महिलाओं पर सबसे अधिक ध्यान देने का ही नतीजा है कि पीएम आवास योजना (ग्रामीण) में लगभग 75 प्रतिशत घरों का स्वामित्व या तो अकेले महिलाओं के नाम पर है या फिर उन्हें शामिल करते हुए संयुक्त रूप से। यह बड़ी उपलब्धि है। दूसरे चरण में यह आंकड़ा सौ प्रतिशत तक पहुंचाने का लक्ष्य है। पीएम आवास योजना (ग्रामीण) ने बुधवार को आठ वर्ष पूरे कर लिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस योजना की शुरुआत 2016 में आगरा में की थी। दूसरे चरण के क्रियान्वयन के लिए ग्रामीण मंत्रालय ने प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके तहत आवास प्लस-2024 सर्वे लांच किया गया है ताकि लाभार्थियों की पहचान की जा सके। मंत्रालय उन शिकायतों को दूर करने की कोशिश में जुट गया है, जिनमें यह आरोप लगाया जाता है कि सर्वे के दौरान किसी को जानबूझकर लाभार्थियों की सूची में शामिल नहीं किया गया। इसे रोकने के लिए अब ग्रामीण घरों को सेल्फ सर्वे की सुविधा दी गई है। इसके तहत योजना का लाभ लेने का इच्छुक व्यक्ति अपनी फोटो के साथ एप पर खुद ही आवेदन कर सकेगा। सर्वे में दस बिंदु होंगे जिनके आधार पर पात्र लाभार्थियों का चयन होगा। दूसरे चरण में ग्रामीण क्षेत्रों में दो करोड़ पीएम आवास बनाए जाने हैं। सरकार के पास 1.20 करोड़ लाभार्थियों की सूची है। सर्वे के आधार पर 80 लाख और लाभार्थियों का चयन किया जाएगा। मूल सूची 2011 की सामाजिक-आर्थिक गणना के आधार पर बनाई गई है। इसके बाद इसे आवास प्लस सर्वे 2018 से अपडेट किया गया है।

## कार रिवर्स कर रहा था ड्राइवर, पीछे आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने रौंद डाला; 10 लोग घायल

**नई दिल्ली।** कर्नाटक के कुंदापुर में राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक बड़ा हादसा हो गया। यहां ड्राइवर अपनी टोयोटा इनोवा को रिवर्स कर रहा था। एक वीडियो में दिखाया गया कि रिवर्स पार्किंग लाइटें लगी हुई थीं और कार सड़क के बाएं हिस्से में एक दम कोने पर थी। अचानक एक तेज रफ्तार ट्रक ने कार में टक्कर मार दी। दुर्घटना में दस लोग घायल हो गए।कार में ड्राइवर समेत सात लोग सवार थे, जो उडुपी के कोल्लूर देवी मंदिर के दर्शन के बाद वापस केरल जा रहे थे। कुंदापुर में कुंभशी चंडिका दुर्गापरमेश्वरी मंदिर के सामने ड्राइवर ने कार रिवर्स कर दी। कार थोड़ी सी पीछे आई होगी तभी मछली ले जा रही एक तेज रफ्तार लॉरी ने एसयूवी को टक्कर मार दी। ट्रक ने कार को एक बोर्ड के सामने रुकने से पहले तक कई मीटर तक घसीटा, जिससे कार पलटने से पहले झाड़ियों में जा गिरी। इस घटना में दस लोग घायल हो गए और दो को गंभीर चोटें आई हैं और उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। कार में सात लोग केरल के थे। ट्रक में सवार लोगों की पहचान अज्ञात है। पुलिस ने घटना का मामला दर्ज कर लिया है। महाराष्ट्र के नासिक जिले में बुधवार सुबह महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम (एमएसआरटीसी) की बस और ट्रक की टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई और 18 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बुधवार को इस मामले की जानकारी दी।

## बच्चों ने इंटरनेट मीडिया किया इस्तेमाल तो लगेगा ढाई अरब रुपये का जुर्माना, इस देश ने दिखाई सख्ती




**एपी, मेलबर्न।** इंटरनेट मीडिया के गलत प्रभाव से बच्चों को बचाने के लिए गुरुवार को ऑस्ट्रेलियाई संसद में एक बिल पेश किया गया। दुनिया में अपने तरह का पहला यह बिल 16 साल से कम उम्र के बच्चों को इंटरनेट मीडिया से प्रतिबंधित कर देगा। ऑस्ट्रेलिया की संचार मंत्री मिशेल रोलैंड ने कहा कि अगर इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म टिकटाक, फेसबुक, स्नैपचैट, रेडिट, एक्स और इंस्टाग्राम छोटे बच्चों को अकाउंट बनाने से रोकने में विफल होंगे, तो उनपर 33 मिलियन डालर (2,787,498,714 रुपये) तक का जुर्माना लगेगा। बिल को व्यापक राजनीतिक समर्थन प्राप्त है। इसके कानून बनने के बाद आयु प्रतिबंध को लागू करने के लिए प्लेटफार्मों को एक वर्ष का समय मिलेगा। संचार मंत्री ने कहा कि 14 से 17 वर्ष के लगभग दो-तिहाई किशोरों ने हिंसक सामग्री सहित खुद को हानि पहुंचाने वाले कंटेंट देखे हैं। सरकार की ओर से कराए गए शोध में 95 प्रतिशत अभिभावक आनलाइन सुरक्षा को सबसे कठिन चुनौतियों में से एक मानते हैं। उन्होंने कहा कि इंटरनेट मीडिया की एक सामाजिक जिम्मेदारी है और वह अपने प्लेटफार्म पर होने वाले नुकसान को दूर करने में बेहतर काम कर सकता है। रोलैंड ने कहा कि अगर इंटरनेट प्लेटफार्म आयु जानने के लिए प्राप्त यूजर्स की व्यक्तिगत जानकारी का दुरुपयोग करते हैं, तो उन्हें (33 मिलियन डालर) तक का जुर्माना भी भरना पड़ेगा। ऑस्ट्रेलिया 18 साल से कम उम्र के बच्चों को आनलाइन पोर्न कंटेंट तक पहुंच रोकने के तरीकों की भी तलाश कर रहा है।

## पाकिस्तान में फिर आतंकी हमला, वैन पर बरसाई गोलियां; 11 की मौत

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान से एक बार फिर से आतंकी हमले की खबर सामने आई है। गुरुवार को उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान के कबायली इलाके में यात्री वैन पर बंदूक से किए गए हमले में कम से कम 11 लोगों की मौत होने की खबर है। दरअसल, खैबर पख्तूनख्वा के मुख्य सचिव नदीम असलम चौधरी ने पुष्टि की कि हमला कुर्रम के पाराचिनार से काफिले में जा रहे यात्री वैन को निशाना बनाकर किया गया। अफगानिस्तान की सीमा से लगे कबायली इलाके में भूमि विवाद को लेकर सशस्त्र शिया और सुन्नी मुसलमानों के बीच दशकों से तनाव बना हुआ है।

# न्यूयॉर्क स्टॉक एक्सचेंज पर बम विस्फोट की साजिश! अमेरिकी पुलिस ने एक शख्स को किया गिरफ्तार

**पहचान**

**गिरफ्तार शख्स की पहचान हारुन अब्दुल-मलिक येनर के तौर पर हुई है, जिसकी उम्र 30 साल बताई जा रही है।**



**नई दिल्ली।** अमेरिकी पुलिस के हाथ एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। अदालत में दाखिल एक दस्तावेज में बताया गया कि अमेरिकी पुलिस ने एक ऐसे शख्स को गिरफ्तार किया है, जो न्यूयॉर्क स्टॉक एक्सचेंज पर बम विस्फोट की साजिश रचने की फिराक में था। गिरफ्तार शख्स की पहचान हारुन अब्दुल-मलिक येनर के तौर पर हुई है, जिसकी उम्र 30 साल बताई जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि ये शख्स फ्लोरिडा क्षेत्र का रहने वाला है। हालांकि, ये किसी एक जगह पर नहीं रहता है। संदिग्ध बेघरों के जैसे रहता था। गिरफ्तार शख्स ने अपनी योजना अंडरकवर अधिकारियों के साथ साझा की। संघीय जांच ब्यूरो के एजेंटों ने महीने भर की जांच के बाद हारुन अब्दुल-मलिक येनर को गिरफ्तार किया है। कथित तौर पर येनर ने पाइप बम बनाने के लिए विस्फोटक घटकों को खोजने में मदद करने के लिए अंडरकवर एजेंटों से कहा था। हालांकि, आरोपी को ये अंदाजा नहीं था कि जिसे वह मिलिशिया का सदस्य समझ रहा है वह सभी अंडरकवर एजेंट हैं। संघीय जांच ब्यूरो की जानकारी के अनुसार संदिग्ध हारुन अब्दुल-मलिक येनर बम विस्फोट का उसका मकसद अमेरिकी सरकार को रीबूट करना था। आरोपी का कहना था कि उसने न्यूयॉर्क में स्टॉक एक्सचेंज बिल्डिंग को इसलिए चुना क्योंकि बहुत सारे लोग इसका समर्थन करेंगे। क्या बोला हारुन अब्दुल-मलिक येनर ? हालांकि, जब अधिकारियों ने उससे पूछा कि क्यों इसने ये जगह चुनी तो संदिग्ध ने बताया, मैंने इसे पहले ही देख लिया है, मुझे इसका लेआउट पता है, वहां बमुश्किल कोई सुरक्षा है।÷ येनर के स्वामित्व वाली एक स्टोरेज यूनिट की तलाशी के बाद पुलिस के अधिकारियो को वहां से बम बनाने के स्केच, टाइमर, सर्किट बोर्ड और अन्य इलेक्ट्रॉनिक्स मिले। माना जा रहा है कि इसका इस्तेमाल विस्फोटक उपकरण बनाने के लिए किया जा सकता था। उल्लेखनीय है कि FBI ने बताया कि येनर ने सरकार विरोधी भावनाएँ व्यक्त कीं। उसने दावा किया कि अमेरिका अब क्रांति के लिए तैयार है। वहीं, अंडरकवर एजेंटों से बातचीत में उसने बताया कि वह दक्षिणपंथी मिलिशिया में शामिल होने के लिए तमाम प्रयास कर चुका है। वहीं, येनर ने खुद की तुलना 9/11 हमलों के पीछे के मास्टरमाइंड ओसामा बिन लादेन से की। संदिग्ध को पहली बार बुधवार को फ्लोरिडा के दक्षिणी जिले की अदालत में पेश किया गया था। यहां पर उसे एक सार्वजनिक बचावकर्ता नियुक्त किया गया। हालांकि, येनर के इरादे आंशिक रूप से अस्पष्ट हैं। संघीय अधिकारियों ने उसकी योजनाओं की गंभीरता पर जोर दिया है।

# रूस का यूक्रेन पर बड़ा हमला, पहली बार दागी इंटरकॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल

**सिस्टम**

**हाल ही में रूस ने दावा किया था कि उसके हवाई डिफेंस सिस्टम ने दो ब्रिटिश स्टॉर्म शैडो मिसाइलों को मार गिराया है।**



**कीव।** रूस ने यूक्रेन पर एक इंटर कॉन्टिनेंटल यानी अंतरमहाद्वीपीय मिसाइल दागी है। यूक्रेन ने दावा किया है कि युद्ध में पहली बार रूस ने इंटर कॉन्टिनेंटल मिसाइलों से हमला किया है। जानकारी के मुताबिक, आज (21 नवंबर) की सुबह 5 से 7 बजे के बीच रूस की ओर से यह हमला किया गया। आशंका जताई जा रही है कि रूस ने RS-26 Rubezh मिसाइलों का इस्तेमाल किया है। इस मिसाइल की रेंज 5,800 किमी है। यूक्रेन की वायुसेना ने इस हमले की पुष्टि की है। इस मिसाइल के अलावा किंझल हापरसोनिक और केएच-101 क्रूज मिसाइलों से भी हमला किया गया है। गौरतलब है कि 20 नवंबर को यूक्रेन की इंटेलिजेंस ने दावा किया था कि रूसी सेना इंटरकॉन्टीनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल RS--26 Rubezh को दागने की तैयारी कर रही है। हाल ही में रूस ने दावा किया था कि उसके हवाई डिफेंस सिस्टम ने दो ब्रिटिश स्टॉर्म शैडो मिसाइलों को मार गिराया है। रूस ने बीती रात यूक्रेनी शहर निप्रो को निशाना बनाया है। क्रेन की वायुसेना ने बृहस्पतिवार को टेलीग्राम पर एक बयान में कहा गया कि रूस के अस्त्रखान क्षेत्र से यह मिसाइल दागी गई है। हाल ही में अमरेकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने यूक्रेन को अमेरिका निर्मित लंबी दूरी की मिसाइलों के उपयोग को हरी झंडी दी थी। इसके बाद यूक्रेन ने रूस पर मिसाइलें दागी थी। माना जा रहा है यूक्रेन के हमले का रूस ने जवाब दिया है। बता दें कि आईसीबीएम रणनीतिक हथियार हैं, जिन्हें परमाणु हथियार पहुंचाने के लिए डिजाइन किया गया है और ये रूस के परमाणु निवारक का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं।

## जब गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने की ट्रंप से फोन पर बात, बीच में शामिल हो गए एलन मस्क

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति पद के लिए चुने गए डोनाल्ड ट्रंप और दिग्गज उद्योगपति एलन मस्क की दोस्ती अब जगजाहिर है। चुनाव जीतने के



बाद से दोनों लगभग हमेशा साथ रहे हैं। यह बात एक बार तब साबित हुई जब गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने ट्रंप को फोन किया और मस्क भी कॉल में शामिल हो गए। द इंफॉर्मेशन की रिपोर्ट के अनुसार, पिचाई ने हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में कमला हैरिस पर जीत के लिए ट्रंप को बधाई देने के लिए फोन किया। तभी मस्क भी इस कॉल में जुड़ गए और तीनों में बातचीत हुई। इससे पहले, मस्क ने गूगल के सर्च रिजल्ट में पक्षपात का आरोप लगाया था, जिसमें कहा गया था कि ट्रंप को सर्च करने पर हैरिस से जुड़ी खबरें सामने आती हैं। टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ मस्क पहले भी दुनिया के नेताओं के साथ टेलीफोन कॉल में शामिल हो चुके हैं और कर्मियों के चयन पर सलाह दे चुके हैं।

राष्ट्रपति इलेक्ट ट्रंप के साथ अपने करीबी संबंधों के कारण ही मस्क को फर्स्ट बडी कहा जाता है। दोनों को स्पेसएक्स स्टारशिप रॉकेट के प्रक्षेपण और 16 नवंबर को अल्टीमेट फाइटिंग चैंपियनशिप हैवीवेट मुकाबले सहित विभिन्न कार्यक्रमों में एक साथ देखा गया है।

# महिला को जुए की लत ने बनाया सीरियल किलर, 14 लोगों को साइनाइड देकर उतारा मौत के घाट



**नई दिल्ली।** थाईलैंड की एक अदालत ने 36 वर्षीय महिला को मौत की सजा सुनाई। उसे देश के इतिहास का सबसे खतरनाक सीरियल किलर बताया जा रहा है। साराारत रंगसिवुथापोर्न Sararat Rangsiwuthaporn को 14 दोस्तों को साइनाइड देकर मारने के आरोप में कोर्ट ने फांसी की सजा सुनाई है। महिला ने साल 2015 से लेकर अब तक 14 लोगों को मौत के घाट उतार दिया। उसे अपनी सहेली की हत्या के आरोप में सजा सुनाई गई। वहीं, साराारत रंगसिवुथापोर्न के खिलाफ अन्य 13 मामले कोर्ट में चल रहे हैं। साल 2023 में साराारत रंगसिवुथापोर्न अपनी एक दोस्त सिरिपोर्न खानगांव के साथ घूमने गई थी। दोनों ने घाट पर मछली को दाना डाला और बाद में दोनों ने खाना खाया। खाने के कुछ देर बाद सिरिपोर्न की तबीयत बिगड़ गई और वो नदी किनारे गिर पड़ी। साराारत अपनी आंखों के सामने अपनी दोस्त को तड़पते हुए देखती रही। पुलिस ने जब सिरिपोर्न का पोस्टमॉर्टम किया तो पता चला कि उसके खाने में साइनाइड दिया गया था। सिरिपोर्न के परिवारवालों ने साराारत के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने सबूत जुटाए और मई 2023 में साराारत को गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद साराारत ने खौफनाक राज खोले। पुलिस को जानकारी मिली कि 2015 से लेकर अब तक उसने 14 लोगों साइनाइड देकर हत्या की है। पुलिस ने बताया कि मरने वालों में सराारात के पूर्व प्रेमी, दोस्त और पुलिस अधिकारी शामिल है। इनमें 12 महिलाएं और 2 पुरुष है।

सवाल ये है कि साराारत ने आखिर ऐसा क्यों किया पुलिस ने बताया कि ये सभी हत्याएं पैसे के लिए की गई। साराारत को जुए की लत थी। वो कर्ज में डूबी हुई थी। उसपर क्रेडिट कार्ड का कर्जा था। वो अपने दोस्तों और जानने वालों से पैसे मांगती थी। जब लोग उससे पैसे वापस मांगते तो वो उसे जान से मार देती। उसने पीने के पानी थाईलैंड पुलिस ने बताया कि साराारत ने 15 लोगों को जहरीली जड़ी- बूटी वाली कैप्सूल खिलाया। हालांकि इनमे से एक व्यक्ति बच गया।

# तहसील मड़ियाहूं के सभागार में राजस्व तथा कृषि अधिकारियों के साथ डीएम ने ली बैठक

**अवधनामा संवाददाता**



**जौनपुर।** जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र ने तहसील मड़ियाहूं के सभागार में राजस्व तथा कृषि अधिकारियों के साथ बैठक किया। जिसमें किसान रजिस्ट्री से होने वाले फायदों के बारे में विस्तार से बताया गया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में किसान रजिस्ट्री का कार्यक्रम चलाया जा रहा है जिसके तहत किसानों को किसान पहचान पत्र जारी किए जाएंगे। यह रजिस्ट्री चार मोड में की जा सकेगी। पहले मोड में किसान स्वयं कर सकता है, दूसरा मोड में कॉमन सर्विस सेंटर द्वारा, तीसरा मोड सहायक द्वारा ,चौथा मोड विभागीय कैंप में शामिल होकर किसान स्वयं को पंजीकृत करवा सकता है। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार डिजीटल क्राप सर्वे के उपरान्त कृषक रजिस्ट्री करायी जा रही हैं तत्क्रम में आज कृषक रजिस्ट्री कार्यकाशा का आयोजन किया गया। जिसमें विस्तार से कर्मचारियों को जानकारी दी गयी। जिसके माध्यम से प्रत्येक किसान की फार्मर रजिस्ट्री बनायी जाएगी। उन्होने किसानों से अपील किया है कि किसान स्वयं भी फार्मर रजिस्ट्री एप पर आवेदन कर सकते है। उन्होंने कहा कि पंजीयन कराने से सरकारी योजनाओं में पारदर्शिता आएगी। किसानों को डिजिटल आईडी मिलेगी, जिससे सरकारी योजनाओं का लाभ आसानी से उठाया जा सकता है। फसल बीमा का लाभ रजिस्टर्ड किसान को आसानी से मिलेगा। कृषि ऋण व किसान क्रेडिट कार्ड जैसी सुविधाओं का लाभ भी सरलता से मिलेगा। आधार कार्ड की तरह किसानों का भी स्मार्ट कार्ड बनाया जा रहा है। उन्होंने राजस्व तथा कृषि विभाग के कर्मचारियों को निर्देशित किया कि किसानों को गांव के पंचायत भवन में कैंप लगाकर तकनीकी सहायता उपलब्ध कराएं। एक महीने के अंदर किसान रजिस्ट्री का कार्य पूरा कराने वाले कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि हर तहसील में एक दिन वह स्वयं कैंप में उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा उन्होंने 70 वर्ष से अधिक के लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाने का भी निर्देश दिया। कार्यक्रम में उप कृषि निदेशक हिमांशु पांडे ने योजना के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर उप जिला अधिकारी मड़ियाहूं कुणाल गौरव, एसडीएम न्यायिक योगिता सिंह, तहसीलदार मडियाहू सहित राजस्व तथा कृषि विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

## कर्मचारियों ने दी मेठ राधेश्याम को भावभीनी विदाई

**प्रयागराज।** पीडब्लूडी नियमित वर्कचार्ज कर्मचारी संघ प्रयागराज ने अपने बरिष्ठ सदस्य मेठ राधेश्याम ऊर्फ मैनेजर के सेवानिवृत्ति पर संघ के अध्यक्ष फूलचंद यादव की अध्यक्षता मे माला फूल और अंगवस्त्र मिस्ठान खिला कर सम्पन्न हुआ। समारोह में पीडब्लूडी के बरिष्ठ कर्मचारी नेता रविशंकर मिश्र ने कहा कि चालीस वर्ष से अधिक समय तक विभाग की सेवा करने के बाद भी यदि कर्मचारी बिना पेंशन के सेवानिवृत हो रहा है तो यह उसके लिए दुर्भाग्य की बात है। तमाम कर्मचारी उच्चतम न्यायलय एवं उच्च न्यायलय मे वर्कचार्ज की सेवा जुड़वाने के लिए तारीख पे तारीख का कातार निगाह से देख रहा है जबकि सुप्रीम कोर्ट की लार्जर तीन जजों की बेंच ने अपने आदेश मे वर्कचार्ज की सेवा जोड़ने का आदेश कर रखा है। कर्मचारियों की आशा सरकार से है कि 29/06/1991 से पूर्व के सभी कर्मचारियों की सेवा जोड़ कर पेंशन देने का आदेश करना चाहिए।

# कुश्ती दंगल कार्यक्रम से शारीरिक, मानसिक विकास और आपसी सौहार्द होता है मजबूत



**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** समाजवादी पार्टी के संस्थापक धरतीपुत्र श्रद्धेय नेताजी मुलायम सिंह यादव जी की जयंती की पूर्व संध्या पर जनपद जौनपुर की मड़ियाहूं विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विकास खंड रामपुर के खेमापुर, दूबेपुर में कुश्ती दंगल कार्यक्रम का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने किया। उक्त अवसर पर पहलवानों से परिचय प्राप्त करते हुए एवं कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने कहा कि कुश्ती दंगल के आयोजन से जहां लोगों में शारीरिक एवं मानसिक विकास की भावना जागृत होती है वहीं आपसी सौहार्द के साथ साथ स्वास्थ के प्रति प्रतिस्पर्धा भी बढ़ती है।

ऐसे आयोजन स्वस्थ शरीर के साथ ही स्वस्थ समाज की स्थापना करते हैं।इस मौके पर समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य, विधायक लकी यादव, पूर्व विधायक लालबहादुर यादव, पूर्व विधायक श्रद्धा यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष डा. अवधनाथ पाल, पूर्व प्रदेश सचिव राजन यादव, ज़िला उपाध्यक्ष श्याम बहादुर पाल, पिछड़ा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष श्यामारायण बिंद, जयहिंद यादव, राजेंद्र यादव, गुलाब यादव, धीरज बिंद विधानसभा अध्यक्ष रामू मौर्य, आरिफ हबीब सहित सैकड़ों नेता कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कार्यक्रम के आयोजक राजेश पाल ने कार्यक्रम के पूर्व मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल का अंगवस्त्रम एवं बुके देकर तथा माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया।

# गड्ढे में डूबने से बच्चे की मौत



**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** जनपद के फूलपुर कोतवाली अन्तर्गत अम्बारी शाहपुर निवासी प्रतीक 10 वर्ष पुत्र सुरेश कुमार की गड्ढे में डूबने से मौत हो गयी। चाचा मनोज कुमार ने बताया कि इसी वर्ष दीदारगंज रोड रेलवे स्टेशन के विस्तारीकरण के तहत विभाग द्वारा गड्ढा खोड़वाया गया था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फूलपुर कोतवाली के अम्बारी शाहपुर गांव निवासी प्रतीक रेलवे द्वारा खोदे गए गड्ढे में बुधवार को सिंघाड़ा निकालने के लिए चला गया। इस दौरान वह गहरे पानी में चला गया, जिससे उसकी डूबने से मौत हो गयी। इस घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के चाचा मनोज कुमार ने बताया कि इसी वर्ष दीदारगंज रेलवे स्टेशन का विस्तारीकरण रेलवे विभाग के द्वारा कराया गया था। जिसके लिए रेलवे के किनारे विभाग के ठीकेदार के द्वारा गहरा गड्ढा खोद दिया गया था। गहरा गड्ढा खोदे जाने का गांव वालों ने विरोध किया था। गड्ढे में गांव के किसी व्यक्ति ने सिंघाड़ा डाल दिया था। इसी सिंघाड़ा की लालच में प्रतीक उक्त गड्ढे में चला गया और डूबने से प्रतीक को मौत हो गयी। मृतक प्रतीक दो भाई और 2 बहनों में सबसे छोटा था। वह कक्षा 3 का छात्र था। पिता सुरेश कुमार विदेश में रहकर मजदूरी करते है। मृतक की माता ललिता का रो रोकर बुरा हाल हो गया है।

## दरबारे सफ़वी का सालाना उर्स आयोजित

**प्रयागराज।** 20 नवंबर से शुरू हुए उर्स में सफविया सिलसिले के बुर्जग हजरत क़ादिर उल्ला शाह चिश्ती निज़ामी सफवी र0उ0अ0 का सालाना उर्स मुबारक दरबारे सफवी शाहनूर अलीगंज प्रयागराज में पूरे अहतराम व अकीदत के साथ आज कुल की महफिल के साथ सम्पन्न हुआ। उर्स में महफिले समा से महफ़िल गुलजार रही। इसमें हिंदुस्तान के कई मशहूर कव्वालो ने अपने कलाम से आये हुए जायरीनों को झूमने पर मजबूर कर दिया। पप्पू काकोरी और मोईन ताज ने एक से बढ़कर एक कलाम पेश किया। जिसमे महफ़िल में मौजूद अक़ीदत मन्दो ने जमकर दाद दिया। महफिले समा का आयोजन बुधवार देर रात तक चलता रहा और गुरुवार को कुल की महफ़िल के साथ सम्पन्न हुआ।उर्स में खास रस्मो में कुरान खानी, ग़ुस्ल, गागर-चादर, महफिले समा फातिहा, कुल शरीफ, रंग तथा लंगर रहा। उर्स में हिंदुस्तान के कई शहरों एवं ख़ानक़ाहों से आये हुए जायरीनों ने शिरकत किया।

# मुहम्मदपुर के ब्लाक सभागार में क्षेत्र पंचायत की हुई बैठक



**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** जनपद के ब्लाक सभागार मुहम्मदपुर में बृहस्पतिवार को क्षेत्र पंचायत की बैठक ब्लाक प्रमुख विजय कुमार विश्वकर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में स्वास्थ्य, पशुपालन विभाग, बाल विकास परियोजना विभाग द्वारा संचालित कार्यक्रम, बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित कार्यक्रम, वृद्धावस्था/निनराश्रित महिलाध् दिव्यांगजन पेंशन, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना एवं ग्राम पंचायत की कार्य योजना का अनुमोदन, स्वच्छ भारत मिशन, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना आदि पर चर्चा की गई। ब्लॉक प्रमुख विजय कुमार विश्वकर्मा ने कहाकि गांव के विकास में क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं प्रधान द्वारा किया हम भूमिका होती है। गांव के विकास में क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं प्रधानों ने अच्छा कार्य किया है। खंड विकास अधिकारी डॉ आराधना त्रिपाठी ने प्रधानमंत्री आवास सर्वे योजना ,मनरेगा योजना सहित अन्य योजनाओं पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी। बैठक का संचालन एडीओ पंचायत सरवन कुमार ने किया। बैठक में मुख्य रूप से डॉ अजीत यादव,पशु चिकित्सा अधिकारी राहुल मिश्रा, एडीओ आईएसबी आनंद प्रकाश, सीडीपीओ सुजीत कुमार ,एडीओ कृषि रवि यादव ,प्रधान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष जिया लाल यादव, खंड प्रेरक अजय सिंह, सविता त्रिपाठी सहित ग्राम पंचायत सचिव आदि लोग उपस्थित थे।

## रोटरी प्लैटिनम ने किया डेंगू मरीजों के मुफ्त दवा वितरित

**प्रयागराज।** रोटरी प्लैटिनम ने डेंगू से प्रभावित मरीजों की सहायता के लिए निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया। हर साल अक्टूबर और नवंबर के महीनों में डेंगू के मरीजों की संख्या में भारी वृद्धि होती है। इस साल भी प्रयागराज में डेंगू के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। इसी के मद्देनजर रोटरी प्लैटिनम ने जरूरतमंद मरीजों के लिए यह पहल की। यह शिविर डॉ. सुभाष यादव होम्योपैथिक क्लिनिक, सिविल लाइंस के सहयोग से आयोजित किया गया। शिविर में सैकड़ों लोगों को मुफ्त होम्योपैथिक दवाइयां दी गई। यह सेवा भविष्य में भी जारी रहेगी। क्लब के अध्यक्ष रोटेरियन शशांक जैन और डॉ. सुभाष यादव के नेतृत्व में सिविल लाइंस बस स्टैंड और पी स्क्वायर मॉल के पास शिविर लगाकर दवाइयों का वितरण किया गया। क्लब के सचिव रोटेरियन सुमित अग्रवाल ने विशेष रूप से डॉ. सुभाष यादव का धन्यवाद दिया, जिनके सहयोग से यह सेवा संभव हो सकी।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रो. प्रदीप कुमार को पितृशोक, पीयू में शोक सभा

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर के बायोटेक्नोलॉजी विभाग के प्रोफेसर डॉ. प्रदीप कुमार के पिता के आकस्मिक निधन पर विश्वविद्यालय में शोकसभा का आयोजन किया गया। यह सभा विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में आयोजित हुई, जहां शिक्षकों, कर्मचारियों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए गुरुवार को दो मिनट का मौन रखा। शोकसभा में विश्वविद्यालय की कुलपति ने दिवंगत आत्मा के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। इस अवसर पर कुलसचिव महेंद्र कुमार वित्त अधिकारी संजय कुमार राय को कुल सचिव अमृतलाल, प्रोफेसर राजेश शर्मा, प्रोफेसर मनोज मिश्र, डॉ मनीष कुमार गुप्ता, खेलकूद परिषद के ओपी सिंह समेत विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के प्रमुख, शिक्षकगण, कर्मचारीगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### श्रीप्रकाश बने भारतीय गौ रक्षा संघ का राष्ट्रीय महामंत्री



**जौनपुर।** रंजीतपुर निवासी श्रीप्रकाश सिंह को भारतीय गौ रक्षा संघ का राष्ट्रीय महामंत्री बनाये जाने पर क्षेत्र के लोगों में हर्ष व्याप्त है। भारतीय गौ रक्षा संघ के मुख्य संस्थापक -अखाड़ा परिषद महामंत्री एवं जूना अखाड़ा संरक्षक मा.श्री महंत हरि गिरि जी महराज , राष्ट्रीय अध्यक्ष -भारत मण्डल के श्री महंत स्वामी चन्द्रान्द गिरि जी महराज एवं राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष डा जी आर बरूआ (वरिष्ठ IAS सेवानिवृत्त )की सहमति से श्रीप्रकाश सिंह को राष्ट्रीय महामंत्री पद पर मनोनीत किया गया । जिसकी क्षेत्र में जोरों की चर्चा है।उनके शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई दी है।रोशन गिरि महराज,सत्यप्रकाश संजीव कुमार स, डॉ0 कीर्ति सिंह,सतीश पाठक, डॉ0मनीष सिंह सोमवंशी, विनोद कुमार सिंह, अरूण सिंह,अनुराग त्रिपाठी,आशीष कुमार यादव, संतोष कुमार त्रिपाठी मनोज त्रिपाठी पंकज सिंह कुंवर शेखर गुप्ता आदि रहे।

### ठेकेदारों का एक दिवसीय धरना प्रदर्शन



**आजमगढ़।** जनपद में ओम कॉन्ट्रैक्टर वेलफेयर सोसाइटी के तत्वाधान में पीडब्ल्यूडी के प्रांगण में ठेकेदार संघ द्वारा टेंडर कार्य बहिष्कार करते हुए एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया है। ठेकेदारों ने संघ अध्यक्ष सुरेन्द्र नाथ राय के नेतृत्व में ग्रामीण मार्गों पर पांच वर्षीय अनुरक्षण कार्य के लिए लगाई गई निविदा का घोर विरोध जताया है। कहा कि इसके चलते हम सभी ठेकेदारों का शोषण किया जाएगा। इसीलिए हम ठेकेदार इस पांच साल के अनुरक्षण कार्य के रख रखाव को निरस्त करने की मांग करते है। यदि सरकार हमारी मांगे नहीं मानती है तो यह धरना प्रदर्शन अनवरत चलता रहेगा। इस दौरान कुमुद रंजन पाठक, राजेश कुमार राय, सियाराम उपाध्याय, सुनील कुमार श्रीवास्तव, अबुल फैज अहमद, कैलाश राय, शिव मंगल सिंह, रामनवल यादव, विनोद कुमार सिंह, अरुण कुमार सिंह, शिव बचन यादव, जय प्रकाश नारायण सिंह, सुरेंद्र यादव, राज बहादुर यादव, राम मिलन यादव, मो0 अशहद, शाहबाज खान, राजीव कुमार सिंह, वीरेन्द्रधर द्विवेदी, रामरतन यादव सहित बड़ी संख्या में ठेकेदार मौजूद रहे।

### कुंभ मेला में लगेगा वाल्मीकि साधु अखाड़ा कैंप

**प्रयागराज।** दिल्ली में संतो की एक विशेष बैठक हुई जिसमें पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, हरिद्वार के शामिल हुए। बैठक में प्रयागराज कुंभ मेला में वाल्मीकि साधु अखाड़ा कैंप लगाने की विशेष चर्चा हुई। तैयारी के लिए प्रमुख रूप से महामंडलेश्वर भवानी नाथ के नाम पर सहमति बनी। उनकी नेतृत्व में अगुवाई में सब मिलकर कुंभ का स्नान आदि का प्रायोजन किया जाएगा। इस बैठक में बालयोगी प्रगट नाथ, स्वामी संगम नाथ, कृष्ण शाह विद्यार्थी, भीम नाथ, चेतनानंद, श्री काली दास, मिशरीक शाह और सचिव सुनील राजदान, अशोक अज्ञानी, कुलदीप शास्त्री, राजेश खेड़ी आदि उपस्थित रहे।

### ब्लॉक स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का कार्य प्रगति पर

**जौनपुर।** ब्लॉक स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता सिरकोनी जौनपुर के तत्वाधान में गुरुवार को फील्ड एवं ट्रैक का निर्माण कार्य प्रगति पर है । ब्लॉक स्तरीय क्रीडा प्रतियोगिता दिनांक 23. 11 .2024 को होना सुनिश्चित है इस अवसर पर फील्ड एवं ट्रैक का निर्माण हो रहा है जिसमें जनपद व्यायाम शिक्षिका प्रियंका सिंह ब्लॉक व्यायाम शिक्षक संजय सिंह, पवन सिंह, संगठन मंत्री दीपक सिंह अवधेश मौर्य, विद्या प्रकाश सिंह, सुषमा यादव, मंजू जायसवाल, माधुरी यादव, उषा पाल ,रामू गुप्ता, विजय प्रकाश पाल, केशव मौर्य, मिथिलेश उपाध्याय रामकृष्ण विश्वकर्मा, अरविंद पाल, शुभम सिंह, नितेश सिंह, सुरेश सिंह, अभिषेक ,मिट्ठू यादव, आदि लोगों ने बढ़-चढ़कर के सहयोग किया।

### प्रयागराज खेल महोत्सव 2024 अवार्ड डिस्ट्रीब्यूटर्स सेरिमनी कल



**प्रयागराज।** ठाकुर हर नारायण सिंह ग्रुप का कॉलेज के तत्वाधान में चल रहे प्रयाग खेल महोत्सव 2024 का अवार्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेरेमनी का आयोजन कॉलेज की डायरेक्टर डॉक्टर उदय प्रताप सिंह के संयोजन में 23 नवंबर को शाम 4ः00 बजे ठाकुर हर नारायण सिंह ग्रुप आफ कॉलेज के प्रांगण में आयोजित किया जाएगा। जिसके चीफ गेस्ट इंटरनेशनल क्रिकेट स्टार युवराज सिंह होंगे। मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि कॉलेज के द्वारा केपी ग्राउंड के प्रांगण में 15 नवंबर से 22 नवंबर तक चल रहे। प्रयाग खेल महोत्सव में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों को जिन्होंने अपने द्वारा चयनित किये गए खेल की स्पर्धा में विनर और रनर रहे हैं। उन खिलाड़ियों को चीफ गेस्ट इंटरनेशनल क्रिकेट स्टार युवराज सिंह के द्वारा सम्मानित करते हुए अवार्ड वितरित किए जाएंगे।

# जीएम फसलों के खिलाफ भारतीय किसान संघ आंदोलित



- सांसद प्रतिनिधि विनय कुशवाहा को ज्ञापन सौंपा

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।**देशव्यापी आंदोलन के तहत भारतीय किसान संघ काशी प्रांत के जिला प्रयागराज का प्रतिनिधि मंडल ने प्रयागराज लोकसभा सांसद उज्जवल रमण सिंह के प्रतिनिधि विनय कुशवाहा को राष्ट्रीय जीएम नीति बनाने में देश के किसानों की राय को शामिल करने की मांग का एक ज्ञापन पत्र सौंपा। आगामी शीतकालीन सत्र में इस विषय पर संसद में प्रश्न के माध्यम से चर्चा करने का आग्रह भी किया गया। ज्ञापन के माध्यम से कहा गया कि जीव जंतुओं के जीन को डालकर नया जीव की तैयारी का खेल चल रहा हैं। ऐसी फसलों को फसल या जीव खाद्यान्न फसल कहेंगे जीव जंतुओं का जीन डाला जाता हैं तो उसको शाकाहारी बोलेंगे या मांसाहारी तो व्यापक विचार विमर्श होना चाहिये। ज्ञापन देने में मुख्य रूप से भारतीय किसान संघ जिला प्रयागराज के जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर पांडेय, जिला उपाध्यक्ष शेष मणि पांडेय व जिला उपाध्यक्ष आनन्द मिश्र, राजुल जिला सह मंत्री हरि शंकर पटेल, शंकरगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष सनत कुमार सिंह उर्फ राजेश सिंह ब्लॉक मऊआइमा मंत्री रामेश्वर पटेल आदि किसान नेता उपस्थित रहे।

# महाकुंभ मेला क्षेत्र के सभी सेक्टरों में नियुक्त किए गए सेक्टर मजिस्ट्रेट

- अपने-अपने सेक्टर में प्रशासनिक व विभागीय समन्वय का कार्य करेंगे सेक्टर मजिस्ट्रेट

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** महाकुंभ 2025 को लेकर प्रयागराज में तेजी से निर्माण कार्य चल रहा है। सीएम योगी के दिव्य भव्य महाकुंभ की योजना के मुताबिक महाकुंभ नगरी ने संगम तट पर आकार लेना शुरू कर दिया है। महाकुंभ में आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं, कल्पवासियों और साधु-संन्यासियों के रहने और स्नान के लिए घाटों, अस्थाई सड़कों व टेंट सिटी का निर्माण शुरू हो गया है। प्रयागराज मेला प्रधिकरण ने योजना के मुताबिक पूरे मेला क्षेत्र को 25 सेक्टरों में बांटा हैं। सेक्टर और कार्य के मुताबिक सेक्टर मजिस्ट्रेटों की नियुक्ति कर दी गई है। सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने ङ्क अपने सेक्टर में भूमि अधिग्रहण से लेकर प्रशासन व्यवस्था के लिए जिम्मेदार रहेंगे। महाकुंभ के दौरान सेक्टर मजिस्ट्रेट आम जनता और प्रशासन के बीच कड़ी का कार्य करेंगे।

महाकुंभ 2025 में लगभग 45 करोड़ श्रद्धालुओं के आने और लगभग 1 लाख से अधिक लोगों के कल्पवास करने की संभावना है। इसके साथ ही हजारों की संख्या में साधु-संन्यासियों और मेला प्रशासन के लोग महाकुंभ के दौरान मेला क्षेत्र में रहेंगे। इन सबके रहने के लिए टेंट सिटी व स्नान के लिए घाटों और मार्गों का निर्माण कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है। पूर्व योजना के मुताबिक प्रयागराज मेला प्राधिकरण ने पूरे महाकुंभ क्षेत्र को 25 सेक्टरों में बांटा है। 4000 हेक्टेयर और 25 सेक्टरों में बंटा महाकुंभ मेला क्षेत्र इससे पहले के किसी भी महाकुंभ मेले से सबसे बड़ा क्षेत्र है। मेला प्राधिकरण ने प्रत्येक सेक्टर में भूमि अधिग्रहण से लेकर प्रशासन व्यवस्था और विभागीय समन्वय के लिए उप जिलाधिकारियों को सेक्टर मजिस्ट्रेट के तौर पर नियुक्ति किया है। ये सेक्टर मजिस्ट्रेट पूरे महाकुंभ के दौरान अपने-अपने सेक्टर, कार्य विभाग और विभागीय समन्वयन का कार्य करेंगे।

### अधिकांश ने ग्रहण किया कार्यभार

**प्रयागराज।** प्रयागराज मेला प्राधिकरण ने सेक्टर वाईज सेक्टर मजिस्ट्रेट की लिस्ट जारी कर दी है। इस सबंध में एसडीएम मेला अभिनव पाठक ने बताया कि अधिकांश सेक्टर मजिस्ट्रेटों ने कार्यभार ग्रहण कर लिया है। शेष अपनी विभागीय जिम्मेदारियों से मुक्त होकर जल्द ही मेला क्षेत्र में अपना कार्यभार ग्रहण कर लेंगे। जो कि महाकुंभ के दौरान अपने-अपने सेक्टर की प्रशासन व्यवस्था व विभागीय समन्वयन का कार्य करेंगे। प्रत्येक सेक्टर में भूमि आवंटन की प्रगति और लोगों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण में ये सेक्टर मजिस्ट्रेट मददगार होंगे।

# दर्शनशास्त्र की दशा एवं दिशा को परिवर्तित किए जाने की आवश्यकताः प्रो. सेठ

**अवधनामा संवाददाता**



- विश्व दर्शन दिवस के उपलक्ष्य में दर्शनशास्त्र विभाग, जगत तारन गर्ल्स डिग्री कॉलेज द्वारा राष्ट्रीय स्तर की आनलाइन दर्शन प्रतियोगिता का आयोजन

**प्रयागराज।** विश्व दर्शन दिवस के उपलक्ष्य में आज दर्शनशास्त्र विभाग, जगत तारन गर्ल्स डिग्री कॉलेज द्वारा राष्ट्रीय स्तर की आनलाइन दर्शन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें पूरे भारत से लगभग 22 से अधिक राज्यों के प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। इसी अवसर पर दर्शनशास्त्र विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय के भूतपूर्व प्रोफेसर प्रो. श्याम किशोर सेठ के दर्शनशास्त्र के क्षेत्र में बहुमूल्य योगदान को उनके शिष्यों द्वारा याद किए जाने के क्रम में सम्मान समारोह का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर एस. एस. खन्ना गर्ल्स डिग्री कॉलेज की भूतपूर्व एवं संस्थापक प्राचार्य डॉ. आशा सेठ विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रही। कार्यक्रम के शुभारंभ में दर्शनशास्त्र विभाग की समन्वयक प्रो. नीलिमा मिश्रा ने अतिथियों का स्वागत किया तथा प्राचार्या प्रो. आशिमा घोष ने अध्यक्षीय भाषण देते हुए दर्शनशास्त्र जगत के सभी उपस्थित विद्वज्जनों का सम्मान एवं स्वागत किया। डॉ. आशा सेठ ने महिला शिक्षा की दिशा में वर्ष 1975 में प्रयागराज में स्थापित हुए पांच उच्च शिक्षण संस्थानो के संघर्षो एवं विगत 5. वर्षो में महिला शिक्षा की स्थिति में हुए सुधारो पर अपना वक्तव्य दिया। भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद के पूर्व सचिव डॉ. मनिंद्र सिंह, दर्शनशास्त्र विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय की भूतपूर्व अध्यक्ष प्रो. गौरी चट्टोपाध्याय, दर्शनशास्त्र विभाग के वर्तमान अध्यक्ष प्रो. ऋषिकांत पांडेय ने अरस्तू एवं सिकंदर के उदाहरण के माध्यम से अपने गुरु प्रो. सेठ के प्रति अपनी कृतज्ञता ज्ञापित की। इसी क्रम में डॉ. शिव भानु सिंह, पूर्व अध्यक्ष दर्शनशास्त्र विभाग इविंग क्रिश्चियन कॉलेज, डॉ. रामारानी, डॉ. अल्पना अग्रवाल, डॉ. अंजना पाठक आदि दर्शनशास्त्र विभाग के विभिन्न वरिष्ठ प्राध्यापकों ने प्रो. सेठ के प्रति अपने अनुभवों एवं संस्मरणों को साझा किया।

# डेकोरेटिव लाइट्स से महाकुंभ बनेगा भव्यता का प्रतीक

- महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं के अनुभव को यादगार बनाने के लिए योगी सरकार का अनूठा प्रयास
- भगवान शंकर, गणेश और विष्णु को समर्पित हैं यह डेकोरेटिव लाइट्स, टेंपरेरी की बजाय परमानेंट लगाए जा रहे पोल, महाकुंभ के बाद भी बनी रहेगी रौनक

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** महाकुंभ 2025 को दिव्य और भव्य बनाने के लिए योगी सरकार अनेक अभिनव प्रयास कर रही है। इसी क्रम में पूरे मेला क्षेत्र को डेकोरेटिव लाइट्स से सजाया जा रहा है। 8 करोड़ की लागत से उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लि. की ओर से पूरे मेला क्षेत्र में 485 डिजाइनर स्ट्रीट लाइट पोल का जाल बिछाया जा रहा है। संगम जाने वाली हर प्रमुख सड़क पर यह अलौकिक पोल और लाइट श्रद्धालुओं का स्वागत करती नजर आएगी। योगी सरकार का यह प्रयास न केवल श्रद्धालुओं को दिव्य अनुभव देगा, बल्कि भारतीय संस्कृति और आधुनिकता का अद्भुत संगम भी प्रस्तुत करेगा। अधीक्षण अभियंता महाकुंभ मनोज गुप्ता ने बताया कि सीएम योगी की।मंशा के अनुरूप महाकुंभ को भव्य रूप देने के लिए विद्युत विभाग बड़े पैमाने पर कार्य कर रहा है। डेकोरेटिव लाइट्स और डिजाइनर पोल्स उसी का हिस्सा है। मेला क्षेत्र में लाल सड़क, काली सड़क, त्रिवेणी सड़क और परेड के सभी मुख्य मार्गों को आकर्षक डेकोरेटिव लाइट्स से रोशन किया जा रहा है। ये लाइट्स भगवान शंकर, गणेश और विष्णु को समर्पित हैं, जो श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक शांति और सौंदर्य का अनुभव कराएंगी। अधिशाषी अभियंता अनूप सिंह ने बताया कि पूरे मेला क्षेत्र में 8 करोड़ से ज्यादा की लागत से 485 डिजाइनर स्ट्रीट लाइट पोल लगाए जा रहे हैं। इस बार टेंपरेरी की बजाय स्थायी पोल्स का निर्माण किया गया है, जो महाकुंभ के बाद भी क्षेत्र की रौनक बनाए रखेंगे। हर पोल को कलश और देवी-देवताओं की आकृतियों से सजाया गया है, जो मेले के वातावरण को सांस्कृतिक वैभव से भर देंगे। 15 दिसंबर तक सभी डेकोरेटिव लाइट्स का कार्य संपन्न कर लिया जाएगा, जिसके बाद रात में मेला क्षेत्र की आभा देखते ही बनेगी।




### विद्युत विभाग का अभिनव प्रयास

**प्रयागराज।** अधिशाषी अभियंता अनूप सिंह ने कहा कि महाकुंभ में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं के अनुभव को यादगार बनाने के लिए यह विद्युत विभाग की ओर से एक अभूतपूर्व पहल है। आधुनिक तकनीक और सांस्कृतिक प्रतीकों के मेल से यह परियोजना महाकुंभ को विश्वस्तरीय भव्य आयोजन का दर्जा देगी। महाकुंभ के लिए लगाए गए ये डेकोरेटिव पोल्स स्थायी रहेंगे, जिससे क्षेत्र में आने वाले पर्यटक भी लंबे समय तक इस भव्यता का आनंद ले सकेंगे। डेकोरेटिव लाइट्स से सजे इस महाकुंभ में हर श्रद्धालु को आध्यात्मिक ऊर्जा और सांस्कृतिक गर्व का अनुभव होगा। यह पहल महाकुंभ को भारतीय संस्कृति की भव्यता और आधुनिक विकास का अद्वितीय प्रतीक बनाएगी।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आईसीए वैश्विक सहकारी सम्मेलन में संयुक्त राष्ट्र अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 का शुभारंभ करेंगे

**लखनऊ/वाराणसी।** भारत के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी

**शामिल**

राष्ट्रीय सकल घरेलू उत्पाद में अधिक योगदान प्राप्त करते हुए नई उपलब्धियां हासिल की हैं। चाहे वह पैक्स का कंप्यूटरीकरण हो या उन क्षेत्रों में तीन नई बहुराज्यीय सहकारी समितियों का गठन

संयुक्त राष्ट्र अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 का शुभारंभ करेंगे। इसकी घोषणा सहकारी संस्था इफको, भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालय और अंतरराष्ट्रीय सहकारी गठबंधन द्वारा संयुक्त रूप से




आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में की गई।भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालय के सचिव डॉ. आशीष कुमार भूटानी ने बताया कि भारत सरकार के माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह 25 नवंबर 2024 को दोपहर 3 बजे अपनी गरिमामयी उपस्थिति से इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे। वे मुख्य अतिथि के रूप में वैश्विक सहकारी सम्मेलन के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता करेंगे। इस कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष - 2025 पर एक स्मारक डाक टिकट भी जारी किया जाएगा।इफको लिमिटेड के प्रबंध निदेशक डॉ उदय शंकर अवस्थी ने प्रेस को बताया कि भूटान के माननीय प्रधानमंत्री महामहिम दाशो शेरिंग तोबगे जी और फिजी के माननीय उप प्रधानमंत्री महामहिम मनोआ कामिकामिका भी सम्मानित अतिथि के रूप में इस कार्यक्रम में शामिल होंगे।उन्होंने यह भी बताया कि यह कार्यक्रम 25 नवंबर से 30 नवंबर 2024 तक भारत मंडपम, आईटीपीओ, प्रगति मैदान, नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस आयोजन का विषय होगा 'सहकारिता से सभी की समृद्धि का निर्माण' और उप-विषय होंगे सहकारिता मंत्रालय के सचिव डॉ. आशीष कुमार भूटानी ने प्रेस को बताया कि इस आयोजन का विषय 'सहकारिता से सभी की समृद्धि का निर्माण' भारत सरकार के नारे 'सहकार से समृद्धि' के अनुरूप है, जिसका सही अर्थ है 'सहकारिता के माध्यम से समृद्धि'। अलग सहकारिता मंत्रालय के गठन और अमित शाह के पहले केंद्रीय सहकारिता मंत्री के रूप में कार्यभार संभालने के साथ भारतीय सहकारी क्षेत्र ने सहकारी आंदोलन के विकास और वृद्धि के लिए 54 बड़ी पहलों को शुरू करके राष्ट्रीय सकल घरेलू उत्पाद में अधिक योगदान प्राप्त करते हुए नई उपलब्धियां हासिल की हैं। चाहे वह पैक्स का कंप्यूटरीकरण हो या उन क्षेत्रों में तीन नई बहुराज्यीय सहकारी समितियों का गठन, जहां सहकारी समितियों की राष्ट्रीय स्तर पर उपस्थिति नहीं थी, इन सभी कदमों ने भारत को वैश्विक सहकारी आंदोलन में सबसे आगे रखा है और भारत सबसे तेजी से बढ़ते सहकारी क्षेत्रों में से एक बन गया है।

# शेयर मार्केट में गिरावट जारी, सेलर्स अब कस रहे हैं मज़बूत शिकंजा

**नई दिल्ली।** निफ्टी में सेलर्स हर उछाल का इस्तेमाल शॉर्ट करने के अवसर के रूप में कर रहे हैं। इंडेक्स में हर बढ़त पर बिकवाली का रुख



बना हुआ है। निवेशक यहां स्टॉक स्पेसिफिक अप्रोच अपना रहे हैं। फिलहाल मार्केट में ट्रेंड रिवर्सल की सभी कोशिश नाकाम होती दिख रही हैं। शेयर मार्केट में गुरुवार को कारोबार की शुरुआत एक बार फिर गिरावट के साथ हुई। निफ्टी हालांकि मामूली गिरावट के साथ 23507 के लेवल पर खुला, लेकिन ओपन होते ही बाज़ार में तगड़ा सेल ऑफ आ गया। पहले पांच मिनट में ही निफ्टी ने 23340 का लेवल देख लिया।

प्रॉफिटेबल ट्रेड अनलॉक करें- आज ही हेइकिन आशी स्ट्रैटेजी में महारत हासिल करें

इसी तरह सेंसेक्स में भी मार्केट ओपन होते ही बड़ी गिरावट हुई और वह 77711 के लेवल पर ओपन होकर 77,007 के लो लेवल पर आ गया।

मार्केट में पिछले कुछ दिनों से गिरावट चल रही है। गुरुवार को निफ्टी 50 के स्टॉक में आईटी स्टॉक बढ़त में दिख रहे हैं। इंफोसिस, टीसीएस, विप्रो, एचसीएल, ट्रेंट जैसे स्टॉक में शुरुआती कारोबार में बढ़त देखी जा रही है, जबकि अडानी एंटरप्राइजेज, अडानी पोर्ट्स, एसबीआई, इंडसइंड बैंक जैसे निफ्टी50 इंडेक्स के स्टॉक बिकवाली के दबाव में दिख रहे हैं।

मार्केट में इन दिनों सेल ऑन राइस का स्ट्रक्चर बना हुआ है। जैसे ही कोई बढ़त होती है, उसके लिए वहां सेलर मौजूद होते हैं। मार्केट अब सेलर्स के शिकंजे में कसता नज़र आ रहा है। कई बार निफ्टी ने ऊपर उठने की कोशिश की लेकिन उसमें सेलिंग प्रेशर बना हुआ है।

निफ्टी का दर्शाती है कि मंदी के दौर में मंदी का बोलबाला है, जो हर उछाल का इस्तेमाल शॉर्ट करने के अवसर के रूप में कर रहे हैं। इंडेक्स में हर बढ़त पर बिकवाली का रुख बना हुआ है। निवेशक यहां स्टॉक स्पेसिफिक अप्रोच अपना रहे हैं।

# मैक्स लाइफ इंश्योरेंस ने भरोसे एवं लाइफ एडवाइजर्स की उत्कृष्टता का उत्सव मनाया

**लखनऊ।** मैक्स लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने 20 नवंबर, 2024 को पूरे शहर में अपने लाइफ-एडवाइजर्स के नेतृत्व में कस्टमर एंगेजमेंट पहल भरोसे का टूर की शुरुआत की। भरोसे एवं वित्तीय सशक्तीकरण के इस अनूठे उत्सव में शानदार प्रदर्शन करने वाले शीर्ष एडवाइजर्स को चिह्नित करने के साथ-साथ समुदायों के संग सार्थक संबंध बनाने की मैक्स लाइफ इंश्योरेंस की प्रतिबद्धता पर जोर दिया गया है। इसके माध्यम से लोगों से संपर्क किया जा रहा है, शानदार प्रदर्शन करने वाले एडवाइजर्स को सम्मानित किया जा रहा है और वित्तीय भविष्य को सुरक्षित करने में लाइफ इंश्योरेंस की भूमिका के बारे में लोगों को शिक्षित किया जा रहा है।

मैक्स लाइफ इंश्योरेंस के चीफ डिस्ट्रीब्यूशन ऑफिसर सुमित मदन ने कहा, 'भरोसे का टूर पिछले दो दशक में अपने ग्राहकों व लाइफ एडवाइजर्स के साथ बनाए गए स्थायी संबंधों का उत्सव है। 1,50,836 करोड़ रुपये के एसेट अंडर मैनेजमेंट और 17,79,409



करोड़ रुपये के सम एश्योर्ड के साथ ये उपलब्धियां ग्राहकों के साथ हमारे मजबूत भरोसे को दिखाती हैं। यह संबंध मैक्स लाइफ इंश्योरेंस के एडवाइजर्स की विशेषज्ञता एवं समर्पण के दम पर स्थापित हुआ है, जिन्होंने अथक प्रतिबद्धता के साथ व्यापक वित्तीय सुरक्षा डिलीवर की है। समाज के साथ जुड़ते हुए इस टूर में लाइफ इंश्योरेंस को रेजिलिएंस और मन के सुकून के आधार के रूप में प्रस्तुत किया गया है और ग्राहकों के विविध वर्गों के लिए सुरक्षा को विस्तार दिया गया है।'

यह पहल मैक्स लाइफ इंश्योरेंस के एडवाइजर्स की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करती है, जिन्होंने 33प्रतिशत एजेंसी ग्रोथ को 723 करोड़ रुपये तक पहुंचाया है और एडवाइजर बेस को 1.2 लाख तक पहुंचाया है, जो वित्त वर्ष 2023-24 में 38प्रतिशत की वृद्धि दिखाता है। उनके प्रयासों से 89.3प्रतिशत परसिस्टेंसी रेश्यो संभव हुआ है, जो भरोसा और लॉन्ग टर्म वैल्यू डिलीवर करने की उनकी क्षमता दिखाता है। 'भरोसे का टूर' एडवाइजर्स की इन उपलब्धियों का उत्सव मनाता है, साथ ही इसके माध्यम से मैक्स लाइफ इंश्योरेंस के शीर्ष मैनेजमेंट एवं एडवाइजर्स के साथ संवाद सत्र का मौका भी मिलता है। इसके अंतर्गत 'भरोसा चौंपियन' का भी सम्मान किया गया, जिन्होंने अपने पेशेवर रवैये और क्लाइंट के साथ भरोसेमंद संबंध बनाने की अपनी प्रतिबद्धता के माध्यम से स्वयं को साबित किया है।

लखनऊ में 'भरोसे का टूर' शाजनजफ रोड स्थित मैक्स लाइफ इंश्योरेंस ऑफिस से सांकेतिक फ्लैग-ऑफ के साथ शुरू हुआ और फिर शहर के आकर्षण के केंद्र बड़ा इमामबाड़ा पहुंचा। यहां टॉप भरोसा एंबेसडर्स ने कुछ प्रेरक कहानियां साझा कीं कि कैसे उन्होंने लोगों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डाला। साथ ही फाइनेंशियल रेजिलिएंस को बढ़ावा देने में लाइफ इंश्योरेंस की परिवर्तनकारी भूमिका को भी सबके सामने रखा। शाहनजफ रोड स्थित मैक्स लाइफ इंश्योरेंस की शाखा में वापस आकर मैक्स लाइफ की लीडरशिप के साथ भरोसा एंबेसडर्स ने एक संवाद सत्र आयोजित किया।

# सुजलॉन एनर्जी- गिरते बाजार में लगा अपर सर्किट, ब्रोकरेज के बड़े टारगेट का दिखा कमाल

**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार में आज गिरावट का दौर है। कमजोर वैश्विक रुझानों और बिकवाली के चलते सेंसेक्स और निफ्टी आधा फीसदी से अधिक की गिरावट के साथ कारोबार कर रहे हैं। लेकिन, इस सुस्ती के बीच सुजलॉन एनर्जी के शेयरों में पांच फीसदी का अपर सर्किट लगा है। हालांकि, मुनाफावसूली के चलते इसमें थोड़ा करेक्शन हुआ और यह फिलहाल 4.76 की बढ़त के साथ 65.18 रुपये पर कारोबार कर रहा है। सुजलॉन एनर्जी के शेयरों में पिछले चार कारोबारी सत्र से अपर सर्किट लग रहा है। इस दौरान शेयर का भाव 54 रुपये से 65 रुपये के पार पहुंच गया है। मल्टीबैगर स्टॉक सुजलॉन एनर्जी में यह तेजी 52 वीक के उच्चतम स्तर से 38 फीसदी की गिरावट देखने के बाद आई है। यह गिरावट पिछले दो महीने में आई थी। सुजलॉन ने 12 सितंबर, 2024 को 86.04 रुपये का हाई बनाया था, जो उसके बाद इसमें जोरदार बिकवाली देखने को मिली।

ब्रोकरेज फर्में सुजलॉन एनर्जी में निचले स्तर से ही खरीदारी की सलाह दे रही हैं। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज ने 68 रुपये के टारगेट प्राइस के साथ सुजलॉन को Bu4 रेटिंग दी है। हालांकि, जियोजीत की सलाह तब आई थी, जब सुजलॉन 60 रुपये के आसपास ही था। जियोजीत का मानना है कि सुजलॉन में ग्रोथ की काफी संभावनाएं हैं। इसका वैल्यूएशन भी अब काफी आकर्षक हो गया है।

प्रतिष्ठित वैश्विक ब्रोकरेज फर्म मॉर्गन स्टैनली ने भी सुजलॉन एनर्जी को खरीदने की सलाह दी है।

उसने सुजलॉन के लिए 71 रुपये का टारगेट प्राइस दिया है। मॉर्गन स्टैनली का मानना है कि सुजलॉन एनर्जी की कारोबारी क्षमताएं और विंड एनर्जी सेगमेंट में मजबूत मौजूदा इसे भारत के एनर्जी ट्रांजिशन का अहम लाभार्थी बनाती हैं।

# सिम्बायोसिस लॉ एडमिशन टेस्ट 2025 रजिस्ट्रेशन 22 नवंबर 2024 को होगा बंद

## एसआईयू के साथ शुरू करें अपनी लॉ यात्रा

**गाजियाबाद।** सिम्बायोसिस इंटरनेशनल डीम्ड यूनिवर्सिटी एसआईयू ने 2025 के सिम्बायोसिस लॉ एडमिशन टेस्ट एसएलएटी के रजिस्ट्रेशन की आखिरी तारीख की घोषणा कर दी है। यह प्रतिष्ठित प्रवेश परीक्षा एसआईयू के विख्यात लॉ प्रोग्राम्स में एडमिशन के लिए आवश्यक है। भारत के सबसे बेहतरीन लॉ स्कूलों में सीट पाने के इच्छुक हजारों उम्मीदवारों के साथ, आप भी इस प्रतिस्पर्धी प्रोग्राम में 300 सीटों के लिए अपना स्थान सुनिश्चित करें। एसएलएटी परीक्षा 13 दिसंबर शुक्रवार और 15 दिसंबर रविवार, 2024 को आयोजित की जाएगी। इस साल इसे मई की पारंपरिक समय-सारिणी से हटाकर दिसंबर में आयोजित किया जा रहा है। उम्मीदवार 22 नवंबर, 2024 से पहले आधिकारिक एसएलएटी वेबसाइट https://www.slat-test.org/ पर रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। परीक्षा दो बार आयोजित होगी, और दोनों प्रयासों में से उच्चतम स्कोर को मान्यता दी जाएगी।

चार दशकों से अधिक समय से सिम्बायोसिस लॉ स्कूल एसएलएस, पुणे भारत में कानूनी शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी रहा है। इसकी स्थापना राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालयों एनएलयूएस के पहले की गई थी और यह अपने उत्कृष्ट प्लेसमेंट रिकॉर्ड और मजबूत वैश्विक भागीदारी के लिए प्रसिद्ध है। एसएलएस पुणे ने 52 लाख प्रति वर्ष एलपीए का अंतरराष्ट्रीय और 19.5 लाख प्रति वर्ष का घरेलू प्लेसमेंट पैकेज प्राप्त किया है, जो इसे कानूनी शिक्षा के लिए शीर्ष विकल्प बनाता है।

**एसएलएटी 2025 की मुख्य तारीखें**

रजिस्ट्रेशन की अंतिम तारीखः 22 नवंबर 2024 शुक्रवार

एडमिट कार्ड उपलब्धः 3 दिसंबर 2024 मंगलवार

परिणाम घोषितः 26 दिसंबर 2024 गुरुवार

एसएलएटी, जो पहले सिम्बायोसिस एंट्रेंस टेस्ट एसईटी का हिस्सा था, अब विशेष रूप से एसएलएस पुणे, हैदराबाद, नोएडा और नागपुर के प्रतिष्ठित लॉ स्कूलों में प्रवेश का मार्ग है। इच्छुक उम्मीदवार बी.ए. एलएल.बी ऑनर्स, बी.बी.ए. एलएल.बी ऑनर्स, बी.ए. एलएल.बी और बी.बी.ए. एलएल.बी जैसे शीर्ष स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन कर सकते हैं।

परीक्षा का अवलोकन

परीक्षा मोडः कंप्यूटर आधारित टेस्ट (सीबीटी)

अवधिः 60 मिनट

प्रश्नों की संख्याः 60

सेक्शनः लॉजिकल रीज़निंग, लीगल रीज़निंग, एनालिटिकल रीज़निंग, रीडिंग कॉम्प्रिहेंशन और सामान्य ज्ञान

शुल्कः प्रत्येक प्रयास के लिए 2250; कॉलेज चयन के लिए प्रत्येक प्रोग्राम के लिए अतिरिक्त 1000

स्कोरिंगः नकारात्मक अंक नहीं, और दोनों प्रयासों में से सर्वोत्तम स्कोर को मान्यता दी जाएगी

**कैसे करें आवेदन?**

http://slat-test.org/ पर जाएं, रजिस्ट्रेशन करें और आवेदन प्रक्रिया को पूरा करें। उम्मीदवारों को 22 नवंबर, 2024 तक पंजीकरण करना होगा, क्योंकि आवेदन जमा करने के बाद बदलाव की अनुमति नहीं होगी। एसआईयू गलत जानकारी के लिए किसी भी आवेदक को अयोग्य घोषित करने का अधिकार रखता है।

यह समय-सारिणी में बदलाव एसआईयू की प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जो उम्मीदवारों को पर्याप्त तैयारी का समय और बेहतर परीक्षा अनुभव प्रदान करता है।

आज ही आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर एसएलएटी 2025 के साथ अपनी यात्रा शुरू करें।

# दिलजीत दोसांझ और मोकोबाराः ग्लोबल स्टेज पर साझेदारी की अनोखी मिसाल



मोकोबारा - एक ऐसा ब्रांड जो भविष्य की यात्राओं को और भी सुखद, और भी खुशनुमां बनाकर उसे एक नया आकार और आयाम दे रहा है। फ़ैशन इंडस्ट्री में नित कुछ नया करने की कोशिशों के मद्देनज़र हुई दुनिया की सबसे कूल साझेदारी की पहचान बन गये हैं दिलजीत और मोकोबारा।मोकोबारा के संस्थापक संगीत अग्रवाल कहते हैं, विश्व मंच पर दिलजीत दोसांझ जैसा दूसरा सितारा मिलना मुश्किल है। उनके टूअर में जिस सहजता के साथ हमारे लगेज ने अपनी मौजूदगी दर्ज़ कराई है, वो दुनिया में अपने आप में किसी मिसाल से कम नहीं है। साल 2020 में जनवरी महीने में शुरू किया गया यह ब्रांड मोकोबारा शुरुआत से ही ट्रैवल और लाइफ़स्टाइल इंडस्ट्री में अपनी अनोखी पहचान बनाने में कामयाब रहा है। मोकोबारा ब्रांड आधुनिकता, डिज़ाइन केंद्रित लगेज, बैगपैक्स, टोटेज़ और एक्सेसरीज़ के लिए पहचाना जाता है जिसने अपनी उपयोगिता और बोल्ड स्टाइल के सहज समागम से कामयाबी की मंज़िल तय की है।मोकोबारा शुरुआत से ही #goingplaces लोगों की यात्राओं को खुशनुमां बनाने के लिए प्रयासरत है। ब्रांड के लिए ये किसी मिशन से कम नहीं रहा है जिसे अद्भुत डिज़ाइन्स के ज़रिए ब्रांड ने हासिल करने में कामयाबी पाई है- यही अनोखे डिज़ाइन्स दिलजीत दोसांझ की भी पहली पसंद हैं। दिलजीत दोसांझ अपने बोल्ड स्टाइल और निडर अंदाज़ के लिए जाने जाते हैं और वो ऐसे फ़ैशन में यकीन रखते हैं जिससे लोगो आसानी से जुड़ा महसूस कर सकें।

# हाथ धोने की प्रेरणा देने में मुख्य भूमिका निभा रहा सैवलॉन स्वस्थ इंडिया मिशन

**लखनऊ।** आईटीसी का सैवलॉन स्वस्थ इंडिया मिशन नवीन अनुभवों और प्रयासों की मदद से लोगों को हाथ धोने की प्रेरणा देने में मुख्य भूमिका निभा रहा है। हाथों से फैलने वाले संक्रमण देश पर भारी सामाजिक- आर्थिक बोझ डालते हैं। इन संक्रमणों को फैलने से रोकने का सबसे सरल तरीका हाथों को नियमित तौर से धोना है। सैवलॉन स्वस्थ इंडिया मिशन 2016 में अपनी शुरुआत के बाद लगातार 8 सालों से हाथ धोने के मामले में सकारात्मक परिवर्तन ला रहा है। यह अभियान भारत के स्कूलों में 10 मिलियन विद्यार्थियों को इनोवेटिव और इंटरैक्टिव वर्कशॉप मॉड्यूल द्वारा हाथों को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित कर चुका है। सैवलॉन स्वस्थ इंडिया मिशन हाथों को साबुन से धोकर स्वच्छ रखने पर जोर देता है।

यह रिपोर्ट पद्मश्री, मालिनी अवस्थी और संजय श्रीनिवास, वाईस प्रेसिडेंट - मार्केटिंग, पर्सनल केयर प्रोडक्ट्स बिज़नेस, आईटीसी लिमिटेड की मौजूदगी में जयपुरिया स्कूल, लखनऊ में पेश की गई। इस साल, सैवलॉन स्वस्थ इंडिया मिशन को लखनऊ, कानपुर नगर, प्रयागराज, गोरखपुर, वाराणसी, मेरठ,



आगरा, गाज़ियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, सहारनपुर, झाँसी, मथुरा, अयोध्या जैसे शहरों में 5 लाख से ज्यादा विद्यार्थियों तक ले जाया जाएगा।

समीर सत्पति, डिवीज़नल चीफ एक्ज़ीक्यूटिव, पर्सनल केयर प्रोडक्ट्स बिज़नेस, आईटीसी लिमिटेड ने सैवलॉन स्वस्थ इंडिया मिशन के बारे में कहा, ''हम सैवलॉन स्वस्थ इंडिया मिशन द्वारा स्कूल के बच्चों में हो रहे परिवर्तन को देखकर बहुत उत्साहित हैं। कांटार इंपैक्ट रिपोर्ट देश में सैवलॉन स्वस्थ इंडिया मिशन के स्कूल कॉन्टैक्ट प्रोग्राम का प्रभाव प्रदर्शित करती है। शिक्षित व्यवहार और साबुन से हाथ धोने की बढ़ती आदत इस अभियान की रोचक और इंटरैक्टिव शिक्षा विधि प्रदर्शित करती है। आईटीसी में हम हाथों की स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह एक स्वस्थ समाज के विकास और हाथों से फैलने वाले संक्रमणों को रोकने की ओर हमारा एक शक्तिशाली प्रयास है।''

भारत की प्रसिद्ध लोक नायिका, पद्मश्री श्रीमती मालिनी अवस्थी ने कहा, ''मुझे सैवलॉन स्वस्थ इंडिया मिशन का हिस्सा बनने में गर्व है। मैं पिछले 8 सालों के प्रयासों के लिए इस टीम को बधाई देती हूँ। उन्होंने लंबा सफर तय करते हुए सराहनीय परिवर्तन लाया है।

हाथों को स्वच्छ रखना संक्रमणों को रोकने के सबसे प्रभावशाली उपायों में से एक है। मैं बच्चों में इस आदत का विकास होते देखकर बहुत खुश हूँ। आदत बनाना एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। 90 प्रतिशत बच्चे सही तरीके से हाथ धोना याद रखते हैं।

यह बहुत उत्साहवर्धक परिणाम है। मैं इसे महत्वपूर्ण मानती हूँ। एक बार जब दिमाग हाथ धोने में खुशी महसूस करने लगता है, तो हर बार सही विधि से हाथ धोने की प्रेरणा अपने आप मिलने लगती है। अब ज़्यादातर बच्चे टिफिन खाने से पहले अपने हाथ धोते हैं। स्कूल में बच्चों की आदत में आया यह एक महत्वपूर्ण बदलाव है। इस आदत के विकास में टीचर्स ने भी सराहनीय योगदान दिया है।''

# सुपर.मनी ने अपनी तरह का पहला एफडी ऑन यूपीआई प्रोडक्ट लॉन्च किया

**नई दिल्ली।** सुपर.मनी ने आज सुपरएफडी की लॉन्चिंग की घोषणा की है। यह पूरी तरह से डिजिटल सेविंग्स प्रोडक्ट है, जिसके माध्यम से एफडी में यूपीआई की सुगमता का अनुभव मिल सकेगा। कंपनी का उद्देश्य प्रक्रिया को पूरी तरह डिजिटल (2 मिनट से कम समय), फ्लेक्सिबल और रिवार्डिंग बनाते हुए एफडी को नए सिरे से परिभाषित करना है। सुपर.मनी पर यूजर्स अभी आरबीआई द्वारा प्रमाणित पांच बैंकों में से चुन सकते हैं। सुपर.मनी पर हर एफडी को डीआईसीजीसी की तरफ से 5,00,000 रुपये तक इंश्योर्ड किया जाएगा। सुपर.मनी के संस्थापक और सीईओ प्रकाश सिकारिया ने कहा हम यूपीआई पर पहला एफडी लॉन्च करके उत्साहित हैं। हमारा प्रोडक्ट युवा भारतीयों के बचत और निवेश के तरीके को बदल देगा। आकर्षक ब्याज दर, लचीलेपन और आसान पहुंच के माध्यम से सुपरएफडी लोगों के लिए कम जोखिम, उच्च रिटर्न वाले उत्पाद में निवेश को आसान



बनाता है। यह नए जमाने के निवेशकों के लिए डिपोजिट को आकर्षक बनाने के भारतीय रिजर्व बैंक के दृष्टिकोण के अनुरूप है।

उद्योग में अपनी तरह के पहले प्रोडक्ट सुपरएफडी का उद्देश्य भारतीय युवाओं के बीच बचत को बढ़ावा देना है। सुपरएफडी के साथ यूजर्स न्यूनतम 1,000 रुपये से एफडी बुकिंग कर सकेंगे और 9.5प्रतिशत तक का ब्याज प्राप्त कर सकेंगे। प्रोडक्ट को नई पीढ़ी के भारतीय निवेशकों को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है, जो डिजिटल रूप से सतर्क और वित्तीय रूप से जागरूक हैं। यह प्रोडक्ट यूजर्स को अपना पोर्टफोलियो संतुलित करने या निवेश का सफर शुरू करने में मदद करेगा।

सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के हालिया आंकड़ों के अनुसार, 2020-21 और 2022-23 के बीच भारतीय परिवारों की शुद्ध वित्तीय बचत में 9 लाख करोड़ रुपये से अधिक की गिरावट आई है। सुपरएफडी का लक्ष्य कम जोखिम वाले सेविंग्स टूल प्रदान करते हुए बैंकिंग क्षेत्र में क्रेडिट एवं डिपोजिट के विकास के बीच बढ़ते अंतर के कारण पैदा हो रही चुनौतियों को दूर करना है। यह प्रोडक्ट लोगों को महंगाई की भरपाई करने और अपने निवेश पर स्थिर रिटर्न प्राप्त करने में भी मदद करेगा।

# आईकू 3 दिसंबर को स्नैपड्रैगन 8 एलीट के साथ फ्लैगशिप आईकू 13 लॉन्च करने के लिए है तैयार




**नई दिल्ली।** हाईपरफॉर्मेंस स्मार्टफोन ब्रांड आईकू 3 दिसंबर को आईकू 13 लॉन्च करने के लिए पूरी तरह तैयार है। स्मार्टफोन इनोवेशन में नए मानक स्थापित करते हुए, आईकू 13 में एडवांस कैमरा कैपेबिलिटीज, अट्रैक्टिव डिज़ाइन, एक्सटेंडेड बैटरी लाइफ़ और इमर्सिव डिस्प्ले तकनीक के साथ बिजली की तेज़ गति से काम करने वाला परफॉर्मेंस मौजूद है, जो उन यूजर्स के लिए एक शानदार एक्सपीरियंस देता है जो अपने स्मार्टफ़ोन से बेस्ट परफॉर्मेंस, डिज़ाइन और कार्यक्षमता की अपेक्षा करते हैं। मेक इन इंडिया' पहल के प्रति आईकू की कमिटमेंट के हिसाब से, आईकू 13 का निर्माण वीवो की ग्रेटर नोएडा फैसिलिटी में किया जाएगा। इसके अलावा, अपने उपयोगकर्ताओं के लिए बेहतरीन आफ्टर सेल सर्विस एक्सपीरियंस को बढ़ाने के लिए, आईकू के देश भर में 670 से ज्यादा हेल्प सेंटर तक पहुँच प्रदान करता है, जिससे देश भर में कंफर्टेबल और रिलायबल सपोर्ट को इंश्योर करता है। आईकू 13 अब तक के सबसे तेज़ प्रोसेसर - नए स्नैपड्रैगन 8 एलीट पर चलता है, जिसने 3 मिलियन से ज्यादा का प्रभावशाली AnTuTu स्कोर प्राप्त किया है। इस पावरहाउस को सुपरकंप्यूटिंग चिप Q2 द्वारा समर्थित किया गया है, साथ ही 2K (PC-ग्रेड) गेम सुपर रिज़ॉल्यूशन और 144 एफपीएस गेम फ्रेम इंटरपोलेशन एक अनपेरेलल्ड गेमिंग एक्सपीरियंस के लिए है। इसमें 7000mm² VC कूलिंग सिस्टम भी है, जो टेंप्रेचर को कंट्रोल रखता है।

# नेटफ्लिक्स के सिकंदर का मुकद्दर के सितारे, तमन्ना भाटिया और अविनाश तिवारी लखनऊ पहुंचे, फिल्म का प्रीमियर 29 नवंबर को नेटफ्लिक्स पर होगा

**लखनऊ।** नेटफ्लिक्स लंबे इंतजार के बाद अपने क्राईम थ्रिलर, सिकंदर का मुकद्दर के साथ दर्शकों को फिर से रोमांचित करने वाला है। इस फिल्म के निर्देशक नीरज पांडे हैं और इसका निर्माण फ्राईडे स्टोरीटेलर्स ने किया है। इसमें जिमी शेरगिल, तमन्ना भाटिया, और अविनाश तिवारी ने मुख्य भूमिकाएं निभाई हैं। यह दिलचस्प कहानी हीरे की चोरी की गुत्थी को सुलझाने के लिए एक पुलिस अधिकारी की रोमांचक कहानी दिखाती है, लेकिन इसकी उसे क्या कीमत चुकानी पड़ती है? यह फिल्म 29 नवंबर को केवल नेटफ्लिक्स पर प्रसारित होगी।

2008 में हीरे की एक प्रदर्शनी में चोरी होती है, जिसके बाद पुलिस अधिकारी, जसविंदर सिंह (जिमी शेरगिल) अपनी तहकीकात अपनी मूलवृति के साथ तीन संदिग्धों - कामिनी सिंह (तमन्ना भाटिया), सिकंदर शर्मा (अविनाश तिवारी) और मंगेश देसाई (राजीव मेहता) पर केंद्रित रखकर शुरू करते हैं। जाँच आगे बढ़ने के साथ गुनाह और बेगुनाह के बीच की रेखाएं धुंधली



होती जाती हैं और दर्शक कहानी के रहस्यों का अनुमान लगाने में व्यस्त हो जाते हैं।

फिल्म की रिलीज़ से पहले तमन्ना भाटिया और अविनाश तिवारी लखनऊ पहुँचे। यह शहर अपनी समृद्ध संस्कृति और सिनेमा के प्रति अपने प्यार के लिए मशहूर है। फिल्म के बारे में तमन्ना ने कहा, ''लखनऊ का मेरे दिल में विशेष स्थान है। यहाँ पर नेटफ्लिक्स की फिल्म सिकंदर का मुकद्दर के बारे में बताते हुए बहुत अच्छा लग रहा है। यह एक रोमांचक कहानी है। इसमें भावनाओं का ऐसा उतार-चढ़ाव है कि आप अंत तक वास्तविकता पर सवाल खड़े करते रहेंगे। मैं नीरज पांडे की यह बेहतरीन फिल्म दर्शकों द्वारा देखे जाने का इंतजार कर रही हूँ।''

अविनाश तिवारी ने कहा, ''नेटफ्लिक्स के सिकंदर का मुकद्दर की शूटिंग का अनुभव यादगार था। इस फिल्म के लिए लखनऊ आना बहुत खास है। इस शहर का प्यार और ऊर्जा बहुत प्रेरक हैं। इस फिल्म में किरदारों के मनोविज्ञान को गहराई से दिखाया गया है। मुझे विश्वास है कि यहाँ के दर्शकों को इस फिल्म में रहस्य और मानवता की परतें बहुत पसंद आएंगी।''

# अवैध अतिक्रमणकारियों के कब्जे में पडरौना की सड़के

## जिम्मेदार मौन

- अतिक्रमण हटाओ अभियान को अवैध अतिक्रमणकारी दे रहे है खुला चुनौती

**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** जिले की सबसे पुरानी नगर पालिका में शुमार पडरौना नगर की सड़के अतिक्रमणकारियों के अवैध कब्जे में है। कहना मुनासिब होगा कि सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का अतिक्रमण हटाओ अभियान को यहां के अतिक्रमणकारी न सिर्फ़ ठेंगा दिखा रहे है बल्कि खुलेआम चुनौती दे रहे है। सड़क के दोनो तरफ अतिक्रमणकारियों के अवैध कब्जा करने के वजह से रात में चौड़ी दिखने वाली शहर की सड़कें सुबह होने के साथ ही सिकुड़ कर गली में तब्दील हो जाती है। नतीजतन आए दिन राहगीरों को जाम की मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है।

शहरों में अतिक्रमण को लेकर सीएम के निर्देश पर बीते वर्ष अप्रैल माह में पडरौना नगर सहित पूरे जनपद में जोरदार अभियान चलाया गया था। अवैध वाहन स्टैंड हटा दिए गए थे। फुटपाथों को पूरी तरह से साफ करा दिया गया था, लेकिन तीन महीने बाद ही इस अभियान की हवा निकल गई।

**पडरौना शहर में अवैध अतिक्रमण**





### अतिक्रमण हटाने के लिए तैयार किया गया था विशेष मसौदा

बता दे कि बीते वर्ष अप्रैल माह शहरी क्षेत्रों में अवैध पार्किंग व अतिक्रमण को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सख्त निर्देश पर नगर विकास विभाग ने प्रदेश भर में एक माह तक विशेष अभियान चलाने का मसौदा तैयार किया था। इसके तहत प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात ने इस संबंध में सभी जिलों को निर्देश जारी किए थे। इसमें कहा गया था कि नगर निकाय के अधिकारी अधिकृत बस, टैंपो, टैक्सी रुकने वाले स्थानों को चिह्नित कराते हुए जरूरी व्यवस्था कराएंगे। रोड निशान, दिशा सूचक, पेयजल, मार्ग प्रकाश व्यवस्था का काम भी कराया जाएगा। प्रमुख सचिव ने जिला व पुलिस प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित करते हुए व्यापार मंडल, स्ट्रीट वेंडर्स एसोसिएशन के साथ बैठक कर सार्वजनिक स्थानों व अवैध वाहन स्टैंड, अवैध पार्किंग, सड़कों, नालों आदि से अतिक्रमण हटाए जाने का निर्देश दिए थे।

### यातायात माह भी असर नहीं

कहने के लिए तो समय समय पर प्रशासन द्वारा यातायात माह शुरु किया जाता है लेकिन यातायात माह के दौरान भी रात मे दिखाई देने वाली चौड़ी सड़कें सुबह सिकुड़ कर गली मे तब्दील हो जाती है और प्रशासन धृतराष्ट्र बना रहता है। जबकि इन्ही अवैध अतिक्रमणकारियों के वजह से आए दिन शहर मे दुर्घटना भी होती है।

हुआ यह कि अतिक्रमणकारी अभियान को ठेंगा दिखाकर पूर्व के भांति सड़कों के किनारे अपना अवैध कब्जा बहाल कर लिया। यही वजह है कि पडरौना शहर के सभी प्रमुख सड़कों, बाजारों में अतिक्रमण से राहगीरों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सबसे बुरा हाल नगर के तिलक चौक का है यहां फल विक्रेताओं ने आधी सड़क पर अपना कब्जा जमा लिया है। तिलक चौक से दरबार रोड जाने के लिए सड़क के कोने पर स्थित फल व्यवसाई ने तो सारे नियम-कानून को ताक पर रख दिया। इसने तो अपने फल की पूरी दूकान ही सड़क पर सजा रखी है। इस दुकानदार की मनबढ़ई तो देखिए जब उसे सड़क पर अतिक्रमण किए जाने बात कोई कहता है तो दुकानदार ताल ठोकर बोलता है हमने बैनामा कराया है। इसी तरह शहर के मेन रोड, धर्मशाला रोड पर तो फुटपाथ ही नहीं दिखाई देता हैं। फुटपाथ के साथ सड़कें भी पार्किंग स्थल बन चुकीं है। यहां दुकानदार आधा सामान दुकानों के बाहर फुटपाथ पर रख देते हैं। इस रोड पर बड़े कॉम्पलेक्स, कटरे व बैंक हैं मगर उनके पास पार्किंग के नाम जमीन ही नहीं है। इस कारण दुकानदार और वहां आने वाले ग्राहक सड़क पर ही अपना वाहन खडा करते है। जिससे यह सड़क सिकुड़ गली मे तब्दील जाती है और आने जाने वाले लोगों को हर दिन जाम की समस्याओं से जूझना पड़ता है। शहर के मुख्य पश्चिमी गंडक नहर से मेन बाजार और बावली चौक से सुभाष चौक तथा अम्बे चौक से जटहां रोड तक रात मे चौड़ी दिखने वाली सड़कें सुबह होते ही फुटपाथों पर अतिक्रमण होने से सिकुड़ जाती हैं। शहरों में अतिक्रमण को लेकर सीएम के निर्देश पर अप्रैल में जिला प्रशासन ने अभियान चलाकर फुटपाथों को साफ कराया गया था। वाकई कुछ दिन तक शहर पूरी तरह साफ व स्वच्छ भी दिखने लगा था। मगर अतिक्रमणकारियों को स्वच्छ और सुन्दर शहर ज्यादे दिन रास नही आया।

# भारत तिब्बत समन्वय संघ ने सांसद विजय दुबे को सौंपा संसद ज्ञापन



**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** भारत तिब्बत समन्वय संघ की कुशीनगर कार्यकारिणी द्वारा संसद संकल्प पत्र का ज्ञापन कुशीनगर सांसद विजय कुमार दुबे को उनके आवास पर पहुंचकर दिया गया। यह भी आग्रह किया कि इस ज्ञापन को भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सौंपा जाए, जिससे उन्हें स्मरण हो जाए कि पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू द्वारा चीन के साथ किए गए पंचशील समझौते की आड़ में भारत की 40 हजार वर्ग किमी भूभाग को चीन ने 1962 में हथिया लिया था। सांसद श्री दुबे को सौंपे गए ज्ञापन में संघ द्वारा बताया गया कि 14 नवंबर 1962 को देश की संसद के संयुक्त सदन में सांसदों ने यह संकल्प लिया था चीन ने भारत के जिस भूभाग को पंचशील समझौते की आड़ में हड़प लिया है, उस भूभाग का एक-एक इंच जमीन जब तक चीन के कब्जे से मुक्त नही करा लेते, तब तक चैन से नहीं बैठेंगे। इसी संकल्प का स्मरण का आगामी संसद सत्र में 14 नवंबर 1962 को संसद के संयुक्त सदन में समस्त सांसदों द्वारा दुष्ट चीन के कब्जे से भारत की 40 हजार वर्ग किमी भूभाग को मुक्त करने के लिए लिए गए संकल्प को स्मरण दिलाने के लिए सांसद कुशीनगर विजय कुमार दुबे को प्रधानमंत्री के नाम सम्बोधित ज्ञापन दिया गया।

इस दौरान भारत तिब्बत समन्वय संघ की क्षेत्रीय श संयोजक बौद्धिक प्रभाव डॉ सुनीता पांडेय द्वारा कैलाश मानसरोवर मुक्ति महासंकल्प दिलाया गया। इस दौरान भारत तिब्बत समन्वय संघ के जिला संयोजक विजय कुमार पांडेय के नेतृत्व में क्षेत्रीय उपाध्यक्ष शैलेन्द्र दत्त शुक्ल, मनोज शर्मा क्षेत्रीय श संयोजक मनोज शर्मा सारस्वत शर्मा, क्षेत्रीय सहसंयोजक डॉ सुनीता पांडेय बौद्धिक प्रभाग, जिलाध्यक्ष कुशीनगर महिला विभाग श्रीमती मीनू जिंदल, रीयल पैराडायज एकेडमी, पडरौना के प्रबंधक डॉ निरेन पांडेय आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## भूमि पूजन कार्यक्रम

**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** कुशहरी में 2 करोड़ 92 लाख 55 हजार की लागत से छोटी गंडक नदी के तट पर एक सुव्यवस्थित घाट का वैदिक मंत्रोचार से भूमि पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर रामपुर कारखाना के विधायक सुरेन्द्र चौरसिया ने शिलान्यास करते हुए इस महत्वपूर्ण परियोजना की शुरुआत की। जनप्रतिनिधियों ने सरकार की प्राथमिकताओं और क्षेत्र के विकास को लेकर अपने विचार रखे। भूमि पूजन में उपस्थित गणमान्य लोगों में बरियारपुर मंडल के मंडल अध्यक्ष नागेश पति त्रिपाठी, जिला पंचायत सदस्य उपेन्द्र त्रिपाठी, भाजपा वरिष्ठ नेता विशंभर मिश्रा, भाजपा नेता नीरज श्रीवास्तव, रामदेव यादव, कृपा शंकर उपाध्याय, प्रधानगण अच्छेलाल मद्धेशिया, अजय सिंह, उमेश यादव, रमेश यादव, मिथिला यादव, सुनील मद्धेशिया, गुड्डु गुप्ता, दिवाकर चंद्र, धर्मेन्द्र सिंह, हरिशंकर मिश्रा, गुड्डु उपाध्याय, विजय पांडेय, सुनील वर्मा सहित सैकड़ों की संख्या में क्षेत्र की सम्मानित जनता उपस्थित रही।

## हत्याओं की सीबीआई जांच हो : गोविंद सिंह



**रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** आजाद शक्ति सेवा संगठन के अध्यक्ष गोविंद सिंह एडवोकेट के द्वारा दर्जनों अधिवक्ताओं के साथ देवरिया में लगातार हुई हत्याओ को लेकर जिलाधिकारी रायबरेली के माध्यम से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी को ज्ञापन सौंपा गया। इसमें मुख्यमंत्री जी से मांग की गई कि उपरोक्त हत्याओं के सीबीआई जांच हो और इसका मुकदमा फास्ट ट्रैक ट्रायल में चलाया जाए मृतकों के परिजनो को एक एक करो रुपए की मुआवजा धनराशि मिलेए सरकार मृतकों के परिवार से एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी दे परिवार के बच्चों की शिक्षा की जिम्मेदारी सरकार उठाए अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के जिलाध्यक्ष अमित सिंह ने कहा कि दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी हो और कठोर सजा दी जाए नहीं तो समाज आंदोलन करेगा। मौके पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के अध्यक्ष अमित सिंहएविवेक राठौर एडवोकेट अशोक यादव एडवोकेट राहुल मौर्य मोहित यादव एडवोकेट आदित्य सिंह एडवोकेट शैलेश सिंह एडवोकेट रवी श्रीवास्तव एडवोकेट रिंकू यादव एडवोकेटएशशांक पटेलएदिवाकर सिंहए वीरेंद्र मौर्य एडवोकेटएसुनील सिंह एडवोकेट सुनील गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# खाद की किल्लत से जूझ रहे किसान, समितियों पर नहीं है डीएपी

**अवधनामा ब्यूरो**

- समितियों पर खाद न होने से गेहूं व सरसों की बुआई हो रही प्रभावित

**कुशीनगर।** जिले में डीएपी और एनपीके खाद की किल्लत से किसान परेशान हैं। समितियों पर खाद न होने से गेहूं व सरसों की बुआई प्रभावित हो रही है। किसान खाद के लिए भटक रहे हैं।बीते कई दिनों से समितियों पर डीएपी और एनपीके खाद की किल्लत चल रही है। इससे किसानों को खाद के लिए समितियां का चक्कर लगाना पड़ रहा है। समितियों पर खाद न होने से है। जो किसान पहुंचते हैं उनको मायूस होकर लौटना पड़ रहा है। हालांकि कृषि विभाग के अधिकारी एक-दो दिन में खाद की किल्लत दूर होने की बात कह रहे हैं।

> जिलाधिकारी के प्रयास से जिले को खाद मिली है। प्राइवेट खाद को जिले की अधिकांश समितियों को मुहैया कराया गया है। जिले को मिले 300 मीट्रिक टन डीएपी खाद के अलावा आईपीएल व यूएचआरएल खाद को समितियों को भेजी जा रही है। किसानों को खाद के लिए घबराने की जरूरत नहीं है। डिमांड भेजी गई है, जल्द ही खाद की बड़ी खेप जिले को मिलने वाली है।
>
> **नीरज गोंड, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता**

बताते चलें कि जिले के पडरौना, हाटा, कसया, कप्तानगंज, रामकोला, खड्डा, तमकुही तहसील में सहकारी समितियों खाद उपलब्ध नहीं है। हाटा तहसील क्षेत्र के सकरौली, देवरिया देहात, पटना मिश्रौली, सहित अन्य समितियां पर ताले लटक रहे हैं तो वहीं कसया तहसील के कुरमौटा मंझरिया, नरकटिया, परसौना बुजुर्ग, रामनगर, समेत अन्य समितियां पर भी खाद न होने से क्षेत्र के किसान गेहूं, सरसों, गन्ना, मसूर आदि फसलों की बुवाई नहीं कर पा रहे हैं खड्डा क्षेत्र में सिसवागोपाल, गेठियहवा, भुजौली, मठिया, छितौनी, भुजौली, पड़रही, रामपुर बांगर, खड्डा कला व भैंसहा सहित 10 सरकारी समिति हैं। इस पर भरपूर मात्रा में डीएपी, यूरिया आदि खाद उपलब्ध नहीं है, हालांकि भैंसहा को छोड़ सभी समितियां चल रही हैं। भैंसहा समिति लगभग दो साल से बन्द है। किसान राम अशीष सिंह, अरुण सिंह,बद्रीनारायण शुक्ला, मोहन सिंह, पवन पटेल, राम मनोहर, सहित अन्य किसानों का कहना है कि समितियों पर भरपूर मात्रा में सभी खाद उपलब्ध नहीं है। इससे खेती करने में काफी दिक्कत हो रही है।

## 30 तक पूरा करें बूथ और शक्ति केंद्रों के चुनाव: बालेंदु मणि

**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** भारतीय जनता पार्टी के संगठन चुनाव के निमित्त क्षेत्र के औरा चौरी स्थित पार्टी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह की अध्यक्षता में जिला चुनाव अधिकारी बालेंदु मणि त्रिपाठी की उपस्थिति में मंडल चुनाव अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिला चुनाव अधिकारी ने कहा कि कार्यकर्ता भाजपा की नींव है आप सबके सहयोग और समर्पण से संगठन खड़ा हुआ है, ये हम सभी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है हम संगठन को चुस्त दुरुस्त करें। उन्होंने कहा कि 30 नवंबर तक बूथ और शक्तिकेंद्रों के चुनाव को सम्पन्न करना है तथा साथ ही हर बूथ पर पन्ना प्रमुख भी बनाए जाने हैं।



जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि हर बूथ पर कम से कम 50 लोगों की प्राथमिक सदस्यता रजिस्टर भी बनाया जाये और उन्हीं कार्यकर्ताओं का चयन हो जिनके अंदर संगठन के प्रति समर्पण का भाव हो । संगठन की मजबूती के लिए कुछ दिनों के लिए अपनी व्यक्तिगत समस्याओं और व्यस्तताओं को परे रखकर पार्टी के मजबूती के लिए कार्य करें।

## समस्त थानों की एंटी रोमियो टीम द्वारा चलाया गया मिशन शक्ति फेज-5 अभियान



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के कुशल निर्देशन में तथा श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी दीपेन्द्रनाथ चौधरी के निकट पर्यवेक्षण में आयोजित मिशन शक्ति पंचम चरण व ऑपरेशन जागृति के तहत नारी सशक्तिकरण की कार्यवाही के अनुक्रम में समाज में नारी सुरक्षा व सम्मान एवं नारी स्वावलंबन हेतु थाना रुद्रपुर की मिशन शक्ति टीम झिने लाल पासवान आ अविनाश कुमार तथा म0कां0 कंचन यादव द्वारा रुद्रपुर थानाक्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर चौपाल लगारकर महिलाओं/बालिकाओं को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं सम्बन्धित पंपलेट वितरित करते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों जैसे 1090-वीमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइऩ, 102-स्वास्थ्य सेवा,1930- साइबर क्राइम आदि के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए जागरुक किया गया। थाना भटनी की मिशन शक्ति टीम महिला आरक्षी नन्दनी द्वारा थाना भटनी क्षेत्रान्तर्गत प्रमुख स्थानों पर महिलाओं/ बालिकाओं को से सकारात्मक चर्चा कर वीडियो के माध्यम से गुड टच, बैड टच के बारे में, 1090-वीमेन पॉवर लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइऩ आदि के विषय में जानकारी देते हुए पंपलेट वितरित किया गया।

## साइकिल वितरित कर बालिका सशक्तिकरण अभियान की प्रतिभागी बच्चियों को एनटीपीसी ऊंचाहार ने दी सपनों की उड़ान

**अवधनामा संवाददाता**



**ऊंचाहार।** नैगम सामाजिक दायित्व के अंतर्गत साइकिल वितरित कर बालिका सशक्तिकरण अभियान की प्रतिभागी बच्चियों को एनटीपीसी ऊंचाहार ने दी सपनों की उडान करियर संवारने के लिए बालिकाएं अपने अंदर चाहत पैदा करें और गोल को केन्द्र में रखकर इच्छाशक्ति के साथ आगे बढें तो निश्चित रूप से वो अपने लक्ष्य को हासिल करने में सफल होंगी।

उक्त विचार परियोजना प्रमुख मनदीप सिंह छाबडा ने एनटीपीसी ऊंचाहार में आयोजित साइकिल वितरण समारोह में व्यक्त किए। यह समारोह एनटीपीसी में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले बालिका सशक्तिकरण अभियान के तहत प्रतिभाग करने वाली ग्रामीण बालिकाओं को नैगम सामाजिक दायित्व के तहत साइकिल वितरण के लिए आयोजित किया गया था। एनटीपीसी के द्वारा बालिकाओं के भविष्य को संवारने के लिए इस तरह के विशेष कार्यक्रम करने की प्रशंसा करते हुए परियोजना प्रमुख ने कहा कि एनटीपीसी विद्युत उत्पादन के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों के प्रति जिस शिद्दत और संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है।साइकिल वितरण के कार्य को एक अच्छी पहल बताते हुए प्रियदर्शिनी लेडीज क्लब की अध्यक्षा श्रीमती तरुणा छाबडा ने कहा कि यह साइकिल इन बालिकाओं के लिए ना केवल छोटी-छोटी जरूरतों को पूरा करने एवं स्कूल और कोचिंग आने-जाने में सुविधा प्रदान करेगी बल्कि इनके करियर को बुलंदी पर ले जाने के लिए एक पंख साबित होगी।इस अवसर पर मानव संसाधन प्रमुख रूमा दे शर्मा ने बच्चियों का हौसला बढाते हुए उनसे वाद-संवाद किया और डर के आगे जीत है के मंत्र को साझा करते हुए उन्हें किसी भी परिस्थिति से लने एवं निरंतर आगे बढने के लिए प्रेरित किया। प्रबंधक (सीएसआर) स्नेहा त्रिपाठी ने बताया कि एनटीपीसी के बालिका सशक्तिकरण अभियान में शामिल होने वाली सभी 120 बालिकाओं को एनटीपीसी की तरफ से उनके स्कूल आने-जाने के लिए निशुल्क साइकिलें मुहैया कराई गई हैं। समारोह में वरिष्ठ अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## राज्यमंत्री के साथ सपा विधायक ने देखी गोधरा कांड आधारित फिल्म

**गौरीगंज (अमेठी)।** गोधरा कांड पर आधारित फिल्म को आज गौरीगंज स्थित डी.डी.सिनेमा जामों में उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री एवं तिलोई विधायक मयंकेश्वर शरण सिंह ने गौरीगंज विधायक राकेश प्रताप सिंह भाजपा जिला अध्यक्ष राम प्रसाद मिश्रा एवं सभी प्रमुख जिला पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों के साथ बैठकर के दिखा। पूरी फिल्में जिस प्रकार से अयोध्या से जा रही साबरमती ट्रेन को गोधरा स्टेशन पर साजिश के तहत एक विशेष वर्ग ने जलाया और उसमें बैठे हुए राम भक्त कारसेवक जो की ढोल हारमोनियम से राम भजन कर रहे थे। निर्दोष कारसेवकों को 6 एवं 7 बोगी को पूर्ण रूप से जला दिया गया उसके बाद में देश की आसुरी शक्तियों ने जिस प्रकार से गोधरा कांड को छिपाने का काम किया एवं विभिन्न प्रकार से पूरे देश को साजिश के तहत जलाने का काम किया पूरी फिल्में उन सभी पहलुओं को दिखाया गया है गोधरा कांड पूरे देश के लिए एक कलंक था राम भक्तों का निर्दोष जल जाना पूरे विश्व के लिए एक कलंक था इन सब का चरित्र चित्रण बखूबी फिल्म में किया गया है।

## परिषदीय विद्यालयों की दो दिवसीय जनपदीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का हुआ आगाज



**अवधनामा संवाददाता**

**अमेठी।** डा भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम में परिषदीय विद्यालयों की दो दिवसीय जनपदीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता गुरुवार को दोपहर बाद लगभग सवा एक बजे शुरू हुई। जिलाधिकारी निशा अनंत ए डी एम न्यायिक दिनेश कुमार मिश्र पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय कुमार तिवारी ने मां वाणी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन? और माल्यार्पण कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।डी एम निशा अनंत ने गुब्बारे और कबूतर उड़ाकर प्रतियोगिता शुरू कराई । मार्च पास्ट की सलामी ली। उच्च प्राथमिक विद्यालय पूरब गांव की छात्राओं ने वाणी वन्दना और स्वागत गीत प्रस्तुत किया। बी ई ओ पूजा ने डी एम को बैच लगाकर और कैप लगाकर डी एम का स्वागत किया। एस आर जी अमिता मिश्र और श्री अर्चना मिश्र के साथ खंड शिक्षा अधिकारी डा हरिओम तिवारी शोभनाथ यादव सतीश सिंह अर्जुन सिंह के साथ प्राथमिक शिक्षक संघ के महामंत्री अरुण कुमार सिंह पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के महामंत्री रमाकांत मौर्य पी पी एस के जिला अध्यक्ष महेन्द्र मिश्र धीरेन्द्र सिंह बघेल और अरविंद त्रिपाठी ने पुलिस अधीक्षक और ए डी एम का माल्यार्पण कर स्वागत किया। मार्च पास्ट की सलामी के बाद डी एम और एस पी ने गुब्बारे और कबूतर उड़ाए। विकास खंड भादर के बच्चों ने मुख्य अतिथि डी एम के समक्ष पी टी और विशेष प्रदर्शन किया। कम्पोजिट विद्यालय कमरौली की छात्राओं ने फास्ड फूड के सेवन से बचने और संतुलित आहार पर आधारित एक सुंदर नाटिका का प्रदर्शन किया। डी एम निशा अनंत ने दो सौ मीटर दौड़ और कबड्डी जूनियर बालिका मैच देखकर खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया।

# एजेंसियों पर मेहरबान परिवहन विभाग

**अवधनामा ब्यूरो**

- अब तक नहीं हुई कार्रवाई
- बिना पंजीकरण और नम्बर प्लेट की गाड़ियां बेचने वाले एजेंसियों का मामला

**कुशीनगर।** बीते माह धनतेरस और दीपावली के दिन हीरो होंडा, टीवीएस, बजाज, सुजुकी, रॉयल बुलेट आदि दोपहिया वाहन एजेंसियों एवं महेंद्रा, मारुति, टाटा, फोड, टोयटा आदि चार पहिया शोरूम द्वारा बिना पंजीकरण व नम्बर प्लेट लगाए अवैध रूप से नियम विरुद्ध बेची गई गाड़ियों के बाद भी एआरटीओ विभाग द्वारा अभी तक किसी एजेंसी व शोरुम के खिलाफ कोई कार्रवाई नही की गई, जो अपने आप में सवाल है। सवाल यह भी है कि मोटर व्हीकल एक्ट के मुताबिक कोई भी वाहन बिना पंजीकरण व बिना नम्बर के एजेन्सी अथवा शोरुम से बाहर सड़क पर नही आ सकती है। ऐसे में धनतेरस व दीपावली पर हजारों की संख्या में दोपहिया और सैकडों की संख्या में चार पहिया वाहन एजेंसी व शोरुम मे बाहर निकलकर सड़कों पर किसके शह पर दौड़ने लगी। विभाग के जिम्मेदार अब तक एजेंसी व शोरुम के खिलाफ कार्रवाई क्यो नही किए है? कही एआरटीओ विभाग के जिम्मेदार और वाहन एजेंसियों के बीच मोटी डिलिंग की चर्चा वाली बात सच तो नही?

गौरतलब है कि 29 अक्टूबर धनतेरस और 31 अक्टूबर दीपावली को हीरो, टीवीएस, होंडा, रॉयल बुलेट, बजाज, सुजुकी आदि कम्पनियों के एजेंसियों द्वारा पडरौना नगर सहित जिले के विभिन्न क्षेत्रों से हजारों की संख्या में दोपहिया वाहन बिना पंजीकरण व बिना नम्बर प्लेट के नियम विरुद्ध तरीके से बेची गई है। इसके अलावा मारुति, महेंद्रा, टाटा, फोड, टोयटा आदि शोरूमों से सैकड़ों की संख्या मे चार पहिया व विभिन्न कम्पनियों के सैकडों तीन पहिया वाहन बिना पंजीकरण और नम्बर प्लेट लगाए अवैध रुप से गाडियों का बिक्री किया गया है जो सड़कों पर नियम विरुद्ध तरीके से फर्राटे से दौड़ रही है जबकि मोटर व्हीकल एक्ट के मुताबिक कोई भी वाहन बिना पंजीकरण व बिना नम्बर के एजेन्सी अथवा शोरुम से बाहर सड़क पर नही आ सकती है। इसके बावजूद धनतेरस व दीपावली के दिन हजारों की संख्या मे दोपहिया और सैकडों की संख्या में चार पहिया वाहन एजेंसी व शोरुम मे बाहर निकलकर सड़कों पर दौड़ रही है।

### वाहन बेचने के क्या है नियम

कहना न होगा कि बिना पंजीकरण और नंबर प्लेट के कोई एजेंसी अथवा शोरुम कोई भी गाड़ी नहीं बेच सकती है।

ऐसा करना मोटर वाहन अधिनियम का उल्लंघन है जिसके खिलाफ परिवहन विभाग को कार्रवाई करने का प्राविधान है। इसके अलावा, बिना नंबर प्लेट की गाड़ी चलाना भी गैरकानूनी अपराध है अगर पुलिस बिना नंबर प्लेट वाली गाड़ी चलाते हुए किसी व्यक्ति को पकड़ती है, तो उस व्यक्ति को जुर्माना भरना होगा।

# रसोइया की मौत की गुत्थी हत्या और आत्महत्या के बीच उलझी

**अवधनामा संवाददाता**

- तीन दिन बाद पुलिस के हाथ खाली
- फॉरेंसिक और पुलिस टीम कर रही जांच
- सच्चिदानंद इंटर कालेज में रसोईया का किचेन में मिला था लाश

**कप्तानगंज, कुशीनगर।** नगर के सच्चिदानंद इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य के किचन से गला कटे नेपाली रसोईया का शव मिलने के तीन दिन बाद पुलिस के हाथ खाली है। पुलिस क्षेत्राधिकारी कुंदन सिंह के नेतृत्व में कप्तानगंज पुलिस टीम तथा फॉरेंसिक टीम भी इस मामले में लगातार जांच पड़ताल में लगी है पर अपराध का ठोस कारण सामने नहीं आ रहा है। अब तक जो पूछताछ व अन्य स्रोत से जानकारी उपलब्ध है वह हत्या कम और आत्महत्या को ज्यादा बल प्रदान कर रही है।

रसोईया विक्रम बहादुर थापा (28) निवासी टांगनी चौक गोरखा नेपाल पिछले 6 महीने से कप्तानगंज में सच्चिदानंद इंटर कॉलेज प्रधानाचार्य के किचन में खाना बनाने का काम करता था। बीच में छुट्टी पर घर गया था अभी एक सप्ताह पूर्व ही घर से लौटा था कि बीते मंगलवार को किचन के अंदर अपराह्न 3 बजे विक्रम बहादुर की गला कटा हुआ मिला जिसे सीएचसी कप्तानगंज पहुंचाया गया चिकित्सकों ने प्रारंभिक जांच में विक्रम बहादुर को मृत्यु घोषित कर दिया। अगले दिन बुधवार को रसोईया के परिजनों को भी सूचना दी गई थी। फॉरेंसिक टीम लगातार अपने गतिविधि जारी रखने के साथ-साथ पुलिस टीम द्वारा सीसी फुटेज खंगाल जाता रहा पर हत्या का कोई सुराग नहीं मिला। पुलिस ने फिलहाल इतिहास के तौर पर रसोईया विक्रम बहादुर थापा के साथ बाग बगीचे की सफाई का काम करने वाले नेपाली मूल के एक अन्य कामगार को अपने ग्रुप में लेकर पूछताछ कर रही है वहीं विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर अब्राहम से भी कई बार पूछताछ की गई है। हालांकि पुलिस का दावा है कि जल्द ही खुलासा कर दिया जाएगा। इस संबंध में थानाध्यक्ष कप्तानगंज धनवीर सिंह से पूछने की कोशिश की गई तो उनका मोबाइल फोन का घंटी बज रहा लेकिन फोन नहीं उठा। पुलिस क्षेत्राधिकारी कसया कुंदन सिंह ने भी उक्त प्रकरण में जानकारी लेने की कोशिश की गई तो उनका भी फोन नहीं उठा।

# कोल्डवेव से पशुओं को बचाने के लिए पशुपालन विभाग ने जारी की एडवाइजरी

**पशुओं की सुरक्षा के लिए सतर्क रहें: सीवीओ**

अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने कड़ाके की ठंड (कोल्डवेव) के दौरान पशुओं को बीमारियों से बचाने के लिए सतर्कता बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा कि पशुओं को ठंड के प्रकोप से बचाने के लिए विशेष देखभाल की आवश्यकता है। पशुओं को दिन में धूप में रखने और रात से सुबह तक काऊकोट या झोले का उपयोग करके ढकने की सलाह दी गई है। पशुशाला को ठंडी हवा से बचाने के लिए तिरपाल लगाना चाहिए, साथ ही दरवाजे, खिड़कियां और रोशनदान को टाट या बोरे से ढक देना चाहिए।

पशुओं को पर्याप्त मात्रा में ताजा और स्वच्छ पानी पिलाने पर जोर दिया गया है। ठंड बढ़ने पर गुनगुने पानी का भी उपयोग किया जा सकता है। कोल्डवेव के कारण पशुओं की श्वसन दर में कमी आ सकती है और शरीर का तापमान 99 डिग्री से. से 100 डिग्री से. तक हो सकता है। ऐसे में पशुओं को कैल्शियम, फॉस्फोरस, विटामिन बी कॉम्प्लेक्स और अन्य आवश्यक दवाएं दी जानी चाहिए। ठंड के दुष्प्रभावों से बचाव के लिए पशुओं को सुरक्षित स्थान पर रखना आवश्यक है। पशुओं को खुरपका-मुंहपका, एचएस, बकरियों में पीपीआर, ईटी और स्वाइन फीवर जैसी बीमारियों से बचाने के लिए पशु चिकित्सालय में उपलब्ध टीके अवश्य लगवाएं। उन्होंने कहा कि रात में पशुओं को खुले स्थान पर न रखें और ठंडे पानी से नहलाने से बचें। पशु बाड़े की साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने का आग्रह करते हुए उन्होंने बताया कि गोबर और मूत्र के निकास की उचित व्यवस्था करें और बाड़े को सूखा रखें। पशुओं को संतुलित आहार दें और उनके भोजन में खली, दाने और अजवाइन-गुड़ का उपयोग बढ़ाएं। ठंड लगने की स्थिति में तुरंत नजदीकी पशु चिकित्सालय से संपर्क करें। पशु चिकित्सालयों में पर्याप्त मात्रा में दवाएं उपलब्ध हैं। पशुपालकों को सलाह दी गई है कि वे ठंड से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति सतर्क रहें और किसी भी समस्या के लिए पशु चिकित्सा अधिकारियों से संपर्क करें।

# बैरीकेडिंग की मजबूती का रखा जाये विशेष ध्यान: जिला निर्वाचन अधिकारी

**स्ट्रॉंगरूम से गणना पंडाल का मार्ग, संपूर्ण गणना पंडाल सी.सी.टी.वी. कैमरे की जद् में रहे, निर्वाध विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था करायी जाये सुनिश्चित : अंजनी कुमार**

अवधनामा संवाददाता

**मैनपुरी।** जिला निर्वाचन अधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने मतगणना स्थल कृषि उत्पादन मंडी समिति में गणना सम्बन्धी तैयारियों का भ्रमण कर जायजा लेते हुये अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण, विद्युत, जिला पंचायत राज अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर निकाय, सचिव मंडी को आदेशित करते हुये कहा कि आपस में समन्वय स्थापित कर गणना सम्बन्धी सभी तैयारियां दि. 22 नवम्बर की सायं तक प्रत्येक दशा में कर ली जायें, गणना पंडाल, स्ट्रॉंगरूम से गणना पंडाल तक कंट्रोल यूनिट ले जाने वाले मार्ग पर की जा रही बैरीकेडिंग की मजबूती का विशेष ध्यान रखा जाये, गणना पंडाल में अभिकर्ताओं के बैठने वाले स्थान पर निर्धारित ऊंचाई तक जाली लगायी जाये, अभिकर्ताओं के बैठने हेतु पर्याप्त मात्रा में कुर्सियां उपलब्ध रहें। उन्होने जिला पंचायत राज अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर निकाय को आदेशित करते हुए कहा कि गणना पंडाल के साथ गणना परिसर कृषि उत्पादन मंडी समिति में साफ-सफाई के लिए सफाई कर्मियों की टीम लगाकर बेहतर ढंग से सफाई करायें, नियमित रूप से फॉगिंग करायी जाए, मतगणना के दिन गणना पंडाल के अंदर, आस-पास सफाईकर्मी उपस्थित रहकर सफाई व्यवस्था बनाए रखें। श्री सिंह ने अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देशित करते हुए कहा कि स्वयं विद्युत सुरक्षा टीम के साथ गणना स्थल का भ्रमण कर विद्युत सुरक्षा के साथ-साथ विद्युत उपकरणों की जांच कर लें, मतगणना के दिन निर्वाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, दि. 22 नवम्बर से मंडी में लिखित रूप से कर्मियों की ड्यूटी लगाई जाए, विद्युत सप्लाई बाधित होने के कारण मतगणना में व्यवधान उत्पन्न न हो, सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि मतगणना परिसर में किसी भी मतगणना कार्मिक, गणना अभिकर्ता को मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस ले जाने की अनुमति नहीं होगी। उन्होंने कार्मिकों, गणना अभिकर्ताओं, ड्यूटी पर लगे अन्य अधिकारियों, कर्मचारियों से कहा कि वह अपना मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस गणना स्थल पर लेकर न आएं यदि कोई कर्मी, एजेंट मोबाइल लेकर आएगा तो उसे गणना स्थल पर बने क्लॉक रूम में जमा करना होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने अधिशासी अभियंता लोक निर्माण से कहा कि गणना संबंधी अन्य सभी व्यवस्थाएं पूर्ण कराना सुनिश्चित करें, गणना पंडाल, जिला निर्वाचन अधिकारी कैंप में पब्लिक एड्रेस सिस्टम लगाया जाए, परिणाम की उद्घोषणा करने पर मंडी परिसर के साथ बाहर भी आवाज सुनाई दे। उन्होने निरीक्षण के दौरान कहा कि गणना अभिकर्ताओं, गणना कार्मिकों, अधिकारियों, गणना कार्य में लगे अन्य कार्मिकों, मीडिया प्रतिनिधियों के वाहनों की पार्किंग स्थल चिन्हित कर पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाये।

## प्रयागराज में मंत्री नंदी ने देखी द साबरमती रिपोर्ट

**प्रयागराज।** सिविल लाइंस स्थित पीवीआर में गुरुवार को द साबरमती रिपोर्ट का स्पेशल शो हुआ। ये फिल्म गोधरा कांड पर बनी है। प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने सिनेमा हाल में परिवार समेत मूवी देखी। उनके अलावा करीब 2000 लोगों ने भी इस फिल्म को फ्री में देखा। इसमें भाजपा के सांसद, विधायक के साथ ही मंडल, बूथ एवं सेक्टर स्तर के कार्यकर्ता और पदाधिकारी शामिल रहे। इसका आयोजन मंत्री नंदी की ओर से किया गया था। मंत्री नंदी ने कहा कि फिल्म ÷द साबरमती रिपोर्ट÷ इतिहास के उस भयावह काल-खंड को यथार्थ रूप में दर्शाती है, जिसे कुछ स्वार्थी तत्वों ने अपने निहित स्वार्थों की पूर्ति के लिए विकृत करने का कुत्सित प्रयास किया। उन्होंने कहा कि यह फिल्म न केवल तत्कालीन व्यवस्था की वास्तविकता को प्रभावशाली रूप से उजागर करती है, बल्कि उस समय प्रचारित किए गए भ्रामक एवं मिथ्या नैरेटिव का भी खंडन करती है। इस दुर्भाग्यपूर्ण एवं हृदयविदारक घटना को फिल्म में अत्यंत संवेदनशीलता के साथ प्रस्तुत किया गया है। उन्होंने कहा कि यह फिल्म इसलिए भी अवश्य देखी जानी चाहिए क्योंकि अतीत का गहन एवं विवेचनात्मक अध्ययन ही हमें वर्तमान को समझने और भविष्य के लिए मार्गदर्शन प्रदान कर सकता है।

# भरथीपुर सर्राफा लूटकांड खुलासे के लिए दी बधाई



अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** ज़िला उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल सुल्तानपुर के ज़िला अध्यक्ष विजय प्रताप सिंह एवं नगर अध्यक्ष आनंद पाण्डेय के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने सुल्तानपुर पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा से मिलकर उनका आभार व्यक्त किया।व्यापारी नेताओं ने एडिशनल एसपी अखण्ड प्रताप सिंह, सी ओ सिटी प्रशान्त सिंह से भी शिष्टाचार भेंट कर भरथीपुर, सुदनापुर थाना गोसाईगंज अंतर्गत सर्राफा व्यापारी सुरेश चंद्र लूट काण्ड की त्वरित गति से सफल अनावरण कर 3.75 किलो ग्राम चांदी एवं 45 ग्राम सोना समेत तीन अभियुक्तों की गिरफ्तारी पर संगठन के पदाधिकारियों ने पुलिस अधीक्षक समेत सभी पुलिस के आला अधिकारियों की खुले मन से सराहना एवं प्रशंसा की। वहीं पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा ने भी ज़िला उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के पदाधिकारियों का शुक्रिया अदा किया। उन्होंने कहा कि व्यापारियों की सुरक्षा हमारी पहली प्राथमिकता है। इस अवसर पर वरिष्ठ जिला महामंत्री हाजी मो0 इलियास खान,वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष एजाज अहमद, ज़िला उपाध्यक्ष दिनेश मिश्रा, सईद अहमद चांद, नगर महामंत्री शहज़ाद अहमद, यार मोहम्मद नन्हकू, जिला युवाध्यक्ष बृजेश वर्मा, ज़िला अध्यक्ष पूजा कसौधन (महिला प्रकोष्ठ) जिला मीडिया प्रभारी जुबैर अहमद, नगर मीडिया प्रभारी अफ्तार अहमद, जावेद अहमद आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### गन्ना तौल केन्द्र शम्भूगंज व हलियापुर पुनः होंगा संचालित



**सुलतानपुर।** सहकारी गन्ना विकास समिति लिमिटेड सुल्तानपुर/ अमेठी प्रबंध कमेटी की बैठक बुधवार को समिति अध्यक्ष शिवपाल सिंह उर्फ गांधी सिंह की अध्यक्षता में रुद्रनगर स्थिति सहकारी गन्ना विकास समिति कार्यालय पर सम्पन्न हुई। बैठक में निदेशकों के सुझाव/प्रताव में सर्वसम्मति से समिति कार्यालय की मरम्मत, रंगाई,पुताई व सौन्दर्यीकरण का निर्णय लिया गया है। बैठक में गन्ना तौल केन्द्र हलियापुर एंव शम्भूगंज पुनःसंचालित करने का निर्णय लिया गया। इस दौरान सर्वसम्मति से चर्तुथ श्रेणी कर्मचारी की नियुक्त के सम्बन्ध में प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में गन्ना किसानों के विकास एवं उनके हितों के बारे में भी चर्चा की गई। बैठक में डायरेक्टर कालीसहाय पाठक, ओमकार तिवारी, अशोक वर्मा, शिवशंकर वर्मा, रमेश कुमार, सिंह, अजय कुमार सिंह, शेखर मिश्र, दिलवंत सिंह मौजूद रहे। इसके अलावा गन्ना विकास समिति के सचिव एस.के.सिंह, चीनीमील सुल्तानपुर से सी.सी.ओ. वी.पी शुक्ल, हैदरगढ चीनीमील से सी.डी. आई. कामेश्वर सिंह एंव अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### रेलवे स्टेशन के अफसर रहे नदारद



**सुल्तानपुर।** सुल्तानपुर जंक्शन पर अव्यवस्थाओं का बोलबाला है। मीडिया के रियल्टी चेक के दौरान दिखा कि यात्रियों को हो रही असुविधा, फिलहाल जब कैमरा चमका, तो ठीक करने कर्मी पहुंच गया। वही जीआरपी में बतौर इंस्पेक्टर धर्मेन्द्र सिंह तैनात है।कब थाने पर आते है। तैनात पुलिस कर्मियों को जानकारी नही हैं। पूंछा गया तो बताया गया कि सुबह मिल जायेंगे। जब यह पूंछा गया कि कब आते हैं तो बोले जब जरूरत रहती है तो आ जाते हैं। वही आर पी एफ के इंस्पेक्टर व पुलिस कर्मी मुश्तैद दिखे।वही कई वर्षो से जमे स्टेशन अधीक्षक बी एस मीना, मुख्य वाणिज्य पर्यवेक्षक ज्योति स्वरूप व जी आए पी इंस्पेक्टर धर्मेन्द्र सिंह अपने दफ्तर में मौजूद नही थे। यात्रियों की समस्या, सुरक्षा सब कुछ राम भरोसे है। स्टेशन का निर्माण भी मानक के विपरीत चल रहा हैं।

### जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने ''द साबरमती रिपोर्ट'' फिल्म का किया अवलोकन



**बहराइच।** फिल्म ''द साबरमती रिपोर्ट'' को बृहस्पतिवार को उ.प्र. के सभी जनपद के सिनेमाघरों में रिलीज किया गया। अभिनेता विक्रांत मैसी की लेटेस्ट रिलीज फिल्म 'द साबरमती रिपोर्ट' गोधरा कांड की घटना पर आधारित है। देश के प्रधानमंत्री से लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने भी फिल्म को देखकर इसकी सराहना की है। इसी क्रम में आज जनपद बहराइच व श्रावस्ती के जनप्रतिनिधियों एवं जनपद स्तरीय अधिकारियों ने भी फिल्म देखकर उसकी सराहना की। फिल्म का प्रसारण सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा बहराइच स्थित के-सिनेमा (कुमार पिक्चर पैलेस) में किया गया। जिसका सांसदगण/विधायकगण/अध्यक्ष जिला पंचायत/नगर पालिका/नगर पंचायत/जनप्रतिनिधिगण/पाटी पदाधिकारीगण /सहयोगी दलो द्वारा देखा गया। जिसकी लोगों ने खूब सराहना भी की।

### रानी लक्ष्मीबाई व इंदिरा गांधी दोनों का स्वतंत्रता आंदोलन में बड़ा योगदान



**टूंडला।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस सूचना का अधिकार विभाग की एक बैठक क्षेत्रीय कार्यालय अहाता शोभाराम लाइनपार पर आयोजित की गई। जिसमें वीरांगना रानी लक्ष्मी बाई एवं पूर्व प्रधानमंत्री लौह महिला इंदिरा गांधी की 108वीं जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। उनके चित्रों पर माल्यार्पण करते हुए प्रदेश सचिव डॉ बी एस गौतम ने कहा की रानी लक्ष्मीबाई व इंदिरा गांधी दोनों का स्वतंत्रता आंदोलन में बहुत बड़ा योगदान रहा है। जिसे देशवासी सदैव याद रखेंगे वरिष्ठ नेता कांग्रेस अनिल उपाध्याय ने कहा कि देश हित में साहसिक निर्णय इंदिरा गांधी ने लिए। उन्होंने परमाणु परीक्षण करके विश्व में भारत दबंग देश के रूप में छवि बनाई। उन्हें आज भी देश की जनता याद करती है। उनके विचार सिद्धांत आज भी जीवित है। बैठक में विशंभर सिंह, चंद्र प्रकाश, जीतू शर्मा, सरफराज खान, बंटी, सत्यपाल, ऋषभ, नावेद आलम, हैदर अली, फ़ारुख, अनूप शर्मा, राजुद्दीन अली, शमसुद्दीन अली, प्रमोद रावत, अजय, अनिल यादव, शत्रुघ्न सिंह, मानवेंद्र शर्मा, आदि लोग उपस्थित रहे।

# भागवत महापुराण एक ऐसा रस है, जिसकी एक-एक बूंद अमृत के समान

अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** श्रीमद् भागवत पुराण में एक ऐसा रस है इसकी एक-एक बूँद अमृत के समान है इस रस की एक-एक बूंद ग्राह्य है। श्रीमद् भागवत कथा का रस का कान से पिया जाता है हृदय में ग्रहण किया जाता है उक्त विचार व्यास पीठ से श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन की कथा में संत आचार्य पवन देव जी महाराज ने सुनाया।

राम कथा सत् किरण समाना संत चकोर करई जेहि पाना चौपाई का व्याख्यान करते हुए श्रीमद् भागवत के श्रवण का महात्म बताया उन्होंने कहा संगीत मां सरस्वती का हथियार है और संगीत की शक्ति मानव तो छोड़िए सृष्टि के चराचर जगत में सभी जीव संगीत से आकर्षित होते है।राजा परीक्षित ने भागवत कथा सुनते हुए सुकदेव महाराज से दो प्रश्न किया एक तो जिसके पास जीवन में समय है उसे क्या करना चाहिए और दूसरा जिसकी मृत्यु सामने खड़ी हो उसे क्या करना चाहिए इन्ही दो प्रश्नों का जवाब श्रीमद् भागवत कथा में आता है उन्होंने कहा वज्र से भी मजबूत भगवान का शरीर होता है वही फूल से भी कोमल नारायण का स्वभाव है डारविन के सिद्धांतों की आलोचना करते हुए कहा मानव बंदरो का विकसित स्वरूप नही मनु व सतरूपा की संतान है नारी से ही सृष्टि की रचना हुई इसीलिए उन्हे मातृ शक्ति कहा गया है भगवान ब्रह्मा जी ने नारी को अधिकारी बनाया है इसीलिए पिता से माता का स्थान दस गुना है। भगवान् ने भी हमेशा नारी शक्ति को सर्वोच्च स्थान दिया उदाहरण के तौर पर उन्होंने लक्ष्मीनारायण राधागोविंद गौरीशंकर सीताराम मातृ पिता का नाम लिया व्यास जी ने मनु सतरूपा की संतान देवहुति व ऋषि कर्दम के विवाह और उनकी नौ पुत्रियों व दसवी संतान के रूप मे भगवान कपिल के जन्म की कथा का वर्णन किया।राजा उत्तान पाद की दो रानियो सुरुचि व सुनीति के पुत्र ध्रुव के चरित्र का प्रसंग सुनाया।

# पुलिस मुठभेड़ में तीन अभियुक्त पुलिस गिरफ्त में

**भारी असलाह बरामद**



अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित के निर्देशन में थाना शिकोहाबाद पुलिस एवं एसओजी की संयुक्त टीम द्वारा अवैध असलाह की फैक्ट्री का भण्डाफोड करते हुए, छापे के दौरान हुई पुलिस मुठभेड़ में कुल 03 अभियुक्तों को 09 बने/अधबने तमंचो व भारी मात्रा अवैध असलहा बनाने के उपकरणों सहित गिरफ्तार किया गया। पुलिस मुठभेड़ के दौरान अभियुक्त राजू व राजेश दोनों पैर में गोली लगने से घायल हो गए। छापेमारी के दौरान अवैध शस्त्र फैक्ट्री से 05 अदद तमंचा, 04 तमंचा अधबने व भारी मात्रा में अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद किये गये है। तीनों अभियुक्तों से 02 अदद तमंचा (315 बोर), 02 खोखा कारतूस (315 बोर), 05 अदद जिंदा कारतूस (315 बोर) कब्जे से बरामद किये गये। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी सिरसागंज के नेतृत्व में थाना शिकोहाबाद पुलिस एवं एसओजी टीम को मुखबिर खास द्वारा सूचना दी गयी कि पुरातन स्कूल के पास एक मकान में अवैध रूप से शस्त्र फैक्ट्री चल रही है। उक्त सूचना पर थाना शिकोहाबाद व एसओजी पुलिस टीम द्वारा संयुक्त रूप से पुरातन स्कूल के पास एक मकान में दबिश दी गयी तो अभियुक्त 01- राजू पुत्र जगदीश निवासी वछगाँव थाना नारखी, 02- राजेश उर्फ छोटू पुत्र सुखवीर सिंह निवासी रहचटी थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद ने पुलिस टीम को अपनी तरफआता देखकर पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी गयी । पुलिस टीम द्वारा खुद को आत्मरक्षार्थ की गयी जबावी फायरिंग में पुलिस मुठभेड के दौरान अभियुक्तगण राजू व राजेश उर्फ छोटू पैर में गोली लगने घायल हो गये। अभियुक्तों को पुलिस मुठभेड़ के दौरान घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया है व इनके एक अन्य साथी अभियुक्त पूरन पुत्र नाथूराम निवासी चन्दन नगर थाना ट्रांस यमुना नगर जनपद आगरा को अवैध असलाह बनाते हुए गिरफ्तार किया गया है। घायल अभियुक्तगण को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बरामद असलाह 5 अदद तमन्चा बने हुए (03 अदद 315 बोर के व 02 अदद 12 बोर) 04 अदद तमन्चा अधबने हुए (315 बोर), ड्रिल मशीन हाईट हस्त-चलित 2.5 फीट (वर्मा मशीन), 01 अदद धौकंली भट्टी, 04 अदद नाल लोहा रोड , 02 अदद जैक फर्मा, 02 अदद लेन टुकडे लोहे के, 01 अदद ग्राइन्डर, 03 अदद सडांशी, 07 अदद रेती, 02 अदद गोल रेती, 01 अदद त्रिभुज रेती, 02 अदद आरी लोहा काटने वाली, 04 अदद हथोली, 01 अदद हथोडा, 10 अदद लोहा रॉड, 04 अदद रेग माल के टुकडे, 02 अदद लकडी के टुकडे, 04 अदद छेनी लोहा, 02 अदद सुम्मी लोहा, 04 अदद स्प्रिंग, 01 अदद बडा स्प्रिंग छल्ला, 04 अदद बिट मशीन, 02 अदद लोहा रोड, 10 अदद पत्ती, 2 किलो कोयला, 1 तसला, बजन करीब आधा किलो पत्ती व कील किया गया। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर अग्रिम आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार सिंह, उ0नि0- प्रबल प्रताप सिंह, उ0नि0-रोहताश, है0 का0-राजकुमार, है0का0- विजय, एसओजी प्रभारी मय टीम जनपद फिरोजाबाद सम्मिलित रहे।

## डॉक्टर से एजेंसी ने की 1.76 लाख की ठगी

**प्रयागराज।** जार्जटाउन थाना क्षेत्र में एक डॉक्टर से अस्पताल के एनएबीएच (हॉस्पिटल्स एंड हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स) पंजीकरण के नाम पर धोखाधड़ी की गई। रुपये लेने के बाद एजेंसी संचालक ने डॉक्टर को फर्जी प्रमाणपत्र पकड़ा दिया। जब डॉक्टर ने ऑनलाइन चेक किया तो आरोपी की पोल खुली। परेशान डॉक्टर ने अदालत में गुहार लगाई। अदालत के आदेश पर जार्जटाउन पुलिस केस दर्ज कर जांच कर रही है। कर्नलगंज के रहने वाले डॉ. शरद कुमार साहू पेशे से चिकित्सक हैं। जार्जटाउन में ऊषा हास्पिटल के संचालक हैं। वह अपने हास्पिटल में राज्य व केन्द्र द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ अपने यहां के मरीजो को प्रदान करने के लिए एनएबीएच से पंजीकृत होना जरुरी था। इसके लिए उन्होंने वीटल कंसंलटिंग ग्रुप फॉर एनएबीएच, सीजीएचएस एंड आयुष्मान के बारे में पता चला।

## छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में आयोजित क्षेत्रीय सम्मेलन को डीएम मोनिका रानी ने किया सम्बोधित



**बहराइच।** कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय, प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग, भारत सरकार तथा छत्तीसगढ राज्य सरकार के संयुक्त तत्वावधान में छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में गुड गवर्नेन्स थीम पर आयोजित 02 दिवसीय क्षेत्रीय सम्मेलन में एडिशनल चीफ सेक्रेटरी, फारेस्ट एण्ड फूड, छत्तीसगढ़ श्रीमती ऋचा शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित वूमेन लीडरशित इन डिस्ट्रिक्ट एडमिस्ट्रेशन सेशन के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी द्वारा वूमेन लीडरशिप इन डिस्ट्रिक्ट एडमिस्ट्रेशन विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। क्षेत्रीय सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने आकांक्षात्मक जनपद बहराइच को पिंक सिटी की संज्ञा देते हुए प्रशासनिक ढांचे की जानकारी देते हुए बताया कि जिस जनपद बहराइच से वह आयी हैं वहां की वह स्वयं जिलाधिकारी है तथा पुलिस अधीक्षक, जिला पंचायत अध्यक्ष, एम.एल.सी., विधायक सदर, विधायक बलहा, नगर पालिका परिषद बहराइच की अध्यक्ष, नगर मजिस्ट्रेट, अधिशासी अधिकारी के साथ-साथ कई अन्य महत्वूपर्ण पदों पर महिलाएं विराजमान हैं, और अपने पदेन उत्तरदायित्वों को बखूबी अंजाम दे रही हैं। डीएम मोनिका रानी ने अभिनव पहल के रूप में जनपद में संचालित किये गये सेवा से संतृप्तिकरण अभियान की सफलता का ज़िक्र करते हुए अभियान के दौरान सोशल वेलफेयर, कृषि, पोषण एवं स्वास्थ्य, शिक्षा, ग्राम्य विकास, कौशल विकास, विद्युत, पेयजल, सिंचाई इत्यादि के क्षेत्र में अर्जित की गई उपलब्धियों का विवरण प्रस्तुत किया।

## लापरवाह थानाध्यक्षों व पुलिस चौकी प्रभारियों को लेकर पुलिस कप्तान ने दिखाई सख्ती

**सुल्तानपुर।** जनपद में बढ़ी अपराधिक घटनाओं से जहां जनपदवासी भयभीत हैं वहीं सुपर कॉप के रूप में उभरे जनपद के पुलिस कप्तान सोमेन बर्मा ने लापरवाह थानाध्यक्षों तथा चौकी प्रभारियों के खिलाफ सख्ती भी दिखाना शुरू कर दिया है।अगस्त महीने का डकैती कांड जिससे लगने लगा कि कानून व्यवस्था में सब कुछ उथल पुथल हो गया है।

उस वक्त उनके द्वारा समय की मांग को देखते हुए व्यपारियो और मीडिया को भी बताया गया कि बस वो दिन दूर नही की अपराधी गिरफ्त में होंगे,और हुआ भी वही एक बड़ा एनकाउंटर और उसके बाद लुटेरे गिरफ्तार किए गए और तस्वीर भी साफ हो गई।सर्राफा व्यवसायी का लुटा हुआ माल 90 प्रतिशत बरामद हो गया।

कई और घटनाक्रम जैसे पुलिस कप्तान की मोनिटरिंग में गोसाईगंज में लूट का खुलासा हुआ, रिटायर्ड कंडक्टर के अभियुक्त की गिरफ़्तारी हुई, हत्या के खुलासे, और ब्लाइंड मर्डर में कप्तान साहब की मॉनिटरिंग़ काम आई।

## लाखों हड़पने वाले प्रॉपर्टी डीलरों की मुसीबतें बढ़ीं,

**सुल्तानपुर।** लाखों रुपये लेकर जमीन न देने वाले प्रॉपर्टी डीलरों की मुसीबतें बढ़ती नजर आ रही हैं। वादी की दरखास्त पर न्यायिक मजिस्ट्रेट राहुल आनंद ( कक्ष संख्या 29) की कोर्ट ने मुकदमा दर्ज करने का आदेश दे दिया है। जनपद के मोतिगरपुर थाना क्षेत्र के मुड़हा निवासी आकाश ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाते हुए प्रॉपर्टी डीलरों पर मुकदमा दर्ज करने की मांग की। वादी के विद्वान अधिवक्ता शैलेन्द्र पांडेय/देवेश यादव अधिवक्ता के तर्कों से सहमत होकर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया।जानकारी के मुताबिक आकाश व उसके भाई इंद्रसेन आवासीय भूमि की तलाश कर रहे थे। इसी बीच उनकी मुलाकात गोसाईगंज थाना क्षेत्र के हयातनगर,जमुनीपुर निवासी विनोद यादव पुत्र रामकृपाल से हुई।प्रॉपर्टी डीलर विनोद और उसके पार्टनर इशहाक ने उससे छह लाख रुपये टाटिया नगर में जमीन लिखवाने के नाम पर ले लिया। पीड़ित के अनुसार उन्हें झांसा देकर डीलरों छह लाख बयाना लेकर दिसंबर 2022 तक में जमीन का बैनामा करने को कहा गया था।पीड़ित आकाश के भाई इंद्रसेन ने डीलरों को करीब आधा एमाउंट नगद व शेष खाते में ट्रांसफर कर दिया। पैसे प्राप्त करने के बाद विनोद ने ना ही जमीन का बैनामा करवाया न ही पैसे वापस किये। अब जब भी पीड़ित जमीन की मांग करता उसे उपरोक्त लोगों द्वारा भद्दी भद्दी गालियां तथा जान से मारने की धमकी दी जाती रही।

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारों द्वारा ई–निविदायें सिंगल पैकेट सिस्टम द्वारा आमंत्रित की जाती हैं।

| | | | |
|---|---|---|---|
| निविदा संख्या | 106-टेली / टेंडर / 07 / 2024–25 | | |
| कार्य का नाम | लखनऊ मंडल में रेलनेट कनेक्टिविटी का प्रावधान एवं नेटवर्किंग संरचना में सुधार का कार्य। | | |
| अनुमानित लागत | ₹1,81,16,450.49 | निविदा प्रपत्र की कीमत | शून्य |
| धरोहर राशि | ₹2,40,600/- | कार्य पूरा करने की अवधि | 180 दिन |
| निविदा दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 13.12.2024 को 15:30 बजे | | |
| वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है। | www.ireps.gov.in. वरिष्ठ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय / मं.रे.प्र. कार्यालय परिसर / उत्तर रेलवे / लखनऊ | | |

• ठेकेदारों को ई–निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य है। • समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती हैं। • मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी। • निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी।

निविदा सूचना सं.: 106–टेली / टेंडर / 07 / 2024–25

दिनांक: 20.11.2024 3577/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# सरकारी और एडेड कॉलेजों को अवश्य परीक्षा सेंटर बनाएं: डीएम

अवधनामा संवाददाता



**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में बोर्ड परीक्षा 2025 के केंद्र निर्धारण के संबंध में बैठक हुयी। बैठक में बोर्ड परीक्षा हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिलाधिकारी रमेश रंजन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में बोर्ड परीक्षा 2025 के केंद्र निर्धारण के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें जिला विद्यालय निरीक्षक धीरेंद्र कुमार ने अवगत कराया की जिले में कुल 100 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं जिसमें 10 राजकीय विद्यालय, 52 अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालय 38 वित्त विहीन विद्यालय हैं, इस परीक्षा में हाई स्कूल बोर्ड की परीक्षा देने वाले बालकों की संख्या 20986 है जबकि बालिकाओं की संख्या 16333 है इंटरमीडिएट की परीक्षा देने वाले बालकों की संख्या 21340 है जबकि बालिकाओं की संख्या 15620 है इस प्रकार जनपद में कुल 74000 बालक एवं बालिकाएं बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होंगे जिलाधिकारी ने कहा की परीक्षा केंद्रों पर आधारभूत संरचना सही होनी चाहिए इसमें मानक का सही ध्यान रखा जाए केंद्रों पर बाउंड्री वॉल फर्नीचर, सीसीटीवी कैमरा, बाथरूम (पुरुष एवं महिला) इत्यादि की सुविधा गुणवत्तापूर्ण हो, 10 टीमें इन परीक्षा केंद्रों के निरीक्षण करने हेतु बनाई गई हैं उनका दायित्व है कि वह विद्यालय को पूरे मानक सहित अवश्य निरीक्षण कर ले, साथ ही जिलाधिकारी ने इस बात पर विशेष बल दिया कि 'सरकारी और एडेड कॉलेजों को अवश्य सेंटर बनाएं' बैठक के दौरान वित्त एवं राजस्व विशु राजा, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कृति राज, समस्त उप जिलाधिकारी, तहसीलदार नायब तहसीलदार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक सहित संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

**कार्यालय जिला पंचायत, महराजगंज।**

पत्रांकः- 395/जि0पं0म0/2024-2025 दिनांक : 21 नवम्बर, 2024

**अति अल्पकालीन कोटेशन सूचना**

भारत सरकार के जेम पोर्टल में पंजीकृत फर्म/कम्पनियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में जिला पंचायत महराजगंज के अन्तर्गत स्वीकृत विभिन्न मार्गो के लेपन कार्यो में प्रयुक्त होने वाले इमल्सन एस0एस0-1 (पैक्ड ड्रम) जिसकी आपूर्ति जिला पंचायत महराजगंज के स्टोर तक किया जाना है, के क्रय हेतु मय ढुलाई/लोडिग एवं अनलोडिग सहित न्यूनतम मूल्य के सीलबन्द कोटेशन दर दिनांक 29.11.2024 को अपरान्ह 2.00 बजें दिन तक आमंत्रित किया जाता है जो उक्त तिथि को ही अपरान्ह 2.30 बजें उपस्थित कोटेशन समिति के समक्ष जिला पंचायत कार्यालय महराजगंज में खोला जायेगा।

**अपर मुख्य अधिकारी,**
**जिला पंचायत, महराजगंज।**

# उद्योग व व्यापार बंधुओं के साथ डीएम की अध्यक्षता में बैठक संपन्न

**अवधनामा संवाददाता**



**हमीरपुर।** व्यापार बंधुओं व उद्योग बन्धुओं के साथ जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक कलेक्ट्रेट स्थित डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सभागार कक्ष में संपन्न हुई। व्यापार बंधुओ की बैठक में जिलाधिकारी ने व्यापारी बंधुओं की समस्याओं को सुनकर उनके नियमानुसार निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। कहा कि नगर क्षेत्र/बाजार में अन्ना पशुओं के घूमने से दुर्घटनाओं की आशंका रहती है इसलिए अभियान चलाकर नगर क्षेत्र में घूमने वाले अन्ना पशुओं को गौशालाओं में संरक्षित किया जाए। कहीं पर भी नगर/ बाजार में अन्ना पशु घूमते हुए नहीं पाए जाने चाहिए। बाजारों में नियमित रूप से प्राथमिकता के साथ नाली आदि की सफाई, सिल्ट सफाई व सिल्ट का उठान होना चाहिए। कहा कि जनपद में प्रतिबंधित पॉलीथिन का प्रयोग किसी भी दशा में ना हो इस पर उद्गम स्थल पर ही प्रवर्तनीय करवाई किया जाए। विद्युत विभाग द्वारा कैंप लगाकर विद्युत से संबंधित समस्याओं का निराकरण किया जाए। रोडवेज बस स्टैंड में जाम आदि न लगे इस पर विशेष ध्यान दिया जाए। सभी नगर क्षेत्र में एसडीएम, ईओ व पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त रूप से अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान किया जाए। उद्योग बंधु की बैठक में जिलाधिकारी ने निवेश मित्र पोर्टल के प्रकरणों एवं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना के अंतर्गत ऋण स्वीकृति एवं वितरण की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए की पीएम रोजगार सृजन योजना के अंतर्गत किए जाने वाले आवेदनों को किसी भी दशा में पेंडिंग ना रखा जाए ,उनको नियमानुसार स्वीकृत कर समय से डिस्बर्स किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि औद्योगिक इकाइयों को बेहतर सुविधाएं दी जाएं तथा निवेश व निर्यात गतिविधियों को बढ़ाने हेतु प्रभावी प्रयास किए जाएं। बैंकों द्वारा उद्योगों की स्थापना हेतु ऋण देने में टालमटोल ना किया जाए, न ही अनावश्यक रूप से ऋण आवेदन निरस्त किए जाए। जनपद में अधिकाधिक निवेश आकर्षित करने हेतु प्रभावी प्रयास किए जाएं, इससे जनपद में रोजगार तथा औद्योगिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। कहा कि उद्यमियों की हर संभव मदद की जाए। इस मौके पर एडीएम न्यायिक डॉ नागेंद्र नाथ यादव, अपर पुलिस अधीक्षक, एसडीएम सदर पवन प्रकाश पाठक, एसडीएम राठ अभिमन्यु कुमार, एसडीएम मौदहा राजकुमार गुप्ता, जीएमडीआईसी रवि वर्मा, अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी, व्यापार मंडल के पदाधिकारी व उद्योग बन्धु के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## निःशुल्क कोचिंग सेंटर का हुआ शुभारंभ



**इटावा।** बेसिक शिक्षा परिषद के तत्वाधान में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार के संरक्षण एवं खंड शिक्षा अधिकारी सैफई के निर्देशन में नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा एवं विद्याज्ञान प्रवेश परीक्षा के लिए एनपीआरसी कुइया के निःशुल्क कोचिंग सेंटर का शुभारंभ एस एम सी उपाध्यक्ष शोभा द्वारा कंपोजिट विद्यालय बौराइन द्वारा किया गया। इस अवसर पर संचालक नोडल शिक्षक अनुपम कौशल ने कहा कि कोचिंग में सभी बच्चे मन लगाकर अध्ययन करें और परीक्षा में सफल होकर अपना और विद्यालय का नाम रोशन करें। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका मंजू भदौरिया द्वारा सभी का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया गया और साथ ही छात्रों को पढाई हेतु जरूरी सहयोग एवं किताबें निशुल्क उपलब्ध कराने की जानकारी दी गयी। इस अवसर पर कमलेश कांत, अर्पण गुप्ता, आरती ओमरे, होम सिंह, सुनील कुमार, अंजना प्रजापति सहित सभी ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पोर्टल के अनुसार प्राप्त ग्रेडिंग पर डीएम ने की समीक्षा

**अवधनामा संवाददाता**



**हमीरपुर।** मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पोर्टल के अनुसार प्राप्त ग्रेडिंग के संबंध में मासिक समीक्षा बैठक जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित डा० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री डैशबोर्ड से प्राप्त विभिन्न विकास कार्यो/ योजनाओं की प्रगति की रैंकिंग व ग्रेडिंग के अनुसार विभागवार समीक्षा की तथा संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। कहा कि जिन विभागों की रैंकिंग खराब है उनके द्वारा विभागीय कार्यों की प्रगति में तेजी लाकर रैंकिंग में सुधार किया जाए। विद्युत विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा पोर्टल पर गलत डाटा फीड करने के कारण जनपद की रैंक प्रभावित हो जाने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए भविष्य में इस प्रकार की पुनरावृत्ति न करने के निर्देश दिए। कहा कि गलत डाटा फीड करने के कारण आगे जनपद की रैंक प्रभावित होगी तो संबंधित विभागीय अधिकारी पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी तथा प्रतिकूल प्रविष्टि दी जाएगी। कहा कि पोर्टल पर डाटा फीड करने से पूर्व उस डाटा को संबंधित विभाग के अधिकारी द्वारा स्वयं देखा जाय तथा मुख्य विकास अधिकारी को भी अवश्य दिखा दिया जाए ताकि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न होने पाए। फैमिली आईडी बनाए जाने के कार्य में युद्ध स्तर पर कार्य किया जाए। कहा कि सभी खंड विकास अधिकारियों द्वारा समस्त ग्राम सचिवों के कार्यों की नियमित रूप से समीक्षा की जाय तथा सही ढंग से कार्य न करने वाले ग्राम सचिवों पर कार्रवाई की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री डैशबोर्ड कार्यक्रम में सभी सम्बन्धित विभागो की मासिक रैकिंग और ग्रेडिंग से प्रदर्शन का मूल्यांकन किया जाता हैं। सभी विभाग प्रत्येक दशा में अपने द्वारा किये गये कार्यों एवं प्राप्त शिकायतों का निस्तारण पोर्टल पर समय से अवश्य फीड कर दें। जनपद की किसी भी पैरामीटर में रैंक प्रभावित न होने पाए इसके लिए सभी संबंधित विभागों द्वारा विभिन्न योजनाओं ,कार्यक्रमों का अच्छे ढंग से क्रियान्वयन किया जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि मा मुख्यमंत्री डैशबोर्ड कार्यक्रम में डाटा फीडिंग का कार्य सबसे महत्वपूर्ण है अतः डाटा फीडिंग के कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। सभी विभागों के संबंधित अधिकारियों द्वारा डाटा फीडिंग का कार्य स्वयं भी देखा जाय,केवल ऑपरेटर पर निर्भर ना रहे। उन्होंने खराब रैंकिंग वाले संबंधित विभागों के अधिकारियों को कड़ी चेतावनी देते हुए रैंक में सुधार करने के निर्देश दिए।

इस मौके पर जिलाधिकारी ने सभी विभागों की योजनाओं एवं उनकी प्रगति के बारे में जानकारी ली तथा जरूरी दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में कहीं भी अन्ना पशु सड़कों पर नहीं घूमने चाहिए, अन्ना पशुओं को प्रत्येक दशा में पकड़ कर संरक्षित किया जाए। ठंड के दृष्टिगत गौशालाओ में ठंड से बचाव के सभी प्रबंध रखे जाय तथा सभी गौशालाओं में टीनशेड आदि अनिवार्य रूप से रहना चाहिए। सभी गौशालाओं का प्रत्येक सप्ताह निरीक्षण किया जाय। कहा कि सभी बीडीओ द्वारा कैच द रेन जल संरक्षण अभियान के तहत सरकारी भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवाए जाय। जिलाधिकारी ने कहा कि आइजीआरएस /जन शिकायतों को सभी संबंधित विभागों द्वारा गंभीरता से लिया जाए तथा इनका निस्तारण गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए। 50 लाख से अधिक के निर्माण कार्यों की समीक्षा में जिलाधिकारी ने कहा कि सभी प्रकार के निर्माण कार्यों को समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किया जाए। इसमें किसी भी तरह की विलंब अथवा समझौता न किया जाए। उन्होंने कहा कि पूर्ण हो चुके निर्माण कार्यों को संबंधित संस्था को हैंडओवर किया जाए। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित कराए जाने हेतु थर्ड पार्टी इंस्पेक्शन कराया जाए।

# विज्ञान के सौ से अधिक मॉडल सजे, डीआईओएस ने सराहा

**अवधनामा ब्यूरो**



**इटावा।** जिला विज्ञान क्लब के तत्वावधान में जनपद स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का उदघाटन जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार एवं इस्लामिया इण्टर कॉलेज के प्रबंधक मुहम्मद अल्ताफ ने किया। इस्लामिया कालेज प्रांगण में लगी इस प्रदर्शनी के अवलोकन के पश्चात कालेज हाल में बोलते हुए डी आई ओ एस ने कहा कि स्कूली बच्चों की वैज्ञानिक प्रतिभा देखकर सुखद अनुभूति हुई। उन्होंने शिक्षकों से आव्हान किया कि वे इस प्रतिभा को निखारने में इसी प्रकार योगदान देते रहें। इस्लामिया इण्टर कॉलेज के प्रबंधक मोहम्मद अल्ताफ ने कहा कि आज बच्चों ने जो उत्साह दिखाया है उसे बनाए रखने की जरूरत है। उन्होंने उम्मीद जताई कि आगे भी हम इन विद्यार्थी प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करते रहेंगे। निर्णायक का दायित्व आनंद मित्तल, डॉ आशीष त्रिपाठी, डी एस राजपूत और डॉ पीयूष त्रिपाठी ने निभाया। स्वागत कार्यक्रम संयोजक इस्लामिया इण्टर कालेज के प्रधानाचार्य गुफरान अहमद ने किया। विज्ञान क्लब के जिला समन्वयक डॉ मुकेश यादव ने विज्ञान प्रदर्शनी के तकनीकी बिंदुओं पर सविस्तार प्रकाश डाला। समग्र सेवा के जिला समन्वयक अखिलेश सिंह, एस डी इण्टर कॉलेज के प्रधानाचार्य संजय शर्मा आदि ने भी विज्ञान मेला पर विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन डॉ कुश चतुर्वेदी ने किया। प्रदर्शनी में प्रधानाचार्य पवन यादव, डॉ शिवशंकर त्रिपाठी, बृजेश यादव, उमा भदौरिया, दीपक सक्सैना, नीता कटारिया आदि उपस्थित रहे।

# ऑल इंडिया कराटे चैंपियनशिप में छात्राओं ने दिखाया दम, गोल्ड मेडल पर किया कब्जा

**अवधनामा ब्यूरो**



**इटावा।** अर्चना मेमोरियल ज्ञान मंदिर की छात्राओं ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए रॉयल चैलेंजर कप के 8वें चैंपियनशिप में 2 स्वर्ण पदक 1 रजत पदक 1 कांस्य पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता जी एल ए विश्वविद्यालय के प्रांगण में कराटे चैंपियनशिप प्रतियोगिता जो कि मथुरा में आयोजित की गई थी,जिसमें देशभर से सैकड़ों प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। शानदार प्रदर्शन के साथ मिली जीत।

अर्चना मेमोरियल की छात्राओं
कैटागिरी 13 दीया मिश्रा गोल्ड मेडल
कैटिगरी 15 मान्यता प्रजापति गोल्ड मेडल
कैटिगरी 12 सौम्या सिंह सिल्वर मेडल
कैटिगरी 13 रीत सिंह ब्रॉन्ज मेडल

प्राप्त किया। अपने कुशल प्रदर्शन और मजबूत हौसले के साथ विपक्षियों को मात दी। उनके तेज-तर्रार मूव्स और आत्मविश्वास ने निर्णायकों को प्रभावित किया। प्रतियोगिता के दौरान छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक हासिल किया। स्कूल और क्षेत्र में खुशी की लहर गोल्ड मेडल की इस उपलब्धि पर स्कूल के प्रधानाचार्या, शिक्षकों और अभिभावकों ने छात्राओं को बधाई दी। प्रधानाचार्या असरा अहमद ने कहा,÷यह उपलब्धि हमारी छात्राओं की कड़ी मेहनत और उनके प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। यह न केवल स्कूल बल्कि पूरे इटावा जिले के लिए गर्व का क्षण है। शिक्षकों ने दी बधाई छात्राओं को इस चैंपियनशिप के लिए प्रशिक्षक प्रीति बॉथम ने तैयार किया था। उन्होंने बताया,हमारी छात्राओं ने प्रशिक्षण के दौरान कड़ी मेहनत की और आज उनकी मेहनत का फल मिला है। हमें उम्मीद है कि भविष्य में वे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी सफलता का परचम लहराएंगी। समाज के लिए प्रेरणा। इस उपलब्धि ने अर्चना मेमोरियल ज्ञान मंदिर एवं इटावा के अन्य छात्रों को प्रेरित किया है छात्राओं ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता,स्कूल और प्रशिक्षकों को दिया है। यह उपलब्धि इटावा के खेल जगत में एक नई उम्मीद का संचार करती है।

# आग लगनें से आठ बकरियाओं की जल कर हुयीं मृत्यु

**अवधनामा संवाददाता**

**मौदहा हमीरपुर।** मंगलवार को अर्द्ध रात्रि क्षेत्र के एक गांव में आग लग गई जहां आगजनी होने वाले स्थान पर 8 बकरी समेत आधा दर्जन भैंस आदि बंधीं थीं लेकिन वहां मौजूद युवक उस समय सो रहे थे जिस पर आग ने विकराल रूप धारण कर लिया था और देखते ही देखते कच्चे मकान को अपनी आगोश में ले लिया जहां बंधीं 8 बकरियां जल कर मर गईं। बकरियों को निकालने गए दो युवक भी आग की चपेट में आ जाने से काफी हद तक झुलस गए। हालांकि मौके पर पहुंचे लेखपाल ने घटनास्थल का निरीक्षण कर रिपोर्ट संबंधित अधिकारियों को प्रेषित कर पशु चिकित्साधिकारियों को पोस्टमार्टम रिपोर्ट के लिए पत्र लिखा है। क्षेत्र के परछा गांव में महमूद खान पुत्र हकीम खान के डेरा में गुरुवार की मध्यरात्रि अज्ञात कारणों से आग लग गई जहां बने एक कच्चे मकान में 8 बकरियां बंधीं हुईं थीं, आग के विकराल रूप धारण करने पर कच्चा मकान आग की चपेट में आ गया हालांकि वहीं पर दूसरे अन्य कमरे में महमूद खान तथा असलम पुत्र महमूद सो रहे थे। बकरियों की आवाज सुनकर जगे महमूद ने जब आग लगी देखी तो उसने तुरंत अपने पुत्र को जगाया और कच्चे मकान के अंदर जाकर बकरियां खोलने लगा लेकिन जब तक बकरियां खोलता तब तक मकान पूर्णतया आग की चपेट में आ चुका था और बकरियां भी अधजली हो गई थी तभी आग की चपेट में आ जाने से पिता पुत्र भी आग की चपेट में आ जाने से काफी झुलस गए। जब दोनों पिता पुत्र ने आग लगने की बात कहकर शोर मचाया तो थोड़ी ही देर में वहां लोगों की भीड़ लग गई और मौजूद लोगों ने जैसे तैसे आग बुझाई। जब तक आग बुझती तब तक सभी बकरियां जल कर मर चुकी थी।

## वृक्षारोपण जन अभियान के तहत मंत्रीगणों ने सर्किट हाउस चुर्क में किये वृक्षारोपण

**सोनभद्र।** प्रदेश सरकार के स्वतंत्र देव सिंह कैबिनेट मंत्री जल शक्ति विभाग, रवीन्द्र जायसवाल राज्यमंत्री/ जनपद के प्रभारी मंत्री/स्वतंत्र प्रभार स्टाम्प एवं पंजीयन, असीम अरून राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार समाज कल्याण विभाग, डॉ. अरून कुमार राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार वन पर्यावरण एवं जन्तु उद्यान, संजीव कुमार गौंड़ राज्यमंत्री समाज कल्याण विभाग, जीत सिंह खरवार अनुसूचित जनजाति आयोग उपाध्यक्ष, जिलाधिकारी बी.एन. सिंह, पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा, भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल गुप्ता ने सर्किट हाउस चुर्क परिसर में वृक्षारोपण किये, इस मौके पर मंत्रीगणों ने उपस्थित जनमानस से वृक्षारोपण व उसके संरक्षण की अपील भी की। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) सहदेव कुमार मिश्र, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) रोहित यादव, डी.एफ.ओ. सोनभद्र कुंज मोहन वर्मा, उप जिलाधिकारीगण सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहें।

## बेवा के पैतृक प्लाट की ओर दबंग मकान निर्माण में कर रहा निकास

**मौदहा हमीरपुर।** दबंग द्वारा बेवा महिला के पैतृक प्लाट से दरवाजा करने पर आमादा हो जाने से बेवा महिला अधिकारियों के चक्कर काटने पर मजबूर है लेकिन अभी तक दबंग द्वारा कराया जा रहा निर्माण अभी तक रुका नहीं है, जिसके बाद बेवा महिला ने क्षेत्राधिकारी समेत जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए दबंग द्वारा कराए जा रहे मकान निर्माण का दरवाजा उसके प्लाट की तरफ न करने की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मदारपुर निवासी बेवा नजमा बानो स्व इम्तियाज खान ने दबंग द्वारा कराए जा रहे मकान निर्माण का दरवाजा उसके पैतृक प्लाट की ओर करने से बाज नहीं आने पर जिलाधिकारी घनश्याम मीणा समेत मौदहा इंचार्ज क्षेत्राधिकारी को ज्ञापन देकर बताया कि वह एक गरीब असहाय विधवा महिला है तथा उसका एक आवासीय पैतृक प्लाट खाली पड़ा है तथा मेरे प्लाट के बगल में ही मौजूद अन्य प्लाट को ग्रामवासी सिराज खां व शेर खां ने साजिश के तहत मेरा प्लाट कब्जा करने की बात कहते हुए खलील पुत्र कासिम को बेंच दिया था।

## मंत्रीगणों ने सलखन फासिल्स पार्क और हाथीनाला ईको बायोडायवर्सिटी को दिया वोट



देखो अपना देश-पीपल्स चॉइस-2024 महाभियान के तहत सोनभद्र में दी अपनी राय

**अवधनामा ब्यूरो**

**सोनभद्र।** देखो अपना देश-पीपल्स चॉइस-2024 महाभियान में गुरुवार को प्रदेश के कई मंत्रीगण ने हिस्सा लिया। उन्होंने सोनभद्र जिले में स्थित अपने पसंदीदा पर्यटन के रूप में सलखन फासिल पार्क और हाथीनाला ईको बायोडायवर्सिटी पिकनिक स्पाट को वोट दिया। सोनभद्र जिले में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम हिस्सा लेने के लिए प्रदेश के कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) प्रभारी मंत्री रवीन्द्र जायसवाल, मंत्री असीम अरुण, मंत्री अरुण कुमार, राज्य मंत्री समाज कल्याण विभाग संजीव कुमार गौंड़ पहुंचे थे। पर्यटन विभाग की ओर से देखो अपना देश-पीपल्स चॉइस-2024 महाभियान के तहत जिले में कई जगह सेल्फी प्वाइंट बनाया गया है। मंत्रीगण ने सोन सर्किट हाउस पार्क और सलखन फासिल्स पार्क में क्यूआर कोड स्कैन कर अपने पसंदीदा पर्यटन स्थल और हाल में जहां से भ्रमण कर लौटे हैं तथा जहां जाने की योजना बना रहे हैं, ये सूचनाएं दर्ज की। यहां कई वरिष्ठ अफसरों ओर जनसमान्य ने भी वोटिंग की। सोनभद्र जिले में स्थित सलखन गांव में मानव जीवन उत्पत्ति का प्रमाण मिलता है। यहां लगभग 1400 मिलियन वर्ष पुराने जीवाश्म हैं। इसे यूनेस्को की सूची में दर्ज कराने की प्रक्रिया चल रही है।

# प्रभारी मंत्री व वन मंत्री ने सलखन फासिल्स पार्क का किये निरीक्षण

**अवधनामा ब्यूरो**



फासिल्स पार्क का बेहतर ढंग से किया जाये विकास, पर्यटकों के आकर्षण का बने केन्द्र-प्रभारी मंत्री

**सोनभद्र।** रवीन्द्र जायसवाल राज्यमंत्री/ जनपद के प्रभारी मंत्री/ स्वतंत्र प्रभार स्टाम्प एवं पंजीयन, डॉ. अरूण कुमार राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार वन पर्यावरण एवं जन्तु उद्यान ने सलखन फासिल्स पार्क का निरीक्षण किये, निरीक्षण के दौरान प्रभारी मंत्री रवीन्द्र जायसवाल ने कहा कि सलखन फासिल्स को बेहतर ढंग से विकसित किया जाये, जो पर्यटकों के आकर्षण का केन्द्र बिन्दु बनें, इसके लिए बेहतर ढंग से कार्ययोजना बनायी जाये, इस दौरान डॉ. अरूण कुमार राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार वन पर्यावरण एवं जन्तु उद्यान ने उपस्थित अधिकारियों के निर्देशित करते हुए कहा कि सलखन फासिल्स पार्क को विकसित करने हेतु इस प्रकार की कार्ययोजना बनायी जाये कि सलखन फासिल्स पार्क की पहचान राष्ट्रीय स्तर के पार्क के रूप में हो, इस दौरान मंत्रीगण ने सलखन फासिल्स पार्क के विकास हेतु किये जा रहे कार्यों के सम्बन्ध में डी.एफा.ओ. से जानकारी प्राप्त की, तो जिलाधिकारी बी.एन. सिंह व डी.एफ.ओ. कैमूर द्वारा बताया गया, कि फासिल्स पार्क के सौन्दर्यीकरण हेतु पर्यटन विभाग द्वारा डेढ़ करोड़ की धनराशि स्वीकृति की गयी है, जिसके माध्यम से पर्यटकों के बैठने हेतु दो ग्लोवर, नेचर ट्रेलर, प्रकृति चित्रण केन्द्र, सुरक्षा व्यवस्था के आवश्यक प्रबन्ध, गेट का निर्माण आदि कार्य कराये जायेंगें, प्रभारी मंत्री जी ने कहा कि सलखन फासिल्स पार्क के महत्वपूर्ण प्रचार-प्रसार करने हेतु जन मानस तक जानकारी पहुंचाने के लिए छोटे-छोटे वीडियो क्लीप बनाकर उसे प्रकृति चित्रण केन्द्र में चलाया जाये, जिससे कि अधिक से अधिक संख्या में लोग फासिल्स पार्क के ईतिहास को जान सके और उसे देखने हेतु जनपद में आयें।

# अनपरा तापीय परियोजना के रवैया से लोगों में आक्रोश

**अवधनामा संवाददाता**

**सोनभद्र/अनपरा।** कल बुधवार को सैकड़ो की संख्या में व्यापार मंडल अध्यक्ष रविजीत सिंह की अगवाई में लोगों ने धरना प्रदर्शन किया अनपरा बोर्ड रोज रात्रि में आने जाने वालों के लिए गेट बंद कर देते हैं कभी 7:00 बजे तो कभी 8:00 बजे महिलाओं और पुरुषों को आने जाने में बहुत दिक्कत का सामना करना पड़ता है काशी मोर होकर जाने में तथा विभिन्न कठिनाइयांसे जूझना पड़ता है रविजीत सिंह व्यापार मंडल अध्यक्ष अनपरा औरी के साथ सैकड़ो की संख्या में लोगों ने गेट पर जाकर प्रदर्शन किया जिसमें लोगों की मांगी थी एक सुनिश्चित समय निश्चित किया जाए गेट बंद करने का कई छोटे-छोटे दुकानदार महिलाएं बच्चे अनपरा बाजार में खरीदारी करने के लिए जाते हैं और उनको काशी मोड होकर वापस ऑडी मोड आना पड़ता है जिसके कारण अनेक प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है व्यापार मंडल अध्यक्ष रविजीत सिंह का कहना है की अंतर तापीय परियोजना एक समय निश्चित करें जिससे आमजन मानस को आने-जाने में किसी प्रकार की कोई कठिनाई न हो बोर्ड परिसर के अंदर स्कूल बैंक पोस्ट ऑफिस जैसी अन्य सुविधाएं अंदर ही है कई छोटे-छोटे दुकानदार ऑडी से अपनी दुकान बंद कर कर अपने घरों की तरफ जाने के लिए अनपरा बाजार से होकर ही गुजरते हैं जबकि बोर्ड द्वारा कोई निश्चित समय निर्धारित न करने के कारण कल लोगों में जन आक्रोश पैदा हो गया जिसमें विभिन्न संगठनों के साथ सैकड़ो की संख्या में लोगों ने जमकर नारेबाजी की जिसमें विशेष रूप से मंडल अध्यक्ष अभिषेक विश्वकर्मा पंकज मौर्या कुशाल गुप्ता अमित जायसवाल गौरव राय दीपक मिश्रा रिंकू दुबे शशि पांडे आदि मौजूद रहे रविजीत सिंह कल की अगवाई में सैकड़ो महिलाएं बच्चे भी मौजूद थे अगर इसका जल्दी ही निष्कर्ष नहीं निकल गया तो बहुत जल्दी यह जन आंदोलन उग्र रूप ले सकता है।

# जनजाति गौरव दिवस का भव्य तरीके से आयोजन

- मंत्रीगणों ने भगवान बिरसा मुण्डा के जीवन चित्रण पर डाले प्रकाश
- भगवान बिरसा मुण्डा के संघर्षो को किये स्मरण
- मंत्रीगणों द्वारा वनवासी व आदिवासी समाज के लोगों को चिरौली व महुआ पौध किया किया गया वितरण

**अवधनामा ब्यूरो**



**सोनभद्र।** जनजाति गौरव दिवस का आयोजन आज रामलीला मैदान सलखन में किया गया, इस मौके पर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र देव सिंह कैबिनेट मंत्री जल शक्ति विभाग, रवीन्द्र जायसवाल राज्यमंत्री/जनपद के प्रभारी मंत्री/स्वतंत्र प्रभार स्टाम्प एवं पंजीयन, असीम अरून राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार समाज कल्याण विभाग, डॉ0 अरून कुमार राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार वन पर्यावरण एवं जन्तु उद्यान, संजीव कुमार गौंड़ राज्यमंत्री समाज कल्याण विभाग, जीत सिंह खरवार अनुसूचित जनजाति आयोग उपाध्यक्ष,भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल गुप्ता, संजय गोंड़ प्रदेश अध्यक्ष जनजाति मोर्चा, रामसकल पूर्व राज्य सभा सांसद द्वारा दीप प्रज्जवलन व बिरसा मुण्डा के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, इस मौके पर प्रदेश सरकार के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने उपस्थित जनमानस को सम्बोधित करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के नेतृत्व में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लोगों को विकास की मुख्य धारा में मिलाने के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं प्रारंभ की गयी है, जिससे अनुसूचित जनजाति समाज के लोगों का चैमुखी विकास हो रहा है, उन्होंने कहा कि प्रधानमी उज्जवला योजना के अन्तर्गत गरीब महिलाओं को निःशुल्क गैस कनेक्शन उपलब्ध कराया जा रहा है और निःशुल्क राशन का वितरण भी किया जा रहा है, सुरक्षा व्यवस्था इतनी बेहतर हो गयी है कि कोई भी महिला लकड़ी आदिवासी समाज की रात 12 बजे कहीं पर आ-जा सकतीं हैं, मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के नेतृत्व में प्रदेश में कानून का राज्य स्थापित है, लोगों को विद्युत आपूर्ति की भी बेहतर सुविधा मिल रही है, भगवान बिरसा मुण्डा ने देश को आजाद कराने के लिए अंग्रेजों के खिलाफ कठिन संघर्ष कर आदिवासी समाज के लोगों के हक व उत्थान के लिए निरन्तर प्रयासरत रहें, बिरसा मुण्डा की जयंती को आज गौरव दिवस के रूप में मनाया जा रहा है, जनजाति समाज के लोगों का देश के आजादी में काफी कठिन संघर्ष करते हुए देश को आजाद कराने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभायें हैं। इस दौरान प्रभारी मंत्री रवीन्द्र जायसवाल ने उपस्थित जनमानस को सम्बोधित करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के नेतृत्व में हर घर को नल से जल की सुविधा उपलब्ध हो रही है, वनवासी आदिवासी क्षेत्रों में पीने की पानी की बहुत बड़ी समस्या थी, जिसका निराकरण हर घर को नल से जल योजना के माध्यम से किया जा रहा है।

# फिल्म 'द साबरमती रिपोर्ट' यूपी में टैक्स फ्री होगी: वीरेन्द

**वहाज अली निहाल**



**इटावा।** भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत के नेतृत्व में पूर्व सांसद डॉ रामशंकर कठेरिया, सदर विधायक सरिता भदौरिया, जिला चुनाव अधिकारी वीरेन्द्र तिवारी सहित भाजपा जिला संगठन ने भाजपा नेता कृष्णमुरारी गुप्ता के संयोजन में गुरुवार को शास्त्री चौराहा स्थित मेड मूवीज में गुजरात के गोधरा में साल 2002 के दौरान साबरमती एक्सप्रेस में आगजनी और कारसेवकों के सामूहिक हत्याकांड पर बनी फिल्म 'द साबरमती रिपोर्ट' का अवलोकन किया।

फ़िल्म समाप्ति उपरांत जिला चुनाव अधिकारी वीरेंद्र तिवारी ने बताया कि गोधरा में साल 2002 के दौरान साबरमती एक्सप्रेस में आगजनी और रामसेवकों के सामूहिक हत्याकांड पर बनी फिल्म 'द साबरमती रिपोर्ट' यूपी में टैक्स फ्री होगी। वीरेन्द्र तिवारी ने कहा कि ये फिल्म सभी को देखनी चाहिए। इस फिल्म के माध्यम से गोधरा कांड में मारे गए निर्दोष लोगों को श्रद्धांजलि दी गई है। सच्चाई और न्याय के महत्वपूर्ण पहलुओं को उजागर करने के दिशा में यह फिल्म एक सराहनीय प्रयास है। इस फ़िल्म में गोधराकांड की हकीकत को फिल्माया गया है। फ़िल्म देखने के बाद पूर्व सांसद डॉ रामशंकर कठेरिया ने कहा कि अतीत का एक ऐसा काला सच दबाया गया था जो इस फिल्म ने उजागर किया है जनता के सामने अतीत की सारी सच्चाई सामने लेकर आती है ये फिल्म।

27 फरवरी 2002 को गुजरात के गोधरा रेलवे स्टेशन पर साबरमती एक्सप्रेस के एस-6 कोच में आग लगा दी गई थी। इसमें अयोध्या से लौट रहे 59 हिंदू श्रद्धालुओं की जलकर मौत हो गई थी। इस घटना के कारण गुजरात में दंगे भड़क गए थे। यह फिल्म इसी घटना पर बनी है। गोधरा में कारसेवकों की निर्मम हत्या पर आधारित फिल्म को देखने पर मृतक सेवकों को श्रद्धांजलि दी है।

फ़िल्म देखने के बाद सदर विधायक सरिता भदौरिया ने कहा कि 27 फरवरी, 2002 की सुबह मुजफ्फरनगर से निकली साबरमती एक्सप्रेस गोधरा पहुंचने वाली थी। अहमदाबाद जा रही ट्रेन में कम से कम 2, 000 कारसेवक अयोध्या से सवार हुए थे। साबरमती एक्सप्रेस अभी गोधरा स्टेशन पर पहुंची ही थी कि सैकड़ों की संख्या में भीड़ ने धावा बोल दिया। स6 कोच में बाहर से आग लगा दी गई। इस दौरान कोच में सवार 59 यात्री जलकर मर गए। जबकि 48 अन्य यात्री घायल हो गए थे। इसके बाद पूरे गुजरात में सांप्रदायिक दंगे भड़क गए। फ़िल्म देखने के बाद भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत ने कहा कि गोधराकांड पर आधारित 'द साबरमती रिपोर्ट' फ़िल्म प्रत्येक व्यक्ति को देखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस फिल्म में दर्शाया गया कि उस समय गुजरात दुनिया मे विशेष छवि की ओर अग्रसर हो रहा था। लेकिन गोधराकांड से जो नुकसान हुआ था। इस फ़िल्म में उस हकीकत को दर्शाया गया है। फ़िल्म देखने प्रमुख रूप से पूर्व सांसद डॉ रामशंकर कठेरिया, सदर विधायक सरिता भदौरिया, जिला चुनाव अधिकारी वीरेंद्र तिवारी, भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत,जिला मीडिया विनीता गुप्ता, अंशुल दुबे, एम पी सिंह तोमर, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष संजू चौधरी, सागर दुबे, जिला पंचायत सदस्य सचिन यादव, पूर्व प्रत्याशी कमलेश कठेरिया, पूर्व जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा सत्यम राजपूत, चंदन पोरवाल सहित जिला पदाधिकारी, मण्डल अध्यक्ष, मण्डल पदाधिकारी, मोर्चाओ के अध्यक्ष सहित पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

# सिपाही भर्ती: सीएम योगी ने उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को दी बधाई

- शुचिता एवं पारदर्शिता से पूरी हुई परीक्षा : मुख्यमंत्री
- 1,74,316 अभ्यर्थियों को अगले चरण के लिए अर्ह घोषित
- मल्टी-लेयर पैकेजिंग और गोपनीय चिह्नों से प्रश्न-पत्रों की सुरक्षा सुनिश्चित की गई



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** यूपी में पुलिस भर्ती परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले अभ्यर्थियों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बधाई दी है। उन्होंने कहा कि एक्स पर बयान जारी कर कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा निष्पक्ष एवं पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से आयोजित यूपी पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस के 60,244 पदों पर सीधी भर्ती-2023 की लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को हार्दिक बधाई!

आप सभी परीक्षा के आगामी चरणों की तैयारी पूर्ण तत्परता के साथ करेंगे, इस विश्वास के साथ मेरी मंगलकामनाएं!

उन्होंने आगे कहा कि पूर्ण शुचिता और पारदर्शिता के साथ संपन्न उत्तर प्रदेश के इतिहास की सबसे बड़ी सिपाही भर्ती परीक्षा के परिणाम आज घोषित हुए हैं। आरक्षण नीति का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए उ.प्र. पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने प्राप्तांकों की श्रेष्ठता के आधार पर निर्धारित पदों के सापेक्ष लगभग ढाई गुना अधिक यानी कुल 1,74,316 अभ्यर्थियों को अगले चरण के लिए अर्ह घोषित किया है।

सफलतापूर्वक परीक्षा को संपन्न कराने हेतु बोर्ड के पदाधिकारियों को बधाई एवं अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए अत्याधुनिक तकनीक का प्रयोग करने के साथ ही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की भी मदद ली गई। नकल माफिया और सॉल्वर गैंग को पूरी तरह विफल करते हुए मल्टी-लेयर पैकेजिंग और गोपनीय चिह्नों से प्रश्न-पत्रों की सुरक्षा सुनिश्चित की गई। सख्त व्यवस्था और पारदर्शी प्रबंधन से नया उत्तर प्रदेश निष्पक्षता और ईमानदारी के नित नए मानक स्थापित कर रहा है।

## यूपी पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा 23, 24, 25, 30, 31 अगस्त को हुई थी

यूपी पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा का रिजल्ट जारी कर दिया गया है। भर्ती बोर्ड की वेबसाइट पर रिजल्ट अपलोड कर दिया गया है। यूपी पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा 23, 24, 25, 30, 31 अगस्त को हुई थी। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड (PPRPB) की ओर से यूपी पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा के नतीजे घोषित कर दिए गए हैं। परिणाम का डायरेक्ट लिंक UPPRPB की ऑफिशियल वेबसाइट uppbpb.gov.in पर एक्टिव किया गया है। अभ्यर्थी तुरंत इस वेबसाइट पर जाकर या इस पेज पर दिए डायरेक्ट लिंक से रिजल्ट चेक कर सकते हैं।

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने अपने ऑफिशियल एक्स अकाउंट पर जानकारी देते लिखा, आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती-2023 की दिनांक 23, 24, 25 30 व 31 अगस्त 2024 को सम्पन्न लिखित परीक्षा के प्राप्तांकों की श्रेष्ठता, और आरक्षण के लम्बवत एवं क्षैतिज नियमों के अनुसार चयन प्रक्रिया के अगले चरण, अभिलेखों की संवीक्षा तथा शारीरिक मानक परीक्षण (DV/PST) हेतु अर्ह पाए गए अभ्यार्थियों की सूची एवं तत्संबंधी विज्ञप्ति बोर्ड की वेबसाईट https://uppbpb.gov.in पर जारी कर दी गई है। बता दें, यूपी पुलिस कॉन्स्टेबल भर्ती 2024 की लिखित परीक्षा दो चरणों में आयोजित की गई थी। पहले चरण में 23, 24 और 25 अगस्त और दूसरे चरण में 30 और 31 अगस्त को आयोजित हुई थी। दोनों चरणों में 48 लाख से ज्यादा ने आवेदन किया था, जबकि 32 लाख अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी थी। यूपी पुलिस सिपाही रिजल्ट (PP Result) डाउनलोड करने के लिए सबसे पहले आपको उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड (PPRPB) की आधिकारिक वेबसाइट uppbpb.gov.in पर जाना होगा।

# नरेंद्र कश्यप ने योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए



- महाकुंभ प्रयागराज में दिव्यांगजन विभाग का शिविर लगाकर योजनाओं की जानकारी प्रदर्शित की जाए

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने विधानसभा सचिवालय में आयोजित विभागीय समीक्षा बैठक में योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। बैठक में मंत्री ने विभागीय योजनाओं के लिए आवंटित धनराशि का उपयोग समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिये और कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी स्तर पर देरी स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने यह सुनिश्चित करने पर जोर दिया कि योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक शीघ्र पहुंचे और योजनाओं का प्रचार-प्रसार गांव-गांव तक हो। बैठक में उन्होंने कम्प्यूटर प्रशिक्षण (ट्रिपल सी/ओ लेवल) के लाभार्थियों को उनके बैंक खातों में शीघ्र धनराशि हस्तांतरित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही शादी अनुदान और छात्रवृत्ति योजनाओं की समीक्षा करते हुए उन्होंने सभी लंबित आवेदनों का शीघ्र निस्तारण करने और सभी लाभार्थियों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने का आदेश दिया। विभागीय रिक्त पदों पर शीघ्र भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ करने पर जोर देते हुए मंत्री ने कहा कि रिक्तियां को जल्दी से जल्दी भरते हुए योगी सरकार के लोगों को रोजगार के अवसर देने के संकल्प में सहयोग करे।

# विश्व मात्स्यिकी दिवस समारोह का आयोजन

- केज कल्चर मछली के गहन उत्पादन के लिए एक उभरती हुई तकनीक: डा. संजय

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** मत्स्य विभाग, उ.प्र. द्वारा विश्व मात्स्यिकी दिवस के अवसर पर चौधरी चरण सिंह सभागार, सहकारिता भवन लखनऊ में आज समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर मत्स्य विकास मंत्री डा0 संजय कुमार निषाद ने कहा कि मत्स्य पालन तकनीक एवं नदियों व जलाशयों में मत्स्य अंगुलिका का संचय, मत्स्य आखेट प्रबंधन की जानकारी, जलक्षेत्रों के दोहन न करने व जल क्षेत्र की सस्टेनेबिलिटी (निरंतरता) बनाते हुए अधिक से अधिक मत्स्य उत्पादन के साथ-साथ देशीय मत्स्य प्रजातियों का संरक्षण व संवर्धन हेतु समारोह का आयोजन किया गया है। प्रदेश में उपलब्ध कुल जलक्षेत्रों से वर्ष 2023-24 मे उत्तर प्रदेश का कुल मत्स्य उत्पादन 11.60 लाख मी0 टन एवं मत्स्य उत्पादकता 5539.00 किग्रा0/हे0/वर्ष प्राप्त हुआ। डा0 निषाद ने कहा कि प्रदेश में गंगा, यमुना, चम्बल, बेतवा, गोमती, घाघरा एवं राप्ती सहित कई सदाबाही नदियॉ बहती हैं, जिनके दोनों किनारे एवं आसपास मछुआ समुदाय की घनी आबादी निवास करती है, जो आजीविका हेतु मुख्यतः मत्स्य पालन, मत्स्याखेट एवं मत्स्य विपणन कार्यों पर निर्भर है। इन्हें रोजगार उपलब्ध कराने एवं उनके आर्थिक उन्नयन हेतु अभियान चलाकर मत्स्य जीवी सहकारी समितियों के गठन की कार्यवाही की जा रही है जिसके अन्तर्गत 565 समितियों के गठन का लक्ष्य निर्धारित करते हुए समिति गठन की कार्यवाही कराई जा रही है। मत्स्य विकास मंत्री ने बताया कि केज कल्चर मछली के गहन उत्पादन के लिए एक उभरती हुई तकनीक है। जलाशयों में स्थापित केजों मे पंगेशियस और गिफ्ट तिलपिया का पालन करते हुए उत्पादकता में वृद्धि की जा सकती है।

## राहुल गांधी एक बार फिर सच साबित हुए : नावेद

**लखनऊ।** अमेरिका में गौतम अडानी पर एफआईआर दर्ज होने के बाद कांग्रेस नेता नावेद नकवी ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी एक बार फिर सच साबित हुए हैं। राहुल गांधी ने जो भी आरोप प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनके मित्रों पर लगाए वह सब सच साबित हो रहे हैं। जिन आरोपों पर मोदी सरकार पर्दा डाले हुए है वह भी धीरे-धीरे जनता के सामने आएंगे। नावेद नकवी ने कहा कि नरेन्द्र मोदी के भ्रष्टाचारी मित्र अडानी पर राहुल गांधी के आरोपों पर अमेरिका की जांच एजेंसी ने भी अपनी मोहर लगा दी है। अब देखना यह होगा कि मोदी जी के मित्र डोनाल्ड ट्रम्प अपने मित्र को इस मुसीबत से बचा पाएंगे या नहीं, क्योंकि अडानी की परेशानी मोदी जी की परेशानी है। नावेद नकवी ने कहा कि इससे पहले जो बातें राहुल गांधी ने कही सच साबित हुई, कोविड महामारी पर चेतावनी दी थी, चीन पर चेतावनी दी, जीएसटी, नोटबंदी और कृषि कानूनों को लेकर श्री गांधी की कही बातें सही साबित हुई हैं।

# वक्फ बिल में गैर मुस्लिमों को शामिल करने के सख्त खिलाफ हैं : मौलाना कल्बे जव्वाद

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** इदारए मकसदे हुसैनी की ओर से गुरुवार को औकाफ संरक्षण सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए मौलाना कल्बे जव्वाद नकवी ने वक्फ बिल का विरोध करते हुए कहा कि वक्फ बिल में गैर मुस्लिमों को शामिल करने के सख्त खिलाफ हैं। इससे वक्फ गतिविधियों पर असर पड़ेगा। मौलाना ने कहा हम पूरे देश में वक्फ सम्पत्तियों पर अवैध कब्जों का विरोध करते हैं और सरकार व प्रशासन को तुरंत वक्फ सम्पत्तियों से अवैध कब्जे हटाने चाहिए नहीं तो इसके खिलाफ देशव्यापी आंदोलन शुरू होगा। इससे पहले सम्मेलन का आगाज शेख कुमैल ने तिलावते कलामे पाक से किया। सम्मेलन की अध्यक्षता मौलाना रजा हुसैन रिजवी और संचालन मौलाना शाहिद हुसैनी ने की। मौलाना कल्बे जव्वाद ने लखनऊ में वक्फ सम्पत्तियों पर अवैध कब्जों का उल्लेख करते हुए अवैध कब्जे हटाने की मांग की। उन्होंने हरदोई रोड स्थित कर्बला अब्बास बाग की सम्पत्ति पर अवैध कब्जे का आरोप लगाते हुए कहा कि पुलिस-प्रशासन की शह पर अवैध कब्जे किये गये और अवैध निर्माण जारी हैं। जल्द ही इन अवैध कब्जों और अवैध निर्माणों के खिलाफ बड़े पैमाने पर आंदोलन शुरू किया जाएगा। मौलाना रजा हुसैन रिजवी ने कहा कि नये वक्फ बिल में जिस तरह जिलाधिकारी को अधिक अधिकार दिये गये हैं हम उसका विरोध करते हैं। वक्फ सम्पत्ति हमारी धार्मिक पूंजी है और हम वक्फ सम्पत्तियों पर कोई अवैध गतिविधि बर्दाश्त नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि इस बिल के जरिए सरकार मुसलमानों से वक्फ सम्पत्तियां छीनना चाहती है। बिल को लेकर केन्द्र सरकार की मंशा केन्द्रीय नागरिक मंत्रालय के बयान से समझी जा सकती है। सम्मेलन में उपस्थित उलमा ने सर्वसम्मति से नये वक्फ बिल का विरोध किया। सम्मेलन में शामिल लोगों ने एक स्वर में कहा कि नए वक्फ बिल के कानून बनने पर केन्द्र सरकार को अधिक शक्तियां मिलेगी और वह देश भर में फैली वक्फ सम्पत्तियों को हड़प वक्फ संस्थानों को बर्बाद कर सकती है। नए बिल में जिलाधिकारी को अधिक शक्तियां प्रदान की गयी हैं, जबकि सैद्धांतिक तौर पर कलेक्टर जज नहीं बन सकता। उलमा ने कहा कि इस बिल के जरिए सरकार वक्फ का सारा काम अपने हाथों में लेकर प्रदेश सरकारों को इससे बाहर करना चाहती है।

## संक्षिप्त समाचार

### सदस्य, अवसंरचना, रेलवे बोर्ड का आरडीएसओ दौरा



**लखनऊ।** सदस्य, अवसंरचना, रेलवे बोर्ड नवीन गुलाटी ने 21 नवम्बर को आरडीएसओ का दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने भारतीय रेल के इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स एवं उससे जुड़ी समस्याओं की समीक्षा की। इस बैठक में उदय बोरवणकर, महानिदेशक, आरडीएसओ ने उपस्थित अधिकारियों को संबोधित करते हुए भारतीय रेल से सम्बंधित महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की।

### बटलर झील के निर्माणाधीन कैफेटेरिया का काम धीमी गति से मिलने पर मण्डलायुक्त नाराज

**लखनऊ।** मण्डलायुक्त डॉ. रोशन जैकब व लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बटलर पैलेस झील का औचक निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान मण्डलायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को बटलर पैलेस झील के चारों तरफ हॉर्टीकल्चर काम बेहतर तरीके से कराते हुए फिनिशिंग व फ्लावर गार्डेन की बॉम्बे फेंसिंग कराने के निर्देश दिये। बटलर झील के टापू पर निर्माणाधीन कैफेटेरिया का काम धीमी गति से मिलने पर नाराजगी जताते हुए मण्डलायुक्त ने मैनपावर बढ़ाते हुए काम को 2437 कराने के निर्देश दिये। काम में शिथिलता मिलने पर उन्होंने कहा कि कार्यदायी संस्था अपने काम को सुधारे नहीं तो ब्लैक लिस्ट कर दिया जाएगा। यहां के बाद मण्डलायुक्त ने बटलर पैलेस व बटलर पैलेस गेट के जीर्णोद्धार के चल रहे निर्माणाधीन कामों का जायजा लिया। उन्होंने जीर्णाद्धार काम के संबंध में अधिकारियों को बटलर गेट का निर्माण पूरा होने के बाद फसाड लाइटिंग लगानी सुनिश्चित करने को कहा, जिससे इसकी वास्तविक सुंदरता निखर कर सामने आ सके।

# एराज लखनऊ मेडिकल कालेज एंड हॉस्पिटल में एनसीएचपीई-2024 का आयोजन

- दो दिवसीय कार्यशाला में हेल्थ प्रोफेशनल की टेनिंग पर होगी चर्चा



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** एरा यूनिवर्सिटी और एराज लखनऊ मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल द्वारा एकेडमी ऑफ हेल्थ प्रोफेशन एजुकेशन के तत्वावधान में और फाउंडेशन फॉर एडवांसमेंट इन मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च इंटेलीथ के एक डिवीजन, फिलाडेल्फिया, यूएसए के सहयोग से 22 और 23 नवंबर को 15वें राष्ट्रीय स्वास्थ्य व्यवसाय शिक्षा सम्मेलन (एनसीएचपीई-2024) का आयोजन किया जा रहा है। दो दिवसीय सम्मेलन से पूर्व गुरुवार को प्री कॉन्फ्रेंस वर्कशॉप में विशेषज्ञों ने चिकित्सकों को बताया कि किस प्रकार मरीजों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए नवीन तकनीक से इलाज किया जाए।

इस वर्ष का विषय स्वास्थ्य व्यवसाय शिक्षा को सशक्त बनानाः नवाचार, सहयोग और रोगी सुरक्षा स्वास्थ्य पेशेवरों, शिक्षकों और शोधकर्ताओं को स्वास्थ्य व्यवसाय शिक्षा में सर्वोत्तम प्रथाओं और नवाचारों को साझा करने के लिए एक साथ लाएगा। सम्मेलन का एक भाग रोगी सुरक्षा से सम्बन्धित रहा। एरा विश्वविद्यालय के कुलपति का सम्मेलन सहस्राब्दी स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों के लिए विश्वविद्यालय की पहलों पर विस्तार से चर्चा की गई। सम्मेलन में पहले दिन अंतर-पेशेवर सहयोग और योग्यता-आधारित शिक्षा पर एक सत्र के साथ-साथ विविध विषयों कार्यशालाएं हुई। इसके माध्यम से एचपीई के कई पहलुओं को पूरा करने की कोशिश की गई। एरा विश्वविद्यालय की उप कुलपति प्रो. फरजाना महदी ने गुरुवार को प्री कॉन्फ्रेंस वर्कशॉप में कहा कि अस्पताल में आने वाले मरीज की सुरक्षा ही डाक्टर की प्राथमिकता होनी चाहिए। इसके लिए उसे हमेशा सीखते रहना चाहिए। यह कॉन्फ्रेंस इस उद्देश्य को पूरा करने का एक प्रयास है। प्रो. महदी ने कहा कि मरीज के इलाज से पूर्व डाक्टरों को सिमुलेशन पर अभ्यास जरूर करना चाहिए। सिमुलेशन एक प्रकार का कृत्रिम मरीज होता है जिसकी सहायता से डाक्टरों को सर्जरी व अन्य प्रोसीजर सिखाए जाते हैं। प्रो. महदी ने कहा कि मरीज की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अगर डाक्टर पहले से अभ्यास कर लेते हैं तो गलती की गुंजाइश नहीं रहती।

## विश्व धरोहर सप्ताह के अंतर्गत दो दिवसीय छायाचित्र प्रदर्शनी का आयोजन

**लखनऊ।** विश्व धरोहर सप्ताह (दिनांक 19 से 25 नवंबर, 2024) के अवसर पर कला एवं संस्कृति को संरक्षित करने के उद्देश्य से एवं भावी पीढ़ी को अपनी विरासत से परिचित कराते हुए जागरूक करने के उद्देश्य से डा0 सृष्टि धवन, निदेशक राज्य संग्रहालय लखनऊ की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन में आज दिनांक 21 नवंबर 2024 को राज्य संग्रहालय लखनऊ एवं नेशनल पी.जी. कॉलेज लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में राज्य संग्रहालय लखनऊ की कलाकृतियां पर आधारित दो दिवसीय छायाचित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। प्रदर्शनी में राज्य संग्रहालय लखनऊ की लगभग 40 कलाकृतियों के छायाचित्रों एवं अनुकृतियों को छात्र-छात्राओं एवं दर्शकों के अवलोकनार्थ नेशनल पीजी कॉलेज प्रांगण में प्रदर्शित किया गया है। प्रदर्शनी का शुभारंभ प्राचार्य डॉ देवेंद्र कुमार सिंह नेशनल पीजी कॉलेज द्वारा किया गया। प्रदर्शनी के बारे में विस्तार से डॉ0 मीनाक्षी खेमका सहायक निदेशक द्वारा भ्रमण कराते हुए कलाकृतियों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

# विश्व के मुख्य न्यायाधीशों के 25वें अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन में 56 देशों के मुख्य न्यायाधीश सीएमएस में पधारे

- अतिथियों का उप-मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने किया स्वागत

अवधनामा ब्यूरो




**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल द्वारा आयोजित 'विश्व के मुख्य न्यायाधीशों के 25वें अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन' में प्रतिभाग हेतु 56 देशों से पधारे मुख्य न्यायाधीशों, न्यायाधीशों व कानूनविद्ों समेत विभिन्न देशों के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, संसद के अध्यक्ष, इण्टरनेशनल कोर्ट ऑफ जस्टिस के न्यायाधीश आदि प्रख्यात हस्तियों के आज देर शाम लखनऊ पधारने पर उप-मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बतौर मुख्य अतिथि हार्दिक स्वागत किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में श्री मौर्य ने कहा कि दुनिया भर से पधारे न्यायविद्ों व कानूनविद्ों की उपस्थिति ने न सिर्फ लखनऊ के गौरव को विश्व पटल पर आलोकित किया है अपितु दुनिया के देशों को यह संदेश भी दिया है कि एकता व शान्ति का कोई विकल्प नहीं है और यही वह जरिया है जिसमें भावी पीढ़ी का उज्जवल भविष्य निहित है। 'विश्व के मुख्य न्यायाधीशों का अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन' 22 से 24 नवम्बर तक सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में आयोजित किया जा रहा है। 'भारतीय संविधान के अनुच्छेद 51' पर आधारित यह ऐतिहासिक सम्मेलन विश्व एकता, विश्व शान्ति एवं विश्व के ढाई अरब से अधिक बच्चों के सुन्दर एवं सुरक्षित भविष्य को समर्पित है। इस वर्ष यह ऐतिहासिक सम्मेलन 'ए गवर्नेन्स फॉर द फ्यूचर' थीम पर आधारित है। इससे पहले, इस ऐतिहासिक सम्मेलन की संयोजिका व सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन के नेतृत्व में सी.एम.एस. छात्रों, शिक्षकों व प्रधानाचार्याओं ने 56 देशों से पधारे न्यायविद्ों व कानूनविद्ों समेत विभिन्न प्रख्यात हस्तियों के सी.एम.एस. राजाजीपुरम प्रथम कैम्पस में पधारने पर का बैण्ड-बाजे की धुन व फूल-मालाओं के साथ लखनऊ की सरजमीं पर भव्य स्वागत-अभिनन्दन किया। प्रो. किंगडन ने इस अवसर पर कहा कि इसमें कोई दो राय नहीं कि यह ऐतिहासिक सम्मेलन दुनिया को एकता के सूत्र में पिरोने और विश्व के ढाई अरब बच्चों का भविष्य हेतु विश्व समाज को एक नई दिशा देने में सफल साबित होगा।

# एलडीए ने जनता अदालत में 13 मामलों का किया निस्तारण

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण में गुरुवार को प्राधिकरण दिवस/जनता अदालत में आए कुल 41 मामलों में से 13 का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष प्रकरणों में समय-सीमा निर्धारित करते हुए अधिकारियों को कार्रवाई का निर्देश दिया गया। प्राधिकरण दिवस में नामांतरण, रजिस्ट्री, फ्री-होल्ड व अवैध निर्माण से संबंधित प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। प्राधिकरण उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार व सचिव विवेक कुमार ने प्राधिकरण दिवस में मौजूद रह कर जनता की समस्याएं सुन कार्रवाई के निर्देश दिये। लविप्रा के अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा ने बताया कि प्राधिकरण भवन के पारिजात सभागार में आयोजित प्राधिकरण दिवस में पहुंची शेफाली रस्तोगी ने गोमती नगर के विपुल खण्ड स्थित भूखण्ड संख्या 2/58 के नामांतरण के संबंध में प्रार्थना पत्र दिया, जिस पर उपाध्यक्ष ने नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिये। रकाबगंज के दालमण्डी निवासी संजय केसरवानी ने ऐशबाग योजना के रामनगर में प्राधिकरण के वर्ष 2003 में आवंटित भूखण् पर भू-माफिया के अवैध कब्जे को लेकर प्रार्थना पत्र दिया। उपाध्यक्ष ने संबंधित अधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर स्थल निरीक्षण कर रिपोर्ट पेश करने को कहा, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई होगी। इस मौके पर संयुक्त सचिव सुशील प्रताप सिंह, सोम कमल सीताराम, मुख्य नगर नियोजक के.के. गौतम, विशेष कार्याधिकारी राजीव कुमार, वंदना पाण्डेय, रंजना अवस्थी, शशिभूषण पाठक, देवांश त्रिवेदी, रविनंदन सिंह सहित अन्य अधिकारी व अभियंतागण उपस्थित थे।

## पांच व्यवसायिक इमारत सील

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण प्रवर्तन जोन-2 की टीम ने गुरुवार को सरोजनी नगर के ट्रांसपोर्ट नगर में अभियान चलाया। इस दौरान बिना मानचित्र स्वीकृत कराए बनाई जा रही 5 व्यवसायिक इमारतों को सील कराया गया। प्रवर्तन जोन-2 के जोनल अधिकारी अतुल कृष्ण सिंह ने बताया कि संजय सिंह व अन्य की ओर से ट्रांसपोर्ट नगर में भूखण्ड संख्या जी-1/123 पर लगभग 430 वर्गमीटर क्षेत्रफल में अवैध रूप से व्यवसायिक गोदाम का निर्माण कराया जा रहा था। इसी तरह नरेश खेतान, सुनीता खेतान, मनीष अग्रवाल और अन्य की ओर से भूखण्ड संख्या सी-1/17 पर लगभग 865 वर्गमीटर क्षेत्रफल में व्यवसायिक भवन का निर्माण कराया जा रहा था। वहीं अमित सिंह, दुर्गा प्रसाद तिवारी व अन्य की ओर से ट्रांसपोर्ट नगर के फेस-2 में भूखण्ड संख्या एम.जी.-4 पर लगभग 150 वर्गमीटर क्षेत्रफल में व्यवसायिक भवन का निर्माण कराया जा रहा था। इसके अलावा प्रदीप कुमार की ओर से भूखण्ड संख्या ई-22 पर लगभग 450 वर्गमीटर क्षेत्रफल में वेयरहाउस का निर्माण कराया जा रहा था। इसी तरह सबज्ञान इन्फ्रास्ट्रक्चर एलएलपी के ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह की ओर से भूखण्ड संख्या ई-59 पर लगभग 919 वर्गमीटर क्षेत्रफल में इमारत का निर्माण कराया जा रहा था। प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराए बिना किये जा रहे पांचों निर्माणों के खिलाफ सीलिंग के आदेश दिये गये थे। गुरुवार को अवर अभियंता प्रमोद कुमार पाण्डेय व भरत पाण्डेय ने सभी अवैध निर्माणों को सील कराया।

# मुमताज पीजी कॉलेज में अन्तर महाविद्यालयी सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का समापन

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** मुमताज पीजी कॉलेज में स्टूडेंट लिटरेरी एंड वेलफेयर सोसाइटी द्वारा इंटरकॉलेजिएट स्तर पर विभिन्न प्रतियोगी कार्यक्रम का आज समापन हो गया। इस दो दिवसीय कार्यक्रम में पहले दिन पोस्टर मेकिंग, रंगोली, त्वरित भाषण एवं ग़ज़ल/गीत प्रतियोगिता आयोजित की गई।आज दूसरे एवं अंतिम दिन मेंहदी, कोलाज, स्पेल -बी तथा बैतबाज़ी प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें मुमताज पीजी कॉलेज, करामत हुसैन पीजी कॉलेज, शिया पीजी कॉलेज, अमीर-उद-दौला इस्लामिया डिग्री कॉलेज, नवयुग कन्या महाविद्यालय, बी एस एन वी पीजी कॉलेज, लखनऊ क्रिश्चियन कॉलेज, नेता जी सुभाष कॉलेज सहित अन्य महाविद्यालयों की छात्राओं ने भाग लिया। बैतबाज़ी प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में प्रो0 रेश्मा परवीन तथा डॉ0 मीना इरफान रहीं। कार्यक्रम के अंत में निर्णायक मंडल ने बच्चों को अपनी कमियों से सीखने हेतु मूल्यवान विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर प्रबंध समिति के वरिष्ठ सदस्य गुफरान नसीम ने बैत बाज़ी प्रतियोगिता की विजयी टीमों की घोषणा करते हुए प्रतिभागियों एवं सभी उपस्थित छात्र-छात्राओं को अपने विशिष्ट वक्तव्य व आशीर्वाद से सुशोभित किया। उन्होंने महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 नसीम अहमद खान को इस प्रकार के लिटरेरी व कल्चरल सम्बंधी प्रतियोगी कार्यक्रम कराने हेतु बधाई दी साथ ही साथ विशेष रूप से उर्दू विभाग के शिक्षकों सहित सभी शैक्षणिक व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की सकारात्मक सहभागिता की सराहना की। मुमताज पीजी कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर नसीम अहमद खान तथा प्रॉक्टर डॉ0सलमान खान नदवी ने सभी शिक्षकों, अतिथियों को धन्यवाद दिया और छात्रों का उत्साहवर्धन किया। मुमताज कॉलेज की लिटरेरी एंड वेलफेयर सोसाइटी की संयोजिका डॉ0 उमा पांडेय विद्यार्थियों से साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में छात्रों के रुझान की भी सराहना की। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी शैक्षणिक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।